# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 140 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, बुधवार 20 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### नाव पर बैठकर शादी समारोह में जा रही थी महिलाएं, अचानक पानी में नाव डूबने से 19 महिलाओं की मौत, 100 लोग थे सवार

पाकिस्तान।पाकिस्तान में पंजाब और सिंध सीमा क्षेत्र के पास सिंधु नदी में एक नाव के पलट जाने की घटना में कम से कम 19 महिलाओं की डूबने से मौत हो गयी। नौका में सवार लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि बरात में जा रहे अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि नौका में करीब 100 लोग सवार थे। ये लोग रहीम यार खान से करीब 65 किलोमीटर दूर मच्छका के एक कबीले के रहने वाले थे।

रहीम यार खान के उपायुक्त सैयद मूसा रजा ने मीडिया को बताया कि बचाव अभियान में विशेषज्ञ तैराकों, पांच एंबुलेंस और एक जल बचाव वैन समेत करीब 30 बचावकर्मी मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''उन्नीस शव बरामद किये गये हैं और ये सभी महिलायें हैं। हम शेष यात्रियों की तलाश कर रहे हैं।

### जावेद पंप की पत्नी की याचिका पर सुनवाई 28 जुलाई तक टली

प्रयागराज। प्रयागराज हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप के घर पर चलाए गए बुलडोजर मामले में दायर याचिका पर सुनवाई टल गई है. इलाहाबाद हाईकोर्ट इस मामले में अब 28 जुलाई को सुनवाई करेगा. 10 जून को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा मामले में जावेद पंप मुख्य आरोपी है और फिलहाल जेल में बंद है।

### चोरी की घटनाओं को अनजाम देने वाले चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में नवागंतुक महिला एसपी को चोरों ने चुनौती देते हुए 3 अलग अलग थानाक्षेत्रों में तकरीबन 65 लाख की नगदी जेवर की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला. चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस की तीन टीमें



गठित की गयी. इसी के साथ मंगलवार को एसओजी और स्वाट टीम ने गैर जनपदीय चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि कानपुर चोरों की पनाहगाह बनता नजर आ रहा था, यहां पर पुलिस की दहशत खत्म होती नजर आ रही थी लेकिन कानपुर पुलिस ने अपनी साख बचाते हुए एक बड़ी टीम और कुशल नेतृत्व में जाल बिछाया और चोरों के गैंग के 4 सदस्यों को धर दबोचा. दरअसल, ये चोर प्रदेश के अलग अलग जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए शहर शहर घूमा करते थे. चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर इन्होंने उसी पैसों से एक कार और मोटरसाइकिल भी अरेंज कर ली थी और उसी से ये घूमकर रेकी करते थे और वारदातों को अंजाम दे देते थे। वहीं पिछले दो महीने के भीतर इस गैंग ने लगभग 6 चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया, ये चोरी लगभग 65 लाख की आंकी जा रही है. जिससे जनपद में लोगों के दिलों में दहशत का माहौल बना हुआ था. जिसको लेकर पुलिस ने बड़ा जाल बिछाकर इस गैंग के 4 सदस्यों की गिरफ्तार कर लिया है. इनके पास से लगभग 12 लाख कीमत के जेवर और नकदी बरामद कर ली है. साथ ही चोरी की घटना में शामिल एक देसी तमंचा, 4 कारतूस ,एक कार और एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि ये चोर अलग अलग जिले के रहने वाले है और इनके अभी भी कुछ सदस्य पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. उन्हें भी बहुत जल्द पकड़ लिया जाएगा. साथ ही पुलिस इस बात का भी पता कर रही है कि आखिर चोरी किया गया माल ये चोर कहां बेचते है. कुछ ज्वैलर्स और कुछ और लोग पुलिस के रडार पर हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह सीओ अकबरपुर की टीम और स्वाट टीम ने चार सदस्यों के गैंग को पकड़ा है, जिनके पास से एक ईको गाड़ी जो चोरी में इस्तेमाल होती थी, दो मोटरसाइकिल, एक तमंचा , सवा दो लाख रुपए और भारी मात्रा में ज्वैलरी बरामद हुई है।

### लुलु माल में नमाज अदा करने पर प्रशासन का एक्शन, हिरासत में लिए गए चार युवक

लखनऊ। लखनऊ में लुलु मॉल के उद्घाटन के बाद से ही विवाद लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं. लेकिन विवादों के बढ़ते ही अब प्रशासन ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. मंगलवार को लुलु मॉल विवाद पर प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया. प्रशासन के इस एक्शन की जानकारी लखनऊ लाउथ के एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने दी।लखनऊ लाउथ के एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ स्थित लुलु मॉल में नमाज अदा करने वाले चार युवकों को हिरासत में लिया गया है. इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है. इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ इस सोमवार को प्रशासन की बैठक के दौरान इस मामले में सख्त दिशा निर्देश दिए थे।

## कश्मीर, पंजाब, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, नागालैंड, मिजोरम लक्षद्वीप और लद्दाख राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक का दर्जा पाने की राह पर

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। कश्मीर, पंजाब, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, नागालैंड, मिजोरम, लक्षद्वीप और लद्दाख, इन आठ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक का दर्जा पाने की राह पर हैं। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने इसको लेकर मार्ग प्रशस्त किया है। हिंदुओं को कई राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि देश का प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी राज्य में अल्पसंख्यक है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी समुदाय के धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक का दर्जा राज्य की आबादी के आधार पर राज्यवार निर्धारित होना चाहिए। दरअसल, कोर्ट में दायर याचिका में वादियों



का सवाल था कि मुस्लिम या ईसाई सभी राज्यों में अल्पसंख्यक नहीं हैं। राज्य के आधार पर अलग अल्पसंख्यक का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सकता? जवाब में, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि धर्म और भाषा के आधार पर अल्पसंख्यक का दर्जा देना राज्य पर निर्भर है। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हम पंजाब में सिखों या मिजोरम और नागालैंड में ईसाइयों को अल्पसंख्यक मानते हैं, तो यह न्याय का मजाक है। कोर्ट के मुताबिक, मराठी लोग महाराष्ट्र से बाहर अल्पसंख्यक हैं। साथ ही कन्नड़ बोलने वाले कर्नाटक के बाहर अल्पसंख्यक हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से साफ कर दिया गया कि वो हिन्दुओं के अल्पसंख्यक मामले में हवा में समीक्षा नहीं करेगा। उस मामले में वादियों को उचित सबूत पेश करने होंगे कि इन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक दर्जे से वंचित किया जा रहा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक पी आईएल दाखिल कर उन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक समुदाय घोषित करने की मांग की गई है, जहां उनकी आबादी दूसरे समुदायों से कम हैं। जस्टिस यूयू ललित, एस रवींद्र भट और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि इस तरह के किसी भी समुदाय को धार्मिक या भाषायी अल्पसंख्यक कम्युनिटी माना जाएगा।

## मा. मुख्यमंत्री जी ने मा. राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई स्व0 अभिषेक शरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- 'मा. मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।'

'अमेठी मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह के निवास राजभवन तिलोई में उनके छोटे भाई स्वर्गीय अभिषेक शरण सिंह उर्फ लाल बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री जी के साथ मा. राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री अजीत सिंह पाल एवं मा. राज्यमंत्री उच्च सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। मा. मुख्यमंत्री जी के एसपीएन इंटर कॉलेज तिलोई स्थित हेलीपैड पहुंचने पर एडीजी लखनऊ जोन बृजभूषण,







श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद अमेठी की तिलोई विधानसभा से माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने शोक संतृप्त परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शिक्षा विभाग श्रीमती रजनी तिवारी, विधान परिषद सभापति श्री मानवेंद्र सिंह, मा. विधायक रायबरेली आदित्य सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने मा. राज्यमंत्री जी के छोटे भाई स्व0 अभिषेक शरण डीआईजी रेंज अयोध्या अमरेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## धार्मिक यात्रा में अस्त्र-शस्त्र का नहीं होना चाहिए प्रदर्शन कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम योगी के सख्त निर्देश

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार विभिन्न जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों बैठक की. इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह–जगह स्वास्थ्य चौकियां बनायी जाएं. किसी भी धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए।

बैठक में दिए गए निर्देशों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये एक बैठक की. बैठक में मंडल, परिक्षेत्र, क्षेत्र और जिलों में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए. इसमें कांवड़ यात्रा के सुगम और शांतिपूर्ण आयोजन से साथ स्वतंत्रता सप्ताह के सफल आयोजन के संबंध में दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि श्रावण मास के पहले सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में आस्था और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. यह हमारी अच्छी तैयारी का ही परिणाम है कि सभी जगह स्थिति शांतिपूर्ण रही. सीएम योगी ने कहा कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद इस बार कांवड़ यात्रा आयोजित हो रही है. ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्साहित होना स्वाभाविक ही है, इसलिए हमें और सावधान–सतर्क रहना होगा। कांवड़ संघों के पंजीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ष्कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह–जगह हेल्थ पोस्ट स्थापित किए जाएं. हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी उपयोगी हो सकते हैं. यहां प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा रहे. गर्मी तेज है, ऐसे में मार्ग में पीने के पानी की व्यवस्था भी हो।

सीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के कारण गाजियाबाद–हरिद्वार मार्ग पर सर्वाधिक व्यस्त रहता है. यहां दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी आते हैं, इसलिए सीमावर्ती राज्यों से भी संवाद बनाए रखें. इसके साथ–साथ अन्य यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए ट्रैफिक रूट डायवर्जन भी किया जाना चहिए. उन्होंने किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने



पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खुद मौके पर जाने के निर्देश दिए।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, सड़क आम–आदमी के आवागमन के लिए है. यातायात बाधित कर सड़कों पर किसी प्रकार के धार्मिक क्रियाकलाप की अनुमति नहीं है. इस संबंध में स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए जा चुके हैं। जीरो टॉलरेंस के साथ इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

## खनन माफिया ने डीसीपी पर डंपर चढ़ाया, 3 महीने बाद होनी थी रिटायरमेंट

हरियाणा। हरियाणा के तावडू (मेवात) के डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई नूंह में अवैध खनन की घटना की जांच के लिए गए थे, जिनकी डम्पर चालक ने कुचलकर हत्या कर दी। मौके पर ही डीएसपी की मौत हो गई। सुरेंद्र सिंह की मौत से उनके परिजनों में मातम का माहौल है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है। हरियाणा के नूंह में अवैध खनन की जांच कर रहे डीएसपी के छोटे भाई अशोक मंजू ने कहा, मैंने उनसे आज ही बात की थी। वह इसी साल सेवानिवृत्त होने वाले थे। फोन पर कहा था कि 3 महीने बाद रिटायरमेंट होनी है, फिर जल्द ही घर आऊंगा। उनके दो बच्चे हैं।

साउथ रेंज आईजीपी रवि किरण ने कहा कि डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई साहब को अवैध खनन की सूचना मिली थी। वे यहां घटनास्थल पर चेकिंग के लिए आए। उसी दौरान एक डम्पर पीछे से आया और उनको टक्कर मारता हुआ निकल गया। डम्पर में 3–4 लोग बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। नूंह पुलिस का कहना है कि तावडू (मेवात) के डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई नूंह में अवैध खनन की घटना की जांच के लिए गए थे, जिनकी डम्पर चालक ने कुचलकर हत्या कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिक जानकारी की प्रतिक्षा है।



कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति का जनाजा निकल चुका है। हरियाणा की सरकार विफल हो गई है। कहीं खनन माफिया तो कहीं संगठित गैंगस्टर घूम रहे हैं। पिछले 10 दिनों में 5 विधायकों को जान से मारने की धमकी दी गई है और सरकार कुछ नहीं कर पा रही।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा, भारत इस्लामी संस्कृति के आदर्श प्रतिनिधि थे कलाम

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम भारत–इस्लामी संस्कृति के आदर्श प्रतिनिधि थे। 'इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर' द्वारा आयोजित चौथे ए पी जे अब्दुल कलाम आजाद स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कोविंद ने पूर्व राष्ट्रपति की उस टिप्पणी को याद किया कि जब संगीतकार ए आर रहमान 'वंदे मातरम' गाते हैं, तो हर देशवासी उनसे जुड़ जाता है। कलाम के पूर्व प्रेस सचिव एस एम खान की एक किताब का हवाला देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कलाम वीणा वादन करते थे तथा रोजाना कुरान और गीता पढ़ते थे, महाभारत के विदुर को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की उनकी क्षमता के लिए पसंद करते थे।


कोविंद ने कहा कि कलाम की तरह उन्हें भी भारत के भविष्य के निर्माण में देश के युवाओं की



कड़ी मेहनत और क्षमता पर पूरा भरोसा है। राष्ट्रपति ने कहा, ''वह (कलाम) विशेष रूप से स्कूली बच्चों से मिलते थे। उन्हें यकीन था कि आने वाली पीढ़ियां देश का सुनहरा भविष्य बनाएंगी। मुझे भी हमारे युवाओं की क्षमता और कड़ी मेहनत पर यकीन है। मुझे भी विश्वास है कि देश के विकास में लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।'' राष्ट्रपति ने कहा कि कई विश्वविद्यालयों के विजिटर होने के नाते उन्होंने देखा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। कोविंद ने यह भी कहा कि वैज्ञानिकों की कहानियां राष्ट्र निर्माताओं की गाथा का हिस्सा होनी चाहिए।

## मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले चार महीनों में किए गए कई उपायः सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने मुद्रास्फीति को कम करने के लिए आपूर्ति पक्ष के स्तर पर पिछले चार महीनों में कई कदम उठाये हैं।



उन्होंने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी कहा कि प्रमुख आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की सरकार नियमित रूप से निगरानी करती है और समय–समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये किये गये उपायों में– दालों पर लगने वाले आयात शुल्क और उपकर में कमी करना, शुल्क को युक्तिसंगत बनाना और खाद्य तेलों तथा तिलहन पर भंडार सीमा लागू करने जैसे उपाय शामिल हैं।

## अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाने की जरूरतः पीयूष गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत सौर ऊर्जा, अवसंरचना, सैन्य सहयोग एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी के अहम क्षेत्रों में अफ्रीकी देशों का एक मूल्यवान भागीदार हो सकता है। गोयल ने यहां 17वीं सीआईआई–एक्जिम बैंक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एवं अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार काफी हद तक संतुलित है। भारत इन देशों का जहां 40 अरब डॉलर का निर्यात करता है, वहीं इन देशों से आयात करीब 49 अरब डॉलर है।





गोयल ने कहा, ''हम आगे भी इस संबंध एवं भागीदारी को जारी रखना चाहेंगे जिसमें दोनों ही पक्ष एक–दूसरे की आर्थिक वृद्धि में मददगार साबित हों। भारत एवं अफ्रीकी देश विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय आबादी के लिए किफायती एवं असरदार समाधान लाने में मिलकर काम कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत अफ्रीका के 1.4 अरब लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए अपनी तरफ से दोस्ती के रिश्ते को मजबूत करना चाहेगा। आपसी भागीदारी के चार ऐसे क्षेत्र हैं जो अफ्रीका एवं भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।''

## हरियाणा के नूंह में पुलिस एनकाउंटर, डीएसपी हत्याकांड में शामिल बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

हरियाणा। हरियाणा के नूंह में तावडू के डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई की हत्या के बाद पुलिस एनकाउंटर में एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है. एनकाउंटर के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है. पुलिस की ये कार्रवाई डीएसपी की हत्या के कुछ घंटों के भीतर हुई है और एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

डीएसपी की हत्या पर हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल ने कहा कि यह एक गंभीर और दुखद घटना है. मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके पैर में गोली लगी है. अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें छापेमारी कर रह हैं. सख्त कार्रवाई होगी।

हरियाणा के नूंह जिले में अवैध पत्थर खनन की जांच कर रहे एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को मंगलवार को उस समय एक ट्रक ने कुचल दिया



जब उन्होंने चालक को रुकने का इशारा किया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सुरेंद्र सिंह ने दस्तावेज की जांच के लिए एक डंपर–ट्रक को रुकने का इशारा किया था, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए उन्हें कुचल डाला. अधिकारियों के मुताबिक, डीएसपी के चालक और सुरक्षाकर्मी ने सड़क के किनारे कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन सुरेंद्र सिंह ट्रक की चपेट में आ गए।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## पंचायत ककरमऊ के ग्राम हरकिशनपुर में सोशल सेक्टर द्वारा कैम्प का हुआ आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशानुसार आज दिनांक 19 जुलाई 2022 को ग्राम पंचायत ककरमऊ के ग्राम हरकिशनपुर विकास खण्ड मैथा में सोशल सेक्टर द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में सोशल सेक्टर द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामवासियों का जागरूक किया गया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 17 नवीन आवेदन पत्र ऑनलाइन कराये गये, 02 दिव्यागजनों के पेंशन सम्बन्धी आवेदन पत्र ऑनलाइन कराये गये, यू0डी0आई0डी0 कार्ड के लिए 49 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। इसके साथ ही 05 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराया गया। कैम्प में उपस्थित ग्रामवासियों के वृद्धावस्था पेंशनधारकों को आधार प्रमाणीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में विशेष रूप से दिव्यांगजन सेवा समिति द्वारा सहयोग किया गया एवं शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, एम0के0बाजपेयी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु जनपद न्यायलय के न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशन में समस्त सिविज जज सीनियर डिवीजन एवं मजिस्ट्रेट तथा समस्त सिविल जज जूनियर डिवीजन स्तर के न्यायिक अधिकारीगण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बाकर शमीम रिजवी, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश/प्रभारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कानपुर देहात व संगीता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात एवं अन्य समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारीगण को दिनांकः– 13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को जरिए सुलह–समझौता निस्तारित कराये जाने हेतु अधिकाधिक वादों को नियत कराये जाने तथा तामीला के बाबत अधिकारीगण को निर्देशित किया गया तथा न्यायिक अधिकारीगण को प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग/कर्मचारी द्वारा उक्त लोक अदालत के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने तथा उक्त के सम्बन्ध में शिथिलता बरते जाने के सन्दर्भ में अवगत कराने हेतु आदेशित किया गया, जिससे उक्त विभाग के उच्चाधिकारियों को उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में संदर्भित किया जा सके। बैठक में संगीता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि दिनांक – 13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक कुल 53766 वाद नियत किये जा चुके हैं तथा लोक अदालत के सम्बन्ध में प्राशसनिक एवं न्यायिक अधिकारियों की बैठक समय–समय पर आयोजित की जा रही है। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्रभारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बाकर शमीम रिजवी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संगीता व न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानंद व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह की हुई गोष्ठी, जल संचयन के संबंध में किया गया जागरूक

- फटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल को करें संचयन : जिलाधिकारी
- जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने भूजल सप्ताह के जागरूकता प्रचार वाहन को हरी दिखा किया रवाना
- जलाभिषेक अभियान 2022 को बनाए सफल

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में जनपद में दिनांक 16 से 22 जुलाई 2022 तक चलने वाले भूजल सप्ताह गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया, गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ''जल जीवन का अनमोल रतन, इसे बचाने का सब करो जतन, समय है कम, जागें हम अपनी आदतों में थोड़ा बदलाव लाएं और कल के लिए आज से पानी बचाएं। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय,क्षेत्रीय वनाधिकारी, अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इत्यादि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान भू–जल सप्ताह को सफल बनाने हेतु अपने स्तर से कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करें, इसके लिए जनपद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम, प्रत्येक तहसील मुख्यालय, विकास खण्ड स्तर पर भूजल संरक्षण विषय के पोस्टर्स, बैनर्स एवं होर्डिंग इत्यादि का प्रदर्शन, समस्त स्कूल, कालेजों में पोस्टर्स, बैनर्स एवं होर्डिंग इत्यादि का प्रदर्शन किया जाये, उन्होंने कहा कि रूफ टॉफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा के जल को संचयन किया जाये, सभी सरकारी भवनों, स्कूलों इत्यादि में रूफ टॉफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाये। जलाभिषेक अभियान 2022 को जनपद में बनाए जाए सफल, उन्होंने कहा



कि जनपद में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया जा रहा है इसमें सभी लोगों को अपनी सहभागिता निभाकर कार्य को पूर्ण करना है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भू–जल सप्ताह के माध्यम से लोगों को जल संचयन करने हेतु जागरूक करना है, इसके लिए ''आओ मिलकर दृढ़ संकल्प लें, सब जन इस क्षण, बूंद–बूंद संचयन से होगा, भूजल श्रोतों का संरक्षण। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण विभाग आदि विभागों से वाटर बजट बनाने के निर्देश दिये है, इसके माध्यम से पता चलेगा कि कितना जल रिचार्ज होगा, कितना खर्च होगा इसमें सभी सम्बन्धित विभाग सूचना अवश्य उपलब्ध करा दे। गोष्ठी में बाबू दशरत सिंह इण्टर कालेज औरंगाबाद झींझक विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र–छात्राओं ने भी जल संचयन हेतु अपने विचार व्यक्त किये, भूजल जन जागरूकता प्रतियोगिता चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया, इसमें निबन्ध प्रतियोगिता में निधि देवी, चित्रकला में राखी देवी प्रथम विजेता रहीं। गोष्ठी में सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई पवन कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव आदि ने भी जल संचयन हेतु जानकारी दी। गोष्ठी के पश्चात जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से भूजल सप्ताह कार्यक्रम के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायालय की स्थापना दिवस के 9 वर्ष पूरे होने पर अधिवक्ताओं की गोष्टी



कानपुर देहात। जिस देश की न्यायपालिका स्वच्छ एवं मजबूत नहीं होगी उस देश का लोकतंत्र भी मजबूर नहीं हो सकता उक्त विचार मुलायम सिंह यादव एडवोकेट पूर्व महामंत्री जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने जनपद न्यायालय की स्थापना दिवस के 9 वर्ष पूरे होने पर अधिवक्ताओं की गोष्टी मे न्यायालय परिसर कानपुर देहात में कहीं उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1985 को कानपुर देहात न्यायालय की स्थापना हुई थी इसके बाद 19 जुलाई 2013 को माती में नवनिर्मित न्यायालय भवन में अदालत स्थापित हुई यह एक अजब जनपद है जहां पर अधिवक्ताओं के लिए एक भी चेंबर नहीं है और आम आवाम के लिए कोई भी सार्वजनिक शौचालय, प्रतीक्षालय नहीं है यातायात की गंभीर समस्या है जबकि जनपद में चार सांसद, चार विधायक ,एक मंत्री भारत सरकार और तीन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ,दो एम एल सी ,जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कई दर्जन यशस्वी जनप्रतिनिधि है जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि मेरे पूज्य पिता कानपुर देहात कचहरी की स्थापना में अहम भूमिका रही जिससे जनपद का नाम रोशन हुआ और न्यायालय का नया भवन पाया इस मौके पर मिष्ठान बांटकर खुशियों का इजहार किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता संपत लाल यादव तथा संचालन राजेन्द्र द्विवेदी ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से रमेश चंद सिंह गौर सुबोध नारायण त्रिपाठी शैलेंद्र पाल सिंह , भूपेंद्र सिंह भदौरिया केके गौतम सद्दाम हुसैन सुभाष यादव संदेश पाल सर्वेंद्र सिंह राधा रमण तिवारी रईस कुरैशी प्रमोद कुमार वर्मा अवधेश कुमार निर्मल संजय नायक सोनू यादव जितेंद्र बाबू अनूप सिंह यादव श्री प्रकाश पाल महेंद्र सिंह यादव अभय सिंह विजय सिंह यादव विश्वनाथ सिंह राज पाल सिंह रामसनेही कुसवाहा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

## जनपद न्यायालय, कानपुर देहात में किया गया वृक्षारोपण



लखनऊ। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्री लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशन में जनपद न्यायालय के परिसर में वृक्षारोपण आयोजन किया गया। श्रीमती संगीता, सचिव–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा बताया गया कि जनपद न्यायालय के सभी सम्मानित न्यायाधीशों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम वन विभाग की सहभागिता से जनपद न्यायालय के परिसर में कराया गया। वृक्षारोपण में श्री लाल चन्द्र गुप्त–जनपद न्यायधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात, श्री शिवानन्द– मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती संगीता– सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अन्य सभी न्यायिक अधिकारीगण तथा अधिवक्तगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शराब का ठेका हटाने व मलिन बस्तियों का अधूरा पड़ा विकास शुरु करने की मांग को लेकर आप का भगवत दास घाट धरना



कानपुर। कानपुर नगर के आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी/ राज्य सभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर कानपुर नगर की मलिन बस्तियों धार्मिक स्थल , विद्यालयों के बाहर शराब के ठेके बंद करने, मलिन बस्तियों में अधूरे पड़े विकास कार्यों को,नाली खड़ंजा पानी की समस्याओं से निजात दिलाने मलिन बस्तियों का मालिकाना हक देने,नालों की सफाई कराने खुले नालों पर स्लेब डलवाने, विद्युत के पोल लगाकर उनमें एल ई डी लाईट लगवाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में मलिन बस्ती भगवत दास घाट पर धरना दिया महिला व पुरुषों के हाथों में शराब का ठेका बन्द करो, मलिन बस्तियों का मालिकाना हक दिया जाए, मलिन बस्तियों के अधूरे विकास कार्य शीघ्र पूरे कराए,खुले नाले की सफाई कराई जाए,खराब हैण्ड पम्प अविलंब ठीक कराएं, विद्युत पोल लगाकर उनमें एल ई डी लाईट लगवाने की कार्यवाही की मांग के नारे बाजी कर रहे थे , प्रर्दशन कारी आप के जुझारू महिला पुरुष जिला अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में शराब के ठेके से उठकर पदयात्रा कर मण्डल आयुक्त कार्यालय कानपुर के सिविल लाइंस में मां मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा और चेतावनी दी कि नगर निगम के अधिकारी जनता की समस्याओं को अपने कार्यालय में नहीं मिलते है और नहीं समस्याओं का समाधान सिर्फ कागजों में होता है नाले सिर्फ कागजों में ही साफ हो रहे हैं ।

इस की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी ठेके दारो को दण्डित किया जाए की मांग की आप के वरिष्ठ प्रवक्ता ध्पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया ने कहा कि यदि दोषी लोगों को दण्डित नहीं किया गया तो आप कार्यकर्ताओं आर पार की लड़ाई लड़ेगा । जिला महासचिव शैलेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि पिछले 6जुलाई को मुख्य अभियंता ने मलिन बस्ती भगवत दास घाट के नाले की सफाई के निरदेश के बाद भी मुख्य अभियंता कार्यालय के लिपिक राजेंद्र जायसवाल ने एक सप्ताह तक मुख्य अभियंता के निर्देश को दबा के रखा लापरवाही करने वाले लिपिक को निलम्बित करने की मांग की। आप के धरना व प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल सर्वश्री उमेश यादव शैलेन्द्र सिंह परिहार मदनलाल भाटिया रमेश सिहवानी,के पी त्रिपाठी इमितयाज अहमद संजीव निगम सैय्यद वसीम, करष्णा प्रजापति,सुखरानी, ज्योति श्रीवास्तव सिमरनजीत कौर रवि प्रताप सिंह कशिश सिंह चावला, मनिंदर सिंह अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**आवश्यक सूचना**

मनीता देवी पुत्री राकेश गुप्ता निवासी जी ब्लाक 486 गुजैनी, कानपुर नगर का कब्जा लेटर जी ब्लाक 486 गुजैनी से बर्रा के बीच में कहीं खो गया है। काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिल सका। जिस किसी को मिले वो मो. नं. 8953274764, 9889260367 पर सूचित करें। उचित पारितोषित दिया जायेगा।
मनीता देवी

## भारत सरकार जल शक्ति मत्रांलय ''कैच द रैन-2022'' कार्यक्रम के अंतर्गत हैदराबाद की दो सदस्यीय टीम द्वारा जनपद-कानपुर नगर में भ्रमण





कानपुर नगर। अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड–कानपुर ने बताया है कि भारत सरकार जल शक्ति मत्रांलय ''"कैच द रैन–2022"' कार्यक्रम के केन्द्रीय नोडल अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव, सीएसआईआर (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय) एवं तकनीकी अधिकारी श्री दिवाकर मोहन्ता, सांइटिस्ट –बी (हाइड्रोजियोलॉजी) सीजी डब्लूबी, एसआर, हैदराबाद की दो सदस्यीय टीम द्वारा जनपद–कानपुर नगर में भ्रमण किया गया, भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। जल शक्ति अभियान से सम्बन्धित '"कैच द रैन–2022"' के अभियान से जुड़ी हुई जल संरक्षण की योजनाओं का प्रस्तुतीकरण लघु सिंचाई विभाग द्वारा किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान पाण्डु नदी पर निर्मित कराये गये चेकडैम से भू–गर्भ जल के स्तर में बढोत्तरी को सराहा गया। प्रस्तुतीकरण किये गये कार्यों की सराहना की गयी, इसी तरह आगे करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को आपसी तालमेल बनाकर जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में मिल–जुल कर कार्य करके जल समृद्ध जनपद बनाने की अपील की गयी। भ्रमण के दौरान विकास भवन में स्थिति जलशक्ति केन्द्र का आलोकन किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग से सम्बन्धित माडलों को देखकर खुशी जाहिर की गयी। टीम द्वारा इन्द्रिरा नगर स्थिति थीम पार्क एवं संचेडी अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया।

## जनपद में पत्रकार वाटिका के रूप में चलाई गई नई मुहीम

कानपुर देहात

- ईको गार्डन में पत्रकारों द्वारा वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़ कर किया प्रतिभाग
- इको गार्डन में हुए वृक्षारोपण की देखभाल करना हम सब का उत्तरदायित्व : जिलाधिकारी नेहा जैन
- जल वायु परिवर्तन हेतु हम सभी जिम्मेदार, जल दोहन, वायु प्रदूषण एवं वृक्षों का कटान रोकने से सुधरेगा पर्यावरण

उक्त उद्गार आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में आज कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकार वाटिका में वृक्षारोपण के दौरान वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा अपने उद्बोधन में व्यक्त किये।

आज जनपद में वृक्षारोपण अभियान को एक नई सोच के रूप में उभारने एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु पत्रकारों को सम्मिलित करते हुए जन सहभागिता का नया उदाहरण जनपद कानपुर देहात के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईको गार्डन में पत्रकार वाटिका का पत्रकाओं द्वारा वृक्षारोपण कर प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला वनाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का असर हम सभी देख रहे हैं, जिसका कारण अत्यधिक जल दोहन, वृक्षों का कटान, वायु प्रदूषण आदि हैं। उन्होंने कहा कि ईको पार्क में प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण होता है एवं कुछ वृक्ष सूख भी जाते हैं। इस बार 01 जुलाई 2022 से वृक्षारोपण किया जा रहा है, वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है एवं सभी द्वारा इस अभियान में श्रमदान कर रोपित वृक्षों को जीवित रखने में अपना सहयोग देने से ही पर्यावरण में सुधार दिखेगा। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन द्वारा कहा गया कि अपने पर्यावरण एवं आगे आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने हेतु हम सभी को अपना महत्वपूर्ण योगदान जिम्मेदारी मानते हुए निभाना है एवं पृथ्वी को बचाने हेतु हमारे प्रयास समाज व जन मानस में प्रभावी रूप से प्रदर्शित होंते दिखने चाहिए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 का संचालन किया जाएगा, जिसके उपरांत भी विभिन्न प्रयासों से अपना सहयोग देने हेतु हमें सभी को प्रात्साहित करना है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अकबरपुर द्वारा भी ईको गार्डन में रोपित वृक्षों को संरक्षित करने एवं ईको गार्डन का कायाकल्प करने हेतु वक्त की मांग की एवं आगामी दो माह में प्रगति प्रदर्शित होने हेतु आश्वस्त किया।

उन्होंने जिला वनाधिकारी से ईको गार्डन में औषधि वाटिका को स्थापित किये जाने की मांग की एवं जन सहभागिता की भी अपील की। इस दौरान मान्यता प्राप्त पत्रकार अनूप सचान द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं मान्यता प्राप्त व वरिष्ठ पत्रकार के रूप में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि शंकर श्रीवास्तव एवं संजय दीक्षित, मान्यता प्राप्त पत्रकार अनुराग शुक्ला, ब्रजेन्द्र गुप्ता, देवेश सिंह, मान्यता प्राप्त पत्रकारध् प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय शंकर कौशल व अन्य द्वारा अपने अपने उद्बोधन में जन जागरूक किया, जिसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी सौम्य पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गौरव कुमार भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति में पत्रकारों द्वारा पत्रकार वाटिका में वृक्ष रोपित किये गए एवं उन्हें संरक्षित करने का भी प्रण लिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्य पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अकबरपुर सहित समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती के विज्ञापन को जारी करने में देरी कर रही यूपी सरकार : राकेश कुमार पाण्डेय



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद लखनऊ। बेरोजगारी समाज का सबसे बड़ा अभिशाप है, लेकिन डीएलएड अभ्यर्थी इस बेरोजगारी के दलदल में ढकेले जा रहें हैं। जहां 68500 प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल बीटीसी 2014 बैच को शामिल किया गया एवं लगभग सभी योग्य अभ्यर्थी को नियुक्ति दिया गया।वहीं 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में 2015 बैच बीटीसी डीएलएड को शामिल किया गया योग्य अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। लेकिन 6 जनवरी 2019 को सुपर टेट ( प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा) का आयोजन सरकार के द्वारा करवाया गया। आज 3 वर्ष से ऊपर बीत गया है,प्राथमिक शिक्षक भर्ती के आस में एक एक बेरोजगार की हिम्मत दम तोड़ती प्रतीत हो रही है,क्योंकि प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन अभी तक जारी नहीं हुआ है। बीटीसी प्रशिक्षु केवल प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए ही वैध रहते हैं। वहीं बीएड अभ्यर्थी प्राथमिक शिक्षक भर्ती के साथ–साथ टीजीटी, पीजीटी, बीईओ, एवं अन्य पदों के लिए भी वैध रहते हैं।बीटीसी अथवा डीएलएड अभ्यर्थी के सामने रोजगार का बड़ा सवाल है क्योंकि प्राथमिक विद्यालय का विज्ञापन अनुपात समानुपात एवं सरप्लस शिक्षकों के चक्कर में फस गया है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो प्राथमिक विद्यालय में 173795 आरटीआई 2019 के आंकड़ों के तहत पोस्ट खाली हैं। वहीं पीएबी के रिपोर्ट के अनुसार 126028 पद प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रिक्त हैं। अगर आरटीआई 2009 अनुसार देखा जाये 30 छात्र पर 1 शिक्षक होना चाहिए,लेकिन इस समय 37 छात्र पर 1 शिक्षक है। अनुपात समानुपात बराबर है या नहीं निश्चित आंकड़ा कार्मिक विभाग के पास नहीं है। समस्या सबसे जटिल यह है कि 2015 से प्राथमिक विद्यालय में पदों का परिसीमन न होने की वजह से हर वर्ष कितने शिक्षक रिटायर हो रहे हैं इसका डाटा नहीं मिल रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री माननीय संदीप सिंह जी का कथन है अनुपात एवं समानुपात के बाद रिक्त सीट जो होंगी उस पर विज्ञापन जारी किया जाएगा। लेकिन यह कब तक होगा इसका समय निर्धारित नहीं है,69000 शिक्षक भर्ती के समय उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट किया था कि 51112 पद उत्तर प्रदेश में सहायक शिक्षकों के रिक्त हैं। लेकिन यह पद कहां गये और इन पदों पर भर्ती क्यों न हुई इस विषय पर उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग मौन है।उत्तर प्रदेश के कार्मिक विभाग के पास कोई आंकड़ा नहीं है कितने पद सहायक अध्यापक के प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त हैं। ऐसे ही चलता रहा तो बेरोजगारी की स्थिति विकराल रूप धारण कर लेगी। टेट एवं सीटेट का आयोजन हर वर्ष समय समय पर हो रहा है लेकिन शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया न होने कि वजह से बेरोजगारों की फौज खड़ी है। राकेश कुमार पांडेय उर्फ बंटी पांडेय का कहना है कि सरकार रिक्त पदों के सापेक्ष नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जल्द से जल्द जारी करे, जिससे योग्य बेरोजगार युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार मिल सके।

## मण्डलायुक्त ने कूडें के निस्तारण और ड्रेन की साफ-सफाई को लेकर किया औचक निरीक्षण





• लखानऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने आज कूडें के निस्तारण और ड्र`न की साफ–सफाई को लेकर विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा निम्नवत् दिशा–निर्देश दिये गये।

1. सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने पेपर मील कालोनी पहुंचकर साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा पी0सी0टी0एस0 कम्पैक्टकर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठायें तथा ससमय कूड़ा लाकर एकत्रित करें, जिससे समयानुसार कूड़ा शहर से बाहर निकाला जा सके। मौके पर खड़ी कैम्पक्ट मशीनों को चलवाकर देखा तथा पी0सी0टी0एस0 की छत शीट टूटी होने पर तत्काल सही कराने के निर्देश दिये।

2. उक्त के पश्चात गोमतीनगर (ग्वारी) कूड़े कम्पैक्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कूड़े के ढेर बाहर मिलने पर नराजगी जताई और समबन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कूड़ें को चार दीवारी के अन्दर ले जाकर कम्पैक्ट करें। सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि ग्वारी पर एकत्रित कर उसे कम्पैक्ट करके उसको अपशिष्ट प्रबन्धन संयन्त्र सिवरी भेज देते है।

3. मण्डलायुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कूड़े उठानेवाली ट्राली/गाड़ियां बहुत जर्जर, पुरानी है जो गाड़ियां जर्जर व पुरानी है। उसके स्थान पर नयी कूड़े उठाने वाली गाड़ियां ले लिया जाये। जिससे सफाई कार्य गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण हो सके। कूड़े मशीनों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाये तथा गाड़ियों को डेन्ट/पेन्ट करके उस पर नगर निगम का स्लोगन लिखवाया जाये।

4. मण्डलायुक्त ने विनीतखण्ड 6 कूड़ेदान(गोमतीनगर) में निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी लेते हुए कहा कि कूड़ा यहां से कितने बजे तक अपशिष्ट प्रबन्धन संयन्त्र सिवरी पहुंचा दिया जायेगा। सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि 11 बजे तक यहां से कूड़े का निस्तारण हो जाता है। मण्डलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन गाड़ियों मेंजी0पी0एस0 लगा है वह सब गाड़िया कूड़ा उठाते समय और कूड़े के निस्तारण होने के उपरान्त फोटों खींच कर सम्बन्धित ऐप पर फोटो अपलोड करें। जिससे जमीनी हकीकत का पता लगाया जा सके तथा रामभवन बड़ा नाला (गोमतीनगर) राजीव गांधी वार्ड 02 का निरीक्षण के दौरान नालों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री अभय पाण्डेय और सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दबंगई के चलते ट्रैक्टर ट्राली से खींच कर मारपीट कर की लूटपाट

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। सरायमीरा क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक्टर सवार युवकों के साथ मारपीट एवं लूटपाट की घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की है पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरौली के मजरे खाले पुरवा निवासी हृदेश पुत्र चंद किशोर एवं राम जी पुत्र कौशल किशोर संयुक्त रूप से कोतवाली में शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार की सुबह व ट्रैक्टर में मक्का लादकर मंडी समित सरायमीरा बेचने जा रहा था। इस दौरान सराय मीरा बाई पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचते ही वहां पहले से मौजूद बाइक सवार शीलू एवं पिंकू पुत्र गण सत्यपाल समेत गोपाल पुत्र बृजेंद्र निवासी खाले पुरवा ने अपनी बाइक ट्रैक्टर के आगे खड़ी कर दी और पीड़ितों को ट्रैक्टर से नीचे खींच लिया और गाली गलौज शुरू कर दी । विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ितों को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच दबंगों ने पीड़ित के कनपटी पर तमंचा रख दिया और तकरीबन

17000 एवं मोबाइल छीन लिया। थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वह लोग वहां से माल समेत चंपत हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है । पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# महंगाई को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर बरसी सपा नेत्री

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आए दिन गृह उपयोगी वस्तुओं और खाद्य पदार्थों पर महंगाई बढ़ाए जाने के विरोध में आज सपा प्रदेश सचिव महिला मोर्चा ने अनोखे ढंग से सरकार को घेरते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा स देश और प्रदेश में आए दिन बढ़ती हुई महंगाई को लेकर सपा जहां एक और सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। उसी क्रम में जनपद कन्नौज मैं समाजवादी महिला मोर्चा प्रदेश सचिव शशिमा सिंह केंद्र और राज्य सरकार को घेरते हुए खाली सिलेंडर सब्जियों की माला पहनकर दर्जनों महिलाओं के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया । जहां उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकारों द्वारा आए दिन दैनिक उपयोग की वस्तुओं और खाद्य पदार्थों एवं पेट्रोलियम पदार्थों पर आए दिन वृद्धि से आम जनमानस की कमर टूटी जा रही है। जिससे आम जनमानस का जीना दुश्वार हो गया है। वही बढ़ती हुई महंगाई पर केंद्र व राज्य सरकार को अंकुश लगाने के लिए चेतावनी देते हुए राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही।

# मंगलवार को प्रात : मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने ब्लाक भिटौरा के प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर का जायजा लिया





दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। प्रार्थना का पंचांग फेस–3 के तहत मंगलवार को प्रातः मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने ब्लाक भिटौरा के प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर का जायजा लिया । विद्यालय में प्रथम सप्ताह में प्रार्थना सभा मे होने वाले क्रियाकलापों यथा–बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल, पड़ोसी जनपदों के नाम, मनुष्य के बाह्य व आन्तरिक अंगों, विटामिन व पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जा रही थी । बच्चों द्वारा की जा रही गतिविधियों को देख भूरी भूरी सराहना की । उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, बच्चे देश का भविष्य है। इसके पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय उधन्नापुर में उपस्थित बच्चों व मिड डे मील का रजिस्टर देखा और प्रार्थना का पंचांग में अध्यापकों से जानकारी ली, बताया गया कि प्रार्थना का पंचांग के तहत शरीर के अंगों के बारे में जानकारी दी गयी है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा, जिला सूचना अधिकारी आर0एस0 वर्मा, प्रधाना/यापक/प्रधानाचार्य व अध्यापक/अध्यापिकाएं सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे ।

# पूर्व राज्य मंत्री ने प्रशस्ति फार्मा एंड डे केयर सेंटर का किया उद्घाटन

(संजय शुक्ला) दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के अमौली विकासखंड में प्रशस्ति फार्मा का शुभ





उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ और जिसके मुख्य अतिथि माननीय जय कुमार सिंह जैकी पूर्व मंत्री विधायक बिंदकी फतेहपुर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ कस्बे के पोस्ट ऑफिस के बगल में मेला रोड में स्थिति है और बड़ी दूर दूर से आए लोगों को विधायक जी ने आभार व्यक्त किया और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर कुलदीप पटेल ने माननीय विधायक जी को फूल माला पहनाकर उनका सम्मान हुआ और उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ और मंत्री जी ने हवन पूजन करा कर डॉ कुलदीप वर्मा को और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संयोगिता देवी शिक्षक को आशीर्वाद दिया जिसमें राजेंद्र सिंह राजेश कुमार मेहदिया प्रधान बैजू शुक्ला महेश वर्मा महावीर वर्मा रमेश चंद्र रामपुर कुर्मी प्रधान धीरु सिंह मवई प्रधान और वहां पर हजारों लोग मौजूद रहे।

# अफीम के साथ अंतर्जनपदीय गिरोह के सरगना समेत तीन गिरफ्तार




लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में एसपी खीरी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अंतर्जनपदीय गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद होने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

सोमवार को सीओ अरविंद वर्मा निरीक्षक अंबर सिंह की निगरानी में चौकी इंचार्ज अमीर नगर निराला तिवारी और क्राइम ब्रांच के एस आई जयप्रकाश यादव आरक्षी संजीव यादव, ओम प्रकाश गौतम, अरविंद कुमार, योगेश कुमार, सिकंदर और ललित चौधरी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुंभी चीनी मिल से भूरे खान निवासी फकरपुर मझुआ थाना फरीदपुर जनपद बरेली और मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के गांव मथना मजरा परसपुर निवासी समसुल और शव्वाक निवासी कोट मजरा कुंभी को चीनी मिल में संदिग्ध परिस्थितियों में रोक कर तलाशी लेने पर 1 किलो 35 ग्राम अफीम एक स्प्लेंडर बाइक और 3 मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

पुलिस टीम की सफलता पर सी ओ और निरीक्षक ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# समूहों को सशक्तबनाने में बैंकर्स निभाए अहम किरदार : डीएम



☒ सूक्ष्म, वित्त, वित्तीय समावेशन पर हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला

लखीमपुर,खीरी। दीनदयाल अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बैंक शाखा प्रबंधकों का सूक्ष्म, वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। डीएम व सीडीओ ने बैंकर्स को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर किया।

डीएम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने में बैंकर्स अपनी महती भूमिका निभाए। समूह गठन के बाद उनके खाते खोलने, रिवाल्विंग फंड, सीसीएल में उन्हें फैसिलिटेट कराएं। समूहों के सशक्त, स्वावलंबी बनने में बैंकर्स बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। डीएम ने कहा कि खीरी में अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान में स्वमं सहायता समूह की महिलाए 11774 कुपोषित (मैम) श्रेणी के बच्चों की पोषण अभिभावक की भूमिका अदा करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने में तन्मयता से जुटी हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एनआरएलएम योजना का महत्वपूर्ण कार्य ग्राम के गरीब परिवार की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाकर उनको आजीविका के क्षेत्र में कार्य कराकर उनकी आजीविका संवर्धन कराना है, जिसमें समूह का सीसीएल एक महत्वपूर्ण घटक है। आज की उन्मुखीकरण कार्यशाला का प्रमुख बिन्दु बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीएल के बारे में जानकारी प्रदान करना है। डीसी–एनआरएलएम राजेंद्र कुमार श्रीवास ने उन्मुखीकरण कार्यशाला की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद से नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बैंकों को एनआरएलएम के विभिन्न चरणों में बारे में बताया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन से सीसीएल के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बैंकर्स को समझाते हुये समूह का सीसीएल कराने का उद्देश्य बताया। कार्यशाला में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीसीएनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, 100 बैंकर्स, जिला मिशन मैनेजर, ब्लॉक मिशन मैनेजर मौजूद रहे।

# 23 वर्ष का जवान बेटा हादसे का शिकार मॉ गम में डूबी

रसूलाबाद कानपुर देहात। एक माँ जिसका 23 वर्ष का जवान बेटा कथित ट्रेन हादसे का शिकार हो गया हो जो मां सबूतों के अभाव में अभी भी यह मान रही हो कि उसका बेटा जिंदा है और उसके आरोपी के खिलाफ कार्यवाही हो । पुलिस की हीलाहवाली के बीच बेटे के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर परिवार वालो ने रोड पर जाम लगा दिया तब रसूलाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया । पुलिस ने एक मां के दर्द को नही समझा और जाम लगाने का मुकदमा भी परिवारिजनो के खिलाफ दर्ज कर दिया ।एक तो वैसे भी परिवार बच्चे के गम में गमगीन था। दूसरा उन्ही पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दी। जिससे परिवारजनो में भारी आक्रोश व्याप्त है।घटना विवरण के अनुसार गत 10 जुलाई को रसूलाबाद के विकास नगर वार्ड के फैजान खान उर्फ छोटू को नगर का ही प्रीतम पाल अपनी हांडा सिटी कार से झींझक ले गया और दूसरे दिन प्रीतम पाल उल्टा फैजान की मां के पास आकर कहा कि फैजान मेरी कार ले गया क्या घर आया है तो फैजान की मां ने जब ज्यादा पूछताछ की तो प्रीतम वहां से भाग आया और अपने परिवारीजनों को लेकर घर मे ताला बंद कर फरार हो गया तो फैजान की मां ने 11 जुलाई को थाना रसूलाबाद में आरोपी प्रीतम पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने को लेकर शिकायती पत्र दिया तो कोतवाल शिव ठाकुर ने काफी न नुकर के बाद प्रार्थना पत्र बदलवाकर 12 जुलाई को मात्र गुमशुदगी दर्ज की और कोई कार्यवाही न कर शांत बैठ गए। इधर बेटे की गम से बेहाल माता पिता व परिवारी जन पुलिस की निष्क्रियता से धीरे धीरे आक्रोशित होते रहे और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग करते रहे।

कथित आरोपी प्रीतम पाल ने 14 जुलाई थाना रसूलाबाद में स्वयम हाजिर होकर पुलिस को बताया कि फैजान की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी तो परिवारीजन झींझक रेलवे पुलिस के पास गए तथा वहाँ पर कपड़े चप्पल बेल्ट का कोई सबूत न पाकर फोटो से छत विक्षत शव को शिनाख्त नही किया तो मामला और पेचीदा हो गया और परिवारीजनों ने प्रीतम पाल के खिलाफ फैजान के अपरहण कर अनहोनी की आशंका व्यक्त कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। पुलिस फैजान के परिवारी जनो को संतुष्ट करने में असफल रहे तो आक्रोशित परिवारी जनो का सब्र का बांध टूट गया और परिवारी जन अपने घर के सामने ही बल्लिया डाल कर सड़क के यातायात को अवरुद्ध कर दिया।

जब जिले की कप्तान को यह जानकारी हुई कि परिवारीजन मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर रोड जाम किये है तो उन्होंने तत्काल कोतवाल को मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए और मुकदमा तो दर्ज हो गया ।लेकिन कोतवाल परिवारी जनो से नाराज हो गया और उच्चाधिकारियों को गुमराह कर पीड़ित परिजनों के खिलाफ ही रोड जाम का मुकदमा दर्ज कर संवेदनहीनता की सारी हदें तोड़ दी ।

एक तो बच्चे की मौत का गम दूसरा उल्टा रोड जाम का परिवारी जनो पर मुकदमा दोनों ही कारणों से परिवारी जन बहुत ही दुखी देखे जा रहे है ।परिवारी जनो ने जनपद की पुलिस अधीक्षक से सहानुभूति पूर्वक रोड जाम का मुकदमा समाप्त कराये जाने की मांग कर संवेदनहीन कोतवाल को अविलम्ब हटाने की मांग की है । और साथ ही कथित आरोपी प्रीतम पाल 14 जुलाई से रसूलाबाद पुलिस की हिरासत में है जिसमे पुलिस अब तक कोई निर्णय पर नही पहुंच पा रही है ।जिससे मामला दिनों दिन पेचीदा होता जा है । पुलिस ने फोन पर पत्रकारों को बताया कि प्रीतम पाल से अभी पूंछतांछ जारी है।

# 7 साल के बच्चे की किडनैपिंग के बाद ईंट से कूचकर निर्मम हत्या

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के आलमपुर नरही गांव का है जहां अजय सिंह के पुत्र उम्र करीब 7 साल सोमवार शाम को घर के पास खेल रहा था इसी दौरान बच्चा लापता हो गया परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चला इसके बाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने गांव के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाले श्यामू उम्र लगभग 32 वर्ष के साथ बच्चे को देखा गया था।

पिता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस पहुंची तो आरोपी गांव के बाहर खेत पर काम कर रहा था पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की जब पुलिस ने शक्ति पूर्वक पूछताछ की तो युवक ने बताया कि बच्चे को बिस्किट खिलाने के बहाने गांव से बाहर बने घर पर ले गया था वहां उसके साथ कुकर्म किया बच्चा चिल्लाने तो उसे पीटकर चुप करा दिया लेकिन उसे डर था कि बच्चा उसकी सच्चाई न बता दें तो उसने ईंट से कूचकर बच्चे की हत्या कर दी हत्या के बाद शव को अपने ही घर के आंगन में 5 फिट लम्बा व 3 फिट चौड़ा गड्ढा खोदा और शव को उसी में दफना दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशे का आदी था इसीलिए वह गांव के बाहर वाले माकान में रहता था।नशे की लत के चलते उसकी शादी भी नहीं हुई थी। एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सबूत के आधार पर युवक को फांसी की सजा दिलाने की पैरवी की जायेगी।

# किशोरी ने अपने पिता के ऊपर लगाया बलात्कार का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच– कोतवाली अंतर्गत एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी ने अपने ही सगे पिता पर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोतवाली पुलिस को दिए गए अपने शिकायती पत्र में पीड़िता का कहना है कि उसकी माँ कई साल पहले मर चुकी है वह अपने पिता और एक छोटी बहिन के साथ रहती है उसका पिता शराब का आदी है और वह उसे ओर उसकी बहिन को आये दिन परेशान कर प्रताड़ित करता रहता है बीती 20 मार्च को उसका पिता शराब पीकर घर आया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया उसके बाद से वह कई बार उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है उसे और उसकी बहिन को घर में कैद करके रखे हुए था किसी तरह वह घर से निकलने में सफल हो गयी और अपने नाना नानी के घर कालपी तहसील के एक गांव में पहुच गई मंगलवार को वह अपने नाना नानी के साथ कोंच आयी और पुलिस से आरोपित पिता लक्ष्मी कांत वर्मा के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली कटौती से जनता बेहाल

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी क्षेत्र में पढ़ रही भीषण गर्मी मैं बिजली की अंधाधुंध कटौती से जनता कराह उठी है। वहीं बारिश न होने से खेती किसानी बर्बाद होने की कगार पर हैं। अधिशासी अभियंता अनिल कुमार सिंह ने बताया बारिश न होने के चलते बिजली की मांग अंधाधुंध बढ़ जाने से ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न हो गई । जिसके चलते मुरादाबाद से 5 से 6 घंटे तक आकस्मिक कटौती कर आपूर्ति बहाल की जा रही है। ट्रांसमिशन मे कोरोना काल के समय कार्य न हो पाना मुख्य कारण है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टिंग से बिजली आपूर्ति की जा रही है नगर क्षेत्र में 18 घंटा आपूर्ति की जा रही है। गर्मी के चलते लाइन फाल्ट अधिक हो जाने से आपूर्ति व्यवस्था मैं अवरोध उत्पन्न हो रहा है। शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था पटरी पर लाने को लेकर कार्य किया जा रहा है।

## आज खीरी आएंगी महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति

- 20 को कलेक्ट्रेट में महिला जनसुनवाई, 21 को गोला में होगी चौपाल

लखीमपुर,खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति 20 जुलाई को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रही है। उक्त आशय की जानकारी डीपीओ संजय कुमार निगम ने दी। उन्होंने बताया कि आयोग की सदस्य 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जन सुनवाई करेंगी, जिसमें कोई भी पीड़ित, शोषित महिला अपनी शिकायत दर्ज कराकर निदान करा सकती है। जनसुनवाई में सीएमओ, एसडीएम सदर, सीओ सदर, थाना प्रभारी महिला थाना मौजूद रहेंगे। वही 21 जुलाई को गोला तहसील के कृषक समाज इंटर कॉलेज में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज–4.0 के तहत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल आयोजित होगी।

## आरसेटी में बैंक सखी के नये बैच का हुआ शुभारम्भ

लखीमपुर,खीरी। खीरी के इण्ड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एलडीएम अजय कुमार पाण्डेय ने दीप जलाकर किया। बैंक सखी प्रशिक्षण में फूलबेहड, बांकेगेज, बेहजम एवं रमियाबेहड के कुल 32 प्रशिक्षणार्थियों को पंजीकृत किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक अजय पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर बैंको में बेहतर, कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आरसेटी निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि संस्थान में बैंक सखियों को बेहतर ट्रेनिंग दी जायेगी एवं उन्हें उनके कार्य से सम्बन्धित बारीकियों को अच्छे से बताया जायेगा। इसके साथ–साथ यह भी बताया कि संस्थान ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के तहत कार्यरत है। यहाँ पर आवासीय एवं पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस अवसर पर वित्तीय सलाहकार रतीश सिंह, संस्थान के संकाय अंकित सक्सेना, मोहम्मद ओवैश, और कार्यालय सहायक प्रमोद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## 21 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

लखीमपुर,खीरी। जिला सेवायोजन कार्यालय, एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), तथा उप्र कौशल विकास मिशन राजापुर के संयुक्त तत्वाधान में 21 जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई राजापुर में किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। यह जानकारी प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि कम्पनियों का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसमें आप अपनी योग्यता अनुसार (हाईस्कूल से ग्रेजुएशन तथा आईटीआई) ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु सेवायोजन कार्यालय व आईटीआई, राजापुर, लखीमपुर–खीरी से सम्पर्क कर सकते है। अतः रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर उक्त तिथि को अपने समस्त प्रमाण पत्रो की छाया प्रति, बॉयोडाटा सेवायोजन कार्यालय का पंजीयन कार्ड तथा एक आईडी के साथ राजकीय आईटीआई, राजापुर, लखीमपुर–खीरी में प्रातः 10 बजे साथ ही उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## जनपद में कब होगी इंद्र देव की कृपा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। भारत कृषि प्रधान देश है यहां पर ज्यादातर फसलें वर्षा पर ही आधारित रहती हैं। लेकिन उनमें से खरीफ ऋतु में बोई जाने वाली फसलें उनका मुख्य सिंचाई का साधन वर्षा का जल ही होता है। वर्षा ऋतु का प्रथम महीना आषाढ़ सूखा ही निकल गया । श्रावण मास लगने के बाद भी अभी तक जिले में बारिश नहीं हुई है। जिसके चलते खरीफ ऋतु में बोई जाने वाली धान की प्रमुख फसल की रोपाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते यहां के किसान काफी मायूस नजर आ रहे हैं स जनपद कन्नौज के इंदरगढ़ क्षेत्र मे किसानों ने धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। किसान आस लगाए बैठे हैं बरसात होगी। जनपद कन्नौज में बरसात होने का नाम नहीं ले रही है। काले मेघ आते तो है, पर बरसते नहीं है । सावन के महीने में बरसात ना होने से किसान काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। किसान की पौध करीब 27 से 40 दिनों की होने जा रही है। धान की पौध की रोपाई का समय धीरे–धीरे निकलता जा रहा है। खेतों में पानी ना होने से किसान इंजन पंप चला कर खेतों में पानी भरकर धान की रोपाई का कार्य कर रहे हैं। गांव का देहात क्षेत्रों में धान की पौध तैयार खड़ी है। वहीं कुछ किसानों ने धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। गुदारा गांव निवासी राजाराम ने जानकारी देते हुए बताया आसमान से यह पानी की बरसात नहीं हुई तो किसानों की फसलें सूखने की कगार पर भी आ सकती है।

## सम्पादकीय....

हरियाली महोत्सव

### युवाओं को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने में सक्षम बनाने वाले पेशों को, अपनाने की भावना को आत्मसत करने की जरूरत

वैश्विक स्तरपर आज दुनिया का हर देश भारतीय लोगों की अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का एहसास महसूस कर रहा है जिसके अनेक कारणों में से कुछ कारणों में सबसे महत्वपूर्ण कोविड–19, पर्यावरण सुरक्षा और कौशलता विकास में आई समस्याओं में संसाधनों का समझदारी भरे रणनीतिक उपयोग का सार दुनिया को दिखाया है कि, कैसे सीमित संसाधनों से 135 करोड़ जनसंख्या का इस भयंकर महामारी कोरोना और मानवीय जीवन को गंभीर बनाने वाले पर्यावरण क्षेत्र में जोरदार आगाज के साथ उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है!! जिसका आगाज केंद्रीय परिवहन जलमार्ग मंत्री द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2022 को अपने बयान में दावा किया कि आने वाले 5 वर्षों में देश में आपके वाहन पेट्रोल के बजाय ग्रीनफ्यूल पर ही दौड़ेंगे और पेट्रोल का उपयोग नहीं होगा!! ग्लासगो में कॉप–26 में की गई घोषणाओं लाइफस्टाइल ऑफ इन्वायरमेंट में हम खरे उतरने की दिशा में जोरदार कदम उठा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम पर्यावरण जलवायु मंत्रालय द्वारा 8 जुलाई 2022 को मनाए गए हरियाली महोत्सव की करें तो इसके जरिए पर्यावरण सुरक्षा के प्रति देश के जोश को सेलिब्रेट किया गया और नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 75 नगर वनों, 75 पुलिस प्रतिष्ठानों के आस पास 75 किमी लंबी सड़क किनारे, दिल्ली के 75 स्कूलों में और देश भर की 75 डीग्रेड हो चुकी जगहों में वृक्षारोपण गतिविधियां की गईं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि लोग न सिर्फ इसका स्वागत कर रहे हैं बल्कि प्रकृतिके संरक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक।मेरा मानना है कि इस तरह का हरियाली महोत्सव रोज अलग–अलग क्षेत्रों में मनाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम पर्यावरण मंत्री के संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने,1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधके महत्व को रेखांकित किया और इसके पूर्ण कार्यान्वयन में देश के नागरिकों से साझा जिम्मेदारी का अनुरोध किया और उन्होंने उन प्रयासों के बारे में जानकारी भी दी जो पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ भविष्य के लिए वैकल्पिक समाधान निर्मित करने की दिशा में किए जा रहे हैं। भारत में समृद्ध जैव विविधता है और विभिन्न मानवजनित चुनौतियों का सामना करने के बावजूद ये देश 52 टाइगर रिजर्व और 31 हाथी रिजर्व और कई अन्य स्थानिक, जीवंत वन्यजीवों और समृद्ध जंगलों से संपन्न है।

सीओपी 26 में माननीय पीएम ने घोषणा की थी, उसी लीक पर चलते हुए 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य देश द्वारा पहले ही हासिल कर लेने और 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा के निर्माण के नए लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ने में राष्ट्र के प्रयासों की उन्होंने सराहना की। भारत ने 2030 तक अक्षय ऊर्जा से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत हिस्सा पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई हुई है। उन्होंने पीएम द्वारा शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की उपलब्धियों और लाभों को भी साझा किया। अब तक लगभग 23 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं जो मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सतत पर्यावरण को लेकर पीएम के आह्वान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि न सिर्फ हमें तरक्की करने, ऊर्जा प्रदान करने, लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की जरूरत है, बल्कि साथ ही हमें पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेने की जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी है, फिर भी उसके कार्बन उत्सर्जन का हिस्सा केवल 4 प्रतिशत है, वहीं अन्य विकसित देशों में इतने ही प्रतिशत वाली जनसंख्या का कार्बन उत्सर्जन लगभग 60 प्रतिशत है। इसलिए भारत ने दुनियाको संसाधनों के समझदारी भरे उपभोग का सार दिखाया है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे ऐसे पेशे अपनाएं जिससे वे हरित ऊर्जा की दिशा में काम कर सकें।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय परिवहन जलमार्ग मंत्री द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो उन्होंने, दावा किया है कि आने वाले 5 सालों में देश में आपके वाहन पेट्रोल के बजाय ग्रीन फ्यूल पर दौड़ेंगे। उनके हवाले से कहा गया है कि अगले 5 वर्षों में देश में पेट्रोल का उपयोग नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि महाराष्ट्र के विदर्भ जिले में बन रहे बायो–एथेनॉल का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में देश के ऑटो इंडस्ट्री को पारंपरिक फ्यूल (पेट्रोल–डीजल) के बजाय इथेनॉल, मेथनॉल, ग्रीन हाइड्रोजन और अन्य ईंधन विकल्पों वाले वाहनों के निर्माण पर जोर देने को कहा था। जिसके बाद होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर इंडिया जैसी कंपनियां पेट्रोल के बजाय एथनॉल फ्यूल से चलने वाले वाहनों पर काम करना शुरू भी कर चुकी हैं।

उन्होनें कहा कि, पेट्रोल के लिए खर्च किए जाने वाले 115 रुपये प्रति लीटर की तुलना में, 65 रुपये प्रति लीटर पर इथेनॉल एक आम व्यक्ति के लिए एक बहुत ही लागत प्रभावी ईंधन साबित होगा। उन्होंने किसानों को केवल खाद्य प्रदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रदाता बनने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान सिर्फ गेहूं, चावल, मक्का लगाकर अपना भविष्य नहीं बदल सकता। इसलिए उन्हें ऐसे फसलों पर भी काम करना चाहिए जिससे उर्जा की समस्या से भी निजात पाया जा सके। बता दें कि, उन्होंने इससे पहले भी कई बार अलग अलग मौकों पर पारंपरिक ईंधन (पेट्रोल–डीजल) पर निर्भरता कम करने और दूसरे ईंधन विकल्पों पर काम करने पर जोर दिया है। यानें केंद्रीय मंत्री द्वारा यह दावा किया जा रहा है किआने वाले समय में पेट्रोल का इस्तेमाल देश में लगभग खत्म होने वाला है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हरियाली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, युवाओं को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने में सक्षम बनाने वाले पेशों को अपनाने की भावना को आत्मसत करने की जरूरत है। भारत ने दुनिया को पर्यावरण, कोविड–19 समस्याओं में संसाधनों को समझदारी भरे रणनीतिक उपयोग का सार दिया है।

संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## माता-पिता की छत्रछाया - कुदरत की अनमोल देन

सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता । मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन् पूजयेत् ।। माता सर्व तीर्थ का अधिष्ठान है

माता–पिता ईश्वर अल्लाह का दूसरा रूप–आपके माता–पिता आपसे खुश हैं तो समझो ईश्वर अल्लाह खुश हैं

भारत की मिट्टी में ही संस्कार है, भारत में जिस प्रकार के संस्कार, भाव,आस्था, परोपकार और जैसी भावना है, ऐसी हमें वैश्विक स्तर पर कहीं दिखाई नहीं देगी ऐसा मेरा मानना है। क्योंकि भारत की मिट्टी में ही ऐसे भाव होते हैं कि यहां रहने वाला हर वासी स्वभाविक ही ऐसे भाव से ओतप्रोत हो जाता है। यूं तो संस्कारों की माला में बहुत मणि मोती हैं पर हम आज उसके एक मणि मोती माता–पिता के सम्मान की उठाते हैं और उस पर चर्चा करेंगे, हालांकि वैश्विक स्तर पर दुनिया में सबसे अनमोल एक रिश्ता है जिससे कोई भी अछूता नहीं है। एक ऐसा रिशता जो अपना है,जिसमें कोई धोखा नहीं है,जिसमें स्वार्थ के लिये कोई स्थान नहीं है,जिसमें परायेपन की तो परछाई तक नहीं है,और वो रिश्ता है–माता–पिता का अपनी संतान से। यह एक ऐसा रिश्ता है जो दिल से जुडा होता है।परंतु बात अगर हम भारत की करते हैं तो यहां इस रिश्ते को बहुत ही मान सम्मान है।

संस्कृति में भी माता–पिता के ऊपर श्लोक आया है किसर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयरू पिता।

मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत।

अर्थातरू माता सर्वतीर्थ मयी और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप हैं इसलिए सभी प्रकार से यत्नपूर्वक माता–पिता का पूजन करना चाहिए। जो माता–पिता की प्रदक्षिणा करता है, उसके द्वारा सातों द्वीपों से युक्त पृथ्वी की परिक्रमा हो जाती है। माता–पिता अपनी संतान के लिए जो क्लेश सहन करते हैं, उसके बदले पुत्र यदि सौ वर्ष माता–पिता की सेवा करे, तब भी वह इनसे उऋण नहीं हो सकता।

अगर हम पहले की बात करें तो सबसे सटीक उदाहरण हम श्रावण का दे सकते हैं परंतु यह समय का चक्र है और घूमते रहता है समय कैसे बदल जाता है पता ही नहीं चलता। आज हम पुराने समय के श्रवण कुमार से अच्छा तो फिलहाल कोई नही बता सकते,लेकिन आज के बदलते परिवेश मे श्रवण कुमार तो बमुश्किल मिलेंगे। आज समय के हिसाब से पुत्र मे भी काफी बदलाव आया है,अब पहले वाली बात नही रह गयी। एक बच्चे के लिये माता–पिता का रहना बहुत ही महत्वपूर्ण होता है,जितना महत्व एक पौधे को पालने मे माली करता है,उतना ही जिम्मेदारी एक लड़के को पालने मे करनी पड़ती है। वह माली जो पौधे को लकड़ी का सहारा देकर ,पानी ,खाद आदि से सिंचित करके उस पौधे को वृक्ष बनाता है।उसी प्रकार से माता–पिता भी नन्हे से बच्चे को कितने कष्ट को झेलते हुए उस बच्चे को युवक बनाते है। माता–पिता के अथक प्रयास के बदौलत ही एक बच्चा अपने सफलतम मार्ग पर चलते हुए एक बड़ा इंसान बनता है। इसीलिये माता–पिता को बच्चों की प्राथमिक विद्यालय कहते है।क्योकि हर बच्चा पैदा होते ही स्कूल नही जाता,तो उस समय घर पर पहली सीख माँ और पिताजी ही देते है।आज लोग प्यार का मतलब सिर्फ एक लड़के और लड़की के बीच के प्यार को समझते है। लोग भूलते जा रहे है की मनुष्य को पहला निस्वार्थ और सच्चा प्यार सिर्फ अपने माता पिता से मिला है। माता–पिता ने हमें जिंदगी देने के लिए कितनी कठिनाइयों का सामना किया इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए माता–पिता से हमेशा प्यार करे उनकी सेवा करे, माता–पिता की सेवा करना मतलब ईश्वर अल्लाह को राजी करना। हालांकि इस बदलते परिवेश में भी हम सभी एक बात महसूस करते हैं कि बेटे की अपेक्षा बेटी की माता–पिता के प्रति भाव, लगाव, आस्था, अधिक होती है और स्वाभाविक रूप से उसके परिवेश में माता–पिता के भी बेटी में भाव अपेक्षाकृत अधिक होते है फिर भी बेटा बेटी दोनों माता–पिता की आंखों के दो तारे होते हैं और दोनों आंखों को समान भाव देना मनुष्य की कुदरती प्रवृत्ति है अतः हर बेटे बेटी को चाहिए माता–पिता का भरपूर सम्मान करें।हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि, हमने माता–पिता की ऊँगली थाम के चलना सिखा और उनकी मेहनत से पले। आज हम जो कुछ भी है हमारे माता–पिता की वजह से है। माता–पिता के त्याग और बलिदान का कर्ज हम अपनी जान देकर भी नहीं चूका सकते। इस दुनिया में माँ की ममता का कोई मोल नहीं है और पिता की मोहब्बत का कोई तोड़ नहीं है।आज हम जब बड़े हो गए है तो हमारा हक बनता है की हम अपनेमाता पिता की सेवा करें, उनसे ऊँची आवाज में बात ना करे, कोई भी काम शुरू करने से पहले उनसे सलाह ले, उनका सम्मान करे और अपने माता–पिता का कभी दिल न दुखाएँ। माता– पिता अपने बच्चों के लिए अपनी हर चीज कुर्बान कर देते है। लेकिन आज माता–पिता की अहमियत कम होती जा रही है। जिस बेटे की लाइफ बनाने में माता–पिता की जिंदगी गूजर जाती है आज उसी बेटे के लिए शादी के बाद माँ–बाप पराये हो जाते हैं। वे माता–पिता के त्याग और बलिदान को भूल रहे है।इस धरती पर हमारे माता–पिता ही साक्षात ईश्वर रूपी अंश हैं। माता–पिता की सेवा करना ईश्वर की आराधना का दूसरा नाम है।आज माता–पिता को गंगाजल नहीं, केवल नल के जल की जरूरत है। यदि हम समय पर उनकी प्यास बुझा सके तो इसी धरती पर स्वर्ग है।जिनके माता–पिता जिंदा है वे दुनिया के सबसे अमीर और संपन्न लोगहै।माता–पिता ईश्वर अल्लाह का दूसरा रूप होते है। अगर आपके माता–पिता आपसे खुश है तो समझो ईश्वर अल्लाह खुश है। जिस घर में माता–पिता की इज्जत नहीं होती है उस घर में बरकत नहीं होती है। माता–पिता की दुआ आपको मिल गयी समझो आपकी जिंदगी संवर गयी, माता–पिता को आखिरी सांस तक खुश रखे और उन्हें हर वो सुख दे जो वो अपनी जिन्दगी में न पा सके, उनके हर एक सपने को पूरा करे।आज माता–पिता की कद्र उस व्यक्ति से पूछिए जिनके माता–पिता इस दुनिया में नहीं है सब के आंसू झलकेंगे और विपरीत अपवाद कुछ ही लोग होंगे

अतः सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता । मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन् पूजयेत् ।। माता सर्व तीर्थ का अधिष्ठान है माता–पिता में ही ईश्वर अल्लाह समाया है, गुरु समाया है, उनकी सेवा करने से सौ गुना अधिक पुण्य फल भी प्राप्त होता है।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## यूक्रेन का साथ देने का परिणाम, यूरोपीय देशों में पेट्रोल डीजल के दाम चरम पर।

(यूरोपीय संघ गहरी चिंता में)

यूरोपीय आर्थिक विकास परिषद के अध्यक्ष वल्दिस डोम्ब्रोबक्सी ने रूस यूक्रेन युद्ध के परिणाम स्वरूप यूरोपीय देशों में महंगाई 6.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.6: होने पर गहरी चिंता जताई है। यूरोपीय देशों के संघ के 19 सदस्य दल ने रूस द्वारा आवश्यक वस्तुओं यानी पेट्रोल डीजल और गैस के दामों में वृद्धि किए जाने और आपूर्ति बंद करने पर विशेष तौर पर जर्मनी,फ्रांस और इटली तथा अन्य देशों पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है, पेट्रोल डीजल गैस की आपूर्ति बंद होने से इनकी कीमतें एक नई सीमा को छूने लगी हैं। गौरतलब है कि रूस आवश्यक वस्तु की आपूर्ति यूरोपीय देशों को अमेरिका की तुलना में कम दामों में दिया करता था किंतु रूसी यूक्रेन युद्ध में यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन का समर्थन किए जाने पर रूस सरकार ने पेट्रोल डीजल गैस की सप्लाई यूरोपीय देशों को रोक दिए जाने के फलस्वरूप महंगाई में बहुत बड़ा इजाफा हुआ है इसके अलावा कोविड–19 के संक्रमण ने भी यूरोपीय देशों में अमेरिका सहित ब्रिटेन तथा इजराइल में महंगाई सीमा के पार पहुंचा दी है। यूरोपीय संघ ने भविष्य के प्रति चिंता जताते हुए विश्व के देशों को आगाह किया कि आवश्यक वस्तुओं की मूल्य वृद्धि इसी तरह बढ़ती रही तो विकासशील देशों पर इसका बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि विकासशील देश कई मामलों में विकसित देशों पर निर्भर करते हैं।

यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में रूस द्वारा सस्ते दामों को पेट्रोल डीजल दिए जाने के कारण महंगाई बढी तो है पर यूरोपीय देशों की तुलना में मुद्रास्फीति थोड़ी कम प्रभावित हुई है। भारत में ही पूर्व समय की तुलना में महंगाई की वृद्धि बहुत ज्यादा हुई है।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगीस इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें स पिछले दो–तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं।

यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बर्बादी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी

ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है। यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी ।

अब धीरे–धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।

संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर

## अहिंसा यात्रा प्रचार के लिए सोशल मीडिया प्रचार समिति गठित

अहिंसा यात्रा प्रचार के लिए सोशल मीडिया प्रचार समिति गठित

इंदौर रू गौ वंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करो अभियान को लेकर 18 अगस्त 2022 से शुरू होने वाले अहिंसा यात्रा के सोशल मीडिया प्रचार के लिए 8 सदस्यों की समिति गठित की गयी है समिति में अलग – अलग क्षेत्र एवं अलग अलग पेशे से आने वाले लोग है पर जज्बा सबका एक गौ माता को राष्ट्रीय पशु बनाना है। यात्रा संयोजक गौ रक्षक एवं पत्रकार विनायक अशोक लुनिया ने बताया की पत्रकार एवं सोशलवर्कर डॉ राजेश फडे (पंढरपुर, सोलापुर), दूरदर्शन एंकर एवं लाइफ कोच श्रीमती नीना जैन (इंदौर), पत्रकार शिव चौरसिया (जबलपुर), जीवन जैन (चाय विक्रेता) (नागदा, उज्जैन), पत्रकार शैलेश दीक्षित (कानपूर), पत्रकार अतुल जैन (बामौर कलां, शिवपुरी), सुश्री सोनल जैन (शारीरिक दिव्यांग) (कोटा), पत्रकार भूपेंद्र परमार (पिंडवारा, सिरोही) सोशल मीडिया टॉप 8 में अपनी भूमिका निभाएंगे।

श्री लुनिया ने सभी सदस्यों को सोशल मीडिया प्रचारक के रूप में नियुक्त करते हुए सभी सदस्यों से यात्रा के प्रचार प्रसार में कुशल सहयोग प्रदान करने की भावना व्यक्त की। श्री लुनिया ने देश भर की जनता एवं गौ भक्तों से अपील की है की अभियान से ज्यादा से ज्यादा मात्रा जुड़ कर अभियान को शक्ति प्रदान करें।



शरीर से अक्षम किन्तु मन से सक्षम है सोनल श्री लुनिया ने बताया की कोटा राजस्थान की 41 वर्षीय सुश्री सोनल जैन दोनों पैरों से दिव्यांग है किन्तु गौ माता के संरक्षण अभियान में अपनी भूमिका निभाने के लिए सुश्री सोनल ने कॉल कर कहा की सर में शारीरिक रूप से आपके अभियान से नहीं जुड़ सकती किन्तु में मानसिक रूप से गौ माता के इस अभियान का हिस्सा बनना चाहती हूँ मुझे शामिल करें अभियान में आर्थिक रूप से अक्षम किन्तु मन के धनि जीवन– नागदा के जीवन लाल जैन जो की आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है किन्तु मन से इतने धनि है की वह प्रतिदिन 500 – 700 रुपये की चाय बेचकर प्राप्त आय का 30 प्रतिशत हिस्सा गरीबों को मुफ्त चाय पिलाते है और आज इस अभियान से जुड़ने के आलावा बिना आर्थिक व्यवस्था के चिंता किये श्री जैन ने कुछ दिन गौ माता की सेवा में यात्रा में शामिल होने की भी भावना व्यक्त की।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**
**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## हमीरपुर में जिला अस्पताल पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन : बोले-चार साल से नहीं लगा इंक्रीमेंट, आजीविका चलाने में हो रही परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। जनपद में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में समय पर भुगतान करने और 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट की मांग की। बताया कि सभी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से बीते 4 सालों से काम कर रहे हैं। इस दौरान उनकी सेलरी में एक रुपये का भी इंक्रीमेंट नहीं लगा।मामला हमीरपुर जिला अस्पताल का है। यहां स्टाफ नर्स, ओटी टेक्नीशियन और एक्स्ट्रा टेक्नीशियन शहरी आजीविका केंद्र कंपनी के माध्यम से कार्यरत हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उनको समय पर भुगतान नहीं हो रहा है। न ही बीते चार सालों में वेतन में बढ़ोतरी हो हुई है। इससे आजीविका चलाने में परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पांच प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुए समय पर भुगतान किए जाने की मांग की।31 लोगों का स्टाफ कर रहा है कार्य कर्मचारी ब्रजेंद्र सिंह, हरीश कुमार और प्रदीप राजपूत आदि ने बताया की 17464 रुपये सेलरी मिलती है। इसमें बीते चार सालों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि उनके एग्रीमेंट में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की बात लिखी हुई है। चार सालों के दौरान कई कंपनियां बदलीं, लेकिन आज तक किसी कंपनी ने उनकी सेलरी में बढ़ोतरी नहीं की। फिलहाल हमीरपुर जिला अस्पताल में शहरी आजीविका केंद्र कंपनी के माध्यम से उनका 31 लोगों का स्टाफ कार्यरत है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात कार्यकत्री को राशन वितरण के दौरान दबंगों ने दी धमकी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गजोबरी के आगनवाड़ी केंद्र द्वितीय बंदरा में तैनात कार्यकत्री सुनीता यादव ने थाना मल्हीपुर में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि 17 जुलाई 2022 को मैं अपने आंगनबाड़ी केंद्र पर राशन वितरण कर रही थी तो वही रियाज पुत्र शौखत ने पहुंचकर रजिस्टर छीनने की कोशिश की साथ ही अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे छुब्ध होकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता यादव ने थाना मल्हीपुर में पहुंचकर रियाज पुत्र शौखत व इसरार अहमद पुत्र नसीर खां के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। जब थाना मल्हीपुर की पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को थाने पर बुलाया गया जिससे खिन्न होकर वापस लौटने के बाद व्यक्ति ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता यादव के घर पहुंच कर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। और कहां कि मैं प्रधान का भाई हूं तुम मेरा कुछ नहीं कर सकती। जिसके बाद पीड़ित कार्यकत्री सुनीता यादव ने उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, जिलाधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उक्त व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाने की मांग की।

## पुलिस के सराहनीय कार्य 03 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की गई कार्यवाही

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर पुलिस के सराहनीय कार्य के चलते अभियुक्तगण छब्बू खां पुत्र मनसब खां निवासी बनकटवा महुली, नियामत अली उर्फ चौतू पुत्र सकरु खां, सद्दाम उर्फ सद्दन खां पुत्र मोहम्मद उमर निवासी चौरीकोटिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर छब्बू है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिकध्भौतिक लाभ गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी बंधुओ के साथ मासिक बैठक कर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस कार्यालय में व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी। गोष्ठी




में आये हुए व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। व्यापारियों द्वारा कस्बो में लगने वाले जामध्अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही साथ सर्राफा व्यापारीध्पेट्रोल पंप/गैस एजेंसी/भट्ठा मालिको निर्देशित किया गया कि आप लोग अपने माध्यम से जो गार्डध्चौकीदार रखतें हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें तथा सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्राफा व्यापारी व अन्य प्रतिष्ठान के मालिकों को बताया गया कि आगामी दिनों मोहर्रम व रक्षाबंधन के दृष्टिगत बाजारोंध्दुकानों में काफी भीड़–भाड़ होगी इसलिए सभी लोग सीसीटीवी अवश्य लगवा ले तथा जो लोग पहले से लगवा रखे हैं तथा वह किसी कारणवश कार्य ना कर रहे हो तो उनकी मरम्मत करवा ले, दुकानों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र ना करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें या यूपी 112 डायल करें। गोष्ठी का संचालन क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे ने किया गया। इस दौरान प्रभारी यूपी 112 निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद।

## राठ में भीषण सड़क हादसा : तेज रफ्तार बाइक के सामने आई बकरियां, पति-पत्नी और बेटी घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स
राठ हमीरपुर। जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के संकट मोचन कुसमा मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक के सामने अचानक बकरियों के आ जाने से बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार पति पत्नी के अलावा उनकी 22 वर्षीय पुत्री भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से राठ से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ तैनात चिकित्सक सतेन्द्र कुमार ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर एक व्यक्ति की नाजुक हालत को देखकर उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।सड़क पर जानवर आने से हादसा

जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गाँव का निवासी हरनारायण पुत्र ईश्वरदास जो कि अपनी पत्नी मालती के अलावा पुत्री पूजा को लेकर बाइक पर सवार होकर अपने गांव जखेड़ी से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के हमीरपुर रोड स्थित संकटमोचन कुसमा मंदिर के पास उसकी तेज रफ्तार बाइक के सामने अचानक बकरियां आ गईं। जिससे बाइक चला रहे हर नारायण का संतुलन बिगड़ गया तथा हुए हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।चिकित्सक सतेंद्र कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर हरनारायण की नाजुक हालत को देखकर उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

## नहर में डूबती महिला की चौकीदार ने बचाई जान, तो दूसरे दिन डेढ़ वर्षीय मासूम के शव को NDRF टीम ने निकाला बाहर



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना सिरसिया क्षेत्र के अंतर्गत डोमाई गांव निवासी रेनू की नहर पुल के पास नहर के चौकीदार ने नहर में बहती हुई महिला की बचाई जान। चौकीदार ने जब महिला को बाहर निकाला और महिला से पूछताछ किया तो महिला रेनू ने रोते हुए बताया कि मेरे साथ मेरा डेढ़ वर्ष का बच्चा भी है जो पानी में डूब गया है। आप बीती बात बताते हुए महिला ने बताया कि मेरी पहली शादी थाना सिरसिया के बरगदवा में हुई तथा कुछ दिन ठीक से रही उसके बाद मुझे बलरामपुर जिले के बदरहिया में भेज दिया गया। जहां कुछ वर्ष बाद मुझे किसी ओझा ने फूंक झाड़ करके थाना कोतवाली भिनगा के सेहनिया में ओमकार के घर रहने लगी थी। जहां महिला ने अपने जेठ उग्गर के खिलाफ थाना सिरसिया में तहरीर देकर आरोप लगाया की मेरे जेठ मुझे मेरे मायके में छोड़ने जा रहे थे। और जैसे ही नहर के पास पहुंचे मुझे बच्चे के साथ नहर में क्का दे दिया जिससे मैं बच्चे के साथ नहर में गिर गई और डूबने लगी हमें तो किसी तरह से चौकीदार ने बचा लिया लेकिन बच्चे का पता नहीं चला। शोरगुल सुनकर घटनास्थल पर गांव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए और किसी ने इस घटना की सूचना थाना सिरसिया की पुलिस को दी। जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम व ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की लेकिन काफी देर खोजबीन के बाद बच्चे का कहीं पता नहीं चला। वही दूसरे दिन एनडीआरएफ टीम ने कड़ी मेहनत के बाद जिला बलरामपुर बार्डर के समीप बच्चे के शव को नहर से बाहर निकाला। जहां मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की योजना अगले पाँच वर्षो के लिए पुनः अनुमोदित

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने बताया है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ''पर ड्राप मोर क्राप'' ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति योजना को अगले पाँच वर्षों के लिए पुनः अनुमोदन मिल गया है। यह योजना वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए प्रदेश के सभी जिलो में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित की जायेगी। घटते भूमिगत जल स्तर एवं पानी के अपव्यय को रोकने के साथ–साथ किसानों की लागत में कमी एवं फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार हेतु सरकार की मंशा के अनुरूप पुनः पाँच वर्षों के लिए सूक्ष्म सिंचाई पद्धति (ड्रिपधस्प्रिंकलर) को अपनाने पर लघु एवं सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान जबकि अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जायेगा। स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के अन्तर्गत पोर्टबल स्प्रिंकलर एवं रेनगन पर पर लघुध्सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत जबकि अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के पोर्टल dbt.uphorticulture.in पर आनलाइन पंजीकरण कराकर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विभाग में अपने आवश्यक अभिलेख यथा खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छाया प्रति फोटो, मोबाइल नं० जमा करने होंगे। तत्पश्चात जिला उद्यान अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त कृषकों को निर्माता फर्म के डीलर्स से अपने खेतों में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों की स्थापना करानी होगी एवं फर्म के बिलध्बाउचर्स कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। जिसके उपरान्त जिला स्तरीय समिति द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा एवं संतुष्टि के उपरान्त अनुदान की धनराशि कृषकों के बैंक खाते में पी0एफ0एम0एस0 सिस्टम के द्वारा हस्तांतरित कर दी जायेगी। वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु जनपद श्रावस्ती में ड्रिप सिंचाई पद्धति के लिए 185 हे0 जबकि स्प्रिंकलर एवं रेनगन हेतु 830 हे० का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके अनुरूप कृषक अपना आनलाइन पंजीकरण लोकवाणी/जनसेवा केन्द्र या कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी में भी कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## साहस व दृढ़ संकल्प के पर्याय है महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

- 1857 की क्रान्ति में मंगल पाण्डेय का है अमूल्य योगदान : मुख्य विकास अधिकारी

श्रावस्ती। शासन के मंशानुसार ''आजादी के अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। जिला स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम जूनियर हाईस्कूल भिनगा में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, अध्यापक/अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राओं ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा एवं द्वीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया।

इसके अतिरिक्त जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 कैडर एवं नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से प्रभात फेरी, 1857 की क्रान्ति से सम्बन्धित स्वतंत्रता सेनानियों पर वाद–विवाद, कहानी आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय साहस व दृढ़ संकल्प के पर्याय हैं। जिन्होंने 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे। 1857 विद्रोह का प्रारम्भ एक बंदूक की वजह से हुआ। बंदूक भरने के लिये कारतूस को दांतों से काटकर खोलना पड़ता था। कारतूस के बाहरी आवरण में चर्बी होती थी। सिपाहियों के बीच अफवाह फैल चुकी थी कि कारतूस में लगी हुई चर्बी सुअर और गाय के मांस से बनायी जाती है, जो कि 1857 की क्रान्ति का एक बड़ा कारण बनी। उन्होंने इतिहास के बेहद कठिन समय में देशभक्ति की चिंगारी जलाई थी। जिससे लोगों में आजादी के प्रति जागरूकता फैली और परिणामस्वरूप आज हम सब ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मना रहे है। देश को आजादी दिलाने में महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए देश हमेशा महान क्रान्तिकारी का ऋणी रहेगा। और उन्हें नमन भी करता रहेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मंगल पाण्डेय एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। 1857 की क्रान्ति में उनका अमूल्य योगदान रहा है। देश को आजाद कराने के लिए क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत की। उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ क्रांति की शुरुआत की थी और 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में अंग्रेजों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। वह पहले ईस्ट इंडिया कंपनी में एक सैनिक के तौर पर भर्ती हुए थे लेकिन ब्रिटिश अफसरों की भारतीयों के प्रति क्रूरता को देखकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया।

इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र, श्रावस्ती द्वारा जिला युवा अधिकारी कोमल की अगुवाई में मंगल पांडे जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के सभी ग्रामों में प्रभात फेरी का आयोजन कराया गया। वहीं जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा की अगुवाई में पी0आर0डी0 के जवानों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। तपसी इन्टर कालेज सेमरहना में अमर शहीद मंगल पाण्डेय जी की जयन्ती के अवसर पर एस0एस0बी0



कमांडर डगमरा की उपस्थिति जयन्ती मनायी गई। इसके अलावा जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 एवं नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से प्रभात फेरी, 1857 की क्रान्ति से सम्बन्धित स्वतंत्रता सेनानियों पर वाद–विवाद, कहानी आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों/ कर्मचारियों, अध्यापक/ अध्यापिकाओं एवं स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, प्रचार सहायक सुनील प्रियदर्शी, विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुरूजन समय से स्कूल पहुंचकर बच्चों का संवारें भविष्य-मुख्य विकास अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसी जनपद से ही ''स्कूल चलो अभियान'' का शुभारम्भ किया था, जो बहुत ही गौरव की बात है। अशिक्षा देश के विकास में बाधक रही है। शत–प्रतिशत लोगों को शिक्षित किये बिना सम्पूर्ण समाज की विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इसी उद्देश्य से देश एंव प्रदेश की सरकार हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा विद्यालयों में छात्र–छात्राओं हेतु सभी सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। इसलिए जनपद वासियों से अपील की है कि वे अपने बेटे–बेटियों को बिना भेदभाव के स्कूल जरूर भेंजे, और घर में भी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले के बच्चे पढ़–लिखकर अपना भविष्य संवार सके। उक्त विचार जिलाधिकारी द्वारा गोद लिए स्कूल जूनियर हाईस्कूल भिनगा में आयोजित निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि वर्ष 2026–27 तक प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तथा कक्षा–3 तक सभी बच्चों में पढ़ने–लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ''निपुण भारत अभियान'' प्रारम्भ किया गया है। यह मिशन प्रेरणा फेज–2 के नाम से भी जाना जाता है। निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत बालवाटिका (प्री–प्राइमरी), कक्षा–1, कक्षा–2 एवं कक्षा 3 में अध्ययनरत बच्चों को दक्ष बनाना ही मुख्य उद्देश्य है। उन्होने जनपद के सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि 2026–27 तक निपुण भारत के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय में भेजें। यह निपुण भारत का संदेश जन–जन तक पहुँचाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने छात्र–छात्राओं से भी मुलाकात की तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि जिले में साक्षरता की दर में अब वृद्धि हुई है। अभी विगत दिनों भारतवर्ष के महत्वाकांक्षी जनपदों में से जनपद श्रावस्ती को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो गौरव की बात है। इसलिए जिले की साक्षरता दर में गुणात्मक सुधार के लिए जनपदवासी यह संकल्प लें कि वह बिना भेदभाव के हर बच्चे को शिक्षित करेगें, ताकि जिले की साक्षरता दर में और वृद्धि हो, और जिले में विकास का पहिया आगे बढ़ता जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत निपुण भारत मिशन का शुभारम्भ किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2026–27 तक कक्षा–3 तक के बच्चों को पढ़ने एवं संख्या ज्ञान में दक्ष बनाना है। तथा बाल वाटिका के माध्यम से कक्षा–3 तक के बच्चों के लिए निपुण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारना गुरूजनों का दायित्व है, इसलिए वे दायित्व बोध समझकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दें और उनके भविष्य को संवारें। विद्यालय में छात्र–छात्राओं को पेयजल हेतु इंडियन बैंक एवं एक्शन एड संस्था द्वारा लगवाया गया आर0ओ0 (वाटर प्यूरिफायर) का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया, ताकि विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। कार्यक्रम का



संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया। और छात्र–छात्राओं को स्कूल में सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं समय से मुहैया कराते रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, एक्शन एड संस्था के प्रतिनिधि तारिक अहमद, गुलिस्तां आरा सहित विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले के परिषदीय विद्यालयों, इण्टर कालेजों, महाविद्यालयों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 कैडर एवं नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से निकाली गई प्रभात फेरी

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेयशासन के मंशानुसार ''आजादी के अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। जिला स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम जूनियर हाईस्कूल भिनगा में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, अध्यापकध्अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राओं ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा एवं द्वीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 कैडर एवं नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से प्रभात फेरी, 1857 की क्रान्ति से सम्बन्धित स्वतंत्रता सेनानियों पर वाद–विवाद, कहानी आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय साहस व दृढ़ संकल्प के पर्याय हैं। जिन्होंने 1857 में



भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे। 1857 विद्रोह का प्रारम्भ एक बंदूक की वजह से हुआ। बंदूक भरने के लिये कारतूस को दांतों से काटकर खोलना पड़ता था। कारतूस के बाहरी आवरण में चर्बी होती थी। सिपाहियों के बीच अफवाह फैल चुकी थी कि कारतूस में लगी हुई चर्बी सुअर और गाय के मांस से बनायी जाती है, जो कि 1857 की क्रान्ति का एक बड़ा कारण बनी। उन्होंने इतिहास के बेहद कठिन समय में देशभक्ति की चिंगारी जलाई थी। जिससे लोगों में आजादी के प्रति जागरूकता फैली और परिणामस्वरूप आज हम सब ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मना रहे है। देश को आजादी दिलाने में महान क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए देश हमेशा महान क्रान्तिकारी का ऋणी रहेगा। और उन्हें नमन भी करता रहेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मंगल पाण्डेय एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। 1857 की क्रान्ति में उनका अमूल्य योगदान रहा है। देश को आजाद कराने के लिए क्रान्तिकारी मंगल पाण्डेय ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत की। उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ क्रांति की शुरुआत की थी और 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में अंग्रेजों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था।

वह पहले ईस्ट इंडिया कंपनी में एक सैनिक के तौर पर भर्ती हुए थे लेकिन ब्रिटिश अफसरों की भारतीयों के प्रति क्रूरता को देखकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया। इसी क्रम में नेहरू युवा केंद्र, श्रावस्ती द्वारा जिला युवा अधिकारी कोमल की अगुवाई में मंगल पांडे जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के सभी ग्रामों में प्रभात फेरी का आयोजन कराया गया। वहीं जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा की अगुवाई में पी0आर0डी0 के जवानों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। तपसी इन्टर कालेज सेमरहना में अमर शहीद मंगल पाण्डेय जी की जयन्ती के अवसर पर एस0एस0बी0 कमांडर डगमरा की उपस्थिति जयन्ती मनायी गई। इसके अलावा जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 एवं नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से प्रभात फेरी, 1857 की क्रान्ति से सम्बन्धित स्वतंत्रता सेनानियों पर वाद–विवाद, कहानी आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों, अध्यापक/अध्यापिकाओं एवं स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, प्रचार सहायक सुनील प्रियदर्शी, विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क हादसा मे एक की दर्दनाक मौत छह गम्भीर रूप से घायल

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। मंगलवार सुबह लगभग 7:30 बजे के करीब तम्बौर से सवारियां भरकर सीतापुर के लिए निकली मारुति वैन संख्या UP 32 KU 1876 लहरपुर– तम्बौर मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें एक ब्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो घायलो को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर अस्पताल मे भर्ती कराया गया है सकरन थाना क्षेत्र के चौका पुल के आगे एक मारुति वैन सवारियां भरकर सीतापुर के लिए जा रही थी चौका पुल से निकलते ही एक पेड़



अचानक से सड़क से निकल रही मारुति वैन पर गिर गया जिससे वह अनियंत्रित होते हुए दुर्घटना का शिकार हो गई घटना मे राजेश शुक्ला निवासी ग्राम सिकरोहर थाना रेउसा की मौके पर ही मौत हो गई तथा कृष्ण विहारी आचार्यजन पुरवा, आशुतोष, प्रियंका, अगनें ग्राम बड़रिया, बरकत अली निवासी ग्राम पंडितपुरवा, ब्रजकिशोर निवासीपूरन सराय थाना तम्बौर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया वही आप को बतादे एक की और मौत हो गई है घायलों मे मुकेश मिश्र ग्राम सिकरोहर कलां का इलाज सीएचसी तम्बौर मे चल रहा है।

## नवागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से मानदेय भुगतान पर की गई बैठक

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तंबौर सीतापुर। मास आधुनिकीकरण टीचर के जिलाध्यक्ष मो0 शफीक खान व मो0 कलीम खान जिलाउपाध्यक्ष सीतापुर ने की नवागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार यादव से शिष्टाचार भेंट कर मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराया अल्पसंख्यक



कल्याण अधिकारी से आधुनिकीकरण शिक्षकों का जिले पर उपलब्ध मानदेय के भुगतान पर बात हुई जिसमें अधिकारी महोदय ने बताया कि जुलाई के अन्त से अगस्त के प्रथम सप्ताह में एक सभी शिक्षकों का मानदेय लगा दिया जाएगा साथ में उपस्थित मो कलीम खान जिला उपाध्यक्ष मास, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, शानू, रोहित कुमार,श्यामकिशोर, उत्तम शुक्ला, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप सिंह,मुनीजर लाल,नदीम अहमद रौनक अली आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## ब्लॉक मुख्यालय पर भूजल संरक्षण गोष्ठी का हुआ आयोजन, दर्जनों लोग रहे मौजूद


दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा
सुल्तानपुर। जिले में कूरेभार विकासखंड के अंतर्गत भूजल जन जागरूकता के उद्देश्य से 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल संरक्षण सप्ताह के क्रम में आज मंगलवार को विकास खंड कूरेभार के ब्लॉक प्रमुख कक्ष पर प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह (सोनू)




की मौजूदगी में भूजल सप्ताह का कार्यक्रम व गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जेई एमआई राजेश प्रताप श्रीवास्तव ने लोगों को जल संरक्षण को लेकर आवश्यक जानकारी देते हुए भूगर्भ जल परिचय व इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया।इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू ने कहा कि सरकार भूजल संरक्षण हेतु गांवों में अमृत सरोवर का निर्माण करा रही है।जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को लेकर जनमानस की मानसिकता के बदलाव हेतु जन जागरुकता किये जाने की आवश्यकता है, इससे जल संचयन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस दौरान मनोज सिंह,सोनू सिंह,ज्ञान सिंह,रवि पाण्डेय, लव सिंह,मोनू,गौरव,रामसजीवन पाण्डेय,महेंद्र प्रताप यादव,सुधीर कुमार, सर्वेश,रामचंद्र,वीरेन्द्र यादव,बेद प्रकाश दूबे आदि मौजूद रहे।

## बीएसए ने निशुल्क पुस्तक वितरण का किया शुभारंभ, सैकड़ों की संख्या में लोग रहे मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के वरौसा में स्थित सीता देवी गर्ल्स महाविद्यालय सभागार में परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत नंदन चतुर्वेदी ने की। पुस्तक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया



।कार्यक्रम में बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने शिक्षा क्षेत्र के 193 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक को संबोधित करते हुए कहा कि विकासखंड के समस्त बच्चों के खाते में शत प्रतिशत डीबीटी लक्ष्य प्राप्त किया जाए ।बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका ने कक्षा –01,02,07 के बच्चों को नए सत्र के पठन–पाठन के लिए पुस्तक वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दामोदर तिवारी ने किया ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिग्विजय सिंह,रमाशंकर तिवारी, अशोक सिंह, जयप्रकाश वर्मा,
अशोक सिंह,राम मगन वर्मा, घनश्याम वर्मा,कालेज की प्राचार्या रूपा यादव समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

## पुलिस ने छात्र छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बरो की दी जानकारी



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई जालौन। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जनपद के थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा बाजार/सार्वजनिक स्थानों/धार्मिक स्थलों/ कोचिंग सेन्टर आदि जगहों पर चेकिंग कर खड़े संदिग्ध युवकों को चेक किया गया, साथ ही छात्राओं/महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराते हुये उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गयी ।

---

## पेट्रोल पंपों पर नहीं मिल रही ग्राहकों को समुचित व्यवस्था, हवा पानी नदारद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। पेट्रोल पंप संचालक मानको की जमकर उडा रहे है धज्जियां। ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं की जमकर अनदेखी कर हवा, पानी,तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था न किये जाने से ग्राहको में रोष। ग्राहकों ने पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की जिलाधिकारी से की मांग
पेट्रोल पंपों पर इस समय जमकर धांधली देखी जा सकती है। घटतौली तो इनके सिस्टम में आ गया। जरा सी आंख अगर पलटी तो पेट्रोल डालने वाले कर्मचारी तुरंत ही ग्राहकों की जेब को कतरने में कोर कसर नहीं छोड़ते। इतना ही नहीं पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली समुचित व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं देखी जा सकती। शासन के अनुसार पेट्रोल पंपों पर ठंडा पानी हवा आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश हैं। तथा शौचालय की भी समुचित व्यवस्था है। लेकिन ज्यादातर पेट्रोल पंप पर ना तो पानी उपलब्ध होगा और ना ही हवा। अगर पानी उपलब्ध भी होगा तो वह ठंडा पानी नहीं मिलेगा। और हवा की समुचित व्यवस्था किसी भी सूरत में हो ही नहीं सकती। इस संबंध में जब पैट्रोल पंप संचालको से या मैनेजर से बात की जाती है। तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। ग्राहकों में इस बात को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ गहरा रोष पनप रहा है। मानकों के अनुरूप ग्राहको को दी जाने बाली समुचित व्यवस्था ग्राहको को न दिये जाने पर जांच करा कर ऐसे पैट्रोल पंपो को चिंहित कर उन पर कार्रवाई किए जाने की लोगों ने मांग उठाई।

## चोर ने घर में घुसकर चोरी को दिया अंजाम और महिला से की छेड़खानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। पीछे की दीवार फांदकर घर में घुसे चोर ने सोने की जंजीर, अंगूठी व 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। इसके बाद गृहस्वामिनी के साथ भी छेड़खानी भी की। विरोध करने पर कपड़े छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी समीक्षा पत्नी दीपू ने पुलिस को बताया कि उसके पति वाहन चालक हैं और दिल्ली में रहकर काम करते हैं। घर पर वह अकेली बच्चों के साथ रहती है। सोमवार की रात करीब 11 बजे उनके पड़ोसी पीछे की दीवार फांदकर घर में घुस आए। उस समय वह बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। पड़ोसी ने सेफ का ताला तोड़कर उसमें रखी सोने की जंजीर, अंगूठी और 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद वह अपने कपड़े उतारकर उसके साथ छेड़खानी का प्रयास करने लगा। जब उसने विरोध किया और चिल्लाना शुरू किया तो वह कपड़े छोड़कर और चोरी का सामान लेकर वहां से भाग गया।

## शौच क्रिया को जाती महिलाओं से हरकत करने वाले दो लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ने का किया प्रयास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो जालौन। गांव में कुछ लोग शौच के लिए जाते समय महिलाओं के साथ अभद्रता करते हैं। सोमवार की रात अभद्रता कर रहे बाइक सवार दो लोगों को गांव के लोगों ने दौड़ा लिया। दोनों बाइक वहीं छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है और वाहन स्वामी की तलाश कर रही है।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में कुछ लोग शाम के समय शौच के लिए जाने वाली महिलाओं के साथ अभ्रदता करते हैं। उन्हें देखकर अश्लील फब्तियां करना, अश्लील इशारे करना उनका रोज का काम है। महिलाओं ने इसकी जानकारी अपने घरों पर दी थी। सोमवार की रात जब महिलाएं शौच के लिए जा रही थीं। तभी बाइक सवार दो युवक वहां आए और महिलाओं को देखकर अभद्रता करने लगे। यह देखकर गांव के लोगों ने दोनों युवकों को दौड़ा लिया।
गांव के लोगों को पीछे देखकर दोनों युवक अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाग निकले। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा लिया है। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी की तलाश की जा रही है। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का पुत्र रसीद खा उर्फ छोटे गलत सोहबत के कारण शराब पीने लगा तथा जुआ भी खेलने लगा है तथा वह प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी के साथ शराब के नशे में मारपीट करता है एवं अभद्र ब्यौहार करता है इसलिए प्रार्थी अपने पुत्र रसीद खा उर्फ छोटे को अपनी जायदाद से आज से बेदखल करता है प्रार्थी का पुत्र रसीद खा उर्फ छोटे अपने कृत्य के लिये स्वयं जिम्मेबार होगा।

प्रार्थी जहूर खा
पुत्र शकूर खा निवासी ग्राम चौरसी
थाना कोतवाली उरई जिला जालौन

## विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के पुत्र पुलकित ने करीब आधा दर्जन से ज्यादा बूथ के गांव का किया क्षेत्रभ्रमण



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर से भाजपा विधायक एवं पूर्वमंत्री विनोद सिंह की अनुपस्थिति में उनके पुत्र पुलकित सिंह का बूथ सशक्तिकरण अभियान आज भी जारी रहा।
इस दौरान पुलकित ने सुलतानपुर विधानसभा के देनवा गांव में बूथ अध्यक्ष सतीश तिवारी के घर, राजापुर में बूथ अध्यक्ष रामदेव मौर्या के घर, गोसाईंगंज बाजार में कल्पनाथ शर्मा की दुकान पर एवं हयातनगर में इनके घर पर, हयातनगर में करुणा शंकर शुक्ल के घर पर, गणेशपुर कैथोली शक्ति केंद्र संयोजक रमेश वर्मा के घर पर गांव के सम्भ्रान्त एवं प्रमुख लोगों की अगुवाई में बैठक की गई। इस दौरान सभी को पार्टी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी देते हुये ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का अनुरोध किया गया।
पुलकित ने कहा कि आज केंद्र हो या प्रदेश सरकार, हर जाति धर्म के लोगों के लिये योजनाएं चलाकर पात्रों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।
तमाम तरह की सुविधाएं देकर विकास के वो कार्य करवाये जा रहे हैं जो इनसे पहले की सरकारों में कहीं देखने को नही मिले। शिक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा के साथ बिजली, पानी, सड़क, आवास, शौचालय, राशन इत्यादि के क्षेत्र में सरकार ने महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। लिहाजा को इन योजनाओं का लाभ दिलवाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि इन योजनाओं को पाने में पात्रों को किसी भी तरह की परेशानी आ रही है तो मुझसे या टीम से तत्काल अवगत कराइये, ताकि उनकी समस्यायों को जल्द से जल्द निस्तारित करवाया जा सके। इन सभी स्थानों में बैठक के बाद पुलकित ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं यहां से निकलने के बाद पुलकित महिलो आशापुर में अतुल पाण्डेय की नानी के तेरहवी कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## 7.19 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली



- जिले में 20 जुलाई आज मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। जनपद में 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जनपद के 7.19 लाख (एक से 19 साल के) बालक–बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। सीएमओ कार्यालय में आयोजित मीडिया वर्कशॉप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने बताया कि जनपद में 20 जुलाई को स्कूल–कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप चरण आयोजित होंगे। 7.19 लाख बालक–बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएमओ ने बताया कि एक से पांच साल तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 साल तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालक–बालिकाओं एवं श्रमिक एवं घुमंतू बालक–बालिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जाएगी। जबकि 6 से 19 तक के सभी छात्र–छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। एनडीडी के नोडल अधिकारी डॉ एसडी चौधरी ने बताया कि ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसके लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए गए है।

ऐसे फैलता है संक्रमण

डीसीपीएम डॉ धर्मेंद्र ने बताया कि नंगे पैर खेलना और घूमना, हाथ धोए बिना भोजन करना, खुले में शौंच करना, फल और सब्जियां बिना धोए खाना और दूषित भोजन करने से कृमि संक्रमण फैलता है।

कृमि संक्रमण के लक्षण : गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना। बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे। हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। कृमि मुक्ति के फायदे स्वास्थ्य और पोषण में सुधार रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि एनीमिया नियंत्रण सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार ऐसे खिलाई जाएगी दवा एक से दो साल के बच्चों को आधी गोली अच्छी तरह से चूरा करके पानी में मिलाकर खिलाएं। दो से तीन साल के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके पानी के साथ खिलाएं। तीन से 19 साल के बालक–बालिकाओं को एक पूरी गोली चबाकर खानी होगी।

## जिलाधिकारी ने ली विकास कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी ने दिये निर्देश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार करें

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)।जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में की गई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार कर पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं है यह सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने एवं डायरी अपडेट करते हुए उसमें भ्रमण से संबंधित विषयों का अनिवार्य रूप से उल्लेख किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशो की समीक्षा करते हुए कहा कि संरक्षित सभी गोवंशो की ईयर टैगिंग एवं टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराए जाने तथा गौशाला में और निराश्रित गोवंश को संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश को अभियान चलाकर गौशालाओं में संरक्षित करें जनपद में निराश्रित गोवंश घूमते नजर ना आए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गोवंश संरक्षित रहे इसके लिए ग्राम सचिव व प्रदान की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गोवंश के लिए भूसा, हरा चारा, दाना, पानी, छाया का उचित प्रबंध हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों का सुंदरीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर अध्यापकों की समयबद्ध ढंग से उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए।
उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय क्रियाशील एवं जियो टैग होने चाहिए सामुदायिक शौचालय किसी भी दशा में बंद नहीं होनी चाहिए इसकी देखरेख करने वाली स्वयं सहायता समूह की संबंधित महिलाओ की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी की फटकार लगाई कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं जनपद में विद्युत आपूर्ति की शिकायतों को अब क्षम्य नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति कटौती होती है तो सूचना विभाग के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को कटौती के बारे में जानकारी हो सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गोल्डन कार्ड की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड शत शत शत बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाए कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं सभी संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निरीक्षण कर डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को लगातार अभियान चलाकर जब्ती की कार्यवाही करें उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित



रहे। उन्होंने अमृत सरोवर योजना, अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रामीण आवास योजना, मनरेगा, पेंशनध्छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सड़क का निर्माण, कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान, बेसिक शिक्षा विभाग ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा अधिक से अधिक शिक्षकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, डीएफओ जयप्रकाश नारायण तिवारी, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ अवधेश सिंह आदि शहद समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत असुपुरा वि.ख. कोंच, जालौन**

पत्रांकः मैमो संख्या/मनरेगा योजना अंतर्गत/2021–2022 दिनांकः 20.07.2022

**सामग्री आपूर्ति हेतु**

ग्राम पंचायत असुपुरा विकास खण्ड कोंच, जालौन में मनरेगा योजना अंतर्गत 2021–22 में निम्न कार्यों हेतु सामग्री की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु 20.07.2022 से 27.07.2022 तक ग्राम पंचायत असुपुरा विकास खण्ड कोंच जालौन में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिवस अपरान्ह 4 बजे तक निविदायें खोली जायेंगी। इच्छुक निविदादाता 100.00 रुपये का नगद भुगतान कर ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल | लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | जीतेन्द्र के मकान से हनुमान जी के मंदिर तक | 431714.00 |
| 02 | इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | मोहन के घर से नाग जी के मंदिर तक | 341994.00 |

प्रधान
ग्राम पंचायत असुपुरा
विकास खण्ड कोंच, जालौन

सचिव
ग्राम पंचायत असुपुरा
विकास खण्ड कोंच, जालौन

## जिलाधिकारी ने किया बालिका उच्च विद्यालयडुमरिया का औचक निरीक्षण गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य का दिया निर्देश

☒ वर्ग 10 की छात्रों से किया प्रश्नोत्तर,जानकारी से दिखे संतुष्ट

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री ने डुमरिया स्थित गर्ल्स हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने क्लासरूम में जाकर छात्राओं से पठन पाठन की जानकारी लिया तथा शिक्षण के स्तर को गुणवत्तापूर्ण जारी रखने का आधारभूत संरचना और सुविधा की उपलब्धता को लेकर गंभीर दिखे।प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुनीता कुमारी को शिक्षण कार्य समेत नियमित रूप से विद्यालय परिसर की साफ सफाई,बिजली ,पंखा मरम्मती,बेंच डेस्क उपलब्धाता,नियमित वर्ग संचालन हेतु निर्देश दिया।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कई शिक्षकों को यत्र – तत्र बैठा देखकर नाराजगी प्रकट किया और निदेश दिया कि नियमित रूप से वर्ग संचालन में भूमिका अदा करें।कक्षा में



निर्देश दिया। मौके पर डीएम ने वर्ग 10 में भूगोल की कक्षा में क्लास लेकर छात्राओं से भारत के नक्शा को बनवाकर राज्यों की स्थिति के बारे में पूछताछ किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य, छात्राओं की संख्या कम हो या ज्यादा हो ,कक्षा संचालन सभी कक्षा का अलग अलग जारी रखें।निर्देश दिया कि एक साथ विभिन्न वर्ग की छात्राओं को बैठा कर वर्ग संचालन की प्रवृति बंद करें।

## जल शक्तिअभियान अंतर्गत सुगौली प्रखंड के ग्राम पंचायत, दक्षिणी छपरा बहास, चिकनौटा में अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार सह केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय , केंद्रीय जांच दल द्वारा मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान एवं जल शक्ति अभियान अंतर्गत सुगौली प्रखंड के ग्राम पंचायत, दक्षिणी छपरा बहास, चिकनौटा में अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे। जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया। सरोवर के उपर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। जीविका समूह के दीदियों के जीविकोपार्जन हेतु हंस एवं मत्स्य पालन के लिए जिला प्रशासन , मोतिहारी के द्वारा अमृत सरोवर को सौंपा गया ।



जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि जीविका दीदी को मत्स्यपालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह , अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सद, डीपीओ मनरेगा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण , जीविका दीदी एवं गणमान्य ग्रामीणआदि उपस्थित थे।

## दक्षिणी सुगांव में नाला एवं बालगंगा में भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण प्रणाली के माध्यम से प्रकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्य का जायजा लेने पहुचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार सह–केंद्रीय नोडल पदाधिकारी , कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री कपिल अशोक के मार्गदर्शन में मनरेगा द्वारा अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली की प्राकृतिक प्रणाली को अपनाया गया ।जिसके तहत लगभग 510 घरों के नाले को मेन नाला से



वारिद गुप्ता, सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय , केंद्रीय जांच दल द्वारा मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान एवं जल शक्ति अभियान अंतर्गत सुगौली प्रखंड के ग्राम पंचायत राज , दक्षिणी सुगांव में नाला एवं बालगंगा में भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण प्रणाली के माध्यम से प्रकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्य का जायजा लेने पहुंचे। जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया। उक्त प्रोजेक्ट के शुरू होने के पूर्व बालगंगा जगह पर गंदगी एवं गंदा पानी लगा रहता था । जिससे 1,2 एवं 3 वार्ड के लोगों के चापाकल का पानी भी दूषित होने लगा था। चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा रहता था। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत जोड़ा गया एवं उसके बाद डीजील्टिंग टैंक में नाले का पानी डाला गया ।डीजील्टिंग टैंक के पानी के स्थरीकरण प्रणाली के तहत गाद एवं पानी में मिले हुए सौलीड पार्टिकल स्टोर हो जाता है और पानी दूसरे टैंक में चला जाता है जिसमें रोड़ा ग्रैभल एवं वोर पाइप के द्वारा फिल्टर्ड वाटर को रिचार्ज किया जा रहा है। यदि ज्यादा पानी होता है तो शेष पानी दूसरे नाले से नहर तक पहुंचाया जा रहा है । इस पानी का प्रयोग कृषि कार्य में भी किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह , अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर , डीपीओ मनरेगा , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण , जीविका दीदी एवं स्थानीय गणमान्य ग्रामीण आदि उपस्थित थे ।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध छापामारी एवं उनके गतिविधियों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी।जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध छापामारी एवं उनके गतिविधियों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। न्यायालय में कांडों का विचारण का अनुशरण किया जाना। मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध आम जनता में जागरूकता कार्यक्रम लाने को लेकर समीक्षा की गई। मादक पदार्थो की जप्ती गिरफ्तारी एवं सजा से सबंधित आंकड़ा तैयार करने को लेकर चर्चा की गई। मादक पदार्थो के उत्पादन बिक्री एवं उपभोग इत्यादि पर कार्रवाई करना एवं विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य के एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने पर चर्चा की गयी। जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से पंचायत प्रतिनिधि एवं विद्यालयों में प्राचार्य, शिक्षक के द्वारा बच्चों में नशा मुक्ति का प्रचार प्रसार कर जागरूकता लाने का निर्देश दिया गया। वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को नशा लत है तो उसे सदर अस्पताल सीतामढ़ी में नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा कर इलाज कराएं तथा इसके प्रचार–प्रसार हेतु पंचायत स्तर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक द्वारा बच्चों में



जागरूकता लाया जाए। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर राकेश कुमार, विशेष शाखा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस रोचना माद्री, ओएसडी प्रशांत कुमार, के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी पुपरी नवीन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेलसंड शिवानी शुभम, एसएसबी कमांडेंट उपस्थित थे ।

## जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों को निबंधन हेतु बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों को निबंधन हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसके संबंध में श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी असंगठित कामगार अपना आधार कार्ड, बैंक खाता, तथा प्रथम किस्त की नगद राशि लेकर अपने नजदीकी वसुधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) पर जाकर बनवा सकते हैं। या यदि उन्हें पेंशन कार्ड बनवाने में किसी भी तरह की समस्या आती है तो वह किसी भी कार्य दिवस को संयुक्त श्रम भवन सीतामढ़ी, आईटीआई, परिसर डुमरा में आकर अपना पेंशन कार्ड बनवा सकते हैं। श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यह एक अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें कामगार को उनकी उम्र के अनुसार निर्धारित राशि को जमा कराना होगा तथा उतनी ही राशि केंद्र सरकार के द्वारा उनके खाते में जमा की जाएगी। 60 वर्ष की आयु पूरी करने के पश्चात न्यूनतम 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन की राशि उन्हें जीवन भर मिलेगी । मासिक अनुदान की राशि उम्र के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये के बीच निर्धारित की गई है । 18 वर्ष की आयु के कामगार को 55 रुपये जबकि 29 वर्ष की आयु के कामगार को 100 रुपये तथा 40 वर्ष की आयु के कामगार को 200 रुपये मासिक अनुदान की राशि निर्धारित की गई है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यदि कामगार कुछ अवधि के पश्चात इस योजना से किसी कारणवश हटना भी चाहते हैं तो उन्हें उनकी तब तक की जमा की गई राशि ब्याज सहित वापस मिल जाएगी । साथ ही यदि 60 वर्ष के बाद किसी पेंशन धारी की मृत्यु हो जाती है तो पेंशन की राशि का 50: यानी आधी राशि उनके आश्रित (पति पत्नी आदि) को पारिवारिक पेंशन के रूप में जीवन भर मिलेगा।उन्होंने यह भी बताया कि यह पेंशन योजना अन्य पेंशन योजनाओं के अतिरिक्त होगा जो उन्हें अन्य विभागों से मिलेंगे।जिला पदाधिकरी, द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की यह बहुत ही अच्छी योजना है तथा यह योजना समाज के असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले लाखों–करोड़ों कामगारों क वृद्धावस्था को ध्यान में रखकर बनाई गई है।क्योंकि एक कामगार की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता 60 वर्ष की आयु के पश्चात कम हो जाती है जिसकी वजह से उनकी उपार्जन क्षमता भी घट जाती है। उनके बेटे और बेटियां भी शादी विवाह या कार्य करने हेतु घर से दूर चले जाते हैं तथा बुढ़ापे में कामगारों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि कामगार प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अपना पेंशन कार्ड बनवाते हैं तो वृद्धावस्था में 60 वर्ष की आयु के पश्चात उन्हें 3000 रुपये प्रति माह का पेंशन मिलेगा जिससे न उनकी आर्थिक परेशानी दूर होगी बल्कि वे अपनी मूलभूत जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी असंगठित कामगारों से अपील की है कि वे इस पेंशन सप्ताह में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अपना पेंशन कार्ड बनवा लें । साथ ही श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजना बिहार भवन एवम अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में भवन निर्माण में कार्य करने वाले निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जाता हैं विभिन्न प्रकार के 16 योजनाओं से निबंधित श्रमिकों लाभान्वित किया जाता हैं यथा मृत्यु लाभ, दाह संस्कार, विवाह सहायता, नकद पुरस्कार, औजार क्रय, पितृत्व लाभ, मातृत्व लाभ, आयुष्मान योजना,शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, साइकिल क्रय,भवन मरम्मती, विकलांगता पेंशन, 60 वर्ष के बाद पेंशन, परिवार पेंश, चिकित्सा सहायता। इसमें निबंधन एवम निबंधित श्रमिक योजना के लाभ के लिए निर्माण श्रमिक वेबसाइट bocw-bihar-gov-in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त मुजफ्फरपुर,श्रम अधीक्षक, सीतामढी, बेब जिला प्रबंधक, सीतामढी उपस्थित थे।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण समारोह संपन्न कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया बंदना देवी ने किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। चरक जयंती के पूर्व आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्व आयुर्वेद परिषद एवं नीमा के बैनर तले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन इब्राहिम पुर पंचायत के मुखिया श्रीमती बंदना देवी द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम बिरहीमां बाजार पर संपन्न हुआ जिसमें ढाई सौ मरीजों का इलाज किया गया एवं 128 लोगों का मुफ्त रक्त जांच किया गया जिसमें निम्न रोगों के मरीज वात रोग चर्म रोग स्वास्कास फलेरिया नेत्र रोग लिकोरिया आदि के मरीज मौजूद थे सभी मरीजों का राजस्थान औषधालय द्वारा मुफ्त दवा दिया गया जिसमें मुख्य रुप से निरंजन कुमार धीरज कुमार लैब टेक्नीशियन दिलीप कुमार ने सहयोग किया मरीजों का इलाज डॉ रमेश कुमार सिंह चिकित्सा प्रभारी एवं डॉ विपिन बिहारी द्वारा किया गया !





## बाल हृदय योजना से तीन बच्चों की तकलीफें होंगी दूर जिले के तीन बच्चों हरिओम कुमार, काजल कुमारी और अर्शी खातून को ऑपरेशन के लिए भेजा गया अहमदाबाद



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। बाल हृदय योजना उन गरीब मां–बाप के लिए वरदान साबित हो रही है, जो पैसों के अभाव में अपने बच्चों के दिल का इलाज नहीं करा पाते थे। इस योजना से जिले के उन बच्चों को जीवनदान मिलने जा रहा है जो, दिल की बीमारी से ग्रसित हैं। योजना के तहत जिले के तीन बच्चों की तकलीफें दूर होने वाली हैं। हरिओम कुमार, काजल कुमारी और अर्शी खातून को आपरेशन के लिए भेजा गया है अहमदाबाद। मंगलवार को तीनों बच्चों को डीसीसी विनय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस से पटना हवाई अड्डा भेजा। पटना हवाई अड्डा से फ्लाइट के जरिये अहमदाबाद भेजा जाएगा, जहां श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में हृदय का ऑपरेशन होगा। इस अवसर पर डीडीसी विनय कुमार ने कहा कि बाल हृदय योजना से तीन गरीब परिवारों की जिन्दगी बदलने वाली है। उनके घर में खुशियां लौटने वाली है। एम्बुलेंस में बैठते समय गरीब माता–पिता की आंखों में खुशी के आंसू और बच्चे के सुनहरे भविष्य की उम्मीद दिख रही थी। मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. एके झा, डीसीएम समरेंद्र नारायण वर्मा, डॉ. मुकेश कुमार, प्रतीक यादव आदि उपस्थित थे। हरिओम के पिता शम्भू राय ने कहा कि उनके पास इतना पैसा नहीं था कि वह बेटे का इलाज व ऑपरेशन का खर्च बड़े अस्पतालों में उठा सकें। आर्थिक तंगी की वजह से बेटे के हृदय में छेद की बीमारी के इलाज को लेकर काफी चिंतित थे। लेकिन बाल हृदय योजना से मुफ्त में इलाज होने की जानकारी मिली तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब हरिओम इलाज के लिए अहमदाबाद जा रहा है। इस बात से शम्भू काफी खुश हैं कि हरिओम अपने घर आंगन में उछल कूद सकेगा। काजल के पिता हरेराम और अर्शी खातून के पिता मो. तस्लीम भी काफी खुश दिखे। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुफ्त उपचार होने से बच्चों को नई जिंदगी मिल जाएगी। राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (आरबीएसके) के जिला कोर्डिनेटर डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों को बीमारियों से उबाभारने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमें जिलेभर में लगातार प्रयासरत है। आरबीएसके की टीम जिले भर में अभियान चलाकर ऐसे बच्चों को चयनित करती है। इसी के तहत इन बच्चों का इलाज अहमदाबाद में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में दर्जनों बच्चों का योजना के तहत दिल का इलाज करवाकर उसे स्वस्थ जीवन जीने का हक दिया गया। 28 मार्च को पटना में की गई स्क्रीनिंग में इन बच्चों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि आरबीएसके की पूरी टीम लगातार काम कर रही है। 17 ब्लॉक में 22 टीम काम कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा संयुक्तसचिव महोदय को मोतीझील के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य से अवगत कराया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार सह– केंद्रीय नोडल पदाधिकारी , कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता , सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय,भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जल जीवन हरियाली अभियान एवं जल शक्ति अभियान अंतर्गत रोइंग क्लब , मोतिहारी में मोतीझील का जायजा लेने पहुंचे ।मोतीझील में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने एवं वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजन कराने संबंधित विषय पर उन्होंने जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा संयुक्त सचिव महोदय को मोतीझील के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह , अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, डीपीओ मनरेगा , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, आदि उपस्थित थे।



## जिसमें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास का उद्घाटन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष से जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार बिहार द्वारा 414.84 करोड़ की लागत से पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग पिछड़ा वर्ग के कल्याण विभाग की योजनाओं का लोकार्पण एवं पुस्तिका विमोचन का कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास का उद्घाटन किया गया। तथा मुख्यमंत्री उधमी योजना से लोगों को रोजगार देने हेतु चर्चा एवं विभिन्न प्रतियोगीता परीक्षाओं के तैयारी हेतु प्रशिक्षण केंद्रों से छात्रों को लाभांवित करने हेतु बताया गया।पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रगति प्रतिवेदन का पुस्तक विमोचन किया गया।



## बुद्ध सम्यक् स्मृति स्तूप एवं संग्रहालय के कार्य प्रगति के जिलाधिकारी ने ली जानकारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा वैशाली प्रखंड स्थित बुध समय का स्मृति एवं संग्रहालय के निर्माण कार्य प्रगति का अवलोकन किया गया और वहां उपस्थित निर्माण



कार्य मेल लगे एजेंसी के पदाधिका रियों से कार्यों के पूर्ण होने की जानकारी प्राप्त की गई। जिला अधिकारी के द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण के क्रम में बरसात से पूर्व मिटी भराई का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में एजेंसी के पदाधिकारी ने बताया कि मिटटी भराई का 85: कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा कार्य में तेजी लाने संबंधी निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा संचालित अम्रपाली होटल और यूथ हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। यहां पर एंट्री पणजी देखी गई और निर्देश दिया गया कि बिना आईडी प्रूफ के लोगों को नहीं रखें। वहां पर रह रहे लोगों का आधार कार्ड भी देखा गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी अभिषेक पुष्कर्णी सरोवर का भी अवलोकन किए और वहां पर वैशाली ब्रांच केएनआरके प्रेशर पाइप के द्वारा जलापूर्ति के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

## मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु 6 बूथों का निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अधिसूचना द्वारा प्रखंड डुमरा,बथनाहा, बैरगनिया, परसौनी,सुप्पी, बेलसंड, सोनबरसा ,पुपरी एवं रुनीसैदपुर के मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन को लेकर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय द्वारा मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु सोनबरसा प्रखंड परिसर में बने 8 बूथ एवं बथनाहा प्रखंड परिसर में बने 6 बूथों का निरीक्षण किया गया वही बूथ पर उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से उनके कर्तव्य स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही मतदान पूर्ण होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया को लेकर मतगणना केंद्र का भी निरीक्षण किया गया जहां पर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोनबरसा प्रखंड परिसर में पर्यवेक्षक चंद्रदीप कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण शिवहर, वरीय प्रभारी नीरज कुमार सहायक निदेशक उद्यान, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनबरसा ओम प्रकाश कुमार एवं राजबहादुर उपस्थित थे। वही बथनाहा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी बथनाहा अजीत कुमार के साथ पर्यवेक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कांग्रेस प्रत्याशी ने कृषि मंत्री से मुलाकात कर किसानों के लिए रखें प्रश्न

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। अनुपात से कम बारिश होने की वजह से किसानों की हालात बद से बद्तर हो गई है। जिसके कारण किसानों के धान की बीचड़ा सुखने लगा है।किसानों के ऐसे हालात को देखते हुए बगहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने सुखाड़ व डीजल अनुदान को लेकर मंगलवार को केबिनेट मीटिंग में बिहार के कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात किया। उन्होंने कृषि मंत्री को किसानों की समस्या से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि जिले में मानसून के समय भी बारिश नहीं होने तथा भयंकर गर्मी के कारण किसानों को धान का फसल बर्बाद हो रहा है। किसानों ने किसी तरह बारिश नहीं होने पर पंपसेट से अपने खेतों में धान की रोपनी किया। वही अब पानी के अभाव में धरती फट रही है, किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पश्चिमी चंपारण जिला कृषि पदाधिकारी को तलब करने और किसानों को डीजल अनुदान देने की मांग की है, ताकि वे अपनी फसल को उपजा सके। उन्होंने कहा कि किसानों को मौजूदा स्थिति में मानसून के विपरीत सुखाड़ की मार झेलनी पड़ रही है। इस समय कड़ी धूप तथा भीषण गर्मी की चपेट में



जिला में सुखाड़ ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया है। सुखाड़ के कारण धान के फसलों का नुकसान हो रहा है।जहां किसान काफी परेशान है।जिले में कृषि कार्य प्रभावित हो रही है, कम बारिश ने किसानों को मुश्किल बढ़ा दी है। राहत के लिए विभाग को कमर कसनी चाहिए। उन्होंने आगे कृषि मंत्री से कहा है कि अधिकांश किसानों को इस समय धान की फसल लगाने को लेकर पंपसेट के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचा कर धान की उपज करना मजबूरी है इसके लिए गरीब, मझले किसानों को धान का फसल उपजाने को लेकर पंपसेट से पानी पटाना टेढ़ी खीर साबित हो रही है ,इसलिए किसानों को डीजल अनुदान देना अत्यंत जरूरी हो गया है।

## श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0 जिला पदाधिकारी किशनगंज द्वारा टेढ़ागाछ प्रखण्ड में जिला स्तरीय एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ आमजनों की समस्या सुनेंगे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दिनांक– 21.07.2022 को श्री श्रीकांत शास्त्री भा०प्र० से० जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा टेढ़ागाछ प्रखण्ड में जिला स्तरीय एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ आमजनों की समस्या सुनेंगे। इस कार्यक्रम के तहत संभावित बाढ़ 2022 से निपटने एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के साथ–साथ भू संबंधी विवादों व कार्यों जल नल योजना, कटाव ग्रस्त सड़क की मरम्मति, पुल–पुलिया, पहुँच पथ की मरम्मति, बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य संबंधी विषयों समाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे। दिनांक – 21.07.2022 को पूर्वा० 11:00 बजे टेढ़ागाछ अंचल में उक्त कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा आमजनों को अपनी समस्या इस कार्यक्रम के तहत रखने हेतु अपील की गई है ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा सके। इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने किया 20 दिवसीय खेल का आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। भारत का राष्ट्रीय खेल कबड्डी से नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट बगहा 02 ने खेल कला संस्कृति संवर्धन के नाम से कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय बच्चों में खेल कला और संस्कृति का विकास कर समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है ।इसी कड़ी में आज की कबड्डी को दो चरणों में आयोजन किया गया । जिसमें कुल 4 टीम ने हिस्सा लिया। पहले चरण में रामपुर वर्सेज बाँसगाँव के बीच हुआ ।जिसमें रामपुर की टीम जीत हासिल की। दूसरे चरण में मलकौली जूनियर वर्सेज नयागांव जूनियर के बीच खेला गया। जिसमे नयागांव जूनियर्स विजेता रही। वही



फाइनल राउंड में दोनों उपविजेता टीम नयागांव जूनियर्स और रामपुर सीनियर्स के बीच कबड्डी 40 मिनट के लिए शुरू हुआ ।जिसमें निर्धारित समय में ही नयागांव जूनियर्स ने 9 अंको से रामपुर सिनियर्स को हराकर अपना दबदबा कायम किया। कबड्डी के तिकड़म पछाड़ व पकड़ने की कला सैकड़ों दर्शकों को मोहित कर रहा था। लोग कबड्डी के इस अनोखे अजीब तौर तरीके को देखकर प्रफुल्ल हो रहे थे। जानकारी के लिए बता दें कि इनमें कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं। जो राज्य स्तर पर खेल चुके हैं। लेकिन सही गाईड और सहयोग के बिना आज वे हतोत्साहित और ठगे से महसूस कर रहे हैं ।इस बीच नैतिक जागरण मंच का यह कार्यक्रम बच्चों के लिए काफी उत्साहवर्धक सिद्ध हो रहा है। कबड्डी की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री प्रकाश कमांडेंट 21 वीं वाहिनी के उपस्थिति में शुरू हुआ। सबसे पहले सभी ने राष्ट्रगान गाए। उसके बाद नैतिक जागरण मंच के सचिव निप्पू कुमार पाठक, खेल व कला विभाग की महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि पाण्डेय, श्रीमती लक्ष्मी खत्री, टुनटुन प्रसाद, हरिकिशुन ने अंगवस्त्र से कमांडेंट श्री प्रकाश का अभिवादन किए। तत्पश्चात आमंत्रित पत्रकार सच न्यूज के उपसंपादक प्रसून पुष्कर, संवाददाता रवि कुमार गुप्त और प्रभात खबर के जयप्रकाश वर्मा को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।कबड्डी खेल के कोऑर्डिनेटर जनार्दन पटेल के बेहतरीन सहयोग और बेहतरीन कार्य सैली के लिए अंग वस्त्र समर्पित करके सम्मानित किया गया। विजेता और उप विजेता टीम को प्रतिकात्मक ट्रॉफी पुरस्कृत किया गया । खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट छोटू को , बेस्ट रेडर राकेश कुमार तथा बेस्ट डिफेंडर के रूप में अजीत कुमार को चयनित किया गया। जहां रेफरी के रूप में परवेज अख्तर और सोनू कुमार ने काम किए। वहीं कमेंटेटर के रूप में प्रदीप कुमार और स्कोरर के रूप में राजीव कुमार को भी 14 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

## बिहार के दिव्यांगों ने बिहार के सभी सरकारी कार्यकर्ताओं से लगाई गुहार और बिहार के सभी जनप्रतिनिधि से भी लगाई गुहार तब पर भी सुनने को ना है तैयार

(जितेंद्र कुमार राय दैनिक अयोध्या टाइम्स पेपर मुजफ्फरपुर साहेबगंज) । बिहार के सभी जिले के सरकारी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधि गण से अनुरोध है कि दिव्यांगों का हक खाया छोड़ दे, बिहार के सभी जिले के दिव्यांगों ने अपना जीवन गुर्जर बड़ी मुश्किल से काट रही है फिर भी दिव्यांगों की आवाज को भी सरकार सुनने को तैयार नहीं एवं कोई भी प्रखंड के सरकारी कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों भी दिव्यांगों को आवाज सुनने की तैयार नहीं हो रही है दिन प्रतिदिन महंगाई के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों की जीवन बसर करना मुश्किल हो गई है ! बिहार के दिव्यांगों ने एक दूसरे पर आश्रित है फिर भी बिहार सरकार दिव्यांग जनों का दुख–दर्द सुनने को तैयार नहीं है और हिंसा शोषण दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है बिहार के दिव्यांगों का आज तक बिहार के दिव्यांगों का न पेंशन में वृद्धि हो रही है ना कोई लाभ मिल पा रही है बिहार सरकार द्वारा पेपर बाजी किया जा रहा है सिर्फ अभी तक ना राशन कार्ड न ट्राई साइकिल बैटरी वाली गाड़ी नई आईडी कार्ड न दिव्यांग पेंशन में वृद्धि ना प्रधानमंत्री आवास योजना न कोई प्रकार का दिव्यांग जनों के लिए लोन



दिया गया इत्यादि बहुत सारी सुविधाएं अभी तक दिव्यांग भाइयों को नहीं मिल पा रही है बिहार सरकार से हम बिहार के सभी दिव्यांगों का अनुरोध है कि कृपया जल्द से जल्द दिव्यांग को लाभ देने का कृपया किया जाए।

## नाबालिग पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु कानूनी सहायता प्रदान करेगी संस्था : डॉ मिथिलेश कुमार



☒ नाबालिग पीड़िता को न्याय दिलाने,कानूनी सहायता एवं सरकार प्रदत्त पुनर्वास की राशि पीड़िता को यथाशीघ्र प्रदान करे प्रशासन : डॉ मिथिलेश कुमार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) समस्तीपुर। बचपन बचाओ अभियान के मार्गदर्शन में गठित बाल संरक्षण समिति के जिला संयोजक सह चेतना सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार एवं प्रगति आदर्श सेवा केन्द्र के सचिव सह अधिवक्ता संजय कुमार श्बब्लूश के नेतृत्व में एक जांच दल समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया के उक्त नाबालिग पर घटित घटना का अध्ययन करने के क्रम में जानकारी हेतु घटनास्थल, स्थानीय थाना एवं सदर अस्पताल, समस्तीपुर में स्थानीय लोगों, स्थानीय सरपंच,पीड़िता एवं उसके परिवार से जानकारी प्राप्त हुई कि दिनांक– 11/07/2022 को रात्रि– 8:10 में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखण्ड के सिंघिया के बजरंगी वस्त्रालय, से सेल्स – गर्ल का काम कर घर लौट रही श्री चन्द्रशेखर पासवान एवं श्रीमती राधा देवी की बेटी तथा राजू पासवान, राजेश पासवान एवं विक्रान्त पासवान की बहन 10 वीं उत्तीर्ण दलित एवं निर्धन 17 वर्षिय बबिता (काल्पनिक नाम) को रास्ते में शौच से निवृत्त के बाद घर की ओर बढ़ने के दौरान तीन अपराधियों में से एक पिछे से उसका मुंह दबा कर अपने कंधे पर उठा कर गाछी में ले जाकर उसके साथ दो लोगों ने बालात्कार किया और हत्या के नियत से पानी में डूबा कर मारने की कोशिश में किसी तरह अपने आप को पीड़िता छुड़ाने में सफल हुई। तदुपरान्त वो अपने घर लगभग 9:10 से 9:30 बजे पहुंच कर घटना की आप – बिति परिजनों को सुनाई। पिता–श्री चन्द्रशेखर पासवान, माता–श्रीमती राधा देवी एवं बुआ – श्रीमती रेखा देवी के साथ पीड़िता स्थानीय विभूति पुर थाना पहुंच कर थाना प्रभारी से घटित घटना के संबंध में जानकारी दी।जहां से थाना प्रभारी,विभूतिपुर ने पीड़िता को चिकित्सकिय परामर्श हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विभूतिपुर भेजा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विभूतिपुर के डाक्टरों ने उसे बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल,समस्तीपुर भेजा। जहां पीड़िता जीवन – मौत की जंग लड़ रही है। सूचना प्रेषित करने तक मामला गम्भीर बनी हुई है।

जबकि पुलिस द्वारा सभी तीनों अपराधीयो को पकड़ा लिया गया है। जांच दल नाबालिग पीड़िता से मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु सदर अस्पताल के महिला चिकित्सकों से तीन बार मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यथासंभव मदद की है।पीड़िता को न्याय दिलाने,कानूनी सहायता एवं सरकार प्रदत्त पुनर्वास की राशि पीड़िता को प्रदान करवाने हेतु समुचित कार्यवाही करने के लिए संस्था सहमना संगठनों के साथ जन वकालत और जनदबाव बनाने हेतु समुचित पहल करने का निर्णय की है।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अब सीएचओ भी बनेंगे भागीदार

☒ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ टीबी रोगियों की पहचान, जाँच, उपचार, काउंसिलिंग आदि में करेंगे सहयोग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। जिले को टीबी मुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से जुटा है। इसके तहत जिले के आयुष्मान भारत–हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यक्ष्मा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ को टीबी रोगियों की पहचान, जाँच, उपचार, निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी, काउंसिलिंग और सामाजिक सहयोग प्रदान करने का बड़ा जिम्मा सौंपा गया है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जियाउद्दीन जावेद ने बताया कि आयुष्मान भारत–हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ भी टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भागीदार बनेंगे। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग भी करेंगे। अगर किसी मरीज में टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं तो बलगम की जांच के लिए उन्हें अस्पताल रेफर करेंगे। टीबी मरीजों की सूचना को संकलित करेंगे और सैम्पल की रिपोर्ट को अपडेट करेंगे। टीबी की पुष्टि जिन मरीजों में होगी उनको उपचार के लिए सीएचओ प्रेरित करेंगे। इसके लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को प्रशिक्षित किया गया है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टीबी रोगियों की सुविधा के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ–साथ टीबी को लेकर मनोवैज्ञानिक, सामाजिक सपोर्ट भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) पर बड़ी जिम्मेवारी है कि– वह घर के दरवाजे से बाहर आ रहे लोगों को बेहतर



ढंग से टीबी की जांच और इलाज के साथ–साथ इससे बचने के लिए टीबी के लक्षण और सावधानियों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक करें।

डॉ. जियाउद्दीन जावेद ने बताया कि जिला अस्पताल से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। दवा भी मुफ्त दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी रोग की रोकथाम के विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। डॉ. जियाउद्दीन जावेद ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है। इसे जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लडने की जरूरत है। उन्होंने टीबी मरीजों से अपील की कि वह अपना इलाज बीच में ना छोड़ें।

कोई भी हमारे परिवार में या आस–पास में टीबी संभावित व्यक्ति दिखाई देता है या ऐसा लगता है कि उसको टीबी हो सकती है, तो उसकी जांच अपने किसी भी आसपास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर करानी चाहिए।

## जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने किया जिला जनसंपर्क कार्यालय का निरीक्षण,सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार के दिए निर्देश



☒ डीएम ने सूचना भवन कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री के नीलामी प्रक्रिया हेतु डीपीआरओ को दिया निर्देश,कार्यालय संस्कृति से दिखे संतुष्ट'

(रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री,भा.प्र.से. जिलाधिकारी किशनगंज के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिला जनसंपर्क कार्यालय, किशनगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रंजीत कुमार को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार तथा मीडियाकर्मियों के माध्यम से ससमय सूचनाओं के आदान–प्रदान का निदेश दिया। डीएम के द्वारा सर्वप्रथम सूचना भवन के विभिन्न कमरों में संधारित व्यवस्थाओं को देखा गया। भवन निर्माण प्रमंडल से समन्वय कर समय– समय पर मरम्मती और रंग– रोगन कराते रहने,भवन के बाहर भी साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कार्यालय कार्य प्रणाली, विभिन्न पंजी,लिपिको और मीडिया कर्मियों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने आगत– निर्गत पंजी, रोकण बही,रक्षी संचिका,स्टांप पंजी,उपस्थिति पंजी,अवकाश पंजी,आवंटन पंजी,संचिका अनुक्रमणिका आदि का गहन निरीक्षण किया गया। सभी पंजियो के सभी स्तंभ व कंडिका को नियमानुसार अद्यतन रखने का निदेश दिया गया। डीएम के द्वारा प्रत्येक दिन प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों का अनुश्रवण कर प्रेस कतरन उनके समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत करने और आवश्यकता अनुसार निर्देश प्राप्त कर विभागों से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। कार्यालय में टेंडर प्रकाशन,टाइपिंग आदि कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता के दृष्टिकोण से एक कार्यपालक सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) रखने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। उल्लेखानीय है कि जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यकम के तहत लगातार विभिन्न कार्यालय और प्रखंड का भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। डीएम के द्वारा गुरुवार को संभावित बाढ़ तथा राजस्व कार्य, स्वास्थ्य,सामाजिक सुरक्षा व अन्य कार्यों की समीक्षा के निमित टेढ़ागाछ प्रखंड में समीक्षा बैठक निर्धारित है।

ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा बीपार्ड,पटना से प्रशिक्षण अवधि पूर्ण कर जिला में योगदान देने के उपरांत 18 जुलाई के प्रभाव से जिला जनसंपर्क कार्यालय का प्रभार रंजीत कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ रंजीत कुमार,प्रभारी प्रधान लिपिक मनोज कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा समाहरणालय के जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में आये फरियादीयो से मिलकर उनके शिकायतों से संबंधित जानकारी ली गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा समाहरणालय के जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में आये फरियादीयो से मिलकर उनके शिकायतों से संबंधित जानकारी ली गयी ।एवं उनके शिकायत पर ससमय निष्पादन के बारे में फीडबैक लिया गया। साथ ही उन्होंने आए हुए फरियादियों के बैठने हेतु उचित व्यवस्था शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास एवं ओएसडी प्रशांत कुमार उपस्थित थे।



### आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज सीवान। महाराजगंज क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र समुदायिक भवन पोखरा मठिया ,केंद्र संख्या 333, वार्ड नंबर 6 ,पंचायत पोखरा, में अन्नप्राशन मनाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र को रंगोली से सजाया गया था। तथा तरह–तरह के पौष्टिक आहार के रूप में फल, सब्जियां ,अनाज और अण्डा रखा गया था। महिलाओं ने खूब सोहर गीत गाया, जिसमें 6 महीना के शिशु आलेख कुमार भारती को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। सेविका किरण भारती ने बताया कि अन्नप्राशन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हो रहे कुपोषण को मिटाना है ।आंगनबाड़ी केंद्र पर अन्नप्राशन करा कर यह बताया जाता है की 6 माह के बाद बच्चों को खिचड़ी ,दाल का पानी, खीर ,दलिया वगैरह उम्र के हिसाब से उचित मात्रा में खिलाया जाना चाहिए। ताकि किसी भी परिस्थिति में कोई बच्चा कुपोषित ना हो। महिला पर्यवेक्षिका श्रीमती अंशु किरण की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं में फुलझड़ी देवी, रीता देवी ,सरोज भारती ,सरिता गोस्वामी भारती ,सीता भारती ,करिश्मा भारती, कांति देवी,प्रमिला देवी, रेनू देवी ,तेरसी देवी आदि उपस्थित रही।



### भैरोगंज में हलवा खाने से दर्जनों बच्चें बीमार, अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा इलाज

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत भैरोगंज नड्डा स्थित खेखरिया टोला में जहां हलवा खाने से लगभग 14 बच्चे बीमार हो गए। बताया जा रहा है कि मोहल्ले में फेरीवाले हलवा बेच रहा था, जिससे दर्जनों बच्चों ने हलवा खाया था। जो हलवा खाने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई ।जहां फिलहाल बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया है ।घटना को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक मोहल्ले में फेरीवाले हलवा बेच रहा था, जिससे दर्जनों बच्चों ने हलवा खाया था। हलवा खाते ही इन बच्चों के पेट में दर्द शुरू हो गया और इनकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन फानन में बीमार बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इनका इलाज जारी है ।माना जा रहा है कि हलवा खाने से सभी बच्चों को फूड पॉइजनिंग हुई होगी, जिसके इनकी तबीयत खराब हो गई ।हालांकि बीमार बच्चों की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टरों से घर पर नहीं रहते हुए जल्द से जल्द इलाज करने के लिए फोन द्वारा सम्पर्क साधा गया। वही अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि सभी बच्चे खतरे से बाहर है ।जल्द ही ठीक हो जायेंगे ।मौके पर बगहा डीएसपी कैलाश प्रसाद, बिनोद कुशवाहा,धीरज सहनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




### एमएलसी ने मृतक के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना, दिलाया न्याय का भरोसा

(राकेश कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स मधुबन,पूर्वी चंपारण) मधुबन। प्रखण्ड क्षेत्र के कौड़िया ग्राम में एमएलसी फारुख शेख मृतक रंजेश पासवान के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी तथा उच्चाधिकारियों से बात कर मामले में न्याय का भरोसा दिलाया। बता दें कि 10 जुलाई को रंजेश पासवान का गला काट कर संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई थी ।जिस मामले में मृतक के परिजनों ने थाने में आवेदन देकर अपने पड़ोस के ही 3 लोगों को नामजद किया था ।मौके पर जिला पार्षद किरण कुशवाहा,राकेश पासवान,पूर्व मुखिया मुकेश यादव,पूर्व राजद जिलाध्यक्ष बच्चा राय आदि उपस्थित थे।



### मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय का वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्ल ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। मौलाना आजाद नैशनल उर्दू विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा मे 20 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहें। चौथे दिन मौलाना आजाद नैशनल उर्दू विश्वविद्यालय ( दूरस्थ शिक्षा) की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिसमें 20 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहें। पहली पाली में बीए प्रथम वर्ष राजनीतिक शास्त्र बीए तृतीय वर्ष इतिहास और एमए उर्दू, एमए इतिहास तथा एमए अंग्रेजी विषयों की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में स्नातक प्रथम वर्ष बीए की परीक्षाएं आयोजित हुई। दोनों पालियों में कुल 50 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। मानू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर मों सनाउल्लाह ने जानकारी दी कि भीषण गर्मी के कारण परीक्षा केंद्र पर साफ और ठंडे पेयजल का प्रबंध किया गया है। परीक्षा हाल में पंखे का और बिजली कटने पर जनरेटर का व्यवस्था किया गया है। पर्यवेक्षक प्रो जगजीवन प्रसाद ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और परीक्षार्थियों को विशेष रूप से परीक्षा संबंधित निर्देश दिया।



## महिलाओं पुरुषों एवं वृद्ध दिव्यांग जनो को विशेष रूप से वार्डनो द्वारा बाबा के दर्शन कराने में सहयोग किया गया



कानपुर। नागरिक सुरक्षा कोर नवाब गंज प्रखंड कानपुर द्वारा उप नियंत्रक शिवराज सिंह, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक विष्णु कुमार शर्मा चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में एवं डिविजनल वार्डन श्री धनंजय नारायण सिंह स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा के नेतृत्व में सावन के प्रथम सोमवार को बाबा जागेश्वर मंदिर नवाब गंज कानपुर में भक्तों के दर्शन कराने के लिए सभी वार्डनो की ड्यूटी लगाई गई। महिलाओं पुरुषों एवं वृद्ध दिव्यांग जनो को विशेष रूप से वार्डनो द्वारा बाबा के दर्शन कराने में सहयोग किया गया ।

सभी10 पोस्टों से प्रत्येक वार्डन दो 2 घंटे के अंतराल में वार्डनो की ड्यूटी लगाइए। एक महिला अचानक पैर फिसलने के कारण गिर पड़ी जिसको वार्डनो ने ट्रीटमेंट करा कर महिला को घर भेजने में मदद की।

वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक विष्णु कुमार शर्मा स्टाफ अधिकारी ददन मिश्रा घटना नियंत्रण अधिकारी जितेंद्र कुमार, अनूप मेहरोत्रा,जागेश्वर मंदिर के सचिव प्राण श्रीवास्तव, सतीश अरोरा चीफ टू स्टाफ ऑफिसर राजा सिंह चंदेल डिविजनल वार्डन रिजर्व पोस्ट वार्डन विभव सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, राजकुमार अग्रवाल, जयप्रकाश साहू, नंद लाल यादव, राजेंद्र त्रिवेदी, सावन कुमार, मनमीत सिंह, शिव कुमार मौर्य, विशाल कुमार, रत्नेश श्रीवास्तव, श्रीमती सुभाषिनी चतुर्वेदी, दुर्गेश कुमार जितेंद्र सिंह सौरभ श्रीवास्तव मनीष सिंह भदोरिया आदि उपस्थित रहे। सभी पोस्ट के वार्डन फायर दो 2 घंटे के अंतराल में मुस्तैदी से अपनी सेवाएं देते रहे।

## मादक पदार्थ एवं नशीली औषधियों के अधिनियम पर चर्चा कर नशे से दूर रहने का दिया सन्देश

- अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के दिशानिर्देशों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया. प्रयास और एनसीबी का यह एक दिवसीय 129वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम था. कार्यक्रम में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के साथ साथ मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे जबकि प्रयास से जुड़े कर्म चंद ने कार्यक्रम में सहयोग किया. उप निरीक्षक एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा बनाये गए मादक पदार्थ एवं नशीली औषधियों के अधिनियम पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रत्येक गली में नशे के कारण युवा नशे के आदि हो चुके हैं. युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ उनका उपचार कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं दें और इस अभियान में सहयोग करें. इस अवसर पर प्राचार्य गीतिका जसूजा, डॉ. मिनाक्षी शिक्षक और विद्यार्थियों ने नशा न करने कि शपथ ग्रहण की. कार्यक्रम के अंत में प्रयास के नाम दो पौधे रोपित किये गए।

## राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन में नशे के विरुद्ध 63वां कार्यक्रम

- एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से नशा मुक्त हरियाणा अभियान

करनाल। एनसीबी हरियाणा प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के



संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन के प्रांगण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर एक दिवसीय 63वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे. विद्यालय के प्राचार्य सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ. ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी अपने जीवन में नशे से दूर रहकर अपने समय का सदुपयोग करें तो वे निश्चित रूप से अपने विकास के साथ साथ समाज और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं लेकिन यदि नशे में ग्रस्त हो गए तो इसके बहुत ही भयंकर परिणाम न केवल स्वयं को अपितु समाज व् राष्ट्र को भी भुगतने पड़ते हैं. उन्होंने कहा कि युवा और विशेष रूप से विद्यार्थी देश का भविष्य है और ये ही देश की रीढ़ की हड्डी होते हैं जिनके बल पर देश का भविष्य सुरक्षित रहता है. उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति ड्रग्स जिसमे चरस, हेरोइन, चिट्टा, स्मैक, गांजा, चुरा पोस्त, नशे की गोलियां, नशे के टीके आदि का न केवल सेवन कर रहा है अपितु उन्हें अन्य लोगों को भी परोस रहा है. हमे इस बुराई से न केवल स्वयं दूर रहने की आवश्यकता है अपितु ऐसे लोगों की गुप्त सुचना 9050891508 पर देने की नितांत आवश्यकता है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ जीवन में नशा न करने की शपथ ली. विद्यालय के प्राचार्य सुनील गुप्ता ने कहा कि यह एक अत्यंत ज्वलंत विषय है जिस पर समय समय पर चाचा होनी चाहिए ताकि विशेष रूप से विद्यार्थियों को सतर्क किया जा सके।

## कार्यकर्ता निर्माण के साथ आमजन की सेवा करना हम सबका कर्तव्य है-अरूण कुमार सिंह

- यमुनापार किसान मोर्चा ने बैठक कर आगामी कार्यक्रमो की जिम्मेदारी सौपीं
- शोशल मीडिया सह–प्रभारी की जिम्मेदारी नीरज द्विवेदी को सौपीं

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा यमुनापार के कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह अध्यक्षता मे आयोजित की गई।जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर बिंदुवार चर्चा कर आगामी कार्यक्रमो के संयोजक बनाकर जिम्मेदारी सौपतें हुए कहा कार्यकर्ता के निर्माण एवं विकास के अलावा आमजन की सेवा करना भी हम सब कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी है। जिले एवं मंडल के कार्यकर्ताओ को नियमित रूप से अपने–अपने क्षेत्रो के लोगों से मिलते रहना चाहिए। किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गिरीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाध्यक्ष अरूण सिह ने सोशल मीडिया सह–प्रभारी के दायित्व की जिम्मेदारी नीरज द्विवेदी को सौपतें हुए शुभकामनाएं दी ।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री द्वय आदेश कुमार सिंह व तारा शंकर पांडेय ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सेवालाल पटेल, हृदेश मिश्रा, सुभाष पयासी, वीरेंद्र सिंह पटेल, मुकेश पाण्डेय,



दिनेश मौर्य,गिरीश कुमार चतुर्वेदी,राजकमल तिवारी, चंद्र भूषण सिंह, लक्ष्मी भूषण मिश्रा, नितेश सिंह, भोला नाथ शुक्ला, विजय श्याम तिवारी एवं प्रमोद दुबे आदि के साथ भारी संख्या में जिला एवं मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्तार बाबा की मुश्किलें और बढ़ीं, 16 दुकानों पर कब्जा करने के मामले में भी केस दर्ज



कानपुर। कानपुर में हुए बवाल के आरोपी बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा और उसके गुर्गों पर लगे आरोपों की पुष्टि हुई है. 16 दुकानों पर कब्जा करने और धमकी देने के मामले में एसीपी ने जिलाधिकारी जांच रिपोर्ट भेजी थी जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है. स्वरूप नगर निवासी रानी उर्फ जीनत आजमी ने मुख्तार बाबा पर उनकी दुकानें कब्जाने का आरोप लगाया था।

जीनत आजमी ने मुख्तार बाबा पर आरोप लगाते हुए बताया कि साल 2002 में मुख्तार बाबा ने भाई मुश्ताक के लिए उनसे दो दुकानें 11 महीनों के लिए किराये पर ली थीं. बाद में मुख्तार बाबा और उसके भाई ने अपने गुर्गों के जरिए उन्हें जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं और 13 हजार रुपये के किराये में पूरी संपत्ति पर कब्जा कर लिया. पुलिस थाने में कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई. लेकिन अब जब मुख्तार बाबा पर कार्रवाई शुरू हुई तो उनकी भी न्याय की आस जागी और उन्होंने उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की. जिसके बाद जिलाधिकारी ने एसीपी स्वरूप नगर बृजनारायण सिंह और एसीएम छह वान्या सिंह की संयुक्त टीम बनाकर जांच सौंपी थी।

एसीपी की जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि मुख्तार बाबा ने आठ दुकानों पर कब्जा किया था. जिसे तोड़कर उसने तीन दुकानों में बदल दिया. अन्य पांच दुकानदारों के पुलिस ने बयान दर्ज किए तो यह भी साफ हो गया कि दुकानें जीनत आजमी की ही हैं और वो लोग किरायेदार हैं. इस मामले में मुश्ताक को कई बार नोटिस देकर बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आया. जिसके बाद जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी।

एसीपी स्वरूप नगर बृजनारायण सिंह ने बताया जीनत की तहरीर पर मुख्तार बाबा के भाई मुश्ताक, इरफान, सलमान, सुभाष, धनराज, शोएब खान के विरुद्ध आईपीसी की 419 (प्रतिरूपण द्वारा छल करना), 420 (बेईमानी से किसी दूसरे व्यक्ति की बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति में परिवर्तन करना या नष्ट करना), 467 (फर्जी दस्तावेज बनाना), 468 (धोखाधड़ी के प्रयोजन से फर्जी दस्तावेज बनाना) 471 (फर्जी दस्तावेजों को असली के रूप में उपयोग करना) 506 (धमकाने) की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## ओजस मागधी मंच के तत्वावधान में आयोजित सम्पूर्ण श्रीरामचरितमानस पाठ सम्पन्न

आध्यात्मिक, साहित्यिक,सांगीतिक एवं सांस्कृतिक विकास हेतु निरंतर संलग्न संस्था ओजस मागधी मंच के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन सैंतीस दिवसीय सम्पूर्ण श्रीरामचरितमानस पाठ सम्पन्न हुआ।विदित हो कि 10 जून 2022 को इस दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया था जिसमें भारतवर्ष के कई राज्यों से प्रतिभागी जुड़कर श्रीरामचरितमानस के निर्धारित अंश का पाठ,उनपर प्रवचन,गीत एवं मनमोहक काव्य पाठ प्रस्तुत किये।सबकी प्रस्तुति सराहनीय रही।

मंच के सचिव उदय भास्कर के अनुसार प्रतिदिन सन्ध्या सात बजे से श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाता था।इस आनुष्ठानिक कार्यक्रम से प्रतिदिन लगभग दस हजार से अधिक श्रोता व दर्शक जुड़कर श्रीराम कथा से लाभान्वित हुए।

मुख्य संरक्षक डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि ओजस मागधी मंच का यह कार्यक्रम जन जन के लिए लाभकारी व आह्लादकारी रहा है।मंच के द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय और लोकोपयोगी है।

कथावाचन हेतु व्यासपीठ पर आसीन बिहार के जहानाबाद से गणपति मिश्र, औरंगाबाद से आशुतोष पाण्डेय, रितेश मिश्र, अजय कुमार पाठक,अनिल मिश्र अनल,डॉ मनोज कुमार मिश्र, संजीव कुमार पाण्डेय, चंदन कुमार पाठक, कुमारी समीक्षा, मुजफ्फरपुर से ज्योति सिन्हा,पटना से मनोरंजन मिश्र, अनिल मिश्र प्रहरी,श्रेया मिश्रा, आरा से राजीव नंदन मिश्र, अरवल से शक्तिनाथ मिश्र,गया से कुंदन मिश्र, आशुतोष कुमार मिश्र, गणेशदत्त मिश्र, मनोज मिश्र पद्मनाभ,छत्तीसगढ़ से लता मिश्रा, राजेश मिश्र, प्रमोद कुमार मिश्र, भोलानाथ पाण्डेय, उमा तिवारी, झारखंड से अनुज्ञा शर्मा, धीरेंद्र शर्मा,राकेश कुमार,रामप्रवेश पंडित, विमलेशदत्त मिश्र,महाराष्ट्र से डॉ मधुकर राव लारोकर, रंजना श्रीवास्तव,मध्यप्रदेश से रश्मि



पाण्डेय, अरविंद कुमार पाठक निष्काम,दिल्ली से कौशल पाण्डेय, अशोकभाई मिश्र सोहैपुरी, हरियाणा से गौड़ प्रेमपाल मुरलीधर शर्मा एवं उत्तरप्रदेश के अयोध्या से डॉ आर के तिवारी मतङ्ग ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन अनुरंजित करते हुए आध्यात्मिक विकास का आह्वान किया है।

कार्यक्रम की सफलता में अतिथि साहित्यकार सुधीर श्रीवास्तव के अतिरिक्त श्यामसुंदर मिश्र, कौशल मिश्र, सोमप्रकाश मिश्र, डॉ सुदामा मिश्र,सुशील मिश्र,प्रभा मिश्रा,मनीष पाण्डेय, रमेश झा,अंजू सिन्हा,डॉ रविरंजन पाठक, डॉ दीपक पाठक,हंसराज सिंह हंस,हरिनन्दन मिश्र, दिलीप मिश्र आदि कई लोगों की सराहनीय भूमिका रही है। समापन समारोह के अवसर पर अध्यक्ष डॉ हेरम्ब कुमार मिश्र ने श्रीरामचरितमानस की फलश्रुति पर विशद वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों, प्रतिभागियों, दर्शकों व श्रोताओं तथा श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।साथ ही,प्रशस्ति पत्र देकर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## समाजहित एवं भारतहित में कार्यो के लिए संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू को सेल्फ रिलायंस इनिशिएटिव संस्था के द्वारा एसडीएम मनीष कुमार ने सम्मान पत्र देकर हल्द्वानी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सम्मानित किया

हल्द्वानी। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से किए जा रहें समाजहित एवं भारतहित में कार्यों के लिए संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू को सेल्फ रिलायंस इनिशिएटिव संस्था के द्वारा एसडीएम मनीष कुमार ने सम्मान पत्र देकर हल्द्वानी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सम्मानित किया।

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने इस सम्मान स्नेह के लिए सेल्फ रिलायंस इनिशिएटिव संस्था की अध्यक्ष तनुजा जोशी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा की संस्था की जिस दिन से स्थापना हुई है उसी दिन से संस्था लगातार समाजहित एवं भारतहित में कार्य कर रही है क्योंकि सुख समृद्धि एवं शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सच्चरित्र तथा सदाचारी होना ही पहली शर्त है जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं है और हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिए लोकमंगल की कामना ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए क्योंकि केवल अपने सुख की चाह हमें मानव होने के अर्थ से पृथक करती है इसलिए मानव होने के नाते जब तक हम दूसरे के दुरूख दर्द में साथ नहीं निभाएंगे तब तक इस जीवन की सार्थकता सिद्ध नहीं होगी वैसे तो हमारा परिवार भी समाज की ही एक इकाई है परन्तु इतने तक ही सीमित रहने से सामाजिकता का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो सकता हमारे जीवन का अर्थ तभी पूरा हो सकेगा जब हम समाज को ही अपना परिवार माने तभी मानवता में सज्जानता निहित है जो सदाचार का पहला लक्षण है और मनुष्य की यही एक शाश्वत पूंजी है जिससे हमारे भारत देश की अटूट स्वतंत्रता को बनाऐं रखने में हम सभी



भारतवासियों के साथ भारत देश को भी और मजबूती मिलेगी इसलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था हमेशा समाजहित एवं भारतहित में कार्य करती है और आगे कई हजार गुना तेजी से कार्य करेगी जिससे हमारा भारत देश जल्द से जल्द विश्व गुरु बन सके

इस दौरान संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार तनुजा जोशी एकता कुमारी धर्मा बिष्ट पंकज उप्रेती सुरेश पाण्डेय मदन सिंह बिष्ट हर्ष रावत शैलेंद्र नेगी गोपाल सिंह कार्की ईश्वर चंद प्रीति पंत विनय कुमार जोशी उषा मुकेश कौशलेंद्र भट्ट मंजू पाठक मुकेश कोहली आनंद अधिकारी तनुजा जोशी राहुल सोनकर रितिक साहू सूरज मिस्त्री संदीप यादव भावना रावत गोविन्द मिस्त्री अमन कुमार मुकेश कुमार अशोक कुमार वाल्मीकि विनोद जयसवाल सुशील राय रोहित भंडारी राहुल देव दीपक प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसान आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित ने आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के निगमीकरण का मुद्दा उठाते हुए निगमीकरण वापस लेने की प्रधानमंत्री से करी मांग

कानपुर। किसान आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली एवं बुलंदशहर की स्याना सीट से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुकी पूर्व नेशनल शूटर पूनम पंडित ने आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई के आग्रह पर फेसबुक के माध्यम से देश की 41 आर्डिनेंस फैक्ट्रियों का मुद्दा उठाया। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से निगमीकरण को केंद्र सरकार का गलत कदम बताया। पूनम पण्डित ने सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के इतिहास और देश की सीमाओं की सुरक्षा में अहम योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि आर्डिनेंस फैक्ट्रियां 220 वर्ष पुरानी हैं। आजादी के पहले देश में 18 आर्डिनेंस फैक्ट्रियां थीं। आर्डिनेंस फैक्ट्रियों ने 1962 के भारत चीन युद्ध, 1965,1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध से लेकर कारगिल युद्ध में भी अहम भूमिका निभाई थीं। यहां तक कोविड 19 महामारी में भी कोरोना योद्धाओं के लिए मास्क, सेनेटाइजर, मेडिकल टेंट से लेकर पीपीई किट बनाने का काम किया था। इतने पुराने और महत्वपूर्ण संघठन को सिर्फ अपने पूंजीपति मित्रों को बेचने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने इनका निगमीकरण किया है। जो कि भविष्य में देश की सीमाओं के लिए बहुत ही घातक कदम सिद्ध होगा। कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित ने कहा कि आर्डिनेंस फैक्ट्रियों की स्थापना पंडित जवाहर नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर राहुल गांधी जी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर नो लॉस नो प्रॉफिट की नीति पर करवाई थीं। यहां तक कि केंद्र की भाजपा सरकार में रक्षा मंत्री रहे स्व. मनोहर पारीकर, स्व. जार्ज फर्नांडीज से लेकर सभी पूर्व रक्षा मंत्रियों स्व. प्रणव मुखर्जी, मुलायम सिंह यादव, ए. के एंटोनी तक ने आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के निगमीकरण को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से घातक कदम बताते हुए निगमीकरण को अपने कार्यकाल में खारिज कर दिया था। इसलिए कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित ने प्रधानमंत्री से मांग करी कि अपने फैसले पर पुनः



विचार करें और आर्डिनेंस फैक्ट्रियो का निगमीकरण अविलंब वापस लें।

# दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण दो मेगा कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित करेगा

—अनिल बेदाग—

मुंबई । दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी, पश्चिमी भारत में गुजरात राज्य के कच्छ जिले में स्थित, भारत में प्रथम श्रेणी का प्रमुख बंदरगाह, देश में कार्गो हैंडलिंग पोर्ट के रूप में अपने प्रथम स्थान को सुदृढ़ करने के लिए, रु. ५,६६३ करोड़ की अनुमानित लागत पर पीपीपी मोड के तहत बीओटी आधार पर दो मेगा कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित करने के लिए तैयार है। दूरदराज के इलाकों की भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने और गुजरात और संबद्ध राज्यों के आसपास के डाउनस्ट्रीम उद्योगों को और लाभान्वित करने के लिए, प्राधिकरण ने कच्छ जिले के टूना–टेकरा में एक कंटेनर टर्मिनल और एक बहुउद्देशीय कार्गो बर्थ विकसित करने का निर्णय लिया है।




एक बार चालू होने के बाद, टर्मिनल बेहतर बुनियादी ढांचे और एक अत्याधुनिक विश्व स्तरीय कंटेनर सुविधा के साथ क्षेत्र में कंटेनर बाजार के विकास में शामिल होने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित होगा। प्रस्तावित सुविधा का उपयोग बहुउद्देशीय कार्गो, जैसे खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, अयस्क और खनिज, स्टील कार्गो आदि को संभालने के लिए किया जाएगा। बंदरगाह पूरी तरह से चालू हो जाने पर, मौजूदा हैंडलिंग को कांडला से टूना टेकरा स्थानांतरित करने और बहुउद्देशीय कार्गो (कंटेनरध्तरल के अलावा) यातायात में भविष्य के विकास को पूरा करने की परिकल्पना की गई है।दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी इन परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर ३० साल की रियायत अवधि के साथ विकसित करेगी और इसे अगले २० वर्षों के लिए नवीनीकृत/विस्तारित किया जाएगा। परियोजनाएं अनुमानित क्षमता से अधिक निर्माण, संचालन और दायरे में बदलाव के प्रावधान के लिए लचीलापन प्रदान करती हैं। रियायतग्राही बाजार की स्थितियों के आधार पर टैरिफ तय कर सकता है। लाइसेंस शुल्क एक रुपये होगा जो रियायत प्रदान करने की तिथि से देय होगा। श्री एस के मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष, दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "दीनदयाल पोर्ट पर, हम छह प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनमें कार्गो और उत्पादकता में सुधार शामिल हैय जमींदार बंदरगाह विकासय बंदरगाह आधारित औद्योगीकरणय तटीय नौवहन और रो–रोय रो–पैक्स विस्तारय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और कॉस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्रीन, सस्टेनेबल और सेफ पोर्ट डेवलपमेंट में सुधार। हैंडलिंग क्षमता में और सहायता के लिए, ये दो मेगा कार्गो हैंडलिंग परियोजनाएं बंदरगाह में भीड़ कम करेंगी और कंटेनरों और कार्गो को संभालने के लिए प्रतीक्षा समय को कम करेंगी। विकास के लिए उपलब्ध अपार अवसरों को ध्यान में रखते हुए, मैं यहां व्यापर बिरादरी और इच्छुक उद्यमियों को, जो मेरीटाइम क्षेत्र में उत्सुकता से शामिल हैं, दो मेगा परियोजनाओं के लिए निविदा में भाग लेने और व्यापार तथा राष्ट्र के बड़े पैमाने पर समग्र लाभ के लिए डीपीए के साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# संक्षिप्त समाचार

## इंटरनेशनल अवर्ड सेरेमनी, आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास लक्ष्य, UNO के सूत्रधारः डा विजय कुमार सालवीय !

सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स, यू एन ओ, के 17 लक्ष्य की प्राप्ति और आत्मनिर्भर भारत के लिए कार्य करने हेतु इंदौर में ऑनलाइन इंटरनेशनल अवॉर्ड सेरेमनी,ग्लोबल समिट कॉन्फ्रेंस 16, 17 जुलाई 2022 को हुई। आजादी के अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि भारत सरकार द्वारा सम्मानित पद्मश्री रामकृष्ण वी हाऊसर, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, पद्मश्री हिम्मतराम भांबू शामिल हुए ।कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सालवीयजी ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एसडीजी क्लब इंडिया इंटरनेशनल की शुरुआत हो चुकी है। रिसर्च इनोवेशन स्टार्टअप यूनिवर्सिटी, इंटरनेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्रिएटिविटी ऑर्गेनाइजेशन यूएसए, इंडिया और हैप्पीनेस क्लब इंदौर इंटरनेशनल तथा ट्रिनिटी कॉन्शस ट्रेनिंग सॉल्यूशन, वसुंधरा ऑर्गनाइजेशन इनफिनिटी सोसाइटी आदि अन्य संस्थाओं द्वारा इस अवॉर्ड सेरेमनी और ग्लोबल समिट को सहयोग प्रदान किया गया। सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल,संयुक्त राष्ट्र संघ के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर डॉ विजय कुमार सालवीय के नेतृत्व में देश एवं विदेश के ख्याति प्राप्त पद्मश्री अतिथियों का आगमन हुआ । सुश्री साधना मिश्र द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।तीसरा लक्ष्य ष्हैप्पी लाइफ और वेल बीइंगष के लिए सहयोगी संस्थाएं, इंडस्ट्री के प्रतिनिधि शामिल हुए ।सभी ने खुश रहने के तरीके, विधियां, चुनौती, समाधान आदि एवं रोजगार ,स्वरोजगार ,स्टार्टअप इनोवेशन, रिसर्च , स्किल डेवलपमेंट और वैचारिक विकास , मनोवैज्ञानिक और सामाजिक विकास के लिए अपने अपने शोध पत्र और अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। पद्मश्री रामकृष्ण वी हाऊसर , साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने लोगों को आगे बढ़ाने के लिए अपने कार्यों के बारे में बताया एवं किस तरह से नई पीढ़ी उनके साथ जुड़कर आगे कार्य कर सकती है । उनके द्वारा काफी लोगो के लिए अवसर प्रदान किए। पद्मश्री गुलाबो सपेरा जिन्होंने कला और कालबेलिया नृत्य के




क्षेत्र में योगदान दिया है उन्होंने भी संसार में आगे बढ़ने के लिए एसडीजी क्लब की सराहना की। पद्मश्री हिम्मतराम भांबू जी ने वृक्षारोपण के लिए तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे मे टिप्स दिए ।डा विजय कुमार सालवीयजी द्वारा पिछले 25 वर्षों में 25 लाख से भी ज्यादा लोगों के सामाजिक स्तर को सुधारने हेतु कार्यों का उल्लेख किया गया। आर्थिक विकास एवं मानसिक तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र,रोजगार स्वरोजगार, स्किल डेवलपमेंट, इनोवेशन स्टार्टअप के लिए काम किया गया है। सभी पदमश्री द्वारा डॉ विजय कुमार सालवी जी के एस डी जी गोल्स, यू एन ओ कार्यों के लिए बेस्ट मेंटर अवार्ड एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। डॉक्टर माधवी बोरसे को बेस्ट मेंटर अवार्ड इंटरनेशनल स्पीकर के लिए और डॉक्टर शैली बिष्ट को बेस्ट मेंटर अवार्ड एजुकेशन के लिए दिया गया। डा माधवी बोरसे द्वारा कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया ।कार्यक्रम में डॉक्टर विजय सालवीय द्वारा बेस्ट मेंटर अवार्ड, बेस्ट लीडर अवार्ड ,बेस्ट सुपर स्पीकर अवार्ड , बेस्ट टैलेंट अवार्ड की घोषणा की गई। सभी पद्मश्री को एसडीजी क्लब द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया और भारत माता अभिनंदन सम्मान से सम्मानित किया गया । बेस्ट मेंटर अवार्ड विदेश के लिए यूके से डॉ परीन सोमानी एजुकेशन, डा रेगुनाथ परक्कल ट्रेनिंग एंड काउंसलिंग, डा वी जे कैरोलाइन एजुकेशन एंड काउंसलिंग, डा श्रीकांत कल्लूरकर स्टार्ट अप एंड टेक्निकल एंटरप्रेन्योर , देवांश धनगर एजुकेशन एंड कोडिंग, डा आरती माहेश्वरी थिएटर, डा अशोक बी गुप्ता एजुकेशन एंड एनवायरनमेंट, डा लीना पटेल एजुकेशन, प्रज्ञा अंबरेकर एजुकेशन को सम्मानित किया गया। आत्मनिर्भर भारत हेतु सभी के सहयोग को स्वीकार किया।डॉ ललित कुमार डीन इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, गुड़गांव द्वारा शिक्षा , स्किल डेवलपमेंट और प्रबंधकीय क्षमता की बात कही गई । मेसिडोनिया से डॉक्टर ड्रैगन द्वारा सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए गए प्रयासों की बात कही । यू ए इ से डा श्रीविद्या सुकुमार ने सतत विकास लक्ष्य के लिए सभी से सहयोग की अपील की। डॉक्टर हेमलता रानी बेस्ट टैलेंट अवार्ड एजुकेशन संस्कृत साहित्य ने संस्कृत के क्षेत्र में तकनीकी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए नई नई योजनाएं पेश की। पद्मश्री सुश्री उषा चौमर सुलभ इंटरनेशनल की शुभकामनाए प्राप्त हुई।

बेस्ट टैलेंट अवार्ड श्री रविशंकर रॉकेट टेक्नोलॉजी और डेनियल असमी सैटेलाइट टेक्नोलॉजी आई डि वाय एम द्वारा आईटी, कंप्यूटर साइंस टेक्नोलॉजी द्वारा रोजगार के अवसर देने हेतु तथा संचार माध्यम से विकास हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए ।एसडीजी क्लब की निदेशक प्रीति महूरकर बेस्ट मेंटर अवार्ड लाइफ स्किल और एस डी जी ने बताया एसडीजी क्लब संसार के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहा है और अगले 4 महीने में 200 से ज्यादा विशेषज्ञ सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से संबंधित अवसर एवं कार्यों के बारे में बताएंगे ।इस संसार में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान से भारत की कई समस्याओं का समाधान होगा ।वर्ल्ड की पहली संस्था रिसर्च इनोवेशन स्टार्टअप यूनिवर्सिटी जो सिर्फ रोजगार और स्वरोजगार के लिए काम कर रही है, उद्योगों शिक्षा तकनीकी शिक्षा और नई नई तकनीक के द्वारा बहुत अच्छा कार्य कर रही है। देश विदेश से देश विदेश के बड़े–बड़े संस्थान इस यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए हैं ।1000 से ज्यादा रिसर्च जनरल, 10,000 से ज्यादा विशेषज्ञ और 20,000 से ज्यादा औद्योगिक संगठनों आदि का जोड़ यूनिवर्सिटी से है। सभी खुश रहें प्रसन्न रहें और सुचारू रूप से कार्य करते रहे सतत विकास लक्ष्य की स्थापना हो , यही एस डी जी क्लब इंडिया इंटरनेशनल की मूल भावना है ।राइट डायरेक्शन और राइट मेंटरिंग द्वारा सतत विकास लक्ष्य को हासिल किया जाए यही एसडीजी क्लब की टीम भावना है। हर शनिवार को ऑनलाइन प्रोग्राम किया जा रहा है इसमें देश–विदेश के विशेषज्ञ एवं नई नई योजनाएं ,नए विचार , नई रचनाएं , नई रिसर्च,अपनी केस स्टडी ,प्रोजेक्ट आदि प्रस्तुत कर रहे है। कई संस्थाओं को नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध हो रहे है और अवसर प्रस्तुत किए जा रहे है।

बेस्ट टैलेंट अवार्ड मै पूनम गोठी, जेनेट क्रिस्टन, देवांश धनगर, ने बताया कि सभी स्कूल ,कॉलेज ,यूनिवर्सिटी स्टूडेंट और जो भी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है या किसी की कोई योजना हो और उसे कोई बढ़िया प्लेटफार्म की आवश्यकता हो ,किसी का कोई आईडिया हो किसी का कोई बिजनेस हो, किसी का कोई विचार हो, कोई रिसर्च हो या कोई और योग्यता हो,संगठन या कोई भी संस्था अपनी योजनाएं रखना चाहती हो तो एसडीसी क्लब में सभी प्रतिभाओं का स्वागत है । एस डी जी क्लब के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सालवीय पिछले 25 वर्षों से संसार में हैप्पीनेस ,लीडरशिप इन लिविंग, टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट, स्वच्छता और समाज के विभिन्न आयामों के लिए कार्य कर रहे हैं ।सरकार एवं सामाजिक संगठन उद्योग आदि को साथ में चलकर एसीजी क्लब नए–नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

बेस्ट मेंटर अवार्ड मीडिया जगत से टाइम्स इंडिया के डा राजाराव, बेस्ट टैलेंट अवार्ड आई डि वाय एम के श्री रवि शंकर, बेस्ट मेंटर अवार्ड घमासान डाट कॉम के नीरज राठौर, बेस्ट मेंटर अवार्ड बिजनेस टाइम्स के हेमंत जैन, बेस्ट मेंटर अवार्ड सत्ता सरकार के संजय ताम्रकार, मीडिया जगत विशेष रूप से उपस्थित थे। भारत माता अभिनंदन संगठन के बेस्ट मेंटर अवार्ड पुरुषोत्तम दास मित्तल सामाजिक एवं देश भक्ति सेवा और बेस्ट मेंटर अवार्ड रितु गर्ग साहित्य ने सभी कार्यों की सराहना की। उन्होंने डा विजय कुमार सालवीयजी के अंतराष्ट्रीय स्तर के कार्यों को दूसरे के लिए प्रेरणा बताया।

बेस्ट मेंटर अवार्ड श्री अन्नुचंद्र बिजनेस सॉल्यूशन ने बिजनेस इनोवेशन की राह बताई ।यू एस ए से हरदियाना जी ने विचार व्यक्त किए ।डा राज, सुतापा नंदी ने 16 जुलाई को सुंदर तरीके से संचालन किया। स्वेता रस्तोगी और अनिरुद्ध गुप्ता ने हैप्पी लाइफ स्टाइल पर विचार व्यक्त किए।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## पीलीभीत भारतीय स्टे बैंक नें आयोजित की खाद्य प्रशंस्करण उद्योगों की विशेष बैंठक

पीलीभीत। पूरनपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन पूरनपुर के शीर्ष पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ भारतीय स्टेट बैंक की विशेषिकृत



शाखा एस0एम0ई0 पूरनपुर ने असाम रोड स्थित राम होटल पर एक बैठक आयोजित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक राजीव कुमार पचौरी ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार का विशेष ध्यान एम0एस0एम0ई0 के विकास पर है। इसी क्रम में भरतीय स्टेट बैंक फूड इण्डस्ट्री, राइस मिल, शीड प्रोसेसिंग प्लान्ट तथा शीत ग्रह जैसे उद्योगों को विशेष दरों पर लोन उपलब्ध करा रहा है।

उन्होने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ओ0डी0ओ0पी0 स्कीम के अंतर्गत लगने बाले उद्योगों को पूंजी तथा ब्याज दोनों पर सब्सीडी दे रही है। साथ ही उन्होंने स्टेट बैंक के डिजिटल माध्यमों से दी जा रही सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर राइस मिल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, महामंत्री ब्रजेश ग्रप्ता एवं संरक्षक अशोक खण्डेलबाल मौजूद रहे और उन्होनें स्टेट बैंक द्वारा आयोजित इस आयोजन का और इस आयोजन से मिली जानकारियों की सराहना की एवं भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करते रहनें का आग्रह किया। इस बैठक में स्टेट बैंक मुख्य शाखा पूरनपुर के मुख्य प्रबंधक बी0पी0 सिंह एवं प्रबंधक राजेन्द्र कुमार अंत में स्टेट बैंक एस0 एम0 ई0 शाखा के मुख्य प्रबंधक राहुल भारती नें यह विश्वास दिलाया कि ग्राहकों को समय पर ऋण एवं उत्कृष्ण ग्राहक सेवा देना ही हमारी प्राथमिकता है।

## गांव गांव पहुंच रही निशुल्क सेवा मेडिकल एंबुलेंस जनता को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं

पीलीभीत पूरनपुर।

राष्ट्रीय सचिव स्वास्थ्य इकाई सेवा के अंतर्गत भारत सरकार और प्रदेश सरकार के संयुक्त मेडिकल एंबुलेंस निशुल्क सेवाएं जनता को गांव–गांव घूमकर प्रदान कर रही हैं तो वही दूरदराज के ग्रामीण बीमारियों के चलते स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। एक वर्ष पूर्व शुरू की गई गांव–गांव निशुल्क मेडिकल सेवा और सीएमओ के निर्देशन से गांव की गरीब जनता जोकि सर्दी जुखाम बुखार खांसी तथा दर्द निवारक परेशानियों से परेशान होकर गांव के झोलाछाप डॉक्टरों से निजात मिल रही है तो वही सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क मेडिकल सेवा से गांव में सुविधाएं मिलने से जनता खुश नजर आ रही है जिसके चलते



क्षेत्र में घूम रहे मेडिकल सेवा से जनता को अपार लाभ मिल रहा है। भारत नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के गांव बंदरबोझ, कुत्तिया कवर , नकटा नौजल्हा,बूंदीभूड़, महाराजपुर नगरिया खुर्द कला रामनगर धुरिया पलिया समेत दर्जनभर गांवों में मेडिकल सेवा एंबुलेंस गांव–गांव घूमकर तथा मेडिकल सेवा में तैनात डॉक्टर टीम में डॉ प्रभात मिश्रा अमित कुशवाहा फार्मासिस्ट राहुल सक्सेना स्टाफ नर्स उमाशंकर कुशवाहा पायलट द्वारा जनता को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किए जा रहे हैं।

## खाद कंपनी में एजेंट बनवाने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी कर पिता पुत्र ने हजारों रुपए ठगे

पूरनपुर।खाद कंपनी में एजेंट बनवाने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी कर पिता पुत्र ने हजारों रुपए ठग लिए। रुपए वापस मांगने पर मारपीट कर घर से भगा दिया। पुलिस ने पिता पुत्र सहित दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर भायपुर निवासी बबलू ने बताया कि उसकी प्रसाद टॉकीज के पास खाद की दुकान है।उसकी प्रसाद टॉकीज के पास रहने वाले मनोज कुमार व उसके पिता से जान पहचान है।आरोप है कि मनोज ने एक साल पहले श्रीराम खाद कंपनी में एजेंट बनवाने के लिए कहा।जिस पर पचास हजार रूपये देना तय हुआ।इस पर बबलू उसके झांसे में आ गया।चेक के माध्यम से वर्ष 2021 को पचास हजार रुपये दिए।जिसका भुगतान भी कर दिया गया।इसके बाद मनोज व उसके पिता ने उसके सारे कागजात और सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए।कई महीने बीत जाने के बाद भी उसको एजेंट नहीं बनाया गया।इस पर पीडित ने फोन पर मनोज से इसके बारे में जानकारी जुटाई तो वह टालमटोल करने लगा।10 जुलाई 2022 को जब पीड़ित मनोज के घर अपने रुपए व कागजात लेने गया।आरोप है कि मनोज ने अपने साथियों की मदद से उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर घर में ही उसको मारा–पीटा।रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया।रुपए भी चले गए और एजेंट भी नहीं बना।इस पर उसने अपने आप को ठगा महसूस समझा।उसने बताया कि उसके साथ धोखाधड़ी करके हजारों रुपए ठग लिए।मामले की सूचना उसने कोतवाली पुलिस को दी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।उसके बाद पीड़ित ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नगर के प्रसाद टाकीज मोहल्ले के रहने वाले मनोज कुमार,रामपाल,व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## बिजली समस्या का समाधान न होने पर किसानों का कुरेया बिजली उपकेंद्र पर दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

पूरनपुर। बिजली समस्या का समाधान न होने पर किसानों का कुरैया बिजली उपकेंद्र पर दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा।विभागीय अधिकारियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना देने की चेतावनी किसानों द्वारा दी गई है।

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बिजली व्यवस्था बदल पड़ी हुई है।बिजली न मिलने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।भीषण गर्मी और बरसात ना होने से किसान लगातार समस्याओं से घिरते जा रहे हैं।गांव अंडबोझी व निरंजनपुर में बिजली व्यवस्था बदहाल पड़ी हुई है।बिजली न मिलने से किसानों के खेतों में लगी बिजली मोटर न चलने से फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है।बिजली समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।बिजली समस्या को लेकर सोमवार को किसानों ने कुरैया उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया था।उसके बावजूद बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।किसानों का मंगलवार को भी दूसरे दिन बिजली समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसानों ने बताया कि जब तक समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा।तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।दूसरे दिन धरना प्रदर्शन में मनप्रीत सिंह,लक्खा सिंह,बलकार सिंह,गुरमुख सिंह,हरदीप सिंह,मोहन सिंह,लखबीर सिंह,ऋषि पाल सिंह,गुरप्रीत सिंह,बलजीत सिंह,अमरजीत सिंह,करमजीत सिंह सहित कई मौजूद रहे।

## रात करीब तीन नकाबपोश कच्छाधारी वदमाशों ने गांव के पश्चिम घरों में घुसने का प्रयास किया

पूरनपुर। वीती रात करीब तीन नकाबपोश कच्छाधारी वदमाशों ने गांव के पश्चिम घरों में घुसने का प्रयास किया।आहट की आवाज आने से कुछ ग्रामीण जाग गए।शोर शराबा करने पर आस पास के लोग एकत्रित हुए।जिसके बाद वह गांव के पश्चिम मनरेगा भवन की ओर से खेतों की तरफ चले गए।दहशत के चलते पूरी रात ग्रामीण जागते रहे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैयाकलां में सोमवार की मध्यरात्रि गांव के पश्चिम रास्ते से गांव के घरों में करीब तीन नकाबपोश कच्छाधारी लोग घुसते देखे गए।उनकी आहट की आवाज आने पर गांव के हेमपाल,जितेंद्र कुमार,रामदास आदि लोगों ने खांसकर पूछा कि कौन? मगर ग्रामीणों की आवाज सुनकर वह चुपचाप पीछे की ओर खिसकने लगे।इसी दौरान ग्रामीणों ने शोर शराबा शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान नकाबपोश कच्छाधारी लोग मनरेगा भवन की ओर से गांव के पश्चिम की ओर खेतों की ओर से भाग गए।ग्रामीणों ने एकत्रित होकर टार्च की सहायता से काफी तलाशा।लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।गांव में नकाबपोश लोगों के देखे जाने से ग्रामीणों में काफी दहशत है।ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी।इधर ग्राम प्रधान सत्यपाल शर्मा ने रात्रि में नकाबपोश लोगों के गांव में घुसने की घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है।दो दिन पहले ही भगवंतापुर गांव में भी नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर घटना को अंजाम देने का प्रयास किया था।

# पीलीभीत उच्च प्राथमिक विद्यालय चांट फिरोजपुर में जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का नंबर दिया

पीलीभीत। पूरनपुर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत तथा रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने संयुक्त रुप से रोटेरियन सचिन अग्रवाल जी की स्मृति में उच्च प्राथमिक विद्यालय चाट फिरोजपुर में जाकर बच्चों के लिए आई चेक अप कैंप का आयोजन करा सोसाइटी के आजीवन सदस्य तथा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदोरिया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर से सतीश कुमार सिंह तथा उनकी टीम गजेंद्र सिंह व ईएमओ चंद्रशेखर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चांट



फिरोज पुर में आकर सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण करा तथा जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का नंबर दिया।

क्लब की तरफ से सभी बच्चों को चश्मे भी प्रदान किए जाएंगे जिनको आवश्यकता होगी टीम ने सभी बच्चों को एक–एक करके समस्याएं सुनी तथा उनकी आंखों की जांच करके जरूरतमंद बच्चों को चश्मे का नंबर प्रदान किया।इस अवसर पर कौशलेंद्र भदौरिया क्लब अध्यक्ष आकाश खंडेलवाल सचिव शेखर ठाकुर स्कूल की प्रधानाचार्य निरंजना शर्मा बबीता जसप्रीत कौर अरुण पटेल अनुभव त्रिपाठी ममता रानी राकेश कुमार पारुल पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी पीलीभीत को जांच अधिकारी एवं तकनीकी सहयोग हेतु अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, विकास खण्ड ललौरीखेडा को नामित किया

पीलीभीत। जितेन्द्र चौधरी पुत्र कमल किशोर चौधरी नि0 246 गोदावरी स्टेट पीलीभीत के शपथ पत्र युक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक 16.10.2020 की जांच किये जाने हेतु जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी पीलीभीत को जांच अधिकारी एवं तकनीकी सहयोग हेतु अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, विकास खण्ड ललौरीखेडा को नामित किया गया है। जांच अधिकारी द्वारा दिनांक 14.07.2021 के द्वारा प्रकरण की जांच आख्या प्रेषित की गई है। जिलाधिकारी के पत्र दिनांक 16.09.2021 के द्वारा श्रीमती कामाक्षी गंगवार तत्कालीन ग्राम प्रधान व अमित दुबे ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाल को जिला पंचायत राज अधिकारी पीलीभीत के पत्र दिनांक 20.09.2021 के द्वारा 07 दिन के अन्दर साक्ष्यों सहित उत्तर दिये जाने हेतु नोटिस निर्गत किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में खुली बैठकों का आयोजन न किया, प्राथमिक विद्यालयों मानपुर व लालपुर वर्ष 2017–18 में निर्मित शौचालय की छत से पानी टपकता पाया गया। जिस पर मु0रू0 35000/– की वसूली परिलक्षित होती है। मनरेगा के अन्तर्गत कराये गये कार्यों के वास्तविक व्यय प्रमाणित करने हेतु अभिलेख उपलब्ध न कराया जाना। पंचायत में कराये गये कार्यों में टेण्डर प्रक्रिया का पालन न किया जाना, विद्यालयों में मिट्टी पटान कार्य हेतु वास्तविक व्यय प्रमाणित करने हेतु माप पुस्तिका का उपलब्ध न कराया जाना है।

उक्त विन्दुओं पर उत्तर प्राप्त न होने की दशा में श्रीमती कामाक्षी गंगवार तत्कालीन ग्राम प्रधान को जिला पंचायत राज अधिकारी के पत्र दिनांक 15.01.2022 के द्वारा एवं अमित दुबे सचिवध्ग्राम विकास अधिकारी के पत्र दिनांक 15.01.2022 के द्वारा अनुस्मारक पत्र निर्गत किया गया। जिसके उपरान्त भी आज तक कोई उत्तर नही दिया गया। तत्कालीन ग्राम प्रधान पव सचिव के द्वारा शासकीय प्रक्रिया का अनुपालन न कर अपना उत्तर प्रस्तुत नही किया गया।

जांच अधिकारी के द्वारा दुरूपयोगित धनराशि के वसूली किये जाने हेतु आदेश पारित किये गये हैं। ग्राम प्रधान लालपुर के द्वारा दुरूपयोगित धनराशि मु0 रू0 38,477.00 के आधे भाग 19239.00 रू0 का बैंक ड्राफ्ट बनावाकर 07 दिन के अन्दर जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करायेंगी तथा ग्राम विकास अधिकारीध्सचिव दुरूपयोगित धनराशि के आधे भाग 19238.00 रू0 का बैंक ड्राफ्ट बनाकर 07 दिवस के अन्दर जिला विकास अधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने के आदेश दिये गये हैं।

# शादी का झांसा देकर नगर की युवती को ले गया युवक कोतवाली पुलिस ने दोनों मामलों में दर्ज की रिपोर्ट

पूरनपुर।शादी का झांसा देकर युवक साथियों की मदद से युवती को बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।काफी सुराग काशी करने के बाद भी कोई पता नहीं चल रहा है। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी।पुलिस ने छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।एक अन्य मामले में गजरौला का युवक किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले लिया।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी बहन नगर के एक मोहल्ले में कमरा लेकर रहती है।उसी पड़ोस में मोहल्ले का ही एक युवक का घर है।9 जुलाई को युवक युवती की शादी कराने के लिए अपने साथियों की मदद से बहला–फुसलाकर ले गया। इसकी जानकारी गांव में रह रहे युवती के परिजनों को लगी।इस पर पीडित ने युवक के घर पहुंच कर जानकारी जुटाई।इस पर उनको जानकारी हुई कि मोहल्ले का ही एक युवक शादी का झांसा देकर उसको ले गया है। जब पीड़ित शिकायत करने युवक के घर गया तो आरोप है कि युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया।

मामले की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला निवासी मुकेश,महेश, दिनेश,सोनी,विक्की,गुल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एक अन्य मामले में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण की नाबालिग बहन को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव विठौरा निवासी एक युवक साथियों की मदद से 10 जुलाई को बहला–फुसलाकर भगा ले गया।किशोरी को घर ना पाकर परिजनों के होश उड़ गए।जब घर के अंदर संदूक का ताला खोला तो उसमें से 60 हजार की नकदी, 4 तोला सोना अपने साथ ले गई।काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका।कोतवाली पुलिस ने गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा निवासी युवक सुनील, रामसरन,सीपी,गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाल अशोक पाल ने वताया कि दोनों मामलों में एफ आई आर दर्ज कर ली गई है।शीघ्र ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

# घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ गायब दूसरे दिन नहर किनारे युवक की मिली चप्पलें व कपड़े

नहर में छलांग लगाकर कूदने की जताई जा रही आंशका

पूरनपुर, पीलीभीत।

घर में हुई कुछ मामूली कहासुनी को लेकर एक युवक गुस्सा कर अपने घर से चला गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल सका। दूसरे दिन मंगलवार को युवक की चप्पल और कपड़े नहर किनारे पटरी पर बरामद किए गए हैं।

जिससे लोग युवक की नहर में छलांग लगाने की आशंका जता रहे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर की पटरी के किनारे से युवक की चप्पल और कपड़े बरामद किए हैं। अभी तक युवक के शव को बरामद नही किया गया है। युवक के शव को बरामद करने के लिए पुलिस ने नहर को बंद करने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

सेहरामऊ ऊत्तरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी श्री कृष्ण उर्फ कल्लू उम्र 45 वर्ष जो कि सोमवार की रात अपने घर में भी मामूली कहासुनी से गुस्सा होकर घर से चला गया था। परिजनों द्वारा युवक की काफी छानबीन की गई लेकिन युवक का कोई भी पता नहीं चल सका था। दूसरे दिन मंगलवार को सुल्तानपुर नहर पुल से 1 किलोमीटर दूर पूर्व की दिशा में नहर की पटरी के किनारे से युवक की चप्पल कपड़े मिले है। जिससे लोग युवक के नहर में कूदने की आशंका जता रहे हैं। सूचना मिलने पर सेहरामऊ उत्तरी एसओ कमलेश मिश्रा अपने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नहर किनारे से युवक की चप्पल और कपड़े बरामद किए हैं। वही अभी युवक के शव को बरामद नहीं किया गया है। सेहरामऊ एसओ कमलेश मिश्रा ने बताया युवक के नहर में युवक के डूबने सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी।

नहर किनारे युवक की चप्पल और कपड़े बरामद किए गए हैं। युवक के शव को बरामद करने के लिए नहर में पानी कम करने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# बारिश के लिए ग्रामीण महिलाएं कर रही नए-नए जतन, इंद्र देवता को खुश करने के लिए चला रही खेतों में हल

कानपुर में बारिश न होने के चलते सूखे जैसे हालात बन रहे हैं. आषाढ़ के मौसम में खेतों से धूल उड़ रही है. किसानों के माथे पर उड़ती हुई धूल को देखकर चिंताओं की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं. किसान इस मौसम में धान की फसल लगाने की तैयारी का कार्य करते हैं. पानी के अभाव के कारण धान की बेड़ इस समय सूख रही है. बारिश होने के लिए महिलाएं बारिश के देवता भगवान इंद्र को खुश करने के लिए नए–नए जतन अपना रही हैं कि बारिश हो और जन आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके।

मौसम की बेरुखी के चलते कानपुर में इन दिनों सूखे जैसे हालात बन चुके हैं . जल वर्षा न होने के चलते लोगों की बोई जाने वाली फसलों धान, तिली आदि की नई पौध बारिश के अभाव में सूख रही है, वहीं जानवरों के लिए हरा चारा भी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है. गांव में तालाब पोखर कुएं आदि का पानी भी सूख गया है . आम जनमानस के साथ ही पशु पक्षियों को भी पीने का पानी सुगमता से नहीं मिल पा रहा है।

प्यास के चलते पशु पक्षी भी दम तोड़ते नजर आ रहे हैं . वर्षा हो इसके लिए कानपुर देहात की महिलाओं ने बारिश के देवता भगवान इंद्र को खुश करने के लिए नए–नए जतन अपना रही हैं . महिलाएं भगवान इंद्र की पूजा कर खुद खेत में हल चलाकर बारिश कर आम जनमानस को राहत देने की प्रार्थना की है.

बता दें कि कानपुर के भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के मदनपुर गांव की महिलाएं बारिश न होने के चलते आए दिन नए–नए जतन अपना रहीं हैं . गांव की महिलाओं ने बारिश के देवता भगवान इंद्र को खुश करने के लिए जल वर्षा करने के लिए प्रार्थना की है. इसके लिए गांव की सभी महिलाएं ढोलक मंजीरा और खंजरी लेकर भगवान के मंगल गीत गाते हुए उन को प्रसन्न करने का कार्य कर रही हैं. इसके साथ ही महिलाओं ने हल का पूजन कर खुद अपने कंधे पर हल को रखकर खेत में जुताई की है।



महिलाओं को यह विश्वास है कि ऐसा करने से भगवान खुश होंगे और बारिश होगी . गांव की महिला सीमा सचान ने बताया कि हमारे धर्म और शास्त्रों में ऐसा हुआ है कि जब देव काल के राजा जनक के राज में एक बार सूखा पड़ गया था तब उनको बताया गया कि राजा और रानी मिल कर अगर खेतों में हल चलाएंगे, तो निश्चित ही भगवान खुश होंगे और जल वर्षा करेंगे उनके द्वारा किए गए कार्य से उनके राज्य में वर्षा हुई .

किसानों अन्नदाताओं की बोई गई फसलों को लाभ मिला और उनके हल चलाने से उनको मां जानकी सीता पुत्री के रूप में प्राप्त हुई . हमें ही नहीं सभी लोगों को विश्वास है कि महिलाओं के द्वारा हल चलाने से निश्चित ही भगवान खुश होंगे और वर्षा होगी. आम जनमानस में जो इस समय परेशानियां हो रही है . लोगों के खेतों में जो धूल उड़ रही है . उसमें फसल बोई जा सकेगी. जानवरों और पशु पक्षियों को भी इसका लाभ मिलेगा. बस इसी कामना के साथ हम लोग रात में रतजगा भी कर रहे हैं. ढोलक मंजीरा के साथ मंगल गीत गा रहे हैं कि भगवान खुश हो और बारिश करें।

# एक तीर से दो निशाने साधेंगे पीएम मोदी, यादव वोट बैंक के साथ सिखों पर भी बीजेपी की नजर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जुलाई को कानपुर आ रहे हैं. कानपुर के मेहरबान सिंह का पुरवा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चौधरी हरमोहन सिंह की 10 वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे. माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के मिशन को फतह करने के लिए कई एजेंडे एक साथ साधने की कोशिश में जुटी है।

दरअसल चौधरी हरमोहन सिंह यादव समाजवादी पार्टी के बड़े नेता रहे. उन्हें मुलायम सिंह के करीबियों में माना जाता रहा है, लेकिन अब उनके बेटे बीजेपी के साथ है. ऐसे में चौधरी हरमोहन सिंह यादव की पुण्य तिथि में शिरकत करके पीएम मोदी और बीजेपी सपा के परंपरागत वोट बैंक यादव खेमे में सेंधमारी की पूरी तैयारी में लग गई है. यही नहीं बीजेपी चौधरी हरमोहन के शौर्य को भी कैश करने की कोशिश में जुटी है. ऐसा इसलिए क्योंकि चौधरी हरमोहन सिंह ने 1984 में हुए सिख दंगों के दौरान अपनी जान पर खेलकर कई सिखों का जान बचाई थी. इसके लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित भी किया गया था. जानकार कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री अपने भाषण में चौधरी साहब की इस वीरता का जिक्र करेंगे और देशभर में सिख वोटरों की गोलबंदी के लिए रणनीति के तहत एक सियासी चाल चलेंगे।

चौधरी हरमोहन सिंह यादव के बेटे और राज्यसभा सांसद रहे सुखराम सिंह यादव का कहना है कि 1984 के दंगों में वो रतनलाल नगर में रहते थे. जहां उनके घर के आसपास कई सिख परिवार रहते थे. जब दंगाइयों ने इन सिख परिवारों को क्षति पहुंचाने की कोशिश की तो पिता और पुत्र की जोड़ी ने कई घंटे मोर्चा लेकर दंगाइयों को बैकफुट पर धकेल दिया था. जिसके बाद सिखों ने पिता–पुत्र को सम्मानित किया और राष्ट्रपति के द्वारा उनके पिता चौधरी हरमोहन सिंह यादव को शौर्य चक्र से नवाजा गया।यही नहीं रतनलाल नगर में उस वक्त रहने वाले राजपूत सिंह का कहना है कि चौधरी साहब के परिवार ने उनके जीवन को बचाया. यहां ऐसा एक परिवार नहीं बल्कि कई ऐसे परिवार हैं जो आज भी उनकी वजह से ही जीवित हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### चुनावी रंजिश के चलते प्रधान पुत्र को रास्ते में घेरकर पीटा थाने में दिया शिकायती पत्र की कार्रवाई की मांग

पीलीभीत पूरनपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव देते लगभग डेढ़ वर्ष पूर्ण हो चुका है लेकिन गांव की चुनावी रंजिश अभी भी बरकरार है। वही ग्राम पंचायत पुराना तालुके महाराजपुर के ग्राम प्रधान ने थाना माधोटांडा मैं लिखित शिकायत पत्र दिया है और आरोप लगाया है की उनका विपक्षी ग्राम प्रधान जोकी चुनाव हार चुका था चुनावी रंजिश मान कर लड़ाई झगड़े मारपीट पर उतारू है।वही 2 दिन पूर्व सत्यानंद राय उर्फ रामप्रसाद राय पुत्र विरिंचि राय ने थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। कहां है कि मेरा मझला पुत्र तार लेने जा रहा था तो वही रास्ते में परितोष तरफदार पुत्र शिवपद विश्वनाथ तरफदार जगन्नाथ तरफदार पुत्र गणपत उस तरफदार गोपाल अधिकारी पुत्र अनंत मोहन अधिकारी ने मेरे उत्तम राय को रास्ते में घेर कर मारने पीटने लगे तो वहीं पर स्थिति देखकर किसी तरह मेरा पुत्र घर भाग आया और पीछे पीछे उक्त लोग भी घर आकर उन लोगों ने मारपीट की प्रधान होने के नाते सब को समझा–बुझाकर घर भेज दिया परंतु कुछ लोग 11.00 बजे मेरे घर मारपीट करने के इरादे से लाठी डंडे लेकर पहुंचे चुनावी रंजिश को लेकर अभी भी रंजीस रख रहे और जान से मार देने की लगातार धमकियां दे रहे हैं जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने थाना माधोटांडा में लिखित शिकायत पत्र देकर उक्त दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### गन्ना सर्वे एवं सट्टे की सूचियों का सार्वजनिक प्रदर्शन ग्रामवार किया जायेगा

पीलीभीत ।जनपद के समस्त गन्ना कृषकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.07.2022 से 30.08.2022 तक गन्ना सर्वे एवं सट्टे की सूचियों का सार्वजनिक प्रदर्शन ग्रामवार किया जायेगा। उक्त तिथियों में ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले गन्ना सर्वे एवं सट्टे की सूचियों के सार्वजनिक प्रदर्शन में भाग लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करायें। प्रदर्शन के उपरान्त किसी भी प्रकार गन्ना सर्वे सट्टा सम्बन्धी संशोधन नहीं किया जायेगा। पेराई सत्र 2022–23 के दिनांक 30.09.2022 तक ऑनलाईन सदस्य बनाये जायेंगे। ऑनलाइन सदस्यता हेतु कृषकगण सम्बन्धित सहकारी गन्ना विकास समितिध्गन्ना विकास परिषद में सम्पर्क कर सकते हैं।

### अधिक से अधिक लोगों को जल संचयन हेतु जागरूक करें, सम्बन्धित विभागों द्वारा जल संचयन हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेः जिलाधिकारी

पीलीभीत। प्रदेश में भूजल की सुरक्षा, नियोजित विकास, संरक्षण एवं उसके विवेकयुक्त उपयोग तथा विनियमित दोहन हेतु जन जागरूकता करने के उद्देश्य से 16 जुलाई से 22 जुलाई 2022 तक भूजल सप्ताह मनाया जाना है। जिसका मुख्य विचार बिन्दु जन जन तक जल पहुचाना है, जल संरक्षण अपनाना है रखा गया है। जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, उद्यान अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता आवास विकास परिषद, प्रभागीय वन अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों को जल संचयन हेतु जागरूक करें, सम्बन्धित विभागों द्वारा जल संचयन हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। जन जागरूकता हेतु क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाये।

### श्रावण मास त्यौहार के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु पीलीभीत पुलिस द्वारा लगातार किया जा रहा पैदल गस्त/भ्रमण

पीलीभीत। श्रावण मास त्यौहार के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु



पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधि0/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थानाध्चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशनों, प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़–भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्धों से पूछताछध्चेकिंग की जा रही है। साथ ही आमजन से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है।

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया "व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ" गोष्ठी का आयोजन

पीलीभीत। अपर पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद के



समस्त थाना क्षेत्रों के व्यापारियों, उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु "व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ" गोष्ठी का आयोजन किया गया। व्यापारियों, उद्यमियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की तथा उनका त्वरित व प्रभावी निस्तारण करने का विश्वास दिलाया ।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल,रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर।नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी जुल्फिकार अली ने बताया कि 27 अप्रैल को वह अपने पुत्र के साथ खुटार अपनी पंप की दुकान पर जा रहा था।पैट्रोल डलवाने के लिए उसके पुत्र ने बाइक मोडी इसी दौरान तेज गति से आ रहे अपाचे चालक ने बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी लाया गया।उसके बाद बरेली के लिए रेफर कर दिया।जहां उसके पुत्र का अभी भी इलाज जारी है।पुलिस ने अज्ञात अपाचे गाड़ी के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।टक्कर मारने वाले की तलाश की जा रही है।

### दलित के साथ गाली गलौज के मामले में रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर।नगर के मोहल्ला हबीबगंज गोटिया निवासी आचार्य धर्म प्रकाश बौद्ध 29 मई को अपने घर से निकल रहे थे।रास्ते में पडने वाले एक खोखे के पास मोहल्ले के रहने वाले राजेश और लालाराम गाली–गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए।जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसको अपमानित किया।पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़ित ने एसपी को पत्र दिया।एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने डेढ़ महीने बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न,मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया एससी एसटी एक्ट की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी कर रहे हैं।

### तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीणों में बनी दहशत बीती रात पालतू कुत्ते को फिर बनाया तेंदुए ने निवाला

पूरनपुर। तेंदुए की चहलकदमी के चलते ग्रामीण दहशत में है।बीती रात एक कुत्ते को तेंदुए ने फिर निवाला बना लिया।मामले की सूचना वन विभाग को दी गई।आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।जिससे लोग दहशत में हैं।

एक सप्ताह से दियूरिया वन रेंज के टूटा पुल बन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तेंदुए की चहल कदमी देखी जा रही है। कुछ दिन पहले ही चौकी के पड़ोस में रहने वाले दो घरों में पालतू कुत्तों को तेंदुए रहने वाला बना लिया था।सूचना के बाद भी उसको पकड़ने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए।सोमवार की रात्रि बन चौकी के आधा किलोमीटर आगे फिर तेंदुए की चहल कदमी देखी गई।घर के बाहर बंधे एक ग्रामीण के पालतू कुत्ते को फिर से निवाला वना लिया। कुत्ते के चीखने चिल्लाने पर परिजनों ने एक राय होकर शोर–शराबा शुरू कर दिया।इसके बाद पीपे, थालिया बजाकर व मुश्किल तेंदुआ जंगल की ओर गया। लगातार चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इसके चलते राहगीरों ने भी निकलना बंद कर दिया है। सूचना देने के बावजूद वन विभाग पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

## सरकार की दमनकारी नीतियों से किसान भुखमरी के कगार पर: मेनपाल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। भारतीय किसान यूनियन ने आर्य समाज मंदिर परिसर में किसान मजदूर पंचायत का आयोजन किया,जिसकी अध्यक्षता कंवर सिंह व संचालन हरपाल सिंह ने किया मंगलवार को क्षेत्र के गांव भूरा स्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में भारतीय किसान यूनियन ने किसान मजदूर पंचायत का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता कंवर सिंह व संचालन हरपाल सिंह ने किया। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेनपाल चौहान ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों के चलते किसानों का शोषण हो रहा है। चुनावी सीजन में सरकार द्वारा किसानों से किए गए सभी वादे खोखले निकले। वर्ष 2022 में किसानों की आये दोगुनी,गन्ना मूल्य साढ़े चार सौ रूपये प्रति कुंतल,चौदह दिनों के भीतर किसानों का गन्ना भुगतान सहित अन्य वादे सरकार भूल चुकी है। गन्ना मिलें किसानों हजारों करोड़ का बकाया दबाई बैठी हैं।



कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है। देश का किसान आज भुखमरी की कगार पर खड़ा है।किसानों से अवैध उगाही करने वालों पर कोई एक्शन नहीं हो रहा है और उनकी बगैर सहमति के नलकूपों पर विद्युत मीटर लगाए जा रहे हैं। इस दौरान प्रिंस चौधरी, प्रमोद चौहान, मदनपाल चौहान, रमेश मास्टर,फुरकान,अब्बास व कुलदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ब्लड देकर खिदमत-ए- खल्क के सदस्य ने बचाई मासूम की जिंदगी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। समजिक संगठन खिदमत–ए–खल्क के सदस्य ने समय पर ब्लड डोनेट कर मासूम की जिंदगी बचाई। मंगलवार को शामली के एक निजी अस्पताल में मौत और जिंदगी से जूझ रहे डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे को अचानक ब्लड की आवश्यकता पड़ गई। परिजनों द्वारा कई लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई, जिसके बाद खिदमत–ए– खल्क ने मामले का संज्ञान लिया और पीड़ित परिजनों से संपर्क कर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खलील फरीदी एक सदस्य के साथ अम्बा चेरिटेबल पहुँचे, लेकिन किसी कारणवश उक्त युवक का ब्लड डोनेट नहीं हो सका। सूचना मिलने पर हरियाणा के पानीपत में कार्य कर रहे कैराना के मोहल्ला खैलकलां खुरगान रोड़



निवासी जुल्फान सैफी तुरन्त शामली अम्बा चेरिटेबल पहुँचे और रक्तदान कर डेढ़ वर्षीय मासूम की जान बचाई।

## एसडीएम ने रुट डायवर्जन का कराया पालन

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रुट डायवर्ट करने के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में एंट्री करने वाले वाहनों को एसडीएम कैराना ने अंडरपास से होकर गुजरने वाले वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए बेरिकेडिंग लगा दी, जिसके बाद वाहनों को रोका गया।

उधर प्रकाश व्यवस्था सुचारू न होने के कारण कांवड़ मार्ग पर अंधेरा





रोका सोमवार की देर रात्रि कांवड़ मार्ग के निरीक्षण पर निकले एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव ने पानीपत मुख्य बाईपास रोड पर बेरिकेडिंग व रुट डायवर्ट होने के बावजूद भी भारी भरकम वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित क्षेत्र में होने पर पालिका प्रशासन को दूसरे स्थान पर भी बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। तत्काल प्रभाव से पालिका कर्मियों ने छाया रहा जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर जवाब मांगा गया। हाईटेंशन विद्युत लाइन में फाल्ट आने के कारण लगभग डेढ़ घण्टा विद्युत सप्लाई बाधित रही।

उपजिलाधिकारी कैराना ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर कांवड़ मार्ग पर विद्युत सप्लाई को सुचारू कराया।

## अपनी हुनर बंदी से, दूसरों को सबसे ज्यादा, नफा पहुंचाने वाला, बेहतरीन इंसान बनने की दौड़ में एसडी एमसी अबुल फजल एनक्लेव स्कूल के कमसिन बच्चे सबसे आगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स। कार्यरत शिक्षकों को योगा प्रशिक्षक बनाने वाली योगा लीडरशिप ट्रेनिंग वर्कशॉप एसडीएमसी स्कूल अबुल फजल एनक्लेव नई दिल्ली में विद्यालय की प्रिंसिपल नसीम–बानो जी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित



की गई। कार्यशाला के प्रतिभागी शिक्षक अरजुमंद–बानो, शमशुल हसन, अबरार अहमद, गुल–सबा, जोया और फरीदा परवीन साहिबा, पहली बार डॉक्टर बदरुल इस्लाम कैरानवी की खोज से अवगत हुए पर तुरंत अपनी–अपनी कक्षाओं



के विद्यार्थियों को सिखाना भी प्रारंभ कर दिया योगा लीडरशिप की टेक्निक बहुत प्रभावशाली साबित हुई, डॉक्टर इस्लाम द्वारा विकसित, परिष्कृत, हाईटेक, कस्टमर फ्रेंडली और सरल योगा तकनीक सन 2012 से केंद्रीय सरकार के शिक्षा संस्थानों के 50 हजार विद्यार्थियों द्वारा व्यापक रूप से पसंद की जाति रही है। कार्यशाला में विभिन्न योग–विधाओं को सीखने में पहला स्थान प्राप्त करने वाले प्रखर विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैय (1) बौद्धिक क्षमता के विकास के अभ्यास को सीखने में नबा–जहरा ने पहला स्थान प्राप्त किया, (2) विल–पावर, निश्चय करने की क्षमता विकसित करने वाले अभ्यास में अक्शा ने पहला स्थान प्राप्त किया, (3) स्मृति शक्ति, याददाश्त बढ़ाने वाले अभ्यास में सनम–फातिमा ने पहला स्थान प्राप्त किया, (4) मन को तरोताजा करने, चेहरे की रौनक बढ़ाने, चेहरे की मांसपेशियों की ट्यूनिंग करने और ज्ञानेंद्रियों को सबल बनाने वाले अभ्यास में जैनब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, (5) सर्वाइकल से बचाने, गर्दन को लचीला और गर्दन से गुजरने वाले चौनल्स, वेसल्स, नस नाड़ियों को सशक्त बनाने वाले अभ्यास में नसरीन प्रवीण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और (6) कंधों की अकड़न और जकड़न से मुक्त लचीला और फेफड़ों की क्षमता विकसित करने वाले अभ्यास मैं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नाजिया खान रहीं। आशा है इन योगाभ्यास के करते रहने से प्रतिभागी विद्यार्थी जीवन मैं सकारात्मक बदलाव के साथ बड़ी ऊंचाइयों पर पहुंचकर स्कूल और देश का नाम रोशन करें।

## जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील सदर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील सदर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वेलफेयर आफ थर्ड जेंडर एंड प्रोटेक्शन आफ शेडयूल कास्ट एंड शेडयूल ट्रिब्स चिल्ड्रेन फराम कोविड–19 विषय के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में तहसील से संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में जानकारियां दी गई। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा बहुत सी लाभकारी योजनाएं चलाई जा रहीं हैं जिनका लाभ व्यक्ति जानकारी के अभाव में नहीं ले पा रहे हैं इसलिए इन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना बहुत जरूरी हैं। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को मुफ्त शिक्षा, इलाज की सुविधा शासन द्वारा की गई हैं साथ ही अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। इस तरह की कठिन परिस्थिति में समाज के तौर पर हमारा कर्तव्य हैं कि अपने बच्चों की देखभाल करें और उज्जवल भविष्य के लिए उनमें उम्मीद जगाये। ऐसे सभी बच्चे जिनकी माता–पिता की कोविड–19 के कारण मौत हो गई हैं उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के तहत सहयोग दिया जायेगा।

उधर, जनपद न्यायाधीश के आदेश पर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्री–ट्रायल का आयोजन किया गया।

बैठक का आयोजन न्यायाधीश कु. अराधना रानी की अध्यक्षता में किया गया। प्री–ट्रायल में आठ फाइलों को सुना गया। मोटर दुर्घटना



न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना संबंधी याचनाओं को सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना हैं। जिसके संबंध में जनपद के समस्त बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हेतु चर्चा की गई।

## रामपुर में आगामी 11 से 17 अगस्त तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। रामपुर में आगामी 11 से 17 अगस्त तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल ने समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आगामी सोमवार तक अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया तथा कहा कि शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण स्तर तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए इसके लिए हर जरूरी कदम उठाएं। बैठक के दौरान शासन स्तर से प्राप्त तथा स्थानीय स्तर पर तैयार कराए जा रहे तिरंगा झण्डों की उपलब्धता और उसकी बिक्री कराने सहित विभिन्न बिंदुओं पर उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के क्रम में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम देश के बच्चों, युवाओं सहित सभी नागरिकों के मन में देशभक्ति जागृत करने का विशिष्ट आयोजन हैं। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की सफलता के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। स्कूलों में प्रभात फेरी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। युवा पीढ़ी को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने तथा देश की सुरक्षा एवं समृद्धि से जोड़ने की हम सबकी जिम्मेदारी हैं। इस प्रकार हर घर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा सकेगा।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मनीष मीना, डीसी एनआरएलएम मंसाराम यादव, डीएफओ राजीव कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी दुर्गा प्रसाद तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक देश को बर्बाद कर देगा आमिर कुरैशी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर अल्पसंख्यक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के सचिव आमिर कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 19 जुलाई 1969 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी द्वारा बैंकों का राष्ट्रीय करण किया गया था।

जब कि केंद्र की मोदी सरकार सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए मॉनसून सत्र में बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक लाने जा रही है जिस से देश बर्बाद हो जाएगा देश के प्रधानमंत्री मोदी जी बैंकों का राष्ट्रीय करण खत्म करके निजीकरण इस लिए करना चाहते हैं कि बैंकों के निजी मालिक मेहुल चौकसी ललित मोदी विजय माल्या की तरह आसानी पैसा लेकर भाग जाएं।

प्रदेश सचिव आमिर कुरैशी ने कहा कि मोदी सरकार सरकारी बैंकों को अपने उद्योगपति मित्रों को दान में देने के लिए बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक लाने जा रही है। जिसके पास हो जाने के बाद इन बैंकों में सरकार का शेयर 51 प्रतिशत से




घट कर 26 प्रतिशत हो जाएगा। जिससे इन बैंकों में जमा आम आदमी का पैसा एक तरह से निजी उद्योगपतियों का हो जाएगा। इन सरकारी बैंकों को मोदी जी के वे मित्र खरीदेंगे जो खुद सरकारी बैंकों के कर्जदार हैं और अपना बकाया कर्ज मोदी सरकार से माफ करा लेते हैं। ऐसे उदाहरण भी दिखेंगे जहाँ मोदी जी के मित्र उसी बैंक से कर्ज लेकर उसी बैंक को खरीद लेंगे।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1969 में 19 जुलाई को बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर निजी बैंकों के लाभ को राष्ट्र के विकास में लगाने और उनको जनता के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए उनमें सरकार की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत रखी थी। जिससे बैंक जनता के नियंत्रण में रहें। लेकिन अब मोदी जी इन बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने और अगले कुछ सालों में पूरी तरह खत्म कर देने के लिए कानून ला रहे हैं। जिससे इन बैंकों का अब जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के प्रति कोई जाबदेही नहीं रह जाएगी। उल्टे वे अब मनमाने व्याजदर पर सरकार को ही कर्ज देने लगेंगे।

उन्होंने कहा कि बैंकों के निजी हाथों में जाते ही बैंक की नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था भी खत्म हो जाएगी। जिससे पिछड़े, दलित, आदिवासी और गरीब सवर्णों के बच्चे बैंकों में नौकरी नहीं कर पाएंगे। कांग्रेस नेता आमिर कुरैशी ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस में रामपुर कांग्रेस नेता शारिब अली खान रामपुर किसान कांग्रेस अध्यक्ष हाजी नाजिश खान यासिर अली खान ताबिश खान अजीम खान रयान अली खान सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व कार्यालय में स्व, इंदिरा गांधी जी के चित्र का माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भारत सरकार द्वारा बी ओ टी के गठन में चयन का श्रेय,पूज्य माता-पिता, गुरुजनों एवं समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण धर्म,की अहम भूमिका: राजेश कुमार अग्रहरी - राजेश मसाला

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्रा। अमेठी उत्तर प्रदेश आज भारत सरकार द्वारा राजेश कुमार अग्रहरी उर्फ राजेश मसाला अमेठी को लोकप्रिय सांसद स्मृति ईरानी केंद्रीय मंत्री के सोहबत का असर दिख रहा है राजेश मसाला ने योगी सरकार एवं मोदी सरकार को अपार आभार प्रकट किया है।

अब राजेश कुमार अग्रहरि के मेहनत का प्रतिफल मिल रहा है ऐसे में देश विदेश व्यापार नीति निर्धारण में राजेश अग्रहरि को शामिल किया गया है व्यवसाय के साथ–साथ समाजसेवा लगभग 8000 बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम किया है, तो वहीं राघव राम सेवा संस्थान चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शादी विवाह में नगद अनुदान दान स्वरूप, गंभीर बीमारी इलाज हेतु नकद धन



उपलब्ध कराना, घटना दुर्घटना में सहायता व बेसहारा को सहारा बने हैं ।देश के कोरोना कॉल संकट में हुवा बड़ा खुलासा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है चाहे अयोध्या राम जन्मभूमि में राम मंदिर निर्माण हो या फिर मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री राहत आपदा कोष हो ।सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है– बी ओ टी,में स्थान मिलने से प्रदेश के उद्यमियों, व्यवसायियों, उद्योगपतियों एवं अमेठी जनपद वासियों को असीम संभावनाएं जाहिर की है और सब अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## 23 वर्ष बाद चोरी के मामले में तीन लोगों को सुनाई सजा

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में तीन आरोपितों को चोरी के मामले में अर्थदंड की सजा सुनाई है मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली अलका यादव की अदालत में तैनात सहायक अभियोजन अधिकारी आनंद भास्कर एवं कोर्ट मोहर्रिर विनय फोगाट ने जानकारी देते हुए बताया की वर्ष 1999 में कैराना पुलिस ने कैराना के मोहल्ला छड़ियान निवासी वहीद उर्फ भिंडरा, इस्लाम व शकील उर्फ मंत्री को चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। तभी से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन चलने रहा था आरोप सिद्ध पाए जाने पर कोर्ट ने तीनों आरोपितों को जेल में बिताई गई अवधि व दो दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। दोषियों द्वारा जुर्माना की रकम अदा न करने पर दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## शासकीय कार्यो में धनों की अनियमितता बर्दाश्त नहीं-जिला पंचायत राज अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना किये जाने एवं उसको क्रियान्वित किये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है। तद्क्रम में ग्राम पंचायतों में मु0–175000़– की धनराशि व्यय करते हुए कुर्सी, आफिसध्कम्प्यूटर मेज, स्टील अलमीरा, सोलर पैनल, बैटरी एवं इन्वर्टर सहित, दरी, पंखा, डेस्कटॉप कम्प्यूटर, यू0पी0एस0, मल्टीपरपज प्रिन्टर एवं वेबकैम तथा सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत–मोतीपुर कलॉ एवं कटकुईंया कलॉ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वर्तमान में तैनात सचिव, प्रधान ग्राम पंचायत एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे। ई–ग्राम स्वराज पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोनों ग्राम पंचायतों में अनुमन्य धनराशि मु0–175000/– सम्पूर्ण व्यय करने के उपरान्त भी सामग्री नही प्राप्त हुई है। ग्राम पंचायत–कटकुईंया कलॉ में मात्र प्लास्टिक की 25 अदद कुर्सी, 03 अदद कम्प्यूटर मेज एवं 02 अदद अलमीरा प्राप्त हुआ। अन्य सामग्री के सम्बन्ध में उपस्थित प्रधान एवं पंचायत सहायक द्वारा अवगत कराया गया कि बिना सामग्री क्रय ही भुगतान किया गया है। जिसके कारण अन्य सामग्री उपलब्ध नही है।

ग्राम पंचायत–मोतीपुर कलॉ में कम्प्यूटर सेट, इन्वर्टर सेट, कम्प्यूटर मेज एवं 13 अदद प्लास्टिक कुर्सी निरीक्षण के समय पायी गई। उपस्थित प्रधान एवं पंचायत सहायक द्वारा अवगत कराया गया कि तत्कालीन सचिव ओंकार नाथ द्वारा उक्त सामग्री उठवा ली गई है। दोनों ग्राम पंचायतों का प्रभार इन्हीं के पास था। उक्त के दृष्टिगत विपरीत धनराशि भुगतान हेतु ओंकार नाथ आर्य, तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत प्रथम दृष्टया दोषी है, जिस हेतु इनके विरूद्ध थाना सिरसिया, श्रावस्ती में पंचायती राज अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न धाराओं के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उन्होने कहा कि अब शासकीय कार्यो में धन की अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। यदि विभाग के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शासकीय धनों की अनियमितता करते पाये गये तो निश्चित ही उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## किन्नर ने दंपत्ति पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। किन्नर ने दंपत्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

मंगकवार को कैराना कोतवाली पर तहरीर देते हुए कैराना देहात आर्यपुरी निवासी अकबर उर्फ काजल ने बताया कि लगभग चार वर्षों से शाहिद उर्फ भूरा व उसकी पत्नी मेरे पास रह रहा था। इस दौरान उन्होंने सोना चांदी के कीमती आभूषण व अन्य सामान ले लिया था। आरोप है कि जैसे ही किन्नर ने खर्च देने से मना किया तो पत्नी ने अपने पति को कहीं गुम कर दिया और आरोप किन्नर पर लगाकर कार्यवाही की मांग करने लगी। शाहिद पिछले लगभग एक सप्ताह से लापता है और आरोप किन्नर पर लग रहे हैं। पुलिस ने तहरीर उपरांत कार्यवाही शुरू कर दी है।

## आधा दर्जन तालाबों की हुई नीलामी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ नैनी अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तहसील के सभगार कक्ष में तहसीलदार कैराना की अध्यक्षता में मत्स्य पालन हेतु विभिन्न गांवों के आधा दर्जन तालाबों की नीलामी प्रिक्रिया पूरी कराई गई तहसील के सभागार कक्ष में मत्स्य पालन हेतु विभिन्न गांवों में स्थित आधा दर्जन तालाबों की नीलामी नियमानुसार की गई। तहसीलदार कैराना प्रियंका जायसवाल की अध्यक्षता में नीलामी प्रिक्रिया पूरी कराई गई और पट्टाधारकों को नियमानुसार मत्स्य पालन करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार प्रियंका जायसवाल ने कहा कि नियमों के उल्लंघन करने पर मत्स्य पालन हेतु लिया गया तालाब का पट्टा निरस्त कर दिया जाएगा। सभी तालाबों को दस वर्षों के लिए अलग–अलग धनराशि के साथ दिया गया है। इस दौरान बराला कुकरहेड़ी तालाब सुरेशपाल,कंडेला तालाब सुमित,तितरवाड़ा तालाब पंकज कुमार,जगतपुर तालाब महावीर, दभेड़ी बुजुर्ग तालाब बंटी व खुरगान तालाब बाबू पुत्र हरिचन्द के दस साल के लिए आवंटित किए हैं।

## सास-ससुर ने गर्भवती के साथ की मारपीट

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बहन के पीटने का विरोध करने पर सास–ससुर ने गर्भवती विवाहिता के साथ मारपीट की। पीड़िता कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की मंगकवार को क्षेत्र ऊँचागांव निवासी पीड़िता महिला ने डायल 112 पुलिस को फोन कर मदद की गुहार लगाई थी। सूचना पर पहुँची पुलिस सास–ससुर व पीड़िता को कोतवाली ले आई। पीड़िता का आरोप है कि सास गुड्डी व ससुर राजपाल उसकी सगी बहन के साथ मारपीट कर रहे थे। जैसे ही पूनम ने मारपीट का विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई और पुलिस को सूचना देने पर उसका कीमती मोबाइल भी तोड़ दिया। बताया जाता है कि राजपाल ने तीनों बेटों की शादी एक ही घर में की हुई है,जिस कारण तीनों सगी बहने एक साथ रहती हैं।

## आठ प्रार्थना पत्रों में से सात को मिली स्वीकृति

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ सेवा शिविर लगाने को परमीशन के लिए आवेदन करने वाले आठ लोगों में से सात को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि एक आवेदन की जांच जारी है शिवभक्तों की निःशुल्क सेवा के लिए उपजिलाधिकारी कार्यालय से परमीशन प्राप्त करने हेतु कुल आठ लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें से सात लोगों को तत्काल परमीशन दे दी गई है, जबकि एक आवेदन की अभी जांच की जा रही है। एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव ने बताया कि कांवड़ शिविर लगाने के लिए कुल आठ आवेदन प्रस्तुत किए गए थे,जिनमें से सात आवेदन स्वीकृत कर परमीशन दे दी गई है और सात में से चार कांवड़ शिविरों का संचालन भी शुरू हो चुका है।

## पावन श्रावन मास में किया गया पौधारोपण

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना । लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कैराना में श्रावण मास के पावन पर्व पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया मंगलवार को पर्यावरण के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु नगर में स्थित लाला नर सिंह दास सरस्वती इंटर कॉलेज में औषधीय तथा इमारती लकड़ी के पौधे रोपित



किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राधेश्याम व पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष सुधीर चौधरी तथा विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉक्टर राजेंद्र कुमार, पदाधिकारी मोहन लाल आर्य ,प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा के साथ विद्यालय के आचार्य शियानंद, रामनाथ, सुनील कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, रविंद्र कुमार, कुलदीप, अंकित कुमार, कमल, शिवकुमार, कौशल्या कुमारी, शिवानी, संजय कुमार व रितु एवं विद्यालय के अनेकों छात्र –छात्राएं उपस्थित रहे।


## पुलिस ने साढ़े किलो ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। थाना गंज पुलिस ने साढ़े किलो ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।

गंज थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गंज पुलिस ने रिजवान उर्फ मीरिंडा पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम बगी व सद्दाम पुत्र रियासत निवासी सैजनी नानकार को साढे सात किलो ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने दोनो का चालान काट कर जेल रवाना कर दिया हैं। थाना गंज प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध नशीली चीजों का गौरख धंधा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गंज पुलिस ऐसे गौरख धंधा करने वालों पर अपनी पूरी पैनी नजर बनाये हुए हैं और लगातार कार्यवाही कर रहीं हैं।

## नौकरी की आशा छोड़ चलों, रोजगार की अब ओर बढ़ो, जिस दिन पैसा हो जाएगा, बच्चे सब पल जायेंगे-ज्ञानप्रकाश जी लखनऊ

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव, श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली, प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।



इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री रामहित भारती प्रयाग राज ने कहा कि हम सभी को बेकार की ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए क्योंकि देखा गया है कि जो भी व्यापारी हैं वह सभी खुशहाल हैं।

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि सभी पासी समाज वन्धुओ से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार व्यापार पर ध्यान दें।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि समाज में रोजगार भरने से विकास होगा एवं बच्चे की शिक्षा व्यवस्था में भी सुधार आएगा। इस कार्यक्रम में,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री अशोक महतो नालंदा बिहार श्री सुखराम रावत लखनऊ ,श्रीआरके पासी जबलपुर मध्य प्रदेश ,निर्मल राजवंशी, हरदोई जगदीश प्रसाद श्रावस्ती ,ओमप्रकाश बलरामपुर, नवीन भारती नालंदा बिहार आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ द्वारा किया गया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस अमेठी में मा0 महिला आयोग की सदस्या द्वारा जनसुनवाई 20 जुलाई को

मिशन शक्ति फेज–4 के अन्तर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज केशव नगर में।
अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादवअमेठी 19 जुलाई 2022, जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु सुगमता के दृष्टि से जनपद अमेठी में 20 जुलाई 2022 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस तहसील अमेठी में मा0 महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अनिता सचान द्वारा जनसुनवाई किया जायेगा।
उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज केशव नगर अमेठी में अपरान्ह 01 बजे आयोजित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में उपरोक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में जनसामान्य प्रतिभाग कर सकते है।

## दुष्कर्म के मामले में 14 माह से फरार चल रहे दस हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी,कुरावली में दुष्कर्म के मामले में 14 माह से फरार चल रहे दस हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी हुई। 14 माह पहले उसके खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, युवती को



अगवा करने की धाराओं में जो मुकदमा दर्ज किया गया था उसमें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। गिरफ्तारी न होने पर एसपी मैनपुरी ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।
कुरावली थाना प्रभारी भोलू सिंह भाटी, एसएसआई रूपेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित आरोपी कुरावली क्षेत्र में आया हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी 20 वर्षीय रोहित पुत्र सत्यवीर निवासी नगला कंज थाना बेवर को गिरफ्तार कर लिया। रोहित 14 माह से फरार चल रहा था। थाने लाकर आरोपी से पूछताछ की गई और उसे जेल भेज दिया गया। कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई थी। लेकिन वो पकड़ में नहीं आ रहा था। दस हजार का इनाम घोषित हुआ तो उसे पकड़ लिया गया।

## जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवगंज का भ्रमण किया

अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स। औरैया जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने मंगलवार को सहार ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवगंज का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षक मनीष द्वारा बनायी गयी साइंस लैब व साइंस पार्क को देखने के बाद सराहना की।
जिलाधिकारी के विद्यालय पहुंचने पर वहां पर पढ़ने वाले बच्चों रजनीकांत, स्वाती, अनमोल गुप्ता, संजना, स्वाक्षी, रेहान और शिवा ने विज्ञान लैब में प्रयोग करके दिखाए और मनीष के स्वरचित विज्ञान गीत को गाकर सुनाया, जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।जिलाधिकारी ने विद्यालय में जल संरक्षण के साथ–साथ एमपी थिएटर संकल्पना को वास्तविक रूप में देखा और मनीष को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष के ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की वैज्ञानिक सोच के प्रसार की सराहना करते हुए कहा कि जिस परिवेश में रहकर आज इन बच्चों को वैज्ञानिक बनाए जाने की नींव मनीष ने रखी है वह भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी। बाद में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण



किया और वहां की चाकचौबंद व्यवस्था को देखकर सराहना की है। मौके पर खंड विकास अधिकारी सहार मुनीश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सहार दाताराम के अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अरुणा त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार समेत शिक्षक सतीश कुमार, शिखा शुक्ला, रेखा पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## जहरीले सर्प ने ली युवती की जान युवती खेत मे कडे लेने गई थी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ, मैनपुरी
भोंगाव। कण्डे लेने गयी युवती को जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे युवती की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है। परिजनों ने थाने में सूचना देने के वाद शव का बिना पोस्टमाटर्म कराये उसका अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम कौतपुर निवासी बहादुर सिंह पुत्र ग्यादीन ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी 16 वषीर्य पुत्री लवली वीती सायं पांच बजे अपने घर से कण्डा लेने के लिये गयी थी। जैसे ही उसने कण्डे निकालने के लिये बटया में हाथ डाला बेसे ही किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। आनन फानन में परिजन उसे जिलाचिकित्सालय में लेकर गये। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने उसे सैफई रैफर कर दिया। अस्पताल के दरवाजे तक पहुंचते पहुंचते उसने दम तोड़ दिया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे बिना पोस्टमाटर्म कराये जहां उसे गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

## भौगाव में एक ही घर मे तीसरी बार चोरी सोती कानून व्यवस्था पड़ रही जनता के लिए भारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी
भोगांव। वृद्ध महिला ने अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर हजारों रूपयों



की चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी है। महिला ने चोरी की तहरीर पुलिस अधीक्षक उपजिलाधिकारी को भी दी है। महिला ने तहरीर में तीसरी वार घर में चोरी होने की जानकारी देते हुये चोरों द्वारा जानमाल के खतरे की संभावना व्यक्त की है। ग्राम स्योना निवासी आशा देवी ने पुलिस एंव अन्य अधिकारियो को दी गयी तहरीर में कहा है कि वीती रात्रि उसके घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने एक एलसीडी, डिस का सेटअप वॉक्स, सहित दो सोने की अंगूठी, 20 हजार रूपये की नकदी चोरी कर लिये हैं। तहरीर में पूर्व में भी दो वार घर से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किये जाने की बात कही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ की बैठक 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराए जाने के संबंध में की चर्चा

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी 19 जुलाई 2022, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव में आज विकासखंड भेटुआ में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक की। जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा लगाए जाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों के अभिभावकों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में बताएं और उन्हें झंडा लगाने के लिए जागरूक करें, शासन के निर्देशों के क्रम में उन्होंने बताया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर भी झंडा लगाया जाएगा और आंगनवाड़ी केंद्र पर आने वाले बच्चों को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अभ्यास भी कराया जाए।



## मा. मुख्यमंत्री जी ने स्व0 अभिषेक शरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

मा. मुख्यमंत्री जी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।
अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी 19 जुलाई 2022, मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद अमेठी की तिलोई विधानसभा से माननीय विधायक एवं राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी के निवास राजभवन तिलोई में उनके छोटे भाई स्वर्गीय अभिषेक शरण सिंह उर्फ लाल बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने शोक संतृप्त परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री जी के साथ मा. राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री अजीत सिंह पाल एवं मा. राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग श्रीमती रजनी तिवारी, विधान परिषद सभापति श्री मानवेंद्र सिंह, मा. विधायक रायबरेली आदित्य सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने मा. राज्यमंत्री जी के छोटे भाई स्व0 अभिषेक शरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। मा. मुख्यमंत्री जी के एसपीएन इंटर कॉलेज तिलोई स्थित हेलीपैड पहुंचने पर एडीजी लखनऊ जोन बृजभूषण, डीआईजी रेंज अयोध्या अमरेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



## घटना को अंजाम देने जा रहे चार बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की कार, तीन तमंचे और कारतूस हुए बरामद

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी,बिछवां में वाहन चेकिंग के दौरान चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की कार बरामद की गई। तीन तमंचे और कारतूस भी मिले हैं। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ की गई तो ये शातिर निकले। चारों आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए कार से जा रहे थे। मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेज दिया गया। बरामद कार और तमंचों को सीज किया गया है।
बिछवां पुलिस को मुखबिर से एक संदिग्ध वाहन के आने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने जीटी रोड पर आयी एक सफेद कार को रोकने की कोशिश की तो कार सवार पलिस को देखकर भागने लगे।



पुलिस ने पीछा कर फर्दपुर के निकट घेराबंदी कर कार सवार चार युवकों को पकड़ लिया और उन्हें थाने ले आयी। तलाशी में उनके कब्जे से तीन तमंचे और कारतूस भी मिले।
इनके कब्जे से जो कार मिली है वो चोरी की बताई गई है। चारों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और उन्हें जेल भेज दिया।

## रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सब्जी मंडी में रखें चाय के खोखे में जा घुसी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरीध्कुसमरा । नगर की सब्जी मंडी में बेवर की तरफ से आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर सब्जी मंडी में रखे चाय के खोखे में जा घुसी, जिससे वहां बैठे दो बच्चे गंभीर घायल हो गए। भीड़ ने चालक को पकड़कर मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर घायलों को उपचार के लिए किशनी अस्पताल भिजवाया।
मंगलवार की सुबह सात बजे बेवर डिपो की अनुबंधित बस संख्या यूपी 84 टी 1369 बेवर से इटावा जा रही थी। जैसे ही वह कुसमरा बस स्टैंड पर पहुंची तो बस नियंत्रण खो गया और सब्जी मंडी में रखी चाय की दुकान में जा घुसी। जिससे दुकान के सामने खड़े अमित पुत्र राधेश्याम उम्र 14 वर्ष निवासी गजियांपुर थाना बेवर व कुसमरा निवासी जैनब पुत्री अमरुद्दीन उम्र 9 वर्ष गंभीर घायल हो गए। भीड़ ने चालक को पकड़कर मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को



हिरासत में लेकर घायलों को उपचार के लिए किशनी सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए सैफई रैफर कर दिया। हादसे में एक ई रिक्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## पीड़ित महिला को ससुराल जनो ने मारपीट कर किया घायल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी,भोगांव। महिला ने शराबी पति जेठ, सास पर मारपीट कर घर से वाहर कर देने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसरोली निवासी सुमन पत्नी सतेन्द्र ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसका पति सतेन्द्र आये दिन शराब व गांजे के नशे में आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुये लाठी डण्डो से मारपीट करता है। उसका साथ जेठ किशन सिंह,



वीरेन्द्र यादव व सास विमला देवी देते हैं।
मंगलवार को प्रातः 6 बजे वह घर में काम कर रही थी। तभी ये सभी एक राय होकर आये और उसे गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे और मुझे पीट के घायल कर दिया। जिससे पहने हुये कपड़े भी फट गए इस प्रकार धक्के मारकर घर से वाहर निकाल दिया। जिसकी तहरीर मेने पुलिस को दी है तहरीर के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्र सप्ताह तैयारी बैठक संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता
बलरामपुर ! आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान जनपद के सभी घरों, सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यवसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर 3 लाख राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झंडे को फहराए जाने के कार्यक्रम के प्रभावी समन्वय हेतु जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा की स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद में सभी घरों, सरकारी कार्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों आदि पर तीन लाख तिरंगा फहराया जाएगा तथा सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन, साइकिल रैली, कृषि विज्ञान केंद्र पर किसानों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरण, अमृत सरोवर पर स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।
इस दौरान सभी कस्बा व ग्रामों में डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारियों द्वारा साफ सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कोई भी निजी शैक्षणिक संस्थान स्वतंत्र सप्ताह के दौरान बंद नहीं रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को तिरंगा निर्माण का लक्ष्य दिया गया



। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग स्वयं सहायता समूह से तिरंगा का निर्माण कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग हर घर तिरंगा अभियान की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले।
इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, डीपीआरओ निलेश प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या करके फरार चल रहे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में पत्नी की हत्या करके फरार चल रहे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो माह से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्होल से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाने लाकर पूछताछ की गई और उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में आरोपी सास को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।
ग्राम जगदीशपुर में दो माह पूर्व 15 मई को रोशनी का शव फांसी पर लटका मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया तो गला दबाकर उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस हत्यारोपी सास को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। लेकिन पति प्रबल उर्फ सूरज पुत्र अम्बरीश फरार चल रहा था। मंगलवार की सुबह 9 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## 'प्रधान की कविता का शीर्षक हो रहा वायरल लोग कर रहे जमकर तारीफ

### कविता का शीर्षकः अब तौ कुछ बरसा भगवान

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव फुरसतगंज अमेठी।
अमेठी जिले की चर्चित ग्राम सभा पीढ़ी जो कि बहादुर पुर ब्लाक के अंतर्गत आती है।अगर पीढ़ी ग्राम सभा की मौजूदा स्थिति की बात करें तो अपने आप में कई इतिहास को संजोए हुए है। जहां आस्था के केन्द्र के रूप में तपेश्वर नाथ बाब का रमणीक स्थान है जहां जिले के अलावा अन्य जिलों से आकर लोग अनेक प्रकार के अनुष्ठान करते हैं जहां प्रत्येक दिन कोई न कोई कार्यक्रम संचालित होता रहता है वहीं अगर राजनीति के क्षेत्र की बात करें तो कई राजनैतिक सूरमाओं की भी धरती रही जिन्होने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। वहीं इस बार के पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए पीढ़ी ग्राम सभा के युवा लोक प्रिय प्रधान मनोज मौर्या ने सोशल मीडिया पर एक कविता लिखी है जो वर्तमान के परिदृश्य मौसम पर लागू है कविता के भाव मे उन्होंने किसान भाईयों के आंकाक्षाओं को व्यक्त किया है अगर कविता के पंक्तियों की बात करें तो पंक्तियां इस प्रकार है–



,अब तौ कुछ बरसा भगवान,
ऊँचे खाले केतना सींची,
सींचि के केतना होए धान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

बीत चिरइया, लाग असरेखा,
बीत समय ई देखी देखा।
अब सब जने अही परेशान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

इंटरनेट पै रोज देखावय,
धरती तक बूँदौ ना आवय,
झूठा भा मौसम विज्ञान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

होत सबेर चलाई इंजन,
अब खेतेन मा दतुइन मंजन।
मेडे पै बइठा अही भुखान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

डाइ दिहिन धाने मा खाद,
उडि गै ओदी ओहके बाद।
उज्जर होइगा खेत झुरान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

खेतेन मा जकरेटी घास,
देखि के ओहका फूलय साँस।
केतना निरवावय किसान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।

खर्चा बहुत अहय निरवाई,
कीतौ एहमा परय दवाई।
कुछ दिन का बैठाए धान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

फरुहा ली घार जाइ काटी,
सींचेव खेत लगे नहिं माटी।
मेंडन पै कीरा उतिरान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

आरी बगल तौ छिट्टव मारया,
प्रतापगढ़ से केहा किनारा।
ऐस काहे बाट्या रिसियान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

छोडि नौकरी कै लीन खेती,
परिन चपेटे, तौ बुद्धि चेती।
ऐस खेती से पकडिन कान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

अब छोडिके गाँव शहर का भागी,
ई तो हमका नीक ना लागी।
अपनी माटी मा बसा है प्रान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

गरदा घामे रंग करियान,
सूखि गै देहिंया, अही निमरान।
जियत अही बस कउनौ खान।
अब तौ सुधि लइला भगवान।।

आई गुड़िया परि गवा झूला,
गोझिया सोहारी मा टेंशन भूला।
फिर ई टेंशन रहे बिहान।
अब तौ कुछ बरसा भगवान।।

वहीं कविता के वायरल होते ही , समाजसेवी , प्रवेश सिंह, वीरेंद्र सिंह,पम्मू तिवारी, अशोक महराज, लाल प्रताप उर्फ सुग्गी सिंह , ब्रजेश बाबा,जबर सिंह, संग्राम सिंह, आदि सैकड़ों लोगों ने जमकर तारीफ की।

## नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला,मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर पीट-पीटकर हत्या करने का लगाया आरोप

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर अघार में नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की खबर पाकर ससुरालीजन घर से भाग निकले। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर पीट–पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।
एलाऊ पुलिस को तहरीर देकर ओमप्रकाश यादव निवासी सरोहानगर थाना सौरिख जनपद कन्नौज ने जानकारी दी कि उन्होंने अपनी पुत्री संध्या की शादी 24 जनवरी 2022 को रजनेश यादव पुत्र प्रमोद कुमार यादव निवासी लालपुर के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में बोलेरो कार और 5 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन रजेनश पुत्र प्रमोद, पंकज पुत्र प्रमोद, प्रमोद पुत्र रामदुलारे, पंकज की पत्नी, पंकज की मां ने संध्या की पीट–पीटकर हत्या कर दी और शव फांसी के फंदे पर लटका दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## 52 वर्षीय बृद्ध का शव पेड़ पर लटका मिला

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ, मैनपुरी
भोगांव। एक दिन पहले घर से बिना बताये गये अधेड़ का शव ग्राम गोविंदेपुर के नजदीक ईसन नदी के किनारे एक पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक के पुत्र ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना एलाऊ क्षेत्र के ग्राम म्योराचक अब्दुल्लापुर निवासी बबलू पुत्र रजनेश ने थाना पहुचकर रिपोर्ट दज करायी है कि उसका 52 वर्षीय पिता रजनेश कुमार पुत्र उजागर लाल वीते सोमवार को प्रातः 5 बजे घर से एक रिस्तेदारी में जाने की बात कहकर निकले था। देर रात्रि तक जब वह बापस नहीं आये तो रिस्तेदारी में पता करने पर भी उनका कहीं पता नहीं चल सका। खोजबीन करने पर उनका शव ग्राम गोविंदेपुर के नजदीक ईसन नदी पर एक आम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोटमार्टम के लिये भेजा है। इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र बहादुर ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया है। पुत्र की ओर से सूचना दी गयी है। रिपोर्ट आने के वाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## शांतिभंग में युवक को किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी,भोगांव। थाना पुलिस ने शातिंभग करने के आरोप में मोहल्ला मोहम्मद सईद निवासी इमरान, जमील पुत्र इकबाल तथा ग्राम लखनपुर निवासी कमलेश बंजारा पुत्र हजारीलाल को बंदी बनाकर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया है।
वहीं पुलिस ने विभिन्न अपराधो में वांछित चल रहे वांरटी मिथलेश पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम भैंसरोली को उसके घर से बंदी बनाकर जेल भेजा है।

## शिव और सावन

सावन शिव हुए अवतरित धरती पर
सावन में निज ससुराल गए
हुआ अर्घ्य और जलाभिषेक से स्वागत
भाँग – धतूरे से मलामाल हुए

मान्यता है के सावन में
बाबा आते ससुराल
यश, कीर्ति, धन, वैभव से
भक्तों का रखते खयाल

तप घोर किया था सावन में
मार्कण्डेय ने जीता था यम को
शिव कृपा करें इस सावन में
आदमी साधे निज संयम को

समुद्र मंथन हुआ था सावन में
रत्नो में था हलाहल निकला
विश्व का कल्याण हुआ
जब महादेव ने गरल निगला

शिव स्वयं हैं जल कहता है ये
सदियों से शिव का पुराण
शिव की प्रकृति समझ गए तो
नहीं चाहिए कोई प्रमाण

सावन में ही विष्णु प्रभु
होते योगनिद्रा में लीन
फिर प्रकृति संचालक के पद पर
शिव होतें हैं आसीन

सावन में बाबा की कृपा
सबपर बरसे अपरम्पार
बाबा ऐसे ही करते रहें
सकल जन का हरदम उद्धार

–सिद्धार्थ गोरखपुरी

विधा:काव्य

## रिश्ते

लेखिका नूतन राय आजमगढ़,उत्तर प्रदेश

आज बदलती दुनिया में,
रिश्तों का रूप है बदल गया।
सारा रिश्ता आज के दौर में,
धन– दौलत में सिमट गया ।।

नाना–नानी, दादा–दादी,
का प्यार बहुत भाता था।
गोद में सिर रख उनके,
जन्नत का सुख मिल जाता था।।

दादा– दादी, नाना– नानी ,
से अब मिलने को वक्त नहीं।
इस रंग बदलती दुनिया में,
पैसों से बड़ा कोई और नहीं।।

अब हर रिश्ते की माप– तोल,
धन –दौलत से की जाती है।
प्रेम – स्नेह की महक किसी,
रिश्ते से नहीं आती है।।

कागज के टुकड़ों की कीमत,
दुनिया में सबसे ज्यादा है।
हर रिश्ते में स्वार्थ छिपा,
नहीं नेक किसी का इरादा है।।
जब दुःख की घड़ीयां आती है, धन दौलत काम नहीं आता।
तब याद सताती अपनों की, तब काम यही रिश्ता आता।।

## "ज्योतिपुंज प्रकाश स्वरूप : गुरु"

अज्ञान और तिमिर के विनाशक होते है गुरु।
ज्ञानपुंज के प्रकाशक होते है गुरु।।
सत्य का साक्षात्कार स्वरूप है गुरु।
धर्म के उपासक होते है गुरु।।
ईश्वर के अस्तित्व का बोध कराते है गुरु।
मन के संशय के निवारक है गुरु।।
अनवरत समस्याओं का समाधान करते है गुरु।
जीवन कौशल के उत्तम जनक है गुरु।।
ज्ञान पिपासु बनाते है गुरु।
संगत से रंगत बदलते है गुरु।।
सपनों को साकार स्वरूप देते है गुरु।
उत्तम गुणों के शिल्पकार है गुरु।।
संस्कारों के रचयिता होते है गुरु।
जीवन को नित नवीन रंग देते है गुरु।।
ज्योतिपुंज के प्रसारक होते है गुरु।
जीवन पथ को देदीप्यमान करते है गुरु।।
जीवन की मति और गति के निर्धारक है गुरु।
जीवन में सम्मान दिलाते है गुरु।।
ईश्वर के ही दूत होते है गुरु।
अध्यात्म का मार्ग प्रशस्त करते है गुरु।।
विचारों की आधारभूमि है गुरु।
योजनाओं को क्रियान्वित करते है गुरु।।
सतत विकास और प्रगतिशीलता देते है गुरु।
पुनीत परम्पराओं के संवाहक है गुरु।।
उत्तरदायित्व निर्वहन का आह्वान है गुरु।
डॉ. रीना कहती, उत्तम नींव के जनक है गुरु।।

डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)




# प्राथमिक विद्यालय नगला उदई में सम्पन्न हुआ सर्प पहचान कार्यक्रम

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये कार्यरत संस्था ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) के द्वारा स्कूल सेफ्टी (एसएस),स्कूल डिजास्टर मेंनेजमेंट प्लान (एसडीएमपी) के तहत राज्य आपदा विषयक सर्प पहचान,सर्पदंश उपचार व सर्पों का महत्व विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय नगला उदई, ब्लॉक बढ़पुरा में आयोजित हुआ। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता,पर्यावरण एवं वन्यजीव के ब्रांड एम्बेसडर एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर,वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने कई बच्चों व स्कूल स्टाफ को पोस्टर के माध्यम से सर्पो से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुये बताया कि,भारत मे सर्पदंश से प्रत्येक वर्ष में लगभग 50,000 लोग असमय ही मर जाते है जिनमे से ज्यादातर लोग सही इलाज की जानकारी न होने से ही मरते है। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में मिड डे मील की रसोई एक ऐसी जगह है जहाँ पर अक्सर ही चूहे आते रहते है व उन्ही चूहों को सूंघकर उनके पीछे अक्सर सर्प भी विद्यालय में चले आते जाते है। अतः हमे स्कूल की रसोई को साफ रखने का पूरा प्रयास करना चाहिये। स्कूल की रसोई के साथ स्कूल के स्टोर रूम को खोलते वक्त भी इस मौसम में वेहद सावधान रहें। स्कूल परिसर को साफ रखें बड़ी घास व झाड़ियां क्लास रूम के आसपास हों तो उन्हें कृपया हटवा दें। वैसे तो छोटे बड़े सर्प अक्सर ही हमारे आस पास हमे कभी भी दिखाई दे ही जाते है और हम सब उन्हें देखकर हम बेहद भयभीत भी हो जाते है या कभी कभी अनजाने में हम सर्पदंश का शिकार भी हो जाते है लेकिन ऐसी स्थिति में हमे बिल्कुल भी घबराना नही है क्यों कि, हमारे आस पास दिखाई देने वाले सभी प्रकार के सर्प जहरीले ही नही होते है। सभी सर्प किसान मित्र भी होते है जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते है। सम्पूर्ण भारत मे पाई जाने वाली खतरनाक बिग फोर प्रजाति में से केवल कोबरा,करैत व रसल वाइपर को ही अब तक इटावा जनपद में देखा गया है। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर ओशन इटावा डॉ पीयूष दीक्षित ने बच्चों को प्रश्नोत्तरी पहर में सामाजिक अंधविश्वास विषय पर जागरूक किया व कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कर अंधाविश्वास दूर किया। प्रधानाध्यापिका जया भास्कर ने संस्था ओशन को इस प्रकार की बेहद महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिये विशेष धन्यवाद देते हुए कहा





कि,आज का यह जागरूकता कार्यक्रम बेहद ही अनूठा व ज्ञानवर्धक रहा इस आयोजन से हमारे विद्यालय के बच्चों का सर्पों के प्रति भय अब बिल्कुल ही समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि, मेरा मानना है कि,इस प्रकार का महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम सभी विद्यालयों में भी आयोजित होना चाहिये जिससे कि समाज मे सर्पदंश व इलाज के प्रति जागरूकता बढ़े व ग्रामीण इलाकों में फैला अंधविश्वास खत्म हो सके व लोगो की समय से जान बच सके। आज इस विद्यालय के बच्चों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से सर्पों को पहचानने के साथ सर्पदंश के बाद का जरूरी प्राथमिक उपचार व पट्टी करना भी सीखा उन्होंने यह भी जाना कि सर्पदंश के बाद इलाज के लिये कहाँ जाना चाहिये और बच्चों ने यह भी जाना कि,सर्पदंश का एकमात्र इलाज एंटीवेनम ही होता है। यह जानकारी पाकर सभी बच्चे बेहद ही खुश व जागरूक हुये है। जागरूकता कार्यक्रम में सहा0 अध्यापिकाओं व शिक्षामित्र में अंशु वर्मा, रेनू परमार,दीप्ति मिश्रा,अंजली दुबे,सुरुचि,पूनम यादव,रश्मि देवी,उपासना आदि मौजूद रही।

# मण्डलायुक्तकी अध्यक्षता में नगर-निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन



लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा शहर में की जा रही साफ–सफाई की व्यवस्था को लेकर आयुक्त सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नवत बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वह अपनी देख–रेख में नगर की सफाई व्यवस्था को देखें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाओं का छिड़काव करायें। उन्होंने कहा कि जहां बच्चे अधिक संक्रमित हो रहे है वहां पर एक टीम तैनात कर सफाई व्यवस्था की जायें।

शुद्ध पेयजल के लिये भी टीम लगाकर पेय लगाकर पेयजल उपलब्ध किया जाये। रोड़ की साफ सफाई ससमय करा लिया जाए, रोड की सफाई 10:00 बजे से पहले हो जाना चाहिए नही तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा घने बाजार वाले इलाके में साफ–सफाई की वयवस्था को गंभीरता से लें और कौन गाड़ी किस रूट पर चल रही उसके बारे में विधिवत जानकारी रखो, और जी0पी0एस0 जिस गाड़ियों में नहीं लगे हैं उन गाड़ियो में तत्काल लगवायें, इसमें किसी प्रकार की हिला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने इको ग्रीन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कूड़े के निस्तारण के लिए क्षमता बढ़ाने के साथ–साथ जिम्मेदारी से कार्य करें तथा जंग लगी गाड़ियां रोड पर न चले उनका डेंटिंग पेंटिंग करा लें, कूड़े लेकर जाते समय गाड़ियां रास्ते में न रुके, नियमित रूप से देखरेख करें और मास्टर प्लान के साथ साफ–सफाई का कार्य करें तथा साथ में सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करा लें कि कितने कूड़े की गाड़ियां रोड़ पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर गाड़ियों को सही करवा के डेटिंगध्पेन्टिग करवा लें और कण्डम गाड़ियों को हटा दिया जाये और आवश्यकतानुसार नई गाड़ियां खरीद लिया जाये।

इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री अभय पाण्डेय व सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवन से लक्ष्य प्राप्त करेंगे एनसीसी कैडेट. कर्नल सुनीत सिंह शौर्य चक्र



अयोध्या। 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वाधान में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर जो डोगरा रेजीमेंट फैजाबाद अयोध्या में चल रहा है यह गोंडा जनपद के युवा कैडेटों के लिए प्रशिक्षण कौशल हेतु एक सुनहरा अवसर गोंडा 48 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी शौर्य चक्र प्राप्त कर्नल सुनीत सिंह के नेतृत्व में एनसीसी के कैडेटों को भारतीय सेना द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है स्वयं कमान अधिकारी द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों को बारीकियों से बताते हुए उचित मार्गदर्शन देने का कार्य कैडेटों को करते हैं प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट सेना के हथियारों के साथ ट्रेनिंग ले रहे हैं प्रशिक्षण शिविर में गोरखपुर ग्रुप के कैडेटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो राज्य स्तर पर आयोजित थल सैनिक कैंप मैं प्रतिभाग करेंगे उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित थल सैनिक कैंप में गोरखपुर ग्रुप का नाम रोशन करेंगे ग्रुप द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे करें कैडेटों को कर्नल सुनीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासित जीवन से हम किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं और हमारे एनसीसी कैडेट देश के भावी भविष्य हैं जो अपने बटालियन के साथ गोंडा जनपद का भी नाम रोशन करेंगे प्रशिक्षण शिविर में मेजर राजेश द्विवेदी मेजर राजाराम लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्रा प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

# घाटमपुर ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया जागरुक

कानपुर। आज दिनांक 19 जुलाई 2022 को घाटमपुर ब्लॉक में (दिव्य जननी सुरक्षा )कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर श्रीमती सरोज सिंह जी ने सभी आंगनवाडी कार्यकत्रियो का स्वागत करके किया आयोजित कार्यक्रम में सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी द्वारा संचालित कार्यक्रम साझा प्रयास नेटवर्क की परियोजना अधिकारी श्रीमती मंजू लता दुबे ने सभी उपस्थित लोगों को सुरक्षित गर्भ समापन की जानकारी तथा एमटीपी एक्ट संशोधित 2021 में क्या बदलाव आए इसकी जानकारी इसी क्रम में स्थाई गर्भ निरोधक उपाय महिला नसबंदी तथा पुरुष नसबंदी एवं अस्थाई गर्भनिरोधक साधनों जैसे आईयूसीडी माला एन ,छाया , अंतरा , कंडोम आदि की जानकारी ताकि बच्चों में अंतर बनाया जा सके। मां का बच्चे दोनों साथ रह सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को जानकारी दी कि साझा प्रयास नेटवर्क विगत 4 वर्षों से महिला स्वास्थ्य



एवं सुरक्षित गर्भ समापन एवं गर्भनिरोधक साधनों के चयन की जागरूकता पर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी के सुपरवाइजर श्रीमती सरोज सिंह सुपरवाइजर मोना सिंह सुपरवाइजर नीलम सचान तथा साझा प्रयास से मंजू लता दुबे सहित 175 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया उपस्थित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रशासन के निर्देशन में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद





ग्राम पंचायत गाजीपुर में नोडल अधिकारी निर्देशन में 125 परिवारों में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में आशा, प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका, आंगनवाड़ी सहायका, पंचायत सहायक आदि ने प्रातः से संचारी रोगों की प्रति प्रचार–प्रसार करते हुए लोगों का जागरूक किया। इस दौश्रान कूलर, फ्रीज, गमले, नांद, टायर, मटके आदि में से रुका हुआ लारवा युक्त गंदा पानी को खाली कराया गया। ओर वही जहाँ पानी को ढक कर गया उनको भी चेक किया और परिवार की प्रशंसा की अभियान को सफल बनाने में ग्राम प्रधान और निगरानी समिति के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज पलिया का सहयोग रहा।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरो/टूंडला– शादी का झांसा देकर एक युवक लम्बे समय से युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। इतना ही नहीं युवक ने उसका अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवती ने उक्त युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

युवती द्वारा लिखायी गयी रिपोर्ट के अनुसार वह अपने पडोसी के साथ एक शादी में आगरा गयी थी वहीं पर उसकी मुलाकात अजीत पुत्र बुद्धसिंह निवासी मोहल्ला रिसाला नगर निगम के पीछे भरतपुर थाना मथुरा गेट से हुई। उसने युवती से उसका व्हाटसअप नम्बर ले लिया। इसके बाद युवती से मीठी मीठी बातें करने लगा। उसने युवती को शादी का झांसा भी दिया। इसके बाद वह अपने दोस्त राजा के साथ मलपुरा ले गया। जहां पर उसके साथ उसने दुष्कर्म किया।

इसी दौरान उसने उसकी वीडियो भी बना ली। इसके बाद कई बार युवक ने उसको अलग अलग स्थानों पर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने युवक से शादी के लिये कहा तो उसने साफ इंकार कर दिया। इसके बाद युवती ने उक्त युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### प्रतिबंधित पालिथीन बरामद कर, लगाया तीस हजार का जुर्माना



रिपोर्ट–राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद– मंगलवार नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया।

प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक लगाने को नगर निगम द्वारा लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है। साथ ही शहर की जनता को प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की जा रही है। इसके बाद भी दुकानदार और ग्राहक प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग करना बंद नहीं कर रहे। प्रतिबंधित पॉलथिन पर रोक लगाने के लिए नगर निगम की टीम के द्वारा मंगलवार को रसूलपुर क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सुभाष चंद्र गुप्ता के यहां से 155 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद होने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं प्रेमनगर रसूलपुर क्षेत्र में दुकान करने वाले विकास गुप्ता के पास से नौ किलो से अधिक प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों दुकानदारों से नगर निगम की टीम ने 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूल करने के साथ ही प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की। नगर निगम की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन हटाते नजर आये। इस दौरान नगर निगम की टीम के साथ प्रर्वतन दल की टीम मौजूद रही।

### जनपद से रवाना हुए अमरनाथ यात्री



चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

बकेवर, इटावा। अमरनाथ यात्रा के लिऐ यात्री हुऐ रवाना नगर पंचायत अध्यक्ष व नगर के समाजसेवियों सहित भाजपा नेता ने फूलमाला पहनाकर उनकों अमरनाथ यात्रा के लिऐ किया रवाना। कस्बा बकेवर व लखना से सुरेन्द्र बाबू निवासी लखना उत्कर्ष पोरवाल, अमित पोरवाल, दीपू सहित कुल सात यात्री अमरनाथ यात्रा के लिऐ हुऐ रवाना। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद दोहरे,व्यापार मण्डल अध्यक्ष शीलू शर्मा,भाजपा नेता बृजेश शर्मा, अनील तिवारी सभासद,नवल किशोर पाठक, सपा नेता राहुल तिवारी, सुरेश कुमार,अकिंत पाठक,सौभाग्य चतुर्वेदी,अनिल चौधरी ने अमरनाथ यात्रियों को फूलमाला पहनाकर यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। सभी यात्री मंगलवार व शनिवार को चलने वाली बिशेष ट्रेन उधमपुर प्रयागराज एक्सप्रेस से जम्बूतवी पहुंचेगे उसके बाद वहाँ से आगे की यात्रा तय करेगे।

### रोजगार मेले का आयोजन

कानपुर देहात 19 जुलाई 2022

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रसूलाबाद एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा पुरूष / महिला बेरोजगारों के लिए दिनांक 21/07/2022 स्थान आई०टी०आई० परिसर बरनपुर कहिजरी रसूलाबाद कानपुर देहात में प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण आवश्यक हैं। जिसे सरल प्रक्रिया द्वारा बेवसाइड WWW.SEWAYOIAN.UP.NIC.IN से किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने पंजीयन आई०डी० की सहयता से उपरोक्त बेवसाइड पर लॉगिन करें एवं रिक्तियों की जानकरी प्राप्त कर उनके मानकों आधार पर दिनांकरू 20/07/2022 तक ऑनलाईन आवेदन करे। नोट– यह रोजगार मेला पूर्णतया ऑफलाइन है। इसमें अभ्यर्थियों को नियोजकों / कम्पनियों से साक्षात्कार के लिए आई०टी०आई० परिसर में उपस्थित होना हैं। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी अंजलि शर्मा ने दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## विवि परिसर में काट डाले गए दो दर्जन प्रतिबंधित पेड़

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर में भारी मात्रा में विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत से प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों को बिना किसी विधिक कार्यवाही के अवैध कटान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतों के बाद स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे डीएफओ शीतांशु पांडे ने डेढ़ दर्जन शीशम एवं सागौन की काटी गई लकड़ी को कब्जे में लेने के निर्देश मातहतों को दिए हैं। उन्होंने विभागीय कार्यवाही किए जाने के आदेश भी दे दिए हैं। उधर अगर अपनी चोरी छिपाने में लगे विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी आनन–फानन में प्रकरण में कार्यवाही किए जाने हेतु अपने रिपोर्ट कुलपति को भेज दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के संपत्ति विभाग की ओर से बीते 28 जून 2022 को विश्वविद्यालय परिसर में 13 स्थलों पर पेड़ों से टूट कर गिरी टहनियों एवं डालो की 70 कुंटल 50 किलो ग्राम लकड़ी बिना वन विभाग से मूल्यांकन कराएं गुप चुप रूप से मनमाने ढंग से कुमारगंज निवासी अपने चहेते लकड़ी ठेकेदार ओमप्रकाश तिवारी के हाथों मात्र 20 हजार रुपए में नीलम कर दिया था। लकड़ी ठेकेदार पर संपत्ति अधिकारी की ऐसी कृपा बरसी कि बेअंदाज और मनबढ़ ठेकेदार ने बीते 4 दिनों के अंदर विश्वविद्यालय परिसर स्थित गंगा यमुना छात्रावास के बगल एवं डीएवी कॉलेज के मैदान में स्थित दो दर्जन भारी–भरकम विशालकाय शीशम तथा आधा दर्जन सागौन के भारी पेड़ों को काट कर गिरा दिया। ठेकेदार के लकड़ी लदे वाहन को संपत्ति अधिकारी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने हेतु गेट पास भी जारी किया जाता रहा। मामला बीते सोमवार को उस वक्त पकड़ में आया जब विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी आर के सिंह ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर ट्राली को रोक कर छानबीन की छानबीन के दौरान बिना किसी भी प्रकार की अनुमति एवं आदेश के अवैध कटान का मामला उजागर हुआ। मामले की जानकारी मिलते हैं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह विक्की ने प्रकरण की शिकायत अयोध्या सांसद लल्लू सिंह से कर डाली। मामला संसद के संज्ञान में पहुंचते ही उन्होंने डीएफओ सीतांशु पांडे को मौके पर भेज दिया। कृषि विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे प्रभागीय वन अधिकारी कुमारगंज रेंजर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं वन कर्मियों की टीम के साथ अवैध कटान किए गए स्थल का निरीक्षण किया जहां उन्होंने भी बिना किसी अनुमति एवं मूल्यांकन सहित नीलामी के अवैध कटान पकड़ा। उन्होंने मामले में विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को दिए। अवैध कटान की जानकारी मिलते ही इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

उधर फजीहत और अपनी गर्दन नपती देख कुलपति के पास पहुंचे और सारी कहानी बयां कर दी। जिस पर कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने उद्यान विभाग के प्राध्यापक डॉ संजय पाठक, संपत्ति अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी आर के सिंह सहित वित्त नियंत्रक कार्यालय के एक नामित सदस्य की संयुक्त जांच कमेटी गठित कर दी। जांच कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण के दौरान टीम में संपत्ति अधिकारी अन्य टीम के सदस्यों के सवालों पर निरुत्तर दिखे। स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे डीएफओ के सवाल पर संपत्ति अधिकारी ने बताया कि आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा कायम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उधर डीएफओ ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से की गई नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह से गलत थी। क्योंकि बिना वन विभाग की ओर से मूल्यांकन कराए विश्वविद्यालय परिसर स्थित किसी भी पेड़ की नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराना पूरी तरह से अनियमित है।

## न करें दांतों की अनदेखी, हो सकते हैं गंभीर रोग : डॉ संध्या सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स पवन कुमार संवाददाता अयोध्या

अयोध्या। दांत दर्द को मामूली बीमारी मानकर जो लोग नजर अंदाज कर देते हैं। लेकिन बाद में यही अन्य रोग जैसे पायरिया, कैविटी, मसूड़ों में दर्द के जरिए किसी बड़े रोग के रूप में सामने आता है। कई बार हम दांत दर्द को मामूली दर्द समझ लेते हैं। लेकिन बाद में यही अन्य रोग जैसे पायरिया, कैविटी, मसूड़ों में दर्द के जरिए किसी बड़े रोग के रूप में सामने आता है। इसलिए दांत दर्द को कभी भी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पर तैनात दांतों की बीमारी के बचाव के लिए विशेष तौर पर जानकारी दे रही है महिला चिकित्सक डॉ संध्या सिंह ने कहा कि दांतों को ब्रश और फ्लोसिंग सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम नियमित अपना डेंटल चेकअप कराएं। हमें दांतों और मसूड़ों के बीच वाले हिस्से को इंडेक्स फिंगर तर्जनी अंगुली से मसाज करना चाहिए। इस जगह पर अपनी उंगली को गोलाई में घुमाकर मसाज करें। इस तरह मसाज करने से मुंह में चिपके भोजन के टुकड़े तो निकलते ही हैं साथ दांत और मसूड़े भी मजबूत होते हैं। और ब्लड फ्लो भी ठीक रहता है। दिन में दो बार ब्रश करना बेहद जरूरी है। जब भी हम कुछ खाते पीते हैं। हमारे दांतो पर उसकी एक पतली परत जम जाती है।इससे हमारा डेंटल इनेमल नष्ट होने लगता है। मीडिया से बात करते हुए डॉ संध्या सिंह ने बताया कि दांतों में सड़न की समस्या बहुत तेजी से फैल रही है। हमारे लार में कुछ ऐसे शक्तिशाली पदार्थ होते हैं जो दांत पर जमें इसमेल और एसिड को प्रभावहीन कर देते हैं। लेकिन रात में हमारा मुंह लम्बे समय तक बंद रहता है। इस दौरान मुंह में लार बहुत कम बनता हैं। जिससे यह एसिड से दांतो का बचाव नहीं कर पाता है। इसलिए यह भी जरूरी है कि रात मे सोने से पहले दांतो की अच्छी तरह सफाई करें। मुंह को साफ रखने के लिए अच्छे माउथवाश से कुल्ला करना चाहिए। माउथवाश में फ्लोराइड की मात्रा होती है। जो दांतो को क्षय होने से बचाती है। दाँत दर्द होने पर नजर अंदाज न करें, बल्की दांतों की सफाई बाहरी व अंदरूनी दोनों रूप में होनी चाहिए। कई बार संक्रमण से दर्द लंबे समय तक रहता है। इसमें दर्दनिवारक व एंटीबायोटिक दवाएं असरहीन हो जाती हैं। हाइजीन को ध्यान में रखते हुए दांतदर्द को मामूली न समझें। यह अंदर ही अंदर किसी बीमारी का रूप ले सकता है। हो सके तो दो बार ब्रश की आदत डाले, दांत संबंधी व मसूड़ों का आम रोग है पायरिया। यह दांतों के प्रति लापरवाही से होता है। ब्रश करते



समय मसूड़ों से खून आना लक्षण है। इसमें दांतों के आसपास की मांसपेशियां संक्रमित हो जाती हैं। जिनमें बैक्टीरिया की संख्या बढ़ने से बदबू आने लगती है। दांतो की सफाई का दें पूरा ध्यान, दांतो में कीड़ा लगना असल में दांतों का कमजोर होना है।

इसमें बैक्टीरिया दांतों की परत को हटा देते हैं। नियमित सफाई से बचाव हो सकता है। आमतौर पर कीड़ा लगने का पता नहीं चल पाता। लेकिन दांत में तेज दर्द होने की स्थिति में डॉक्टर से चेकअप के दौरान यह समस्या सामने आती है। इसमें दांत की ऊपरी मजबूत परत कमजोर पड़ने से नष्ट हो जाती है व दांत के अंदर तक का हिस्सा खराब होकर खोखला हो जाता है। ऊपर से सिर्फ काला बिंदु दिखता है। पीछे के दांतों में खाना फंसने से इनमें कीड़ा जल्दी लगता है। सफाई जरूरी है। जब किसी के टेढ़े–मेढे दांतों– के रोगों में उनका टेढ़ा–मेढ़ा होना भी एक बड़ी बीमारी है। आमतौर पर दांतों में तार बांधकर (ब्रेसेज) उन्हें सीधा कर सकते हैं। अक्सर लोग टेढ़े–मेढ़े दांतों पर ध्यान नहीं देते। इनमें खाना फंसने से बदबू आने और कीड़ा लगने की आशंका बढ़ जाती है। मुंह में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें तंबाकू की एहम भूमिका है। लेकिन दांत यदि नुकीला है और इससे बार–बार गाल या मुंह की चमड़ी कट रही हैं तो कैंसर की आशंका रहती है। इसके लिए जरूरी यह है कि नुकीले दांतों को या तो ग्राइंड कर स्मूथ कर दिया जाए या फिर ऐसे दांत को निकाल दिया जाए। इस संबंध में परेशानी होने पर तुरंत दंत चिकित्सक के पास जाकर सलाह ली जानी चाहिए।

## आईटीआई परिसर में रोजगार मेला कल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 21 जुलाई को प्रातः 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियां सुजुकी मोटर्स की ओर से एच0आर0वी0एस0 इंडिया प्राइवेट लि0 एवं ब्राइट फयूचर ऑरगैनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्राइवेट लि0 प्रतिभाग किया जायेगा। एच0आर0वी0एस0 इंडिया प्राईवेट लि0 द्वारा सुजुकी मोटर्स के लिए स्टूडेंट ट्रेनी पद हेतु शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल 50 प्रतिशत अंको से पास 18 से 21 वर्ष के आयु के अभ्यार्थियों एवं एफ0टी0सी0 पद हेतु 40 प्रतिशत हाईस्कूल में एवं 50 प्रतिशत आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, टूल एण्ड डाई मेकर) वर्ष 2015 से 2021 तक पास अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष के बीच हो तथा ब्राइट फयूचर प्राइवेट लि0 में डिस्टिक प्रोजेक्ट मैनेजर पद हेतु शैक्षिक योग्यता स्नातक पास अभ्यर्थी जिनकी आयु 22 से 55 वर्ष के बीच हो वे प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण अनिवार्य है। तत्पश्चात रोजगार मेला आईडी 5917 पर आनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हों। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नही है।

## निबोहरा के नगरिया में हरे पेड़ों को ट्रैक्टर से उखाड़ा, वीडियो हुआ वायरल, वन विभाग ने शुरू की जांच

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम नगरिया में एक दबंग के स्वामी ने हरे पेड़ को ट्रैक्टर से उखाड़ दिया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने वन विभाग के कर्मचारी को भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निबोहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दबंग खेत स्वामी ने ट्रैक्टर से हरे पेड़ को उखाड़ दिया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो निबोहरा क्षेत्र के ग्राम नगरिया का बताया जा रहा है।इस मामले में अधिकारी सिकंदर सिंह ने संज्ञान लेते हुए कर्मचारी भेजकर मामले की जांच कराए जाने की बात कही है। साथ ही दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा।

## डाकघर में 299 रूपये में होगा 10 लाख का बीमा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। महंगी प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के एक विशेष सामूहिक दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है जिसमें वर्ष में महज 299 और 399 रूपये की प्रीमियम के साथ लाभार्थी का 1000000 रूपये का बीमा होगा 1 साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक या किसी डाकघर से लाभ लिया जा सकता है । उक्त जानकारी प्रवर अधीक्षक डाकघर पीके सिंह ने दिया साथ ही यह भी बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और टाटा एआईजी के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह सामूहिक दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी जिससे इसके तहत दोनों प्रकार की बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु अस्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता विच्छेद या पैरालाइज होने पर 1000000 रुपए का खबर मिलेगा साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60000 रूपय्रे तक का खर्च और ओपीडी में 30000 रूपये तक का क्लेम मिलेगा वहीं 399 रूपये के प्रीमियम बीमा में उपरोक्त सभी लाभों के अलावा दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख तक का खर्च 10 दिन अस्पताल में रोजाना 1000 खर्च किसी अन्य शहर में रह रहे परिवार हेतु पासपोर्ट का 25000 रूपये तक का खर्च और मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए 5000 तक मिलेगा पंजीकरण के लिए लोग अपने नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं इसके तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को कवर करने हेतु इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा मिशन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा । इस दौरान दर्जनों लोगों ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के टाटा एआईजी की 299 की पॉलिसी अपनाया । किसी ही प्रकार की जानकारी के लिए शाखा प्रबंधक अद्वैत टण्डन के 7275997938, निशांत त्रिपाठी 9170000560 मौजूद रहे।

## आगरा रेडीमेड गारमेंट फेयर में हुए पहले दिन सत्तर करोड़ के ऑर्डर बुक

- पहले दिन आये पैतालीस नए ब्रांड, ट्रेडर्स व मेनिफेकचर्स में दिखा उत्साह

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। फतेहाबाद रोड स्थित होटल क्लार्क शीराज में आगरा रेडीमेड गारमेंट संगठन की ओर से शुरू हुए आगरा रेडीमेड गारमेंट फेयर के पहले दिन का शुभारम्भ आचार्य ब्रजेश भारद्वाज ने खाटू श्याम के चित्र के समक्ष दीप प्रवज्जलन कर किया । पहले दिन चार फ्लोर तक लगे मेले में पैतालीस नए ब्रांड शामिल हुए। पुरे मेले के दौरान आयोजन समिति के दो सौ करोड़ के लक्ष्य रखा गया है जिसमे पहले दिन 70 करोड़ के ऑर्डर बुक किये गए। उद्घाटनकर्ता आचार्य ब्रजेश भारद्वाज ने कहा कि कुछ अच्छे परिणाम की आशा के साथ विभिन्न राज्यों व प्रांतो से आये व्यापारियों व मेनीफेक्चर्स का उद्देश्य है की उनके मध्य प्रेम सौहार्द का भी कायम रहे। आज ऑनलाइन खरीदारी को देखते हुए युवाओ से खरीदारी न करे बल्कि बाजार जाये और खरीदारी के साथ व्यापारी के घर में भी खुशी लाये। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए मुकेश अग्रवाल और अनुराग अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पहले दिन की ग्रोथ लगभग 15 प्रतिशत की ग्रोथ मिलने से व्यापारियों में उत्साह है। अगले दिन 25 प्रतिशत ग्रोथ होने का उम्मीद है। यहाँ आ रहे रिटेल के दुकानदारों को होलसेलर्स के कलेक्शन व फेब्रिक खासा पसंद आ रहे है। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि मेले में आये ट्रेडर्स व मेनिफेकचर्स का उत्साह पहले दिन देखते ही बनता है उन्हें नया आयाम व व्यापार उम्मीद से इस बार दुगना मिल रहा है। इस फेयर के माध्यम से व्यापारी को अपने व्यापार को आगे ले कर जाने की उम्मीद है। अब रिटेल के व्यापारियों को मुंबई, बेंगलूर, लखनऊ जाना नहीं पड़ता है।

महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया कि उम्मीद से ज्यादा खरीदार आने की वजह से यहाँ आये होलसेलर ने आगरा रेडीमेड गारमेंट संगठन का उन्हें यहाँ निमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया है। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में आगरा पश्चिमी यूपी का हब बनने जा रहा है। फेयर में शादी सहालग से जुड़े सभी मांगलिक कार्यो के लिए परिधान मौजूद है। मेला 21 जुलाई तक निरंतर प्रातः दस बजे से रात्रि बारह बजे तक होटल क्लार्क शीराज में लगा रहेगा । मेले का संचालन फुरकान अली ने किया व धन्याबाद ज्ञापन जगदीश पोप्तानी ने किया।



ये रहे मौजूद : कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, संगठन मंत्री मनीष गुप्ता, सन्तोष मखिजा, अमित अरोरा, सोनू मखिजा, प्रदीप माहेश्वरी, सन्तोष कुमार, निखिल गुप्ता, ललित मंगवानी, दीपक कपूर, सचिन जैन, मनीष मित्तल, आयुष गर्ग, अनिल कुकरेजा, सोनल जैन आदि उपस्थित रहे ।

महिलाओ को पसंद आयी कुर्तियां व ट्राउजर : शिवपुरी, ग्वालियर पिक एण्ड पैक से आये व्यापारी को मेले में कुर्तियां व ट्राउजर बेहद पसंद आये। फिरोजाबाद से आये सुभाष गारमेंट से मोन्टी जैन को टी–शर्त व शर्ट पसंद आये। अतरौली के पारस दूल्हा घर से आये व्यापारी को नाईट कुर्ती व नाइटी ज्यादा पसंद आयी। वही नवजात बच्चो के भी कलेक्शन की अधिक मांग देखने को मिली। एटा अना गारमेंट से आये व्यापारी को जींस का फेब्रिक लुभा गया। ये आयी प्रमुख नामी कंपनियां

मोजो, 100 माइल्स, ऋतू, कम्फर्ट, डयूक, डॉलर, मोन्टी कार्लो, कोडिया, रागमाया, नॉस्टॉम जींस के साथ करीब 130 छोटे बड़े ब्रांड्स ने कमरों में अपनी स्टॉल लगायी है। यहाँ महिलाओ व पुरुषो के लिए पांच सौ कुर्तियों, दो सौ नाइटी, छह सौ शर्ट व ट्राउजर एवं दो हजार से अधिक टी–शर्ट के डिजायन मौजूद है।

## मंगल पाडेय की जयंती के उपलक्ष्य में चित्रकला का हुआ आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी

अछनेरा। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगल पाण्डेय की जंयती पर उ.प्र. राज्य पुरातत्व विभाग की क्षेत्रीय इकाई आगरा मंडल आगरा के तत्वावधान में आजादी के पहले क्रांतिकारी मंगल पांडे की जयंती पर गांधी स्मारक किसान इंटर कालेज में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में 65 छात्राएं और 13 छात्रों सहित कुल 78 छात्रों ने हिस्सा लिया।

जिसमे गांधी स्मारक किसान इंटर कॉलेज किरावली और गांधी स्मारक इंटर कॉलेज जैंगारा के कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र छात्राएं शामिल हुए।जिसमें क्रांतिकारियों के पेंटिंग बनाने को एक घण्टे का समय दिया गया। कार्यक्रम के मध्य में जी.एस.के.इंटर कॉलेज किरावली के प्रधानाध्यापक डॉ मुकेश शर्मा और हीरालाल चाहर ने छात्र–छात्राओं को क्रांतिकारी मंगल पांडेय के भारत के स्वाधीन संग्राम में योगदान को बताया तथा प्रतियोगिता के परिणाम के बाद प्रथम स्थान किरावली की 12वीं की छात्रा शालिनी सिसौदिया, द्वितीय स्थान किरावली की 12वीं की छात्रा कामिनी और तृतीय स्थान किरावली की 12वीं की छात्रा पलक माहौर तथा किरावली की 12वीं की छात्रा रंजना और जैंगारा के 10वीं के छात्र रोहित को सांत्वना पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र प्रधानाचार्य डॉ मुकेश शर्मा द्वारा वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी सुभाष चंद ने किया तथा निर्णायक मंडल में गजेंद्र तिवारी, रेहाना बानो,राजबहादुर,गौरव सिंह और वर्षा चौधरी रहे तथा राजीव रंजन,सुशील चतुर्वेदी, गोपाल इंदौलिया, कु.लक्ष्मी का विशेष सहयोग रहा।

## विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। किरावली क्षेत्र के ग्राम बाकन्दा खास में विधुत टीम ने मंगलवार को विधुत चेकिंग के दौरान मीटर बाइपास कर तथा अवैध कटिया डालकर अबैध रूप से विजली चला रहे 14 लोंगो के खिलाफ विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया । अवर



अभियंता गगन कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि लाइन हानियों को कम करने हेतु शासन स्तर से बिजली चोरी कर रहे लोंगों पर कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक गांव में विधुत शिविर लगाए जा रहे है तथा जो लोग अपने बिल जमा नही करेंगे उनके संयोजन काटकर उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं बिजली चोंरो पर विद्युत विभाग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। चेकिंग टीम में उपखंड अधिकारी ललित यादव ,अवर अभियंता गगन कुमार गुप्ता,राकेश बाबू के साथ अन्य संविदा कर्मी शामिल रहे।

## जैतपुर में पति समेत ससुराली दहेज हत्या में नामजद, फंदे पर लटका मिला था विवाहिता का शव, तीन साल पहले हुई थी शादी

जैतपुर। रविवार को जैतपुर के मुकुंद पुरा गांव में शिवानी (23) ने घर में ही फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी थी। शव छोड ससुराली घर से भाग गये थे। मृतका के पिता ने पति, सास, ससुर समेत 7 ससुरालियों को दहेज हत्या में नामजद किया है। जून 2019 में मुकुंद पुरा के पवन सिंह की शादी कंधेसी हार (चकर नगर) गांव की शिवानी के साथ हुई थी।दोनों का दो साल का एक बेटा है। रविवार को ग्रह क्लेश के चलते शिवानी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। उसका फंदे पर लटकता शव देखकर ससुराली घर छोड कर भाग गये थे। मौके पर पहुंचे शिवानी के पिता श्याम सिंह ने ससुरालियों पर दहेज के लिए उत्पीडन करने और गला दबाकर जान लेने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। एसओ जैतपुर अवनीत मान ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी भागे हुए है।

## गांव में चकबंदी बना किसानों का जी का जंजाल

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

- चकबंदी के नाम पर लेखपाल और कानूनगो कर रहे हैं अवैध वसूली
- गलत चकबंदी करने से किसान परेशान खेतों में नहीं कर पा रहे हैं फसल की बुवाई

फतेहाबाद। तहसील प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे चकबंदी किसानों के जी का जंजाल बन गया है लेखपाल और कानूनगो द्वारा सेवा शुल्क लेकर जिस प्रकार गलत तरीके से चकबंदी कार्य किया जा रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है जिसमें राम ढंकेली गाटा संख्या 144 व नौबत सिंह पुत्र तोताराम गाटा संख्या 146 है ।

लेकिन लेखपाल और कानूनगो किस प्रकार गलत तरीके से चकबंदी कार्य कर रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत शाहवेद के नैहरे का पुरा में देखने को मिला लेखपाल और कानूनगो द्वारा पैसे लेकर सड़क किनारे जिनके खेत हैं उनके खेतों को पीछे कर देने का आरोप लगाया है ।

ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो द्वारा सेवाशुल्क लेकर गलत तरीके से चकबंदी कार्य किया जा रहा है हमारे द्वारा चकबंदी सीओ के यहां आपत्ति दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है हमारे खेत सड़क किनारे हैं लेकिन चकबंदी के दौरान हमारे खेतों को जंगलों में काट दिया गया है और हमारे खेत दबंग को दे दिए गए हैं उन्होंने अधिकारियों से चकबंदी कार्य में लगे लेखपाल और कानूनगो की जांच कराए जाने और चकबंदी कार सही कराने की मांग की है।

## वृंदावन धाम बना कथा स्थल सेमरी का ताल

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। मेरी का ताल देवरी रोड बीएस फार्म हाउस आगरा पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पूज्य भागवत किंकर परम श्रद्धेय पं श्री सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री ष्वत्सल जी महाराजष श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से द्वितीय दिवस कथा का श्रवण भक्ति भाव से कराया सुखदेव जन्म श्री परीक्षित जन्म सृष्टि भीष्म स्तुति कलयुग का वर्णन परीक्षित को श्राप विदुर जी के घर जाकर केले के भगवान को केले के छिलके का खाना यह सब कथाओं को सुन भक्ति में लीन सभी भक्तों बांके बिहारी जी की जय जय राधा रानी की जय जय कार कर रहे थे कथा स्थल वृंदावन का नजारा राधे राधे श्याम मिला दे मानो ईश्वरीय कृपा बरस रही हो राधे राधे की गूंज के बीच वृंदावन से आए कलाकारों ने संगीतमई श्रीमद् भागवत भगवान की आरती से अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा परीक्षित बने बनी सिंह चाहर सीमा देवी पवन सिंह चाहर, श्याम भोजवानी ,मनोज नोतनी नी,विशाल आरती अपरांत प्रसाद का वितरण हुआ।



## जोमर्दपुरा बवाल में 4 गिरफ्तार, हुए थे 5 घायल, 11 थे नामजद

जैतपुर । रविवार को खेडा राठौर के जोमर्दपुरा गांव में जमीन के विवाद में बवाल हुआ था। गांव की खाली पडी जमीन पर अपना–अपना दाबा कर किलेदार और अवधेश पक्ष भिड गये थे। बवाल में किलेदार पक्ष के किलेदार,



विहंगम सिंह, किशन, अवधेश पक्ष के अवधेश, रोहित घायल हुए थे। पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराकर 7 नामजद समेत 11 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।मंगलवार को पुलिस ने चार आरोपियों किलेदार, विहंगम सिंह, किशन सिंह, अवधेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हरीपर्वत पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थ पर कार्यवाही करते एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

- कब्जे से 5 किलो 700 ग्राम गाँजा व एक मोटरसाइकिल बरामद

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। जनपद में चोरी, लूट, डकैती, अवैध नशीला पदार्थ की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी हरीपर्वत को निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में 18 जुलाई 2022 को थाना पुलिस टीम द्वारा जेल रोड मास्टर प्लान रोड तिराहा पर चौकिंग की जा रही थी। चौकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आरवीएस चौराहा की तरफ से आता हुआ दिखायी दिया।

पुलिस टीम को चौकिंग करता देख व्यक्ति सकपका गया और पीछे मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। शक होने पर पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया और चारों ओर से घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बैग के अन्दर अवैध नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पर मु० पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मेरा नाम मनोज शर्मा बताया गया। बैग में रखे सामान के सम्बन्ध में बताया गया कि यह नशीला पदार्थ गाँजा है, जिसे में बेचने के लिए जा रहा था। गाँजा का वजन कराने पर कुल 5 किलो 700



ग्राम बरामद हुआ। अभियुक्तगण का नाम रू 01. मनोज शर्मा पुत्र स्व0 अशोक कुमार नि० थाना मोगार्रा जनपद मथुरा। पुलिस टीम, 1. प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार, 2. उ०नि० श्री राज कुमार, 3. है०का० अरविन्द, 4. का0 कमल कुमार थाना हरीपर्वत जनपद आगरा।

## आज से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरु

- एक से 19 वर्ष तक के 20.97 लाख बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा 25 से 27 जुलाई तक चलेगा मॉप–अप राउंड

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 19 जुलाई । बच्चों को कृमि संक्रमण (पेट के कीड़े) से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बुधवार को अभियान चलाकर दवा खिलाई जाएगी। इसके तहत जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि कृमि संक्रमण कुपोषण का एक बहुत बड़ा कारण है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है।

एसीएमओ आरसीएच डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश में वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (20 जुलाई) के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए 20.97 लाख बच्चों व किशोरों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।दवा खाली पेट नहीं खानी है । दवा खाने के बाद उल्टी दस्त या मिचलाने की समस्या हो तो घबराने की बात नहीं है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को







दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम ने बताया कि अभियान के बाद 25 से 27 जुलाई तक जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

# सेंट जेवियर्स स्कूल पर पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की मनाई गई 9 वीं पुण्यतिथि

सगड़ी,आजमगढ। पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की 9वीं पुण्यतिथि जीयनपुर सेंट जेवियर्स कॉलेज पर मनाई गई। पूर्व विधायक वंदना सिंह सहित परिजनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बब्बन राय व संचालन नीरज ने किया। बता दें कि 19 जुलाई 2013 को कस्बा जीयनपुर आवास के सामने पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके साथ ही भरत राय, संजय विश्वकर्मा, जितेंद्र गुप्ता और चंद्रभान चौबे की भी हत्या कर दी गई थी। आज जीयनपुर सेंट जेवियर्स कालेज में सर्वेश सिंह सीपू की याद में आज 19 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा व पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सिपू, भरत राय, संजय विश्वकर्मा, जितेंद्र गुप्ता, चंद्रभान चौबे की प्रतिमा पर सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि सभा में लोग 2 मिनट का मौन रखकर अपने नेता को याद किए।

श्रद्धाजंलि सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता अखिलेश मिश्र उर्फ गुड्डू ने कहा सीपू सिंह की हत्या सुविचार और सामाजिक सद्भाव की हत्या थी। जनता के साथ अन्य राजनीतिक दलों में भी वे लोकप्रिय रहे। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर, नेता भाजपा अखिलेश मिश्रा उर्फ गुड्डू मिश्रा, नरेंद्र सिंह पूर्व विधायक, राम दर्शन यादव पूर्व विधायक, घनश्याम पटेल, रानू सिंह प्रमुख, मनीष मिश्रा प्रमुख प्रतिनिधि, संतोष सिंह प्रमुख,



सच्चिदानंद सिंह, नेता कृष्ण पाल सिंह, विनोद राय, अरविंद जायसवाल, रामाधीन सिंह आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व विधायक वंदना सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उस दिन को याद करते हुए रो पड़ीं जब छोटे–छोटे बच्चों, भाईयों, परिजनों को दरिंदों से बचाने में पूरा समय लगा दिया और अपराधियों के खिलाफ हौसले से लड़ती रहीं। संतोष सिंह टिपू ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# क्रिकेटर राहुल चाहर ने पत्नी संग निहारे स्मारक बांधा मन्नत का धागा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

फतेहपुर सीकरीस क्रिकेट के मैदान में अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुके आगरा की चाहर वाटी के लाल दीपक चाहर ने अपनी पत्नी ईशानी चाहर अपनी बहन एवं अन्य के साथ मुगलिया सल्तनत की लाल पत्थरों की तामीर देखकर अचंभित रह गएस मंगलवार शाम 5रू00 बजे वीआईपी गेट से दीवान ए खास परिसर में प्रवेश कियास साथ चल रहे यूपी पर्यटन के गाइड से लाल पत्थर से निर्मित स्मारक की वास्तु कला एवं अन्य जानकारियां लीस पंचमहल जोधा बाई महल एवं अन्य स्मारक देखने के पश्चात क्रिकेटर राहुल चाहर पत्नी एवं स्वजन संघ सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह में पहुंचे मत्था टेका एवं मन्नत का धागा बांधास।

# महन्त जागेश्वर पुरी नंदवल काँवरिया संघ के कावरिया बड़े बड़े रोड़ो के ऊपर से जाएंगे लोधेश्वर महादेवा

- जहाँ योगी सरकार कांवरियों के ऊपर पुष्प वर्षा करवाती है, वहीं पी0डब्लू0डी0 विभाग की लापरवाही से कांवरियों को भारी दिक्कतों का करना पड़ेगा सामना




दैनिक अयोध्या टाइम्स

फखरपुर बहराइच। थाना बौंडी क्षेत्र के नंदवल बाजार व क्षेत्र के कावरिया पैदल पद यात्रा कर विगत ग्यारह वर्षों से महन्त जागेश्वर पुरी मठ नंदवल के सरोवर से जल भरकर महादेवा लोधेश्वर भगवान को जल चढ़ाते चले आ रहे हैं, वहीं इस बार बारहवीं पद यात्रा नंदवल से वाया वजीरगंज, कुंडासर होते हुए महादेवा के लिए 25 –7–2022 दिन रविवार को सुबह आठ बजे प्रस्थान करंगे। इस बार कुंडासर,जैतापुर मार्ग का निर्माण लगभग तीन वर्षों से हो रहा है।कई बार समाचार पत्रों में प्रकासन के बाद चन्द दिन पहले वजीरगंज से बेदौरी तक पेंटिंग का कार्य करके बन्द कर दिया, शेष रोड कुंडासर तक लगभग चार कि0मी0 पर बड़े बड़े रोड़े पड़े हैं,उस पर पेंटिंग का कार्य नहीं किया गया। कई बार लोग इसकी वजह से चोटिल भी हुए हैं व कुछ को जान गवानी भी पड़ी है।कावरिया संघ के अध्यक्ष प्रेम चन्द पटेल ने बताया कि संघ की तरफ से 1076 मुख्यमंत्री कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराई गई है व हम लोग जिला अधिकारी से भी शिकायत दर्ज कराएंगे।

# लक्की विश्वकर्मा अपने इशारों पे नचाते हैं सितारों को

दैनिक अयोध्या टाइम्स मुंबई

सुशिलाजीत साहनी मुंबई। बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में वीडियो डायरेक्टर और कोरियोग्राफर के रूप में काम करते आ रहे लक्की विश्वकर्मा ने अपने कैरियर में अबतक बेशुमार ब्लॉकबस्टर दिए हैं। रैपर बादशाह, पावर स्टार पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पाण्डेय, अरविंद अकेला कल्लू सहित तमाम कलाकारों के साथ काम कर चुके लक्की विश्वकर्मा ने कोरियोग्राफी की दुनिया मे तहलका मचा दिया है और उनके गाने के मिलियन्स में व्यूज आते है। 2018 से इस क्षेत्र में सक्रिय कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा का सबसे बिगेस्ट हिट सांग लवंडिया लंदन से लाएंगे है, जो आज पूरे इंडिया में बज रहा है। और यह 450 मिलियन व्यूज क्रोस कर गया है। उसके बाद उन्होंने सारेगामा हम भोजपुरी चौनल में एंट्री की। ष्अपनी तो जैसे तैसेष गाने को रिक्रिएट किया गया था, उसे उन्होंने कोरियोग्राफ किया। जय जय शिवशंकर, खइके पान बनारस वाला सहित कई ब्लॉकबस्टर गाने सारेगामा हम भोजपुरी पर रिक्रिएट करके रिलीज किए गए थे जिसमें लक्की विश्वकर्मा के डांस डायरेक्शन का कमाल नजर आता है। उन्होंने पवन सिंह, खेसारीलाल यादव,रितेश पाण्डेय, अरविंद अकेला कल्लू सहित तमाम सुपर स्टार्स के साथ काम किया है। रैपर बादशाह, अक्षरा सिंह के सांग पानी पानी मे रैप कोरियोग्राफी भी लक्की विश्वकर्मा ने की थी। हाल ही में यूपी बिहार में बवाल मचाने वाले खेसारीलाल यादव के सांग बर्फ को भी लक्की विश्वकर्मा ने कोरियोग्राफ किया है।

पवन सिंह की आने वाली फिल्म हर हर गंगे के गाने भी लक्की विश्वकर्मा ने कोरियोग्राफ किए हैं।बोलबम के बाद वह खेसारीलाल यादव के साथ कई और प्रोजेक्ट्स लेकर आ रहे हैं। समर सिंह के साथ वह कई म्युजिक वीडियो शूट करने जा रहे हैं। अगर लक्की विश्वकर्मा के सभी ब्लॉकबस्टर गानों की विवरशिप कुल मिलाकर देखा जाए तो 2 हजार से अधिक मिलियन व्यूज हो जाएंगे, जो एक बड़ी उपलब्धि है। टीवी पर मिथुन चक्रवर्ती, गोविंदा जैसे सितारों का डांस देखकर लक्की विश्वकर्मा को कोरियोग्राफी का शौक हुआ। वह टीवी को ही अपना गुरु मानते हैं। गणेश आचार्या, प्रभु देवा, रेमो डिसूजा जैसे डांस डायरेक्टर्स का काम देखकर वह प्रभावित और प्रेरित हुए। लक्की विश्वकर्मा एक्टर्स के अनुसार डांस के स्टेप्स डिजाइन करते हैं।



# महान सनातन धर्म रक्षक महाराजा खेमकरण जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम शुरू

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

फतेहपुर सीकरी। सनातन धर्म रक्षक हिंदू महाराजा खेमकरण सोगरिया के बलिदान दिवस पर आज से ही कार्यक्रम शुरू किए गए। जो 21 तारीख तक होंगे। समिति के एवं कार्यक्रम के मीडिया सेल को देख रहे इंजीनियर एवं प्रधान ने बताया। आज आगरा जयपुर हाईवे कराई पर स्थित महाराजा खेमकरण की मूर्ति के स्थल एवं आसपास के क्षेत्र की ग्राम कराई के प्रधान योगी सोगरवाल के नेतृत्व में साफ सफाई का कार्य किया गया। 30 तारीख को उनकी मूर्ति को प्रातः 8:00 दुग्ध अभिषेक एवं स्नान कराया जाएगा। कार्यक्रम की श्रंखला में अंतिम दिन 21 तारीख को कराई के योगी प्रधान एवं शिशु चौधरी सहित समस्त समाज एवं सभी लोग हिंदू धर्म रक्षक महाराजा खेमकरण सोगरिया की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि देंगे। इंजीनियर हेमू प्रधान ने सर्व समाज के लोगों को आमंत्रित की बात कही।

## आयुष विभाग ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

पिनाहट। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, करकोली द्वारा मंगलवार को ग्राम विप्रावली में आयुष आपके द्वार निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ महिमाश्री दीक्षित ने मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया और मरीजों को रोगानुसार निशुल्क औषधियाँ भी वितरीत की गयीं। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डॉ जेके राना के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर आयोजन कर निशुल्क परामर्श व आयुर्वेदिक औषधि वितरित की जा रही हैं। आम जन को स्वस्थ रखने के लिए समय–समय पर निशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर पर फार्मासिस्ट चंद्रशेखर सिंह, योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार, रामरतन, सुनील पाराशर आदि उपस्थित रहे।

# गांव में सफाई कर्मी के न आने से गंदगी का लगा अंबार

- अस्पताल के सामने ही लगा कूड़े का ढेर, ग्रामीण परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मिहींपुरवा, बहराइच। उर्रा बाजार में सफाई कर्मी कई माह से सफाई कर्मी नहीं आ रहा है। जिससे गांव के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने लगे कूड़े के ढेर से स्वास्थ्य कर्मी भी परेशान हैं। मिहीपुरवा विकास खंड के उर्रा बाजार में गांव की सफाई के लिए सफाई कर्मी की तैनाती है। लेकिन सफाई कर्मी कई माह से गांव नहीं आ रहा है। जिससे बस स्टॉप, अंबेडकर चौराहा, राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, सामुदायिक भवन समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैली हुई है। सबसे खराब स्थिति राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की है। अस्पताल के सामने ही कूड़े का ढेर लगा हुआ है। नालियां बजबजा रही हैं। कूड़े के ढेर के बीच से होकर मरीज आवागमन कर रहे हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल के डॉक्टर अरविंद राठौर ने बताया कि अस्पताल के चारो तरफ सफाई के लिए कई बार खंड विकास अधिकारी को पत्र दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिनोदिन गंदगी फैलती जा रही है। गांव निवासी मेडिकल व्यवसाई अजय श्रीवास्तव, मोनू शर्मा, तेज मौर्या, सतीश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान कैलाश निगम, मनोज श्रीवास्तव, उत्तम मौर्या, राम बली आदि का कहना है कि सफाई कर्मी के न आने से चारो तरफ गंदगी फैल गई है। संक्रामक बीमारियां फैलने की संभावना भी प्रबल हो गई है। सभी ने गांव में सफाई कराए जाने की मांग की है।



# नलकूपों के बकाए बिल पर विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर उतारे कनेक्शन काटकर की कार्रवाई

पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर निजी नलकूपों के ट्रांसफार्मर उतरवाकर बकायेदारों के कनेक्शन काटकर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश पर सोमवार को एसडीओ पिनाहट दिनेश कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने पुलिस कर्मियों के साथ ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र में विद्युत बिल बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। जहां विद्युत विभाग की टीम ने पापरी नागर विद्युत उप केंद्र के अंतर्गत गांव कुरकियनपुरा, बड़ापुरा, बाजकापुरा,मनसुखपुरा में विद्युत विभाग टीम द्वारा 5 लाख से अधिक के बिल बकाए पर कार्रवाई की गई। जिसमें करीब 42 लाख रुपए का बिल बकाया होने पर 5 नलकूपों के उपभोक्ता छोटेलाल निवासी गांव कुरकियनपुरा, मुकेश कुमार निवासी गांव बड़ापुरा, गणेश सिंह निवासी गांव बाजकापुरा, गेंदालाल निवासी गांव मन सुखपुरा के नलकूपों से विधुत विभाग की टीम ने ट्रांसफार्मरों को क्रेन द्वारा विद्युत पोलों से उतरवाकर जब्त कर कनेक्शन काटकर कार्रवाई की गई। वही नलकूप उपभोक्ताओं पर लाखों का बिल बकाया होने पर विद्युत विभाग की टीम की कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

इस दौरान एसडीओ पिनाहट दिनेश कुमार ने बताया कि बार बार कहने पर बिल जमा नही करने पर कार्यवाही की जा रही है।इन 5 नलकूपों पर करीब 42 लाख रुपया का बिल बकाया है। एसडीओ पिनाहट ने कहा सभी उपभोक्ता बिल भरे और विद्युत विभाग की कार्यावाही से बचे .इस दौरान जेई प्रदुमन सिंह सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद रहै।

# महामना मालवीय मिशन बहराइच (अवध) के तत्वाधान में राजकीय मेडिकल कालेज परिसर में वृक्षा रोपण कार्यकर्म का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवीय मिशन अवध क्षेत्र प्रभारी प्रोफेसर डॉ एस एन सिंह ने बताया कि संगठन के तत्वाधान में अवध क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण इलाकों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन को दिया जा रहा है आयोजक मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि जनपद के शिक्षण संस्थान चिकित्सालय व नदी झील के तटीय इलाकों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर उन्हें स्थानीय जन सहयोग से संरक्षित करने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है प्राचार्य डॉ एके साहनी ने कहा कि जनपद के सुदूर ग्रामीण इलाकों में बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। परिसर में मालवीय मिशन की और से पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी कृष्ण चंद्र अग्रवाल समाजसेवी आलोक श्रीवास्तव समाजसेवी प्रदीप पांडेय समाजसेवी डॉ अनिता जायसवाल पर्यावरणविद सूरज शुक्ला समेत राजकीय मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष एवं ट्रेजरी ऑफिसर वी के यादव वा कर्मचारी उपस्थित रहे समापन अवसर पर सामूहिक रूप से वृक्षारोपण व जल संरक्षण का संकल्प लिया गया प्राचार्य ने आगंतुक अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।



# परिवार का नाम रोशन किया परिवार में खुशी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो


आगरा। पंचवटी कॉलोनी फेस दो ताज नगरी सोसाइटी में उत्साह आईसीएसई की परीक्षा में मेघावी छात्र अरनव श्रीवास्तव सेंट पीटर्स कॉलेज आगरा से दसवीं क्लास एग्जाम में 98: मार्क्स पाकर परिवार का नाम रोशन किया परिवार में खुशी का मौका सोसायटी द्वारा सभी परिवारों ने होशियार होनार बच्चे की उत्साह वर्धन वह आगे कामयाबी के लिए मंदिर पर प्रार्थना की वह उनके पिता डॉक्टर जी एस श्रीवास्तव माता डॉक्टर संध्या श्रीवास्तव को शुभकामनाएं दी और बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की इसी होनार बच्चा देश में सोसाइटी का नाम रोशन कर बुलंदियों को छुएं इसी शुभकामनाओं के साथ सभी ने मिष्ठान वितरण कर।



# संक्षिप्त समाचार


## अमस्जिद तामीर की खुशी में जलसा हुआ आयोजित अमन चौन की मांगी दुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स बौंडी बहराइच। बौंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में स्थित सिद्दीकी जामा मस्जिद के नाम से एक पुरानी मस्जिद थी जिसका निर्माण 1985 के आस पास हुआ था जिसमे अब दरारें एवं जर्जर स्थिति में आ जाने के कारण से जामा मस्जिद के अध्यक्ष सफी अहमद के निर्देशानुसार कोषाध्यक्ष मैसरलीअली के अगुवाई में 3 साल की कड़ी मेहनत और परिश्रम एवं सभी धर्म के इकट्ठे चंदे से नवनिर्मित मस्जिद का निर्माण कार्य कराए जाने की खुशी में आज दिनांक को एक विशाल जलसे का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक धार्मिक सर्व धर्म के मतभेदों को लेकर अल्लाह से दुआएं मांगी गई एवं मौसम की बेरुखी को लेकर तरह–तरह की गुजारिश की गई विशाल जलसे के आयोजन के दौरान मौलाना रहमतुल्ला मध्य प्रदेश,हसन रजा रिसिया बाजार, तारिक अमीन बहराइची, आबिद रजा गजाधरपुर, हाफिज रिजवान अहमद, मौलवी चतुर्वेदी अब्दुल हक, हाफिज लल्लन साहब, मोहम्मद शहजाद मौलाना पेश इमाम लाल मोहम्मद,सिपहिया हुलास, आदि मौलानाओं ने नबी के जीवन के संघर्ष की चर्चा की इस कार्यक्रम के दौरान मुनीजर शुक्ला पूर्व प्रधान सिपहिया हुलास, अखिलेश वर्मा, सिकंदर शाह,नसीम अहमद, इदरीश अहमद, बाबूअली अब्दुल आफाक सकील अहमद सफीक अहमद रामदुलारे यादव (दलाले) समेत पत्रकार विनय कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



## जल निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर नगर पंचायत बनने के बावजूद यहां की दशा व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है क्योंकि बरसात के मौसम में कहीं नाली जाम कहीं जो पुलिया बनी हुई है उसका अस्तित्व खत्म हो रहा है तथा सरकारी जल निगम के नल भी पानी के नाम पर धोखा दे रहे हैं। इसका जीता जागता सबूत पयागपुर बस अड्डे पर जो रोड पयागपुर गांव की तरफ जाती है वहां पर एक पकड़िया का पेड़ लगा हुआ है ठीक उसी के बगल में जल निगम का सरकारी नल लगा हुआ है जो पानी के नाम पर धोखा दे रहा है क्योंकि जब प्यासा आदमी नल के पास आता है तो 1 मिनट नल चलाने पर भी पानी नल से बाहर नहीं आता और वह निराश होकर लौट जाता है और थोड़ा सा आगे चले तो पानी निकलने के लिए जो पुलिया बनी हुई है ।



उसका वजूद खत्म हो गया है। पुलिया के दोनों ओर जो साइड वाल बनी थी वह साइड वाल बिल्कुल खत्म हो चुकी है और पुलिया पूर्ण रूप से कूड़ा करकट से पट गई है जिससे गांव का पानी नहीं निकल रहा है यदि थोड़ी सी बरसात हो गई तो गांव में रहने वाले निवासियों के घर के अंदर तक पानी पहुंच जाएगा। जिससे ग्रामीणों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी के लिए मांग करने वालों में कृष्ण कुमार कश्यप , हल्लन साहू, सोमनाथ तिवारी, अतुल कुमार सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# फुटबॉल लीग का हुआ समापन, वीर क्लब बना चौम्पियन

- ओम बने लीग के बेस्ट खिलाडी
- मुख्य अतिथि के रूप में सुनिल सिंह रहे मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच। डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदिरा स्टेडियम में खेली जा रही डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल लीग का आज फाइनल मुकाबला खेला गया ,अंडर 12 वर्ग में अभी क्लब व वीर क्लब के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें अभी क्लब ने कुशाग्र के 1 गोल की बदौलत फाइनल मुकाबला जीत लिया, फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में तेज प्रताप सिंह बब्लू व अजय सिंह अन्नू मौजूद रहे, मुख्य अतिथि सुनिल सिंह ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहराइच जनपद में इस लेवल पर युवा खिलाड़ियों का जमावड़ा देखकर बहुत ज्यादा खुशी हो रही है इस लेवल का टूर्नामेंट आप सभी के लिए आयोजित किया जा रहा है जिससे कि आप सभी अपनी प्रतिभा का पूरा दमखम दिखा सकें ऐसे टूर्नामेंटों से युवा खिलाड़ियों को आगे भी प्रतिभाग करने का मौका मिलता है हार जीत तो खेल का एक हिस्सा है खिलाड़ियों को सिर्फ अपनी खेल का हुनर दिखाना चाहिए जिससे लोगों को उनके खेल के प्रदर्शन के बारे में जानकारी हो युवा खिलाड़ियों को ऐसे लीग टूर्नामेंटों से अपना व अपने जिले का नाम रोशन करने का पूरा मौका मिलता है दूसरा फाइनल मुकाबला अंडर 14 में शान क्लब व वीर क्लब के मध्य खेला गया ,जिसमें दिव्यांश के 2 गोलों की बदौलत वीर क्लब ने यह फाइनल मुकाबला 2–1 से जीत लिया ,ओम को बेस्ट खिलाडी का पुरस्कार दिया गया , प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में राकेश पासवान वसानू खान मौजूद रहे स्कोरर की भूमिका में विजय शंकर रहे तो आंखों देखा हाल कुसमेल सिंह राणा द्वारा सुनाया गया फुटबॉल लीग के दौरान सुशील कुमार राय, कृष्ण पाल सिंह बब्लू, दीपक सिंह विशेन, सुनील कुमार राय, संरक्षक सोनू मिश्रा ,सचिव अटल सिंह घनश्याम ,शिवांश ,अर्पित ,देवेश सिंह,रोहित सिंह, अभिषेक , नीरज पटेल सहित सैकड़ों फुटबॉल खिलाड़ी व फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।



# स्थित हिंदू मुस्लिम दोनों के आस्था के प्रतीक बाबा गोपाल भारती

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोडरी ताल में स्थित हिंदू मुस्लिम दोनों के आस्था के प्रतीक बाबा गोपाल भारती मठके बगल तीनसौ सतरबीघे के दायरे में फैलातालाब को मस्यपालन हेत नीलामी की खबर सुनते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। और सैकड़ों ग्रामीणों ने इसका विरोध कर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने कहा कि धर्म स्थल के बगल तालाब में मछली पालन करना अनुचित है।ग्राम प्रधान मिश्रीलाल व पुत्र मिश्रा के नेतृत्व में बाबा गोपाल भारती सेआस्था रखने वाले सैकड़ों लोग बाबा के मठ के पास खड़े होकर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया।और कहा कि राजस्व विभाग इस विशालकाय तालाब की नीलामी कर मत्स्य पालन के लिए आवंटित करना चाह रहा है। इसे होने नहीं दिया जाएगा।प्रदर्शन के दौरान राधेश्याम भंडारी पारसनाथ दुबे नान बाबू सत्यदेव राधेश्याम भरत लाल रामकेवल संतोष भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।इस बाबत में जब उप जिला अधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वैसे शासन की तरफ से तालाब को मत्स्य पालन के लिए पट्टा,दिए जाने का निर्देश है। नियमानुसार कार्य किया जाएगा। वैसे इस प्रकार की हमारे पास कोई प्रार्थना पत्र अभी तक नहीं आया है।



# क्रांति के महानायक मंगल पाडेय की मनाई जयंती

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा कि सरकारों ने शहीदों के सपनों को नैस्तनाबूतु कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारों की गलतियों के कारण देश पूंजीपतियों का गुलाम हो रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के समाप्त होने से आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि अमृत महोत्सव वर्ष में देश को इस बात की समीक्षा करनी होगी कि हमने स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को कितना अपनाया है।

श्री पाण्डेय अमर शहीद मंगल पांडे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नाका स्थित कौटिल्य अकादमी में मंगल पांडे जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सोसाइटी प्रबंधक अवधेश पाण्डेय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन पूजा सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि हरिओम तिवारी ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान स्वतंत्रता संग्राम में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम में प्रस्ताव पारित करके सरकार से देश के सभी प्रमुख स्थानों पर अमर शहीद मंगल पांडे की प्रतिमा लगाने की मांग की गई। समारोह की शुरुआत मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, कोषाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, प्रधान दुगवा ध्रुव पाण्डेय, राजा पाण्डेय ने विचार व्यक्त किया। समारोह में सीता राम पाण्डेय, राम गोपाल पाण्डेय, श्री नारायण पाण्डेय, राम कुमार पाण्डेय, दीप कुमार पाण्डेय, सत्य प्रकाश पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, प्रमेन्द्र पाण्डेय, राम चरित्र पाण्डेय, श्याम बहादुर पाण्डेय, केशव राम वर्मा, छत्रपाल पाण्डेय, राम नायक पाण्डेय, अंकित पाण्डेय तथा अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



# केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर कई राज्यों में तनाव की स्थिति

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश । केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर कई राज्यों में तनाव की स्थिति रही है। योजनाओं के विरोध में सरकारी संपत्तियों को काफी नुकसान भी पहुंचाया गया। लेकिन जिले के महसी तहसील क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह से उलट है। युवाओं में अग्निवीर बनने का जबरदस्त जोश और जज्बा देखा जा रहा है। सेना में अग्निवीर बनने वाले युवा खुद को तपा रहे हैं। सुबह–शाम मैदानों में पसीना बहा रहे हैं।सड़कों पर लंबी दौड़ कर रहे हैं।युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। युवाओं को भर्ती के नियमों से लेकर फिटनेस तथा अन्य कई जानकारियां दी जा रही है। देश सेवा की तमन्नाा लिए युवा मैदान व सड़कों पर घंटों पसीना बहा रहे हैं। ताकि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकें।अग्नि वीर की तैयारी में विपिन सरोज (दबब मास्टर),मनीष कुमार मौर्य,राहुल मौर्य, दुर्गेश कुमार सिंह,सर्वेश सिंह,समीर अहमद,मनीष सिंह,सौरभ सिंह,हरिकेश सिंह,शिवम सिंह,गौरव मिश्रा, अमन सरोज,गोलू बाजपेई, धर्मवीर,परमेश गुप्ता,राज सिंह,सहित दर्जनों युवा मशक्कत कर रहे हैं।

# उचक्का एटीएम कार्ड छीनकर फरार

लालगंज रायबरेली। लालगंज कस्बे के अटल चौक गांधी चौराहे के डिटैची एटीएम से पैसा निकाल रहे एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड पीछे खडा उचक्का लेकर चम्पत हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार पूरे गरीब मजरे उतरागौरी निवासी पवन दीक्षित एटीएम से पैसा निकालने गये थे।उन्होने अपने एटीएम से 2500 रूपये निकाले और एटीएम पकडे थे।तभी एटीएम मे ही मौजूद उचक्का टाइप का एक व्यक्ति उनका एटीएम छीनकर पास ही खडी हांडा सिटी कार से भाग गया और अपना एटीएम कार्ड वहीं छोड गया।दिन दहाडे एटीएम छिनने से लोगों मे हडकम्प व्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज, स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों के बच्चे खाएंगे एलल्बेंडाजोल

- एक दिवसीय अभियान के बाद तीन दिनों तक चलेगा मॉपअप राउंड
- एक से 19 साल तक के 6.33 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जनपद में बुधवार (20 जुलाई) को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत एक से 19 साल के 6.33 लाख बच्चों को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। 6 से 19 साल तक के स्कूल न जाने वाले बालक–बालिकाओं एवं ईंट–भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिको व घुमंतू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में स्कूल–कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्रों और मदरसों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप चरण आयोजित होंगे। 6.33 लाख बालक–बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित डोज में दी जाएगी दवा

जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक अजय पांडेय ने बताया कि बच्चों को निर्धारित डोज के अनुसार दवा दी जाएगी। इसमें एक से दे वर्ष को बच्चों के अल्बेंडाजोल 400 एमजी टैबलेट को आधा कर उसका चूरा पानी के साथ खिलाना है। दो से तीन वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी का एक टैबलेट चूर्ण कर पानी के साथ खिलाना है। इसके साथ ही तीन से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को एक पूरा टैबलेट चबाकर खिलाना है। इसके बाद ही पानी का सेवन करना है। कृमि संक्रमण के लक्षण गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना।

बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे। हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। कृमि मुक्ति के फायदे स्वास्थ्य और पोषण में सुधार रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि एनीमिया नियंत्रण सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार।

## श्रीजी एकेडमी में हुआ मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह




कल गाजियाबाद की बहु प्रतिष्ठित श्री एकेडमी में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 'अभ्युदय' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ वीणा वादिनी को दीप प्रज्वलित करके की गई। मुख्य अतिथि एवं प्रेरणा स्रोत आदरणीय श्री अशोक श्रीवास्तव जी,श्री रकेश सक्सैना जी, श्री मयंक गोयल जी, श्री संजय मावी जी, श्री सुनील निगम जी एवं श्री सत्येंद्र यादव जी ने आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों का भरपूर प्रोत्साहन और मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि मयंक गोयल जी ने बच्चों से कहा कि आप जो भी कुछ कर रहे हैं, वह देश के लिए करें यह सोच रखते हुए आप अपने आप को बहुत आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि आदरणीय सत्येंद्र यादव जी ने कहा कि आप जो भी कुछ कर रहे हैं उसे अपने मन से करते हुए अपने भविष्य का निर्माण करें और अपने भविष्य में आपको जो भी कुछ बनना है आप स्वयं तय करें दूसरों की देखा देखी में ना जाएँ। आदरणीय अशोक श्रीवास्तव जी ने विद्यार्थीयों का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन किया और कहा कि आप अपना अपना चरित्र और व्यक्तित्व बनाते हुए ऐसे ही खूब प्रगति करें। साथ ही साथ अशोक श्रीवास्तव जी ने घोषणा भी की कि जिन बच्चों के 75: से ज्यादा नंबर आए हैं, अगस्त के महीने में उन बच्चों का उनकी संस्था अलग से सम्मान करेगी। सम्मानित मुख्य अतिथि श्री सुनील निगम जी ने बच्चों का बहुत मार्गदर्शन किया और भरपूर प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम में आए हुए निखिल मावी पुत्र श्री संजय मावी जी ने भी श्रीजी एकेडमी की बारे में अपना अनुभव बताया और विद्यार्थीयों का प्रोत्साहन किया। श्रीजी एकेडमी के डायरेक्टर कुलदीप बरतरिया और शिखा सक्सैना ने सभी विद्यार्थीयों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया।

कार्यक्रम में श्रीजी एकेडमी के डायरेक्टर कुलदीप बरतरिया और शिखा सक्सैना ने सभी मुख्य अतिथि गणों और प्रेरणा स्रोतों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता बंसल करेंगी जनसुनवाई कार्यक्रम

- जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी

शाहजहाँपुर। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य श्रीमती सुनीता बंसल जनपद शाहजहांपुर में दिनांक 20.07. 2022 को 10–30 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी, इसके पश्चात 11:30 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े सभी मामलों की तथा अन्य मामलों की सुनवाई की जाएगी।

सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगी। अपराह्न 03:00 बजे से ग्राम पंचायत सुन्दर नगर, विकास खण्ड भावलखेड़ा शाहजहाँपुर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

## शाहजहांपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट से परेशान किसान

- लो वोल्टेज से परेशान किसानो ने घेरा बिजली घर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर में बरसात के दिनों में वर्षा ना होने की वजह से किसान भारी संकट में है फसल को बचाने के लिए किसान भारी प्रयास में जुटा हुआ है प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ग्रामीण क्षेत्रों को भरपूर बिजली दिए जाने का जनपद के आला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री के आदेशों का खुलेआम पालन न करके उल्लंघन करने में लगे हुए हैं मदनापुर पुवायां खुटार बंडा जलालाबाद निगोहीसहित पूरा जनपद बिजली संकट से गुजर रहा है बिजली ना आने से परेशान किसानों ने मदनापुर के विद्युत उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन। बिजली विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों के बीच बिजली समस्या को लेकर हुआ वार्तालाप। बिजली सब स्टेशन पर भारी भीड को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों का कहना है किलो वोल्टेज के कारण उनके मोटर फूक रहे हैं जिस कारण किसानो के खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल सूख रही है। विभागीय अधिकारी भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की सरकार को आदेशों को न मानकर उनकी छवि धूमिल करने में लगे हुए।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार गैंगस्टर की कार्यवाही नाजायज असलाह बरामद



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के निर्देशन मे एवं राजकुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना पुवायां पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया जिन से अवैध नाजायज असला बरामद किए गए पुलिस ने इन तीनों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसाररात्रि मे समय करीब 12.20 बजे थाना पुंवायाँ पुलिस द्वारा निगोही रोड पर ग्राम नवाबपुर गंगा नहर पुल के पास (थाना निगोही बोर्डर ) के पास वाहनो की चौकिंग की जा रही थी ।

मुखबिर खास ने आकर बताया कि भटूरिया गाँव के सामने बन्द पडे पैट्रोल पम्प पर कमरे के पीछे 03 व्यक्ति चोरी करने की योजना बना रहे है । थाना पुंवायाँ पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर सभी व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया व तीनो व्यक्तियो पूछताछ मे उनके नाम विकास सक्सेना राजबीर उर्फ लंगडा रजीत बताया जिसके कब्जे से 03 पुलिन्दो मे 01 तमंचा 315 बोर 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 तमंचा 32 बोर 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर व 01 चाकू नाजायज व 01 पुलिंदे में रस्सी व 03 अलग अलग पुलिंदो मे मोबाइल फोन व 01 पुलिंदे में आलानकब 03 सरिये व एक पुलिंदे में एक अदद आलानकब पेंचकस तथा प्लास आदि बरामद हुए । जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।तीनो अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है ।

## कांवर ले जा रहे शिव भक्तडीजे पर झूमते और थिरकते आ रहे नजर



- शिव पार्वती के रूप धरे कलाकार अपनी कला का कर रहे प्रदर्शन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जनपद के तहसील जलालाबाद क्षेत्र से निकलने वाले कांवड़िया अपनी कांवरों पर एक तरफ तिरंगा और दूसरी तरफ भगवा ध्वज लगाकर चल रहे हैं, उनके ओठों पर होता है भारत माता की जय, हर हर बम बम । प्रदेश में भाजपा सरकार होने की वजह से कांवड़िया भयमुक्त हैं,और जमकर क्श्र बजा रहे हैं और उनकी शिव भक्ति भजनों की धुन पर जमकर नृत्य कर रहे हैं, वही शिव पार्वती के रूप धरे कलाकार अपनी कला का उन्मुक्त भाव से प्रदर्शन कर रहे हैं, 30 वर्ष पूर्व जब लोग कांवड़ लेकर अपने मित्रों के साथ शिव के दरबार गोला गोकर्णनाथ जल चढ़ाने जाते थे तो फोरलेन हाईवे जैसी सड़के नहीं थी। जगह जगह अब दिखाई दे रहे जलपान के स्टॉल भी नहीं थे। कच्चे–पक्के रास्तों से गुजरना पड़ता था। कांवड़ का स्वरूप वर्तमान जैसा नहीं होता था। वह पहले बासी के झुंड से हरा बांस काटकर उसमें आगे पीछे कांच की बोतलों में गंगाजल भरकर जाते थे। रास्ते में खाने के लिए अधिकतर लोगों के पास चना चबेना सत्तू तथा पुआ घर से लेकर चलते थे। सफर दो रात तथा दो दिनों में पूरा होता था। शिव भक्त साखी गा रहे हैं, की गंगा जी के घाट पर भई सन्तन की भीड़, तुलसीदास चंदन घिसे तिलक करे रघुवीर बोलो भाई बम बम बमऔर वही हम बात करें पुलिस प्रशासन की तो जलालाबाद से गोला गोकरननाथ जाने वाले रोड पर बड़े वाहनों का डायवर्जन कर दिया गया है बड़े वाहन कावड़ जाने वाले रोड पर मंगल बार 12:00 बजे तक बंद कर दिए गए हैं और वही तिराहो और चौराहों पर पुलिस प्रशासन की भारी व्यवस्था देखने को मिल रही है, कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में निगरानी कर रहा है।

## बिजली न मिलने से नाराज किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन



- रघुनाथपुर कृषि फीडर पर 72 घंटों में 12 घंटे दी सप्लाई

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जनपद की तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुरगमा, शीकमपुर , कनारी, संखडा सहित तमाम गांव के किसान एकत्र होकर जलालाबाद के बिजली केंद्र पर पहुंचे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया, किसानों ने बताया की रघुनाथपुर कृषि फीडर पर 3 दिन से लगातार बिजली कटौती हो रही है, जिससे खेतों में खड़ी फसल सूख रही है।

बरसात भी नहीं हो रही है और बिजली महकमा बिजली कटौती कर रहा है जिससे किसानों का भारी नुकसान हो रहा है, वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इनकमिंग सप्लाई ट्राली खराब हो गई है जिसकी मरम्मत का कार्य चल रहा है, और 1 सप्ताह के अंदर बिजली सुचारू रूप से किसानों को मिलने लगेगी, विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद रहे विवेक दीक्षित, कर्मवीर सिंह, रेशम सिंह,, करनाल सिंह, लखबीर सिंह, सुनील त्रिपाठी, पपेंद्र ,कृष्ण पाल सिंह,संजीव, राकेश और अहिबारन सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीए बन अनिकेत ने किया बंडा का नाम रोशन



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

बंडा,शाहजहांपुर। बंडा के अनिकेत अवस्थी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। परीक्षाफल मिलने के बाद बंडा के लिए गौरव बने अनिकेत के घर खुशी का माहौल है। और लोग घर पहुंच बधाइयां दे रहे हैं। बंडा के मोहल्ला रामनगर निवासी अनिल अवस्थी हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। उनके पुत्र अनिकेत अवस्थी ने बंडा के गुरु तेग बहादुर एजुकेशन एकेडमी से इंटर मीडिएट पास करने के बाद बरेली कॉलेज बरेली से बी. कॉम. और एम.कॉम. की परीक्षा उत्तीर्ण की। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली में प्रवेश लेकर कई वर्षों तक कोचिंग कर सीए की परीक्षाओं में भाग लिया। अंत में इस वर्ष सीए की फाईनल परीक्षा में अनिकेत उत्तीर्ण हो गया तथा सीए बन बंडा का नाम रोशन किया। परीक्षा फल आने पर घर में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार व सगे संबंधी घर पहुंच बधाई दे रहे हैं।

## विकास कार्य की समीक्षा बैठक



- सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं –जिला अधिकारी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो –अरुण बाथम

शाहजहाँपुर। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ–साथ विभिन्न विभागों में चल रहे निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि पूर्ण निर्माण कार्यों का नियमानुसार हैंडओवर कराए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मल्टीलेवल कार पार्किंग के कार्यों में अनियमितता पर जिलाधिकारी ने सी0एण्डडी0एस0 के चीफ इंजीनियर का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कोटेदारों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों की संयुक्त बैठक कराते हुये लक्ष्य के अनुरूप समस्त अंत्योदय कार्ड धारको का गोल्डन कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये।गौअश्रय स्थलों हेतु स्थल का चयन करते हुये उनमे पौधरोपण एवं नेपियर घास का रोपण कराये जाने के निर्देश दिये। वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जियो टैगिग के कार्य को शतप्रतिशत पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एस0बी0 सिंह, जिला विकास अधिकारी पवन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी धनश्याम सागर सहित जनपद स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## मृतक के पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

बंडा – शाहजहांपुर। तीन जुलाई को पत्नी को ससुराल लेने गए युवक रामकिशन का शव शारदा नहर में मिला था जिसके बाद मृतक के भाई नन्हें ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी । पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद मृतक के भाई ने पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने पर शव को मिट्टी में दफन कर दिया था और रिपोर्ट न लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था ।

जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद मृतक के भाई नन्हें की तहरीर के आधार पर पत्नी को ससुराल लेने गए युवक रामकिशन की पत्नी के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 में रिपोर्ट दर्ज की है । नन्हें ने बताया कि उसका भाई अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी को उसकी ससुराल नभीची लेने गया था लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ नहीं आई जिससे क्षुब्ध होकर उसने शारदा नहर में आत्महत्या कर ली ।

## शाहजहांपुर-फर्रुखाबाद कटरा स्टेट हाईवे पर चौड़ीकरण का काम शुरू



- जलालाबाद से निकलने वाले फर्रुखाबाद कटरा स्टेट हाईवे पर चौड़ीकरण का काम शुरू ,निशान लगने से सड़क किनारे बसने वालों लोगो में मचा हड़कंप

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जनपद के नगर जलालाबाद क्षेत्र में फरुखाबाद –कटरा स्टेट हाईवे मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है,, यह मार्ग इटावा से लेकर बरेली तक फोरलेन बनेगा ।इसके लिए सड़क किनारे की बिल्डिंग गिराई जा रही हैं। साथी कस्बे के अंदर निशान लगने से रोड के किनारे बसने वाले दुकानदारों व नगर वासियों में हड़कंप मच गया है ।निर्माण करने वाले अभियंता एस कुमार ने बताया बीच सड़क से एक साइड में60 मीटर रास्ता खाली कराया जा रहा है और उस पर मिट्टी डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे नगर जलालाबाद में सैकड़ों लोगों की दुकानें व मकान चले जाएंगे जिससे उनमें हड़कंप मचा हुआ है ।सड़क को चौड़ा करने के लिए मदनापुर से जलालाबाद की साइड के लिए सड़क किनारे खड़े हरे भरे पेड़ों को कटान शुरू हो गया है। पेड़ों को काटकर एक जगह ईखट्टा किया जा रहा है जिसकी नीलामी वन विभाग द्वारा की जाएगी।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया जिला पंचायत से बना नाला

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जिला पंचायत द्वारा लाखों के बजट से बनवाया गया नाला एक साल में ही टूटकर धराशायी हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नाला निर्माण मानक के अनुसार नही कराया गया है। इसमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जिला पंचायत द्वारा 2021 में पुवायां रोड़ पर रतन सिंह कॉलेज से पुलिया तक नाला निर्माण कराया गया था। अहम बात यह है कि जो कागजों में नाला दर्शाया गया है वह देखने मे नाली लग रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण में सरिया आदि का प्रयोग नही किया गया जिससे नाला एक साल में ही टूटकर गिर गया। ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया।

## तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ की हुई मीटिंग



- ैक्ड की अध्यक्षता में बीएलओ की हुई मीटिंग दी जानकारी,मतदाता सूची में हुआ बदलाव जनवरी की जगह अन्य महीनों में होगी आयु पूरी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। जनपद की तहसील जलालाबाद के सभागार में उप जिलाधिकारी बरखा सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित बीएलओ की एक मीटिंग का आयोजन किया गया, मीटिंग में आए हुए बीएलओ को गरुण एप ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से नए मतदाताओं के जोड़ने की जानकारी दी गई। साथ ही थर्ड जेंडर व दिव्यांग मतदाताओं के प्रमाण पत्र के बाद ही उनका नाम शामिल करने की बात बताई ।साथ ही उन्होंने बताया मृत्यु की दशा में वोटर का नाम विलोपित किया जाना आवश्यक है ।वहीं उन्होंने बताया कि अभी तक 1 जनवरी के आधार पर मतदाताओं को 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर मतदाता बनाया जाता था, परंतु इसमें बदलाव कर दिया गया है 1 जनवरी 1 अप्रैल 1 जुलाई और 1 अक्टूबर कर दी गई है 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर लोग अपना नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकेगा ।इस अवसर पर आरके धर्मेंद्र कुमार लेखपाल एवं क्षेत्र के सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा महानगर संयोजक ने नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ महानगर संयोजक आशीष बर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र के माध्यम से खाना नदी में गिरने वाले बड़े नाले के आसपास भीषण गंदगी तथा खुले नाले के कारण दिन प्रतिदिन गंदगी बदबू एवं मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्रवासियों को विभिन्न बीमारियों से कोप भाजन होना पड़ रहा है इसके निवारण के लिए तत्काल जनहित में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है महानगर संयोजक आशीष वर्मा पत्र के माध्यम से बताया कि नगर निगम के मंडी क्षेत्र में मिशन स्कूल के पीछे से होते हुए मुन्नू गंज मोहल्ला पूरन तलैया रोशन गंज से हनुमत धाम विसरात रोड से होकर खनन नदी में गिरने वाले बड़े नाले के आसपास रहने वाले नगर वासियों को इस खुले नाले की वजह से जीवन यापन में अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इस गंदगी के कारण आसपास का वातावरण बदबूदार एवं मच्छरों के प्रकोप से ग्रसित है जिस कारण नगर वासियों के स्वास्थ्य संबंधी तरह–तरह की बीमारियां से भी जूझना पड़ रहा है साथ ही साथ कई लोग इस खुले नाले में आए दिन गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं आशीष वर्मा ने नगर निगम आयुक्त से मांग करते हुए इस खुले नाले में सीवर लाइन या अन्य व्यवस्था करके नाले को बंद करा कर सड़क निर्माण की मांग की है जिससे क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके तथा भीषण गंदगी एवं बदबूदारमाहौल से भी छुटकारा मिल सके भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के संयुक्त तत्वधान में नगर निगम की जन समस्याओं के समाधान हेतु भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष आशीष वर्मा ने 8 सूत्रीय मांग पत्र नगर आयुक्त महोदय को सौंपा। जिसमें नगर की समस्याओं से अवगत करवाते हुए जनहित में उनका जल्द से जल्द समाधान करवाने की बात कही गयी है ।कार्यक्रम में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता, महेंद्र चावला, विजय कुमार, ऋषभ गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रशांत मिश्रा, आकाश राठौर, अमित कश्यप, विजय मोहन, मनमोहन बब्बर, उदित गुप्ता, गोपाल प्रजापति, बलबीर कश्यप, दीपक कुमार वाल्मीकि आदि व्यापारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## आगामी लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं वाद

- नोडल अधिकारी और परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने ली बैठक

चित्रकूट ब्यूरो। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर सुलह–समझौते के आधार पर वाद निस्तारण की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल की अध्यक्षता में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए संबंधित अधिवक्ताओं के साथ प्री–ट्रायल बैठक की गई। इसमें सुलह–समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण करने के लिए अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए निरंतर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर अधिवक्ता अनिल कुमार शुक्ल, रमेश सिंह, सूर्यपाल मिश्रा, हेमराज सिंह, शारदा प्रसाद यादव, मनमोहन चतुर्वेदी व आदर्श कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दीपनारायण तिवारी ने राजस्व वादों के निस्तारण के लिए तहसीलदारों एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। नोडल अधिकारी ने कहा कि लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे वादकारी का धन और समय दोनों बचता है। ऐसे में सभी अधिकारी आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने



का प्रयास करें। पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि सम्बंधित पक्षकारों को सम्मन और नोटिस भेजकर राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सम्बंध में सूचित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस मौके पर सदर तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर तहसीलदार राजेश कुमार यादव, राजापुर तहसीलदार संजय कुमार अग्रहरि, नायब तहसीलदार रामानंद मिश्र, एसओसी एसके शुक्ला, पीटीओ संतोष कुमार तिवारी, श्रम विभाग के नवीन कुमार साहू व वन विभाग के रामनरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली ।लालगंज कस्बे के घसियारी मंडी निवासी गोविंदा पुत्र दिलीप कुमार, दिलीप कुमार, फूलमती व.अविनाश के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज हुआ है ।मामले की शिकायत गोविंदा की पत्नी राखी पुत्री अशोक कुमार निवासी खपरा मोहाल थाना कैंट जिला कानपुर ने की है ।लालगंज पुलिस ने राखी की शिकायत पर पति,ससुर,सास व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।राखी ने बताया कि उसका विवाह 2020 में गोविंदा धानुक.के साथ हुआ था।

विवाह के बाद से ही कम दहेज लाने का ताना देकर ससुराली जन.उसे मारते पीटते थे ।उसकी व्यथा सुनकर रविवार को उसके माता पिता व भाई लालगंज आए थे ।उन्होंने मेरे ससुराल वालों से मारपीट न करने की बात कही तो मेरे ससुराली जनों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें मारा–पीटा ।लालगंज पुलिस ने मारपीट में घायल राखी के माता, पिता और भाइयों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

## गुणवत्ता व निष्पक्षता के साथ हो समस्याओं का निस्तारण : डीएम

- लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार स्थित कार्यालय में आम लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को गुणावत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोनेपुर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड–19 एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और



निस्तारण पूरी गुणवत्ता और निष्पक्षता के साथ किया जाए ताकि समस्याग्रस्त व्यक्ति के मन में शासन–प्रशासन के मन में अच्छी छवि बने। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार राय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरन आदि मौजूद रहे।

## फेसबुक पर झूठी अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लालगंज,रायबरेली। बेलीगंज थाना सदर रायबरेली निवासी प्रणव तिवारी को फेसबुक पर झूठी अफवाह वाली पोस्ट डालना महंगा पड गया है ।मामले का संज्ञान लेकर कोतवाल राजेस सिंह ने प्रणव तिवारी के खिलाफ धारा 66 सी,153ए,295बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज कराया है।

प्रणव तिवारी ने कांवडियों को एक विषेष संप्रदाय के लोगों के द्वारा पीटे जाने की झूठी खबर फेसबुक पर डाली थी ।जांच करने पर खबर झूठी निकली जिसके चलते उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है ।कोतवाल ने चेतावनी देते हुये कहा है कि साम्प्रदायिक माहौल बिगाडने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी ।उन्होने कहा कि किसी को भी किसी भी घटना की सत्यता जाने बिना अफवाह नही फैलानी चाहिये ।झूठी अफवाह से माहौल खराब होने का आसंका बनी रहती है।

## व्यापारियों ने ज्ञापन देकर दैनिक उपयोग की खाद्य वस्तुओं को जीएसटी मुक्त रखने की मांग की

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष राजेश पोरवाल के नेतृत्व में भारत सरकार की वित्तमंत्री मा. श्रीमती निर्मला सीतारमण के सम्बोधन में एक छः विन्दुओं पर विचार हेतु ज्ञापन उपजिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी को सौंपा। भरथना के उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी महामंत्री सत्यभान गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सविता, उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा, सौरभ कुमार, श्याम विश्नोई, भूरे पाल, मनमोहन गुप्ता सहित अन्य व्यापरियों ने सोमवार को



उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुचकर उपजिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि भारत सरकार के वित्तमंत्री के द्वारा दैनिक उपयोग में अनब्रांडेड आने वाली खाद्य वस्तुओं को जी.एस.टी कर लगने से खाद्य वस्तुए और महंगी हो जाएगी। जिसका सीधा असर देश की जनता पर पड़ेगा। इस बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए अन्य छः बिंदुओं पर विचार करने के लिए भारत सरकार से एक ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखते हुए बढ़ती महंगाई पर पड़ने वाले असर से आमजन को बचाया जा सकता है। जिसके लिए व्यापरियों ने ज्ञापन सौंपा।

## सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने विभिन्न परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

- जल संरक्षण के लिए विभागीय अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश
- जलशक्ति मंत्री के निर्देश पर किया दौरा

चित्रकूट ब्यूरो। बुंदेलखंड परिक्षेत्र के जलसंसाधन एवं सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश झांसी के मुख्य अभियंता (बेतवा) माहेश्वरी प्रसाद तथा अधीक्षण अभियन्ता श्यामजी चौबे ने मंगलवार को जनपद का दौरा किया। इस दौरान इन्होंने विकास खंड मऊ व मानिकपुर क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण गृह, बांध, टैंक व बंधियो के कार्यों को जायजा लिया। साथ ही बांधों व टैंको के जल संरक्षण को रोकने के लिए लगाए जा रहे गेटों का भी निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता द्वारा मानिकपुर के पाठा क्षेत्र के मारों टैंक, केहुनिया बंधी, जमुनिहाई बंधी तथा बरदहा बांध की अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार से विस्तृत जानकारी लिया। विशेष रूप से मुख्य नहर के बने प्रोजेक्ट में शामिल बरदहा बांध के गेट को खुलवा कर व अन्य संचालित कार्यों का भी निरीक्षण किया।

इन्होंने सिंचाई खंड के सभी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए कि बांधों, टैंको तथा बंधियो के पानी को पूर्ण रूप से रोका जाय तथा इसमें किसी तरह का लीकेज नहीं होना चाहिए। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में किसनों के लिए जल का एक–एक बूंद बहुत महत्वपूर्ण है। इन्होंने कहा कि यहां के किसान वर्षा जल पर निर्भर है। किसान हित और देश हित



में वर्षा जल को रोकना हम सबका सबसे बड़ा दायित्व है। चित्रकूट जनपद के जितने बांध, टैंक व बंधिया हैं उनकी मरम्मत, जीर्णोद्धार की परियोजना तैयार करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद इनके द्वारा विकास खंड मऊ में हो रहे बंधियों के मरम्मत के कार्यों, कलछिया बंधी, मोजरा बांध, गढ़ावा टैंक एवं बरगढ़ निरीक्षण गृह का भी निरीक्षण किया गया। जहाँ इन्होंने बरूआ बांध तथा नहर प्रणाली के जीर्णोद्वार की परियोजना प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार, सहायक अभियंता गुरुप्रसाद, फूल सिंह, जसीराम, अरुण गिरी, जूनियर इंजीनियर जयप्रकाश, राधेश्याम, संजय बिंद व सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान और वैराग्य के बिना अधूरी है भक्ति : डॉ रामनाराण

- श्रीमद्भागवत कथा का पहला दिन

चित्रकूट ब्यूरो। धर्म नगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के पहले दिन कथा वाचक डॉ रामनारायण त्रिपाठी कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का एक–एक श्लोक भगवान का स्वरूप है। जहां भी भागवत कथा के श्लोकों का गायन होता है, वहां भगवान श्रीकृष्ण गोपियों के साथ सदा विराजमान रहते हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का जीवन में महत्व समझाया। बताया कि ज्ञान और वैराग्य के बिना भक्ति अधूरी है। कहा कि जब भागवत कथा के श्रवण से प्रेत आत्मा धुंधकारी भी पवित्र हो तर सकता है, तो जीवित कर्मशील मनुष्य अपने जीवन की दिशा धारा बदल कर निश्चित ही कल्याण को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रोताओं को आत्मदेव और धुंधकारी की कथा का भी श्रवण कराया। बताया कि रूप, रस, गंध, स्पर्श व ध्वनि यह मानव को वश में करने वाली वेश्याएं हैं, जो इनके चक्कर में फंसता है, वही धुंधकारी है। इन वेश्याओं के चक्कर में फसकर जीव अपने प्राण को नष्ट कर देता है। जैसे रूप के चक्कर में पतंगा दीपक में जल मरता है, रस के चक्कर में मछली, गंध के चक्कर में भंवरा, स्पर्श की कामना से हाथी तथा ध्वनि के चक्कर में फस कर हिरण अपना प्राण गंवाता है।

जो मनुष्य इन पांचों के चक्कर में फंसा है, उसका जीवन कैसे सुरक्षित रहेगा यही इस कथा के माध्यम से समझाया गया है। बताया कि कुंती ने भगवान से विपत्ति मांगी क्योंकि विपत्ति में व्यक्ति एकाग्र होता है, जिससे उसका संबंध भगवान से जुड़ा रहता है। संपत्ति और सुख में व्यक्ति भगवान को भूल जाता है। इसलिए कुंती ने भगवान से प्रार्थना की कि उन्हें विपत्ति दें क्योंकि जब–जब विपत्ति आई, तब–तब उन्हें भगवान का सानिध्य मिला। कहा कि जीवन का पूर्ण विकास भीष्म पितामह के समान होना चाहिए। उन्होंने कर्म करते हुए अपने जीवन को इतना पवित्र बनाया कि भगवान उनको विदा करने के लिए स्वयं उपस्थित हुए। कहा कि जो भी व्यक्ति भागवत कथा को ध्यान से सुनता है, उसका मनन करता है और उसके अनुरूप




अपने जीवन को विकसित करता है। तो निश्चित ही उसके जीवन की सभी ग्रंथियां मिट जाती हैं और वह ब्रह्म स्वरूप हो जाता है।

## कांग्रेसियों ने की चित्रकूट को सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

- एसडीएम को सौंपा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन

चित्रकूट ब्यूरो। जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में जिले को सूखा घोषित करने के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्वी को सौंपा।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने मांग की कि चित्रकूट जनपद बुंदेलखंड क्षेत्र के सबसे पिछड़े क्षेत्र में आता है और यहां किसान परेशान है। कह कि अब जनपद में सूखा की स्थित है, जिससे आम जनता परेशान है। सूखे को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट मांग करती है कि जनपद चित्रकूट को सूखा घोषित कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। जिससे किसानों को राहत मिल



सके। कांग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, तब से लगातार महंगाई बढ़ रही है। इस महंगाई से किसान, व्यापारी, मजदूर सहित सभी वर्ग परेशान है। इस सूखे के कारण किसान बुरी तरह से परेशान है तथा किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जनपद चित्रकूट को जल्द से जल्द सूखा घोषित कर किसानों को आर्थिक मुआवजा दिया जाए। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए विवश होगी। इस मौके पर जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, जिला सचिव यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, अनिल कुमार यादव, जगजाहिर पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सविता पाल, मानवेंद्र सिंह, जय सिंह, उदय नारायण, रामसेवक, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

## गांजा बेचने वाले ने सिपाही को ईंट मारकर किया घायल

लालगंज रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र की नरपतगंज चौकी सिपाही को गांजा बेचने वाले ने ईंटा फेंक कर मार दिया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार कुड़वल गांव में बड़ैला ताल के किनारे शराब और गांजा बेचने का अवैध कारोबार होता है। मंगलवार को नरपतगंज चौकी इंचार्ज मनोज यादव मय सिपाहियों सादी वर्दी में उन्हें पकड़ने पहुंचे तो वहां गांजा बेच रहे अमरेंद्र लोधी निवासी कुड़वल ने बचने की फिराक में सिपाही को इंटा मार दिया ।ईटा राम प्रकाश सिपाही के सिर में जा लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गांजा बेचने व मारपीट करने वाले अमरेंद्र को हिरासत में लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही आरक्षी अमित पाल द्वारा आरोपी जीनुश पुत्र स्व मोहम्मद सलीम निवासी नटों का डेरा मजरा बांधी थाना रैपुरा को अवैध तमंचा–कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गन्ना सर्वे सट्टा का प्रदर्शन प्रारम्भ

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। प्रदेश सरकार के 100 दिवस के कार्यक्रम के अन्तर्गत गन्ना विकास विभाग द्वारा आगामी पेराई सत्र हेतु तैयार किये 63 कॉलम के सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से गॉव–गॉव, घर–घर जाकर गन्ना कृषकों के गन्ना की आपूर्ति करने से सम्बन्धित समस्त ऑकड़ो का प्रदर्शन किया जायेगा। गन्ना विकास विभाग ने इसकी पूरी तैयारी करते हुए प्रदशर्न कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रदर्शन कार्यक्रम के अनुसार गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिल के कर्मी अपने सम्बन्धित ग्रामों में जाकर गन्ना कृषकों को उनके ऑकडे दिखाकर उनसे सहमति अथवा आपत्ति प्राप्त करेगें तथा जॉचोंपरान्त प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करायेगें। गन्ना विकास विभाग ने इस हेतु समस्त गन्ना कृषकों से अनुरोध किया है कि गन्ना कृषक अपने ऑकड़ो की भली प्रकार जॉच कर लें, जिससे पेराई सत्र के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। अपर मुख्य सचिव, चीनी एवं गन्ना द्वारा गन्ना कृषकों की सुविधा हेतु समस्त कार्यालयों तथा चीनी मिल में कृषक सहायता केन्द्र की स्थापना कराते हुए कार्मिकों की ड्यटी लगाई गई है। कृषक सहायता केन्द्र पर गन्ना कृषकों को घोषणा पत्र भरने तथा ऑनलाइन समिति सदस्यता लेने में निशुल्क सहायता प्रदान की जायेगी। साथ ही साथ समिति एवं चीनी मिल स्तर पर पूछ–ताछ केन्द्र की भी स्थापना कराई गई है। उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि चीनी मिल स्तर पर गन्ना कृषकों, गन्ना विकास विभाग के फील्ड स्टॉफ तथा चीनी मिल कार्मिकों को घोषणा पत्र भरने तथा ऑनलाइन समिति सदस्यता लेने का प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। श्री सिह ने गन्ना कृषकों से अनुरोध किया है कि सर्वे सट्टा प्रदर्शन के दौरान कृषक भाई अपने समस्त ऑकड़ो को भली प्रकार जॉच लें। यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो उसे नोट करा दें। श्री सिंह ने बताया कि ऑकड़ो को देखने तथा उन्हें सही कराने तथा ऑनलाईन घोषणा भरने तथा ऑनलाइन सदस्यता में सहायता हेतु गन्ना विकास विभाग कोई भी शुल्क नहीं लेता है। श्री सिंह द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि अयोध्या मंडल के अन्तर्गत सर्वे–सट्टा प्रदर्शन हेतु 205 से अधिक टीमें बनाई गई हैं।

## श्रावण प्रथम सोमवार की शयन आरती में बाबा का रूप निहारते दिखे भक्तगण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

लालगंज (प्रतापगढ़)। प्राचीन परम्परा के निर्वहन के साथ – साथ मंदिर के महंत बाबा मयंक भाल गिरि की अगुवाई में श्रावण सोमवार की शयन आरती के स्वरूप में भव्यता प्रदान करते हुए अलौकिक श्रृंगार के साथ महा आरती प्रारम्भ हो गई । बाबा घुश्मेश्वर नाथ धाम एक धार्मिक, अध्यात्मिक और पौराणिक विशिष्टता के कारण यह शिव धाम करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। भगवान घुश्मेश्वर का यह धाम बाबा घुइसरनाथ धाम नाम से मानव समाज के प्राणों में बस गया है। यहाँ भगवान घुश्मेश्वरज्योतिर्लिंग का बहुत विशाल मंदिर है। अवध के उत्तरी क्षेत्र बेल्हा में घुइसरनाथ धाम में स्थित बाबा घुश्मेश्वर नाथ मंदिर भारत के जागृत १२ ज्योतिर्लिंग में अति महत्वपूर्ण है।ज्योतिर्लिंग के बारहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में बाबा घुश्मेश्वर नाथ की प्रसिद्ध सम्पूर्ण अवध में है। जिस आस्था श्रद्धा विश्वास के साथ दिनानुदिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है। वह किसी तर्क वितर्क की अपेक्षा नहीं रखता अपितु आत्मा की सहज परमात्मा को उपलब्ध कराने की सनातन परम्परा का पूंजी भूत उल्लास है। बाबा घुइसरनाथ धाम में दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं। भगवान घुश्मेश्वर नाथ जी सबके मन प्राण आत्मा व चेतना को जागृत कर देने वाले महादेव है, उनकी आराधना पूजा साधना मनुष्य को कल्याणकारी तत्वों से भर देती है। सई नदी के पावन तट के किनारे स्थित बाबा घुश्मेश्वर नाथ मन्दिर के आस्था का जन सैलाब, एक दूसरे को सहयोग करता उमड़ता रहता है। बाबा



घुश्मेश्वर नाथ का महत्व हमारे धर्म ग्रन्थों व वेदों पुराणों में भी उल्लेखित है। साधक और ज्ञानियों की चेतना के केन्द्र में शिव आदि काल से उपस्थित है। भोले बाबा का विश्लेषण वैदिक काल से अब तक लगातार किया जा रहा है फिर भी पूरा नहीं हुआ है, हो भी नहीं सकता है। भोले बाबा अनादि अनंत अविनाशी है। मान्यता के अनुसार इस दिव्य महा आरती में जो भी भक्त स्वच्छ एवं निर्मल मन से बाबा के श्रृंगारित रूप का दर्शन कर महा आरती में सम्मिलित होते हैं उनके सकल मनोरथ पूर्ण हो जाते है, आरती में क्षेत्रीय ही नहीं अपितु दूर–दराज के लोग भी दर्शन हेतु आतुर रहते हुए सैकड़ों भक्त गण लोग सम्मलित होते हैं । शयन आरती में उपस्थिति लोगों में अनिल गिरि, राम गिरि, वीरेंद्रमणि तिवारी, विपिन तिवारी, प्रबंधक लाल बृजेश सिंह, संगम मिश्र, अंजनी, शिवाकांत पाण्डेय, लाल संजीव सिंह, छोटू, उपेन्द्र मिश्र, हरिश्चंद्र, आदि सैकडों भक्त गण मौजूद रहते हैं ।

## बंद कमरे में मिला अवैध विस्फोटक, 26 गैस सिलेंडर बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

सोहावल–अयोध्या ।रौनाही थाना से चंद कदम की दूरी पर सोहावल चौराहे पर अजय साहू पुत्र राजकुमार के घर में अति गंभीर संदिग्धता को लेकर मुखबिर की सूचना मिलने पर मामले को गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने स्वयं दल बल के साथ देर शाम लगभग साढ़े नौ बजे छापामारी किया। घर तलाशी के दौरान एक बरामदे में 35 बोरी आतिशबाजी तथा तीन बोरी अवैध विस्फोटक पदार्थ तथा 26 गैस सिलेंडरों में 18 भरे तथा 8 गैस सिलेंडर बरामद किया ।मौके पर मौजूद अजय साहू को गिरफ्तार थाना लाई ।पुलिस की पूछताछ में अजय साहू ने बताया कि वह विस्फोटक पदार्थ का अवैध कारोबारी करता था। अजय साहू द्वारा जुर्म कबूल करने पर अपराध संख्या 255ध्22धारा 9 ख विस्फोट अधिनियम के तहत उक्त एक आरोपित को जेल भेजा। विगत लगभग 5 वर्ष पहले इसी चौराहे पर बरामदगी स्थल के निकट ही एक घर से हुए विस्फोट में पुंदन नाम का युवक मौत के घाट उतारा था। ऊपर की दुकान में सिलाई का काम किया जाता थास लेकिन नीचे के कमरे में विस्फोटक गोला बारूद और शादी विवाह के तमाशे में प्रयोग किया जाने वाले गोला तमाशा बनाया जाता थास जिसकी भनक रौनाही पुलिस को नहीं लगी और सामग्री बनाते समय कि विस्फोट हो गया था। विस्फोटक बरामदगी के मामले में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि सोहावल चौराहा स्थित मकान में अवैध विस्फोटक पदार्थ होने की मुखबिर से सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो0 सुहेल एस आई अशोक कुमार अश्वनी प्रताप अमित कुमार सहित महिला पुलिस कर्मी सोनी वर्मा पूनम केवल साथ छापामारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक पदार्थ एव 26 सिलेंडरो को बरामद किया गया। गैस आपूर्ति अधिकारी को अवलोकन करने के लिये बुलाया गया है।

## गूगल गर्ल के नाम से फेमस हुई बच्ची को अयोध्या के लाल पत्रकार रवि भट्ट ने स्कूल के सहयोग से लिया गोद

पवन कुमार अयोध्या। निष्पक्ष एवं निर्भीक अयोध्या के स्वतंत्र पत्रकार रवि भट्ट के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया। बिहार के गोपालगंज जिले की एक बच्ची जो गूगल गर्ल के नाम से सोशल मीडिया पर काफी फेमस हुई थी। गूगल गर्ल आरोही सिंह पुत्री विनोद सिंह का सपना था कि वह आईएएस बने लेकिन उसे कोई अच्छा स्कूल नहीं मिल पा रहा था। उसी बच्ची को पत्रकार रवि भट्ट ने न्यू ज्ञानलोक कंपटीशन स्कूल के सहयोग से गोद ले लिया। लगातार गरीब असहाय लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले इमानदारी से लोगों के साथ पेश आने वाले गरीब लोगों की आवाज उठाने वाले पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योग्यदान देने वाले रवि भट्ट गरीब असहाय लोगों के सहारा बन चुके हैं ।पत्रकार रवि भट्ट ने गूगल गर्ल बच्ची को न्यू ज्ञानलोक कंपटीशन स्कूल में एडमिशन कराया। गूगल गर्ल आरोही सिंह को पत्रकार रवि भट्ट



ने ही वीडियो बनाकर वायरल किया था। आरोही का पहला वीडियो 1 करोड़ 20 लाख लोगों ने देखा था। पत्रकारिता क्षेत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार रवि भट्ट जी समाज के प्रति निष्पक्ष अपनी आवाज को उठाते हैं। हर जिले में पहुंचकर हर विशेष व्यक्ति की खोज कर उनको सबके सामने लेकर आते हैं। अपनी आवाज के द्वारा लोगों को बुलंदियों तक पहुंचाते है यही वजह है कि रवि भट्ट और उनके साथ साए की तरह रहने वाले विशाल राय लोगों के दिल मे है ।अयोध्या के पत्रकार रवि भट्ट के साथ न्यू ज्ञानलोक कंपटीशन स्कूल के डायरेक्टर पंचालाल सर, मेनेजिंग डायरेक्टर चन्दन सर, विशाल राय, विकास विद्यार्थी के साथ क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग व ग्रामीण मौजूद रहे ।पत्रकार रवि भट्ट ने बताया कि वीडियो वायरल करना उनका मकसद नहीं बल्कि वायरल लोगों को सही मुकाम तक पहुंचाना उनका मकसद रहता है।

## ममता हेल्थ इंस्टीटयूट का आयोजन किया गया


चित्रकूट। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट जागृति– 3 के अंतर्गत पहाड़ी ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पांच दिवसीय ष्मुन्नी कैंपेनष कार्यक्रम का की शुरुआत कल यानी 18/07/2022 से शुरू होकर 22/07/2022 तक चलेगा , इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे समुदायों में बढ़ते कुपोषण तथा मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से एलईडी टीवी शो के माध्यम से पोषण वाटिका तथा भोजन में विभिन्न खाद्य समूह की पर्याप्त उपलब्धता आदि के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक करने हेतु इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई , जिसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर



श्रीमती पुष्पा सिंह की टीम के द्वारा ममता संस्था का परिचय व प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए एवं प्रोजेक्ट दिखाए एवं पोषण प्रदर्शन से संबंधित दस प्रश्न पूछे गए जिसमें गांव की सभी किशोरी,गर्भवती, धात्री महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इसके उपरांत प्रथम दस विजेताओं को ममता संस्थान द्वारा पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

## अटल भूजल योजना की डिजिटल रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना

चित्रकूट। भूजल सप्ताह योजना के अन्तर्गत संचालित (16–22 जुलाई) के चतुर्थ दिवस पर दिनाँक आज जिला मुख्यालय के विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी के द्वारा अटल भूजल योजना की डिजिटल रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर अटल भूजल योजना की नोडल



अधिकारी सुश्री श्वेता गुप्ता, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता समेत जिला प्रशिक्षण अधिकारी,अटल भूजल के आई ई सी एक्सपर्ट आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकता मिला छात्र का शव



☒ खेतों से लौट कर अकेला आया था घर पर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स अयाना,औरैया। थाना क्षेत्र के अंतौल में मंगलवार दोपहर 11 बजे घर की गैलरी में लगी कील पर दुपट्टे के सहारे से ११ वर्षीय छात्र का शव लटकते मिला। परिजनों ने पुलिस के पहुंचने से पहले शव को फंदे से उतार लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु की। अंतौल निवासी अमन (11) पुत्र स्व. हरी सिंह का शव मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे घर की गैलरी में लगी कील पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। बकरी चरा कर घर लौटे छोटे भाई कन्हैया व बहन गीता ने शव को फंदे पर लटकता देख शोर मचाना शुरु कर दिया। शोगुल सुन पहुंचे परिजन व पड़ोसियों ने शव को फंदे से उतारकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के बड़े भाई शिवेंद्र ने बताया कि उसकी मां तेजा देवी पांच साल पहले बच्चों को छोड़कर चली गई थी और डेढ़ साल पहले पिता हरीसिंह की मौत हो जाने के बाद से वह अपनी बहन रीता, गीता, भाई अमन व कन्हैया के साथ अपनी ताई संगीता देवी के साथ रहते थे। मृतक अमन गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यायल में कक्षा छह का छात्र था। मंगलवार सुबह वह गांव के ही सुरेश तोमर की धान की फसल रोपाई के लिए नर्सरी से पौध उखाडवा कर साढ़े 10 बजे घर आ गयाथा सूचना पर पहुंचे एसआई शंभूदयाल एसआई संजय फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच–पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर प्रेस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवा कलाकारो को अपनी प्रतिभा को उत्कृष्ठ स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरित किया गया

☒ युवा कल्याण विभाग द्वारा श्री कृष्ण सरोज महाविद्यालय ककोर में जनपद स्तरीय युवा उत्सव वित्तीय वर्ष 2022–23 का आयोजन हुआ

☒ लोकनृत्य एवं लोकगीत में विवेकानन्द महाविद्यालय दिवियापुर के प्रद्युम्न कुमार ने लोक गीत में प्रथम व लोक नृत्य में राधिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। मंगलवार को युवा कल्याण विभाग औरैया द्वारा श्री कृष्ण सरोज महाविद्यालय ककोर में जनपद स्तरीय युवा उत्सव वित्तीय वर्ष 2022–23 का आयोजन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा एवं कन्नौज सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित करके युवा उत्सव का शुभारम्भ किया गया। गणेश वन्दना द्वारा दोनों अतिथियों का अभिवादन किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा दोनों अतिथियों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राम मिश्रा एवं सांसद प्रतिनिधि कन्नौज रिया शाक्य ने युवाओ को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गयी घोषणाओं से अवगत कराते हुए, युवा कलाकारो को अपनी प्रतिभा को उत्कृष्ठ स्तर पर ले जाने हेतु प्रेरित किया तथा आगामी मण्डल तत्पश्चात राज्य युवा उत्सव में प्रतिभाग के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि सभी ग्राम पंचायतों में युवाओं के खेलकूद हेतु खेल मैदान की स्थापना के लिए किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए व्यक्त किया गया कि आगामी कुछ माह में जनपद औरैया में युवाओं हेतु खेल मैदान की सुविधा प्राप्त होने लगेगी। साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त की अवधि में ग्राम पंचायत स्तर पर गठित युवक ६ महिला मंगल दलों के कुल सदस्यों द्वारा अपने–अपने घरो पर तिरंगा झण्डा फहराया जाय।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, कथक, भरतनाट्यम, मणिपुरी, ओडिसी, कुचपुडी, शास्त्रीय गायन – हिन्दुस्तानी एवं कर्नाटक, मृदगम, सितार वादन, तबला वादन, हरमोनियम (लाइट), बांसुरी वादन, गिटार वादन, वीणा वादन, एक्सटेम्पोर (एलोक्यूशन) एवं एकांकी के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर प्रचलित सांस्कृतिक कार्यक्रमो को भी सम्मिलित किया गया। जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्डो के अतिरिक्त समस्त विद्यालयो, महाविद्यालयो एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के यहाँ छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाया गया। युवा उत्सव कार्यक्रम में लोकनृत्य एवं लोकगीत में विवेकानन्द महाविद्यालय दिवियापुर के प्रद्युम्न कुमार ने लोक गीत में प्रथम प्ररस्कार प्राप्त किया, वही लोक नृत्य में राधिका ने प्रथम एवं मालिनी सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।सामूहिक नृत्य में अन्तरा, श्रुति बानी, आर्या के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही एक्सटम्पोर विधा में हिमान्शू दुबे तथा प्रान्शी गौतम ने प्रतिभाग किया। एकांकी नाटक विधा में आजादी के अमृत महोत्सव विषयक नाटक प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में निर्णायकोकी भूमिका में विकान्त दुवे, प्रभाकर, मोना यादव, प्रभाकर तथा सारिका तिवारी, प्रभाकर मौजूद रहे। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा समस्त विजयी प्रतिभागियों को



अवगत कराया गया कि आगामी 3 अगस्त को मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कानुपर नगर में होगा। जिसमें प्रतिभाग कर जनपद का नाम अवश्य रोशन करें। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य द्वारा विजयी प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह के अन्त में श्रीकृष्ण सरोज महाविद्यालय के प्राचार्य डा० अनिल कुमार तिवारी एवं प्रवन्धक आराधना शुक्ला द्वारा महाविद्यालय परिषर से समस्त कलाकारों एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी ६ कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# देश के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तस्वीर मामले में बर्खास्त सफाईकर्मी बहाल आनन-फानन में किया था बर्खास्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा मथुरा। कचरा गाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें मिलने के बाद बर्खास्त किए गए सफाईकर्मी की सेवाएं फिर से बहाल करने के आदेश दे दिए गए हैं। मामला कूड़े की गाड़ी में देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री की तस्वीर ले जाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इसके बाद आनन–फानन में निगम अधिकारियों के द्वारा संविदा सफाई कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया गया था। जनपद के सुभाष इंटर कॉलेज के एरिया मे जब प्रधानमंत्री मोदी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की तस्वीर को कूड़े की गाड़ी में ले जाया जा रहा था तो राजस्थान के अलवर से आए कुछ श्रद्धालु की नजर कूड़े गाड़ी पे पड़ी थी। इन लोगो ने गाड़ी रोककर कचरे में पड़ीं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीर का वीडियो बना लिया. इसके बाद तस्वीरों को कूड़े की गाड़ी से निकालकर उन्हें साफ किया. और अपने साथ राजस्थान ले गए। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर निगम के आला अधिकारियों ने संविदा सफाई कर्मचारी बॉबी को आनन–फानन में बर्खास्त कर दिया था। सफाई कर्मचारी को बर्खास्त करने की खबरें जब सामने आईं तो सोशल मीडिया पर लोगों ने इसका खूब विरोध किया. लोगों का कहना था कि इसमें सफाई कर्मचारी की कोई गलती नहीं है. फोटो कहां से कचरे में आई इस बात की जानकारी जब सामने आई ही नहीं तो सफाई कर्मचारी को बर्खास्त किस वजह से किया जा रहा है? सैकड़ों सफाईकर्मी ने भी इसका विरोध करते हुए कहा था कि जल्द ही बर्खास्तगी वापस होनी चाहिए. लोगों द्वारा इसके विरोध के बाद अंततरू सफाई कर्मचारी बॉबी की सेवाएं बहाल करने के आदेश दे दिए गए हैं. फिलहाल इस



बारे में भी जांच की जा रही है कि आखिर ये फोटो कचरा गाड़ी में आई कहां से. किस ने फेका।

# एससी एसटी एक्ट संशोधन कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। एससी एसटी एक्ट संशोधन 2018 के बाद इस एक्ट के बढ़ रहे दुरुपयोग को रोकने के लिए एक्ट में संशोधन कराने की मांग को लेकर हर माह दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति औरैया द्वारा महामहिम राष्ट्रपति भारत को संबोधित 47 वां ज्ञापन मंगलवार को जिला मुख्यालय ककोर में अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान को सौंपा। समिति के संयोजक महेश पांडेय ने बताया की अगला ज्ञापन 19 अगस्त 2022 को सौंपा जाएगा और जब तक इस एक्ट में इसका दुरुपयोग रोकने के लिए संशोधन नहीं होता तब तक लगातार धरना देकर ज्ञापन दिया जाता रहेगा। महेश पांडेय ने यह भी कहा की जनपद में जिनके ऊपर एससी एसटी एक्ट के फर्जी मुकदमे लिखाए गये हैं पीड़ित सभी लोग मुकदमों की निष्पक्ष सीबीसीआईडी से जांच कराने की मांग को लेकर 19 तारीख को दिए जाने वाले ज्ञापन के साथ अपना ज्ञापन देकर न्याय पाने की प्रार्थना कर सकते हैं। ज्ञापन देते समय राम नाथ त्रिपाठी, राम रतन पाल , श्याम बाबू शर्मा, सुरेश सिंह राजावत , ओम जी पाण्डेय, प्रशांत मिश्र ,गिरीश सिकरवार , विकास अवस्थी ,मनु राजपूत ,अवधेश पांडेय, आलोक



दुबे, ओम प्रकाश ,सुरेश चंद्र ,कमलेश अवस्थी ,पीएस पांडे, सुरेश सिंह, रमाकांत त्रिपाठी ,रामकृपाल दीक्षित, टीपी सिंह ,सुरेश चंद तिवारी, बलराम सिंह भदोरिया, सुशील दुबे ,कमलेश अवस्थी, राम बहादुर तिवारी, रघु पाल सिंह चौहान, अश्वनी दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने उठाई सात गांवो को ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में शामिल करने की मांग



☒ डीएम को सौंपा ज्ञापन ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष को भी दी ज्ञापन की प्रति

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। कांग्रेस ने ब्रज चौरासी कोस से अलग कर दिए गए गांव गोरई बेसवा सोनई खलौआ गुडेरा नगौडा सौंख खेड़ा अट्ठाईसी खेरे की देवी मंदिर को ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में शामिल करने की मांग उठाई है ।उनके द्वारा राया क्षेत्र के इन सात गांव और देवी मंदिर को ब्रज चौरासी कोस का हिस्सा बनने के लिए डीएम ज्ञापन दिया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि वर्ष 1978 की बाढ़ से पूर्व ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा इन सात गांव से होकर गुजरती थी परंतु गांवों का विकास न कराए जाने के कारण ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा अब इन गांवों से होकर नहीं गुजरती उन्होंने ब्रिज विकास तीर्थ परिषद तथा जिलाधिकारी से मांग की इन गांवों से गुजरने वाले मार्गों को दुरुस्त कराया जावे तथा वहां पर मौजूद अठ्ठाईसी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए।

उन्होंने नगर निगम के सफाई कर्मचारी बॉर्बी को बहाल किए जाने की मांग की चेतावनी दी कि यदि नगर निगम ने ग्यापन देने के १२ घंटे के अंदर बॉबी को बहाल नहीं किया तो वह आंदोलन करेंगे। जिला महामंत्री नरेश पाल सिंह जशावत ने बताया कि रमन रेती से कोयला अलीपुर जाने के लिए यमुना से रास्ता तय करना पड़ता है अलीपुर जाने के लिए यमुना पर पुल का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर उपाध्यक्ष राहुल अरोड़ा राजेंद्र प्रसाद शर्मा एडवोकेट एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पचौरी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर जिला महामंत्री निलेश जादौन राजेंद्र कुमार वशिष्ठ बृजेश शर्मा मनोज कुमार शर्मा अश्वनी शुक्ला अजय उपाध्याय अश्वनी शर्मा शाहरुख खान सुशील सागर रुपेश चौधरी कैलाश चंद्र उपाध्याय अरमान संजीव सिसोदिया अमन गुप्ता संजीव मित्तल अशोक शर्मा विजय चौधरी लोकेश शर्मा सतीश शर्मा डॉ प्रमोद कुमार शर्मा ठाकुर साहब सिंह ठाकुर राजपाल सिंह विनोद कुमार राजू अब्बासी रामदेव सोलंकी धर्मवीर सिंह सोलंकी नितेंद्र सिंह सोलंकी हरपाल सिंह सोलंकी रामबाबू सोलंकी आदि सैकड़ों कांग्रेसी जन मौजूद थे।

# डीएम,एसपी की उपस्थिति में हुई व्यापार प्रकोष्ठ की मासिक बैठक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक चारू निगम की अध्यक्षता में व्यापार प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पुलिस कार्यालय सभागार ककोर में हुई । बैठक के दौरान उप्र उघोग व्यापार मंडल दिबियापुर नगर अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने दिबियापुर के नहर पुल से रोजाना लगने वाले जाम से छुटकारा पाने के लिए बाईपास सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। जिस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारी बन्धुओं की सुरक्षा का भरोसा देते हुए प्राप्त सुझावों पर गहराई से अमल करने व समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल, यातायात प्रभारी कर्णव कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिकारी कर्म0गण व औरैया व्यापार मण्डल



बनवाने व डिवाइडर रखे जाने ,कांशीराम कालोनी में पुलिस चौकी की स्थापना कर वहा पर स्टाफ नियुक्त किए जाने की मांग के साथ साथ अन्य व्यापारीगणों द्वारा अपनी–अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया तथा सुरक्षा आदि के के सभी पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे। इस दौरान व्यापारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को बुके देकर सम्मानित किया गया तथा व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से संबन्धित ज्ञापन देकर जानकारी दी गई।

# खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्तिपर जनपद में 1-19 वर्ष के

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

☒ 1182661 बच्चों एवं किशोर किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। 25 से 27 जुलाई तक चलेगा मॉप–अप राउंड

☒ एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा

मथुरा। बच्चों को कृमि संक्रमण (पेट के कीड़े) से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बुधवार को अभियान चलाकर दवा खिलाई जाएगी। इसके तहत जिले के समस्त निजी एवं सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन के लिए दिनांक 18 जुलाई को सीडीओ सर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया । मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री नितिन गौड द्वारा शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिय सभी विद्यालयों के शिक्षकों का जूम के माध्यम से एक बार प्रशिक्षण अवश्य करा दिया जाए। सभी जगह टास्क फोर्स की बैठक कर ली जाए व पर्याप्त मात्रा में आंगनवाड़ी केंद्र व विद्यालयों पर दवा एवं प्रारूप की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि कृमि संक्रमण कुपोषण का एक बहुत बड़ा कारण है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। सीएमओ ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश में वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है। नोडल अधिकारी मुनीश पौरुष ने बताया कि इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (20 जुलाई) के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।दवा खाली पेट नहीं खानी है । दवा खाने के बाद उल्टी दस्त या मिचलाने की समस्या हो तो घबराने की बात नहीं है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। आंगनवाड़ी केंद्रों व सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों , मदरसों आदि में 01 से 19 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकत्री व शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी तथा 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों को आशा द्वारा सूची बनाकर आंगनवाड़ी केंद्र पर लाकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के द्वारा 20 जुलाई को दवा खिलाई जाएगी। अभियान के बाद 25 से 27 जुलाई तक जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर






कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो बच्चे एवं किशोर किशोरी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

# कुल्हाड़ी लेकर आए युवक का वीडियो वायरल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

☒ प्लाट के विवाद में घर से कुल्हाड़ी लेकर आया था।

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में में प्लाट पर कब्जा को लेकर दो पक्ष में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने पर एक पक्ष कुल्हाड़ी लेकर आ गया जिसका वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव बरौआ निवासी सुरेंद्र कठेरिया पुत्र स्व दयाराम कठेरिया का प्लाट गांव में ही देवी मंदिर के पास पड़ा है। रविवार की सुबह गांव के ही राम बिलास उस प्लाट पर कब्जा करने लगे। जब इस बात का पता सुरेंद्र की पत्नी मीना देवी को लगा तो वह प्लाट पर पहुची और राम बिलास से काम बंद कर देने के लिए कहा जिसपर राम बिलास ने मीना देवी को मारपीट कर भगा दिया। खेतो से वापस आये सुरेंद्र को जब पत्नी ने घटना बताई तो सुरेंद्र घर मे रखी कुल्हाड़ी लेकर प्लाट पर पहुच गया। हाथों में कुल्हाड़ी देख गांव के लोग सामने आए और दोनों पक्ष को समझा कर घर वापस भेजा। हाथ मे कुल्हाड़ी लिए युवक का वीडियो वायरल हो गया,संज्ञान में आते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

# धोखाधड़ी के 37 हजार रूपये पीड़ित को वापस कराये

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। बीते 9 जुलाई को शिकायतकर्ता इमरान पुत्र जबरील खाँ निवासी रामनगर मल्हौसी पो०सहार थाना बेला जिला औरैया द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते 8 जुलाई को मेरे गूगल पे यूपीआई के माध्यम से मेरे खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा रुपये निकाल लिये गये है। पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का तत्काल



संज्ञान लेते हुए तत्काल साइबर सेल को विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई जिसके फलस्वरूप सोमवार को शिकायतकर्ता के खाते से निकाले गये 37 हजार रूपये शिकायतकर्ता को वापस करा दिये गये। रूपये वापस मिल जाने पर शिकायतकर्ता इमरान द्वारा पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया। वापिस करवाने वालो मै सत्येन्द्र सिंह यादव,प्रभारी साइबर सेल ,आरक्षी विजय कुमार,आरक्षी अनुराग मिश्रा,आरक्षी आशीष बरुआ साइबर हेल्प डेस्क,पुलिस मुख्यालय,औरैया, आरक्षी सोहिल सिंह,साइबर हेल्प डेस्क बेला है । उधर पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने जनपदवासियों से अपील कर कहा कि किसी भी प्रकार की अन्जान काल से सावधान रहे किसी प्रकार के लालच में न आयें,बैंक सम्बन्धी निजी जानकारी व ओटीपी किसी से शेयरनकरें तथा किसी भी साइबर अपराध के सम्बन्ध में तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 व साइबर सेल औरैया के मोबाइल नम्बर 7839864119 पर सम्पर्क करें।

# संक्षिप्त समाचार

## मथुरा नगर निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलीथीन जब्त करने की जुर्माने सहित कार्यवाही की

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 19.07.2022 को श्री डी0के0 सिंह



सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में निम्नानुसार प्रतिबंधित प्लास्टिक /पॉलीथिन जब्त करने की कार्यवाही की गयी –

नया बस स्टैंड, महोली रोड से 15 किग्रा प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलीथिन जब्त करते हुए 8000/– का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त गंदगी करने के विरुद्ध रु 300/– का जुर्माना वसूला गया ।कार्यवाही के समय मौके पर विपिन सिंह स्वच्छता निरीक्षक एवं प्रवर्तन दल के पदम सिंह, पंकज, पी पी सिंह,व नरेंद्र सिंह मय प्रवर्तन दल उपस्थित रहे।

## 25 स्कूलों को मिला स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार,जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन के सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी पी.सी. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 25 स्कूलों को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह , जिला कार्यकम अधिकारी शरद अवस्थी सहित शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में स्कच्छता पुरस्कार के लिए चयनित स्कूल पीबीआरपी एकेडमी औरैया, उच्च प्राथमिक विद्यालय कंचौसी कंपोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोठीपुर, केंद्रीय विद्यालय दिबियापुर प्राथमिक विद्यालय रौतियापुर, प्राथमिक विद्यालय सिरयावा, प्राथमिक विद्यालय झाबर का पुर्वा, पीबीआरपी एकेडमी दिबियापुर, प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर, प्राथमिक विद्यालय छोटी पड़रिया, प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर, प्राथमिक विद्यालय डेरा बंजारन बल्लापुर,उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला उम्मेद कंपोजिट, प्राथमिक विद्यालय पुर्वा देवी, उच्च प्राथमिक विद्यालय दलीपपुर




कंपोजिट, प्राथमिक विद्यालय सांफर, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुकुटपुर, कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर, कंपोजिट विद्यालय गुलहरिया, कंपोजिट विद्यालय मुढ़ी, प्राथमिक विद्यालय वैसुंधरा, प्राथमिक विद्यायल रामपुर की मडैया, प्राथमिक विद्यालय पंन्हर को सील्ड व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण के बाद जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं विद्यालय के प्रधानाध्यपको के कार्यों की सराहाना करते हुए और अच्छा करने के लिये प्रेरित किया । और अन्य स्कूलों से अपील की कि वह भी इन्हीं स्कूलों की तरह स्कूलों को स्वच्छ रखें और पुरस्कृत हो।

## जूनियर व प्राथमिक विद्यालय में डीएम ने किया भ्रमण

☒ मनीष के विज्ञान लैब एवं साइंस पार्क की सराहना

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स सहार,औरैया। सहार



ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवगंज मैं जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ,मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम एवं सहार खंड विकास अधिकारी ने भ्रमण कर साइंस पार्क को देखा । विद्यालय में पढ़ने वाले रजनीकांत, स्वाती, अनमोल गुप्ता, संजना, स्वाक्षी, रेहान और शिवा ने विज्ञान लैब मैं प्रयोग करके दिखाए और मनीष के स्वरचित विज्ञान गीत को इन्हीं बच्चों ने गाकर सुनाया, जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया । विद्यालय में जल संरक्षण के साथ–साथ एमपी थिएटर संकल्पना को वास्तविक रूप में देखा और मनीष को हर संभव मदद का भरोसा दिया । जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष के ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की वैज्ञानिक सोच के प्रसार की सराहना करते हुए कहा कि जिस परिवेश में रहकर आज इन बच्चों को वैज्ञानिक बनाए जाने की नींव मनीष ने रखी है वह भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी । तत्पश्चात जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया जहां की व्यवस्था को देखकर जमकर सराहना की । इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अरुणा त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार समेत शिक्षक सतीश कुमार, शिखा शुक्ला, रेखा पाल आदि उपस्थित रहे ।

## 20 जुलाई को होगी महिला जनसुनवाई

☒ विकास भवन में होगी महिला जनसुनवाई

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य रंजना शुक्ला की अध्यक्षता में 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार ककोर मुख्यालय में किया जायेगा। जिसमें निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना हेतु जागरूकता शिविर एवं महिलाओं की शिकायतों की जनसुनवाई कर उनका निराकरण किया जायेगा। पीड़ित महिलायें 20 जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे विकास भवन सभागार ककोर मुख्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्या कि निराकरण करा सकती है।

# भीषण सूखा की स्थिति से किसानों में निराशा आसमान की ओर देखने को मजबूर

डॉ0 बृजा नन्द तिवारी सम्वाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। जिले में भीषण सूखा की स्थिति और मौसम की बेरुखी को देखते हुए किसान भारी संकट में पड़ गये हैं और भारी निराशा से आसमान की ओर देख रहे है।बताया जाता है कि जुलाई का महीना बीतने को हैं किन्तु अब तक बरसात नही हुई है तथा रोजाना बादलो के लुका छिपी के खेल जारी है गरज तड़प भी होती है किंतु बरसात का लक्षण नही दिखाई दे रहा है। अभी तक एक हल्की बारिश हुई है जिससे कुछ किसान खेत की जुताई कर लिए और धान का बीज भी कुछ किसानों ने डाल दिया ।आनन फानन में अरहर आदि खरीफ की बुआई भी कर दी किन्तु अधिकांस किसान जिनके पास अपना साधन नहीं था वह भी किसी तरह भारी खर्च कर किसी तरह खेतों की जुताई कर लिया फिर महंगा पानी खरीद कर धान का बीज भी डाल दिया ।किन्तु अबतक बरसात न होने से जहाँ धान की रोपाई अधर में पड़ गयी है और धान की रोपाई तो दूर धान की नर्सरीभी पानी के अभाव में सूख रही है और खरीफ की फसल के बीज बरसात न होने से खेत मे सूख गए और कुछ जमे थे कुछ नही जमे पूरी तरह सूख कर बरबाद हो गया।इस प्रकार घाघ कवि की यह कविता चरितार्थ होने लगी है कि

ष्सावन मास बहे पुरवइया ,<br>
बैला बेंच ले आव धेनु गईया।।<br>
कहे घाघ कुछ होनी होई ,<br>
कुंआ के पानी से धोबी धोइ।।

इस समय सावन मास की शुरुआत होते ही पुरुआ हवा जोर शोर से चल रही है । बादल भी मंडरा रहे हैं मालूम हो रहा है कि अब बरसात हो जाएगी लेकिन अबतक बरसात न होने से किसान पूरी तरह निराशा और हताशा में है और भगवान को याद करते हुए आसमान और बादल की ओर अस भरी नजरों से देख रहे हैं ।किसानों का कहना है कि हल्की बरसात से विश्वास जगा की अब बरसात होगी किन्तु अबतक चारो ओर धूल उड़ रही है।समर्थ किसान तो किसी तरह थोड़ी बहुत रोपाई हिम्मत जुटाकर कर रहे है किंतु जिन किसानों के पास अपना संसाधन नहीं है हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है।

क्योंकि रोपनी हुई फसल और बीज दोनों सूख रहे है ।

# ऑटो में रखे जेवर का बैग कराया वापस

☒ महिला ऑटो पर बैठते वक्त भूल गई थी'

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। मंगलवार को शहर के दिबियापुर ऑटो स्टैंड पर एक महिला का जेवर



से भरा बैग वापस किया गया जो महिला ऑटो पर बैठते वक्त भूल गई थी । मुस्लिम महिला नजरीन पत्नी अबरार अहमद निवासी बेला रोड दिबियापुर ने बताया कि दो दिन पहले हमारा बैग एक ऑटो पर छूट गया था जिसकी सूचना हमारे पति ने कोतवाली औरैया में दर्ज करवाई थी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद महिला अपने पति के साथ दिबियापुर ऑटो स्टैंड पर आई और वर्कर ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों को पूरा वाकया बताया आनन फानन में ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष सत्यजीत शुक्ला ने यातायात पुलिस की मदद ली । यातायात निरीक्षक के के मिश्रा के कुशल नेतृत्व में सिपाही आशीष सचान और रविन्द्र ने उस वाहन का कोड संख्या और वाहन संख्या पता कर चालक से सम्पर्क किया चालक रामवीर ने बताया कि बैग हमारे ऑटो पर छूट गया था जो कि सुरक्षित है दिबियापुर से वापस औरैया आकर चालक रामवीर ने उस महिला को बैग सुपुर्द कर दिया बैग देखकर नाजरीन के आंखों में खुशी के आंसू थे और चालक को धन्यवाद अदा कर ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि नगर में संचालित ऑटो स्टैंड से सवारियों को बैठना चाहिए जिससे उनके सामान और यात्री की दोनो की सुरक्षा है। मौके पर सड़क सुरक्षा के जनपद के ब्रांड एम्बेसडर श्री विक्रांत दुबे ने चालक रामवीर की ईमानदारी की सराहना की। यातायात के सिपाही आशीष सचान ने पीड़ित महिला को पानी पिलाया और उसे पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिया । इस मौके पर यातायात विभाग से आशीष सचान, सौरभ पांडेय, अनमोल शर्मा, अजय आदि लोग मौजूद रहे ।

# बच्चो के खान पान पर ध्यान आवश्यक : सुभाष यादव

☒ देवकली बी आर सी पर बैठक संपन्न

देवकली (गाजीपुर)। बीआरसी परिसर देवकली व सीडीपी ओ कार्यालय पहाड़पुर परिसर मे क्रमशः ब्लाक के सभी प्रधानाध्यापकों , आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई।जिसकी



अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयचन्द्र राय ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुभाष यादव व प्रदीप सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मष्तिक निवास करता हे। शासन द्वारा अनेक योजनाएं चलायी जा रही हे जिसका लाभ उठाना चाहिए। बच्चों के खान पान व रहन सहन पर ध्यान देना आवश्यक हे। एल्बेंडाजोल , आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियां छात्र व छात्राओं को किस प्रकार खिलाएं इस पर ध्यान देना आवश्यक हे। इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी। 20 जुलाई को कृमि दिवस पर सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जायेगी। इसमें क्या सावधानियां बरतनी हे जानकारी दी गयी। बैठक में आगनबाडी के सीडीपी ओ सोनम सिंह,ब्लाक के प्रधानाध्यापक, ए आर पी, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र प्रताप यादव, अवधेश नारायण यादव, अशोक यादव, सिद्धार्थ सिंह, दिग्विजय सिंह, सूर्यभान यादव, सुरेंद्र नाथ चौबे, संतोष यादव , कंचन यादव , उषा मिश्र ,संध्या सिंह आंगनबाड़ी सुपरवाइजर आदि लोग मोजूद थे।

# छात्र-छात्राओं की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं : डीएम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिलाधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने जवाहर नवोदय विद्यालय तैयापुर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कहा कि छात्र– छात्राओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय एक मंदिर होता है, जहां से बच्चों का भविष्य निश्चित होता है। इसलिए आप सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए, जिससे बच्चे आगे बढ़ सके और अच्छी सेवा में पहुंचे। जिससे आपका और विद्यालय का भी नाम रोशन होगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय को गुरुकुल और उसमें शिक्षा देने वाले अध्यापकों को गुरु का दर्जा दिया जाता है, इसलिए अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी के



साथ करके उन्हें अच्छे से अच्छे संस्थानों में पहुंचाएं। जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

# मासिक धर्म अवकाश विषयक राष्ट्रीय परिचर्चा एव सम्मान समारोह

ओंकार नाथ चौधरी। लखनऊ प्रेस क्लब मानवाधिकार ऐकशन फोरम लखनउ द्वारा आयोजित एक दिवसीय मासिक धर्म अवकाश विषयक राष्ट्रीय परिचर्चा एव सम्मान समारोह का समापन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से शुश्री रंजना कुमारी नईदिल्ली , प्रमुख अतिथि डॉ शिवलाल जी , डॉ स्वेता चौधरी मध्यप्रदेश से , डा शेर बहादुर गौतम सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी मानवाधिकार ऐकसन फोरम जौनपुर ने बताया कि मासिक धर्म अवकाश क्यों जरूरी है हम सब इस धरती पर कैसे आए , किसकी बदौलत आए यदि महिलाओं में मासिक धर्म नहीं होता तो शायद यह दुनिया ही नही होती महिलाए मासिक धर्म के दौरान जिस पीड़ा से गुजरती है उसकी बदौलत लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा गंभीर बीमारियां के शिकार होती है , समाज के सैकड़ों कमेंट्स को झेलती है।

प्रतिदिन शारीरिक मानसिक , आर्थिक हरासमेंट का शिकार होती है जिसका वर्णन कर पाना बहुत ही मुश्किल है ।

मासिक धर्म अवकाश महिला के सशक्तिकरण व विकास है मासिक धर्म अवकाश जीवन जीने के अधिकारों तथा गरिमा के अधिकारों से जुड़ा मौलिक अधिकार है , पुरुषों




के लिए एक मौका है कि इस मुहिम को सफल बनाने हेतु आगे आने की बहन बेटी पत्नी का साथ चाहिए , तो अवश्य ही मासिक धर्म अवकाश चाहिए जैसे नारों के साथ कार्यक्रम में आए अतिथियों तथा सक्रिय साथियों का प्रशस्तिपत्र आदि देकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आशीष जी तथा अतिथियों का आभार फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड शुभम द्विवेदी ने किया ।

# इमरजेंसी में रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास ही भर्ती किये जाय मरीज घायल : राघवेन्द्र सिंह



☒ बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर का मामला

ओंकार नाथ चौधरी। गोरखपुर जंगल कौड़िया ब्लाक के उस्का गांव निवासी राघवेद्र सिंह ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर अपलोड किए गए पत्र में कहा है कि आकस्मिक मरीजों को 14 नंबर वार्ड तक जाने में होती है परेशानी। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इमरजेंसी वार्ड को पर्ची काउंटर के बगल में स्थापित करने की मांग जंगल कौड़िया ब्लाक के उस्का गाँव निवासी राघवेंद्र सिंह ने सीएम योगी से किया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में जो इमरजेंसी काउंटर बना हुआ है वहां पर कोई भी इमरजेंसी केस जाने पर पर्चा बनाकर 14 नंबर वार्ड में भेजा जाता है जो इमरजेंसी गेट से लगभग 300 मीटर की दूरी पर प्रथम तल पर बना हुआ है।

कोई भी इमरजेंसी केस जाने पर 14 नंबर वार्ड में पहुंचने के लिए इधर–उधर भटकना और पूछना पड़ता है क्योंकि वहां पर बहुत सारे आम गरीब निरीक्षर,अनपढ़ भी इलाज के लिए पहुंचते हैं जो वहां पर लगे इंडिकेटर या बताए गए रास्ते को समझ नहीं पाते और गोल्डन आवर गवा देते हैं जिससे मरीजों की जान जाने का जोखिम बढ़ जाता है।

जोखिम तब और बढ़ जाता है जब सांप काटने जैसी घटना पर पैदल ना चलने की सलाह दी जाती है लेकिन वहां मरीजों को पर्ची के साथ 14 नंबर वार्ड में पैदल ही भेजा जाता है और परिजन भटकते हुए रोते चिल्लाते इनसे उनसे पूछते 14 नंबर वार्ड में पहुँचते हैं और अगर मरीज के साथ कोई एक दो लोग ना हो तो अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टर तक पहुंचने की जद्दोजहद देखा जा सकता है।

इमरजेंसी वार्ड ऐसी जगह बनाए जाएं जहां पर मरीज के पहुंचते ही रजिस्ट्रेशन के साथ उपचार शुरू हो सके और उसको इधर उधर भटकना न पड़े और मरीज के साथ कोई ना भी हो तो स्वतंत्र रूप से मरी घायल का इलाज हो सके क्योंकि इमरजेंसी में 300 मीटर भी जाने में जो समय लगता है और जो समस्या होती है उसमें अकारण भी जान जा सकती है जो मरीज, समाज या सरकार के हित में कतई नहीं है।

# स्कूली मैजिक मैं कार ने मारी टक्कर, दर्जनों बच्चे घायल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता भुता। भुता मिर्जापुर संपर्क मार्ग पर जीटीआर इंटर कॉलेज का स्कूली मैजिक डेढ़ दर्जन छोटे बच्चों को भरकर स्कूल लेकर आ रहा था। उसी समय ग्राम मुड़िया की मोड़ पर टीयूवी 300 से टक्कर हो गई ।जिसमें स्कूल के मैजिक में बैठे आधा दर्जन बच्चों के घायल हो गए हैं। तथा लगभग एक दर्जन बच्चों के हल्की–फुल्की चोटे आई हैं। चीख पुकार होने पर ग्रामीणों व राहगीरों ने मैजिक से घायल बच्चों को निकाला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल बच्चों को अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। घटनास्थल पर बाद में परिजनों ने रोड जाम कर भारी हंगामा किया। मौके पर पहुंचे स्कूल मालिक टी आर गंगवार घेराव कर खरी खोटी सुनाई। छात्र अनिकेत के पिता राजपाल आदि अभिभावकों का कहना था कि पिछले दिनों हमने शिकायत की थी। यह मैजिक ड्राइवर बहुत तेज गाड़ी चलाता है। लेकिन स्कूल प्रशासन ने ड्राइवर को नहीं हटाया। जिससे स्कूल मालिक के प्रति अभिभावकों में भारी गुस्सा फूटा । रोड जाम कर भारी हंगामा किया। अभिभावकों ने ड्राइवर दिनेश कुमार को पकड़ लिया लेकिन बाद में वह चकमा देकर फरार हो गया।

भुता गजनेरा रोड पर स्थित जीटीआर इंटर कॉलेज का मैजिक मंगलवार सुबह 8रू00 बजे ग्राम मिर्जापुर रावल से छोटे डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चों को बिठाकर तेज गति से विद्यालय लेकर आ रहा था। उसी समय भुता मिर्जापुर मार्ग पर मुड़िया मोड़ के पास टीयूवी 300 से टक्कर हो गई ।स्कूली मैजिक में बैठे बच्चों में चीख–पुकार मच गई शोर–शराबा सुन ग्रामीण व राहगीर आ गए और उन्होंने मैजिक में बैठे बच्चों को निकाला इधर सूचना पर बच्चों के परिजन पहुंच गए अभी उन्होंने अनिकेत, सनी, अर्पित, केशव कुमार, निशा गंगवार ,बॉर्बी, प्रिंस आर्यन घायल हो गए, तथा एक दर्जन बच्चों हल्की फुल्की खुरेचे आई थी। भुता निजी अस्पताल में लाकर उन सभी का उपचार कराया गया । इससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इधर सूचना पर पहुंचे इंचार्ज थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्कूली बच्चों के परिजन व अभिभावक मौजूद स्कूल मालिक टीआर गंगवार का घेराव कर भारी हंगामा कर गाली गलौज कर रहे थे। और अभिभावक राजपाल विपिन कुमार रामपाल धर्मवीर कह रहे थे। कि हमने दो दिन पहले विद्यालय में जाकर शिकायत की ड्राइवर गाड़ी बहुत तेज चलाता है लेकिन स्कूल प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। और उल्टा हम लोगों से नाराज हुए। इसी बात को लेकर अभिभावकों में भारी नाराज व गुस्से में थे। लेकिन इंचार्ज थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र ने अभिभावकों को समझा–बुझाकर स्कूल प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर जैसे तैसे मामला शांत कराया । इधर पुलिस ने स्कूल मैजिक व टी यू वी 300 दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया । इधर चालक दिनेश कुमार मौका से





पाकर फरार हो गया।

इधर ग्रामीणों का आरोप है की आठवीं तक की मान्यता कर इंटर कॉलेज चला रहा है इसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कई बार की है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया कई विद्यालय का किये औचक निरीक्षण मचा हड़कप

गाजीपुर। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री हेमन्त राव, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयकों की टीम बनाकर शिक्षा क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में विस्तृत रूप से कुल 84 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 371 अध्यापक/शिक्षामित्र/अनुदेशक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है के सापेक्ष 339 लोग उपस्थित पाये गये, 06 अध्यापक अनुपस्थित,03 अध्यापिकाऐं सी0सी0एल0,18 अध्यापक अवकाश,02 अध्यापिका मातृत्व अवकाश तथा 03 अध्यापक चिकित्सकीय अवकाश पाये गये। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय अडरिया के निरीक्षण में अत्यधिक अनियमितता पाये जाने पर विद्यालय के समस्त स्टाफ मनोरमा सिंह प्रधानाध्यापक, सुनील राय स0अ0, श्री सुरेश श्रीवास्तव शिक्षामित्र, सुखराम राम शिक्षामित्र का वेतन भुगतान रोक दिया गया है। प्रा0वि0 सुहवल पूर्वी–1 में 03 कार्मिक श्री सुशील प्रजापति स0अ0, सुनीता कुमारी शिक्षामित्र, अर्चना उपाध्याय शिक्षामित्र अनुपस्थित थे, प्रा0वि0 सुहवल पश्चिमी में 02 कार्मिक सी0सी0एल0 पर पाये गयये , प्रा0वि0 बसुका में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, क0उ0प्रा0वि0 बसुका में 1 कार्मिक अनुपस्थित, प्रा0वि0 महना यादव बस्ती में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 भिटकुआ में 1 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 गजरहीं में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 नगसर में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 रेवतीपुर पूर्वी प्रथम में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 साईतबांध में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, क0वि0 नगसर में 01 कार्मिक मातृत्व अवकाश पर, प्रा0वि0 दोहला पर ग्राम प्रधान द्वारा खाद्यान्न विद्यालय पर उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में ग्राम प्रधान के विरूद्ध कार्यवाही हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी,

गाजीपुर को कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। प्रा0वि0 सुगवलिया में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, उ0प्रा0वि0 कालूपुर में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, उ0प्रा0वि0 मेदिनीपुर में 01 कार्मिक मेडिकल पर जिनका मानव सम्पदा कोड–15274 है, प्रा0वि0 कालूपुर में 02 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 मेदिनीपुर– 01 कार्मिक सी0एल0 पर, क0वि0 सुहवल में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 चकमहि बुल्लाह में 01 सहायक अध्यापिका दिनांक 06.07.2022 से लगातार अनुपस्थित, अनुपस्थिति के सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रेवतीपुर से आख्या स्पष्टीकरण सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, क0वि0 ऊधनरपुर में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 टौंगा में 01 स0अ0 के अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण मॉगा गया है, 01 कार्मिक सी0एल0 पर, क0वि0 असांव में 01 कार्मिक सी0एल0 पर, प्रा0वि0 नवली में 01 कार्मिक मातृत्व अवकाश पर, उ0प्रा0वि0 नवली में 01 कार्मिक मेडिकल पर, 1 कार्मिक सी0सी0एल0 पर, उ0प्रा0कन्या नवली में 01 कार्मिक मेडिकल पर, प्रा0वि0 आलम का पुरा में 01 कार्मिक सी0एल0 पर और क0उ0प्रा0वि0 कल्याणपुर में 01 कार्मिक सी0एल0 पर निरीक्षण के दौरान पाये गये है।

उपरोक्त निरीक्षण के दौरान जिन विद्यालयों में शिक्षक अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित विद्यालय के अनुपस्थित प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक/शिक्षामित्र व अनुदेशकों का 01 दिन के वेतन भुगतान बाधित कर दिया गया है और सम्बन्धित अध्यापकों से स्पष्टीकरण भी मॉगा गया है और अध्यापकों से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरान्त कठोर कार्यवाही विभाग द्वारा नियमानुसार प्रस्तावित की जायेगी। साथ ही उपरोक्त समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों सहित समस्त विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि नियमित रूप से ससमय विद्यालयों में उपस्थित होकर अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन शासन के आदेशानुसार क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न किया जाये।साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक/शिक्षामित्र तथा अनुदेशक निरीक्षण के दौरान शिक्षण की गुणवत्ता,विद्यालयों की साफ सफाई, रगाई–पुताई, विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत प्रेषित धनराशि को डी0बी0टी0 के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के खातों हस्तान्तरित कराये तथा शत–प्रतिशत छात्रों का आधार पंजिकरण अनिवार्य रूप से कराया जाये अन्यथा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान उपरोक्त कमियों के पाये जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए विद्यालय के स्टाफ व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगें।

19 जुलाई को श्री हेमन्त राव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजीपुर के निर्देशन में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जिला समन्वयक सम्मिलित थे।

# मिशन शक्तिके बारे में छात्राओं से किया सीधा संवाद

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। सहायल थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने छात्राओं से नारी सुरक्षा सम्मान, स्वावलंबन, साइबर क्राइम और यातायात नियमों को लेकर संवाद किया। मंगलवार को सहायल थानाध्यक्ष ने छात्राओं से नारी सुरक्षा सम्मान, स्वावलंबन, साइबर क्राइम और यातायात नियमों को लेकर संवाद किया। इस दौरान वीमेन हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी। जिले में मिशन शक्ति मुहिम के तहत महिलाओं, युवतियां और बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है ।गांव बेल्हूपुर नवीमोहन स्थित केवलानन्द विद्या मंदिर इंटर कालेज में थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि देश में नारी हमेशा सशक्त रही है। बेटियां खुद को सशक्त समझें। जिससे उनकी मंजिल सरल और आसान हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बेटियों की सुरक्षा के लिए ऐसा कदम उठाया गया है जिससे वह खुद को सुरक्षित समझें। कहा कि नारी को जहां भी मौका मिला, उसने बेहतर प्रर्दशन अपनी काबिलियत को साबित किया। बेटियां ही बेटियों को उचित अवसर देकर उनके मन में छुपे भय को दूर करती हैं। इससे वह खुद को सशक्त समझकर परिस्थितियों को अनुकूल करने में सर्मथ बनेंगी। थानाध्यक्ष ने बेटियों से कहा कि वह अपने घर जाकर भाई और पिता को जागरूक करें। उनसे कहें कि बाइक चलाने के दौरान हेलमेट और कार में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उतना ही प्रयोग करें, जितना पढ़ाई के लिए जरूरत है। सोशल मीडिया में अपरचित को दोस्त न बनायें। जिससे आप और आपका परिवार इ क्राइम से बच सकता है। उन्होंने हेल्पलाइन नम्बर 1090, 1098, 1076, 181 और 1930 के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश अग्निहोत्री, प्रमिला यादव,शिक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी ,बृजेश कुमार राजपूत ,दीपा ,रंजना विनय कुमार द्विवेदी ,भूपेंद्र सिंह भदोरिया, हरिओम द्विवेदी ,ज्ञानोद कुमार तिवारी, अमित कुमार बाजपेई ,राम नरेश सक्सेना, धर्मेंद्र कुशवाहा, शुभम त्रिपाठी, राम बहादुर कश्यप आदि उपस्थित रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## उसरी हत्याकांड में पेश नहीं हुआ गवाह, अगली तिथि 1 सितंबर को

गाजीपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथमध्एमपीध्एमएलए कोर्ट रामसुध सिंह की अदालत में 21 वर्ष पुराने बहुचर्चित उसरी चट्टी हत्याकांड में अभियोजन की तरफ से गवाही होनी थी, लेकिन कोई गवाह मंगलवार को भी पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने अगली तिथि एक सितंबर नियत की है। 15 जुलाई 2001 को मुख्तार अंसारी अपने निर्वाचन क्षेत्र मऊ जा रहे थे कि 12रू30 बजे दिन में उसरी चट्टी पर उनके काफिके पर पहले से तैयार हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से फायरिंग कर दी। इसमें मुख्तार अंसारी के गनर की मौके पर मृत्यु हो गई। हमलावर पक्ष से भी एक की मौत हो गई थी। मुख्तार अंसारी के साथ चलने वाले हमराहियों को भी चोट आई थी। मामले में मुख्तार अंसारी ने बृजेश सिंह व त्रिभुवन सिंह को नामजद करते हुए अन्य 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना उपरांत पुलिस ने चार लोगों के आरोप पत्र प्रेषित किया। इसमें से दो आरोपित की विचारण के दौरान मौत हो गई है।



## पूर्व मंत्री विजय मिश्रा ने किया तमन्ना ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन

गाजीपुर। मऊ रोड पर स्थित सिकन्दरपुर बिरनो में तमन्ना ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अतिरिक्त ऊर्जा स्रोतध् धर्मार्थ कार्य विजय मिश्र ने फीता काटकर किया । तमन्ना ढाबा के प्रोपराइटर अजय यादव ने कहा कि गाजीपुर जनपद का यह अत्याधुनिक तमन्ना ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट है । फैमिली रेस्टोरेंट में ग्राहकों के विशेष सुविधा के लिए जहां काफी जगह दी गई है । वहीं परिवार के साथ भोजन करने वाले लोगों के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था की गई है । ताकि परिवार के साथ साथ बच्चे भी सुविधाओं का आनंद ले सके । कहा कि ग्राहकों के खानपान का विशेष ध्यान दिया गया है । भोजन में उच्च कोटि का सामान का प्रयोग तमन्ना ढाबा एंड रेस्टोरेंट के रसोईया करेंगे ।अच्छे रसोइयों को विशेष रूप से खाना बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है । ताकि ग्राहक हमारे भोजन और नाश्ते से काफी संतुष्ट रहे । इस दौरान ग्राम प्रधान पप्पू यादव, मनोज पांडेय, हरिनारायण सिंह, गोपाल जी सभासद, बबलू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## गौ सेवकों ने 14 गोवंश पकड़ कर पुलिस के हवाले, मुकदमा दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। पंजाब से बिहार ट्रक में भरकर ले जा रहे गोवंश को गौ सेवकों ने पकड़ कर पशु तस्करों समेत पुलिस के हवाले किया गौ सेवकों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है!

गौ क्रांति मंच के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबे के निकट पशु तस्करी को ट्रक में भरकर गोवंश ले जाए जा रहे हैं सूचना पर पहुंचे गौ सेवकों ने ट्रक की घेराबंदी की जिसमें9 गाय और5 बछड़े भरे हुए थे गौ सेवकों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने 14 गोवंश पशु तस्कर और ट्रक को कब्जे में ले लिया गोवंश को चिंटू ढाबे के हवाले कर दिया और पशु तस्करों को पुलिस थाने ले आई गो क्रांति मंच के कार्यकर्ताओं ने पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मामला गंभीर मानकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है! बता दे इससे पूर्व में भी पंजाब से बिहार ले जाई जा रही लगभग दो दर्जन गायों को गुरुद्वारे के समीप गौ क्रांति मंच के कार्यकर्ताओं पशु तस्करों समेत पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था! इस दौरान गो क्रांति मंच के नगर अध्यक्ष सत्यम गौड़ ,संदीप शर्मा विनोद राठौर ,विकास राठौर कार्यकर्ता मौजूद रहे!



## जनपद स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार प्रधानाध्यापिका शिल्पी गंगवार को, डीएम ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड का तमगा दिया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर,भुता। जिले में स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार सुनोरा मुरारपुर की प्रधानाध्यापिका को मिला जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के तहत प्रधानाध्यापिका को प्रशस्ति पत्र और शील्ड से नवाजा विद्यालय परिवार में खुशी की लहर ! जनपद स्तर पर स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021–22 में चयनित होने पर सोमवार को जिला अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में भुता क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुनौरा मुरारपुर की प्रधानाध्यापिका शिल्पी गंगवार को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा ने सुनोरा मुरारपुर की प्रधानाध्यापिका को विद्यालय के लिए और अधिक स्वच्छ व सुंदर परिवेश बनाए रखने के लिए उनकी प्रेरणादायक भूमिका की सराहना की। इस उपलब्धि को प्राप्त करने हेतु प्राथमिक विद्यालय सुनौरा मुरारपुर के समस्त स्टाफ एवं समस्त ऐ आर पी व एनपीआरसी आलोक गंगवार आदि का सहयोग रहा। क्षेत्र के समस्त अध्यापक एवं शिक्षा मित्रों ने खुशी जाहिर करते हुए शिल्पी गंगवार को बधाई दी वहीं विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है जिलाधिकारी से तमगा पाकर प्रधानाध्यापिका भी गदगद है।



## पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र सिंह जाटव बने भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला उपाध्यक्ष

सिकंदराराऊ। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह व जिला अध्यक्ष ठाकुर राम कुमार जादौन के नेतृत्व में विजेंद्र सिंह जाटव पूर्व जिला पंचायत सदस्य को किसान यूनियन भानु का जिला उपाध्यक्ष हाथरस मनोनीत किया गया है । उनके मनोनयन पर स्थानीय किसानों एवं यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह किसानों की समस्याओं को लेकर सदैव गंभीर रहेंगे और किसान हित में संघर्ष करेंगे। किसी भी किसान का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। विभाग द्वारा बिजली कटौती जमकर की जा रही है। जिससे साफ जाहिर है कि किसानों एवं ग्रामीण लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। बढ़ती महगांई ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। बिजली न आने के कारण धान के किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। महंगा डीजल खरीद कर सिंचाई के लिए ट्रॉली इंजन चलाना पड़ रहा है। धान की फसल सूख रही है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी आंख कान बंद करके बैठे हैं। गांव में सफाई कर्मियों द्वारा नालियों की सफाई नहीं की जा रही है। जिस कारण लोगों को गंदे रास्तो से गुजरना पड़ रहा है। अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों तथा किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से ठाकुर रामकुमार जिला अध्यक्ष किसान यूनियन हाथरस, प्रदीप पूर्व सभासद, विजय सिंह, आनंद वर्मा, अजीत कुमार, शिवकुमार, सुखबीर सिंह, दिनेश कुमार, संदीप कुमार , दिलीप गौतम, अतीत कुमार, राजकुमार, नीतू कुमार आदि मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## नहर में गिरी किशोरी का बरामद हुआ शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। दो दिन पूर्व शारदा सहायक डबल नहर पर रेलिंग विहीन पुल से गिरी किशोरी का शव थोड़ी दूरी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 17 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम किंहौली निवासी शिवसागर की 18 वर्षीय पुत्री सपना रेलिंग विहीन पुल पार करते समय अचानक मवेशी के आ जाने से असुंतलित हो कर नहर में गिर गयी थी घटना के बाद ग्रामीणों एव गोताखोरो ने पुलिस के सहयोग से काफी तलाश की परंतु पता नही चला। सोमवार की देर शाम को शव तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कडेरा निवासी एक 65 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक धान रोपाई की तैयारी के लिए खेत मे पानी भर रहा था। कडेरा मजरे शाहपुर निवासी 65 वर्षीय रामसजीवन रावत पुत्र हरिनाम रावत सुबह खेत में धान की रोपाई के लिए पानी भरने गया था जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था मे पड़ा मिला परिजनों को जानकारी होने पर जिला अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उ0 प्र0 उद्योग मंडल चौहान गुट के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट

रायबरेली ब्यूरो। मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री मौर्या जी से शिष्टाचार भेंट की तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल चौहान गुट के अध्यक्ष जी. सी. सिंह चौहान ने व्यापारियों की समस्यायों से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया। इस शिष्टाचार भेंट के अवसर



पर महिला जिलाध्यक्ष बबिता, जिला सचिव चित्रेश सिंह व के.के. सिंह , अरविन्द चौधरी , शिव बाबू शुक्ल आदि व्यापारियों ने मुलाकात की। जी सी सिंह चौहान ने बताया कि एन.टी.पी.सी रेल हादसा व हरचंदपुर रेल हादसा जैसी आपदाओं के समय में आपके विभाग के साथ बढ़–चढ़ कर व्यापार मण्डल कार्य करता रहा है, लावारिस लाशो का क्रिया कर्म का कार्य उ० प्र० उधोग व्यापार मण्डल चौहान गुट द्वारा किया जाता रहा है। शिष्टाचार भेंट में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी को आश्वस्त किया कि हम व्यापारियों कि सेवा को सदैव तत्पर रहेगे।

# गांव की शातिराना महिलाओ से सेना के जवान को बचाने की पुलिस अधीक्षक से गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। सेना में भर्ती जवान को गांव की कुछ शातिराना प्रवत्ति की महिलाओं के चंगुल से बचाए जाने की मांग सैनिक की माँ ने पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़िता ने कहा है कि उक्त महिलाएं उसके बेटे को फंसा कर रुपए ऐठना चाहती हैं।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र मे राजवती पत्नी रामलाल निवासी ग्राम बेला गुसीसी थाना भदोखर ने बताया है कि उसका पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव भारतीय थल सेना मे 16 मार्च 2018 से नौकरी कर रहा है। जिसको प्रतिपक्षिनी ममता यादव पुत्री राम गुलाम पत्नी राजेश कुमार यादव निवासिनी ग्राम ग्रीपशाह का पुरवा थाना कोतवाली नगर जिला रायबरेली ने अपनी मौसेरी बहन रीता यादव पुत्री शेर बहादुर निवासिनी ग्राम पूरे तिवारी मजरे बेला गुसीसी थाना भदोखर से मिलकर षडयंत्रपूर्वक सेना में तैनात उसके लड़के को अपने जाल में फँसाते हुए 31मई 2021 को नोटरियल अनुबन्ध फर्जी गवाह बुलाकर विवाह करा दिया।

ममता यादव एवं रीता यादव ने मिलकर पीड़िता के पुत्र का मानसिक शोषण शुरू कर दिया और रूपये पैसे की मॉग करने पर झूठे बलात्कार के मामले मे फसाने की धमकी देने लगी मेरा पुत्र परेशान रहने लगा। मुझे सारी बात बतायी और मेरे पूछने पर दोनो ने कहा कि यह तो मेरा धन्धा है बुढिया और भगा दिया। कहा कि पाँच लाख रूपये लेकर आओ नही तो बलात्कार में दोनो मिल कर फॅसा देगे जेल में रहेगा और नौकरी भी चली जायेगी । रीता यादव ने थाना भदोखर मे धारा –376 आईपीसी का प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने बुलाकर बयान लिया और जानकारी करने के बाद मुकदमा पंजीकृत नही किया था। जिस पर रीता ने न्यायालय में अंपराध धारा 156(3) का प्रार्थना पत्र दिया जो अभी भी विचाराधीन है। लेकिन उक्त लोग धमकी देकर 13 अप्रैल 2022 को दो लाख रूपये मुझसे दीवानी कचेहरी परिसर रायबरेली मे लिया। ममता जो गिरोह की मुखिया है ने भी पैसे की मॉग की और रीता के जैसा हुबहू मनगढन्त प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को देकर अपने प्रभाव में लेकर अपराध संख्या – 212/2022 धारा 419, 420, 406, 452, 313, 376 का मुकदमा थाना कोतवाली में पंजीकृत करा दिया और लगातार पाँच लाख रूपये की माँग



कर रही है कि पैसे दें दो तो समझौता कर लेगे, नही तो तुम्हारे लड़के को जीवन भर जेल में रहना पड़ेगा और आर्मी की नौकरी भी चली जायेगी । ममता यादव किमिनल एवं स्वच्छन्द महिला है जो कि पहले भी अपराध धारा –376, 406 आईपीसी आदि कई मुकदमा लोगो पर लगा है एवं उसके ऊपर भी कई मुकदमे है।

# राजकीय आईटीआई गोरा बाजार में एक दिवसीय रोजगार मेला 21 जुलाई को

रायबरेली ब्यूरो। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोराबाजार परिसर, रायबरेली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 21 जुलाई 2022 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल, पुखराज हेल्थ केयर, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट प्रा0लि0, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा0लि0, द्वारा डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मैनेजर, ब्लाक ऑफिसर्स, वेलनेस एडवाइजर, टेनी आपरेटर, सेल्स रिर्पसेन्टेटिव पद हेतु चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 35 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कम्पनियां लगभग 312 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय



पोर्टल sewayojan.up.nic.in (रोजगार मेला आई0डी0 5962) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कम्पनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

# जिले के ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी करते बाबूगिरी

रिपोर्ट –शिवमंगल अग्रहरि

चित्रकूट। जिले के अधिकांश सरकारी दफ्तरों के अलावा कुछ विकास खंडों कार्यालयो में बाबूगिरी करते दिखेंगे जिम्मेदार अधिकारी सब जानते हुए भी बनें अनजान, नवांगतुक युवा जिलाधिकारी क्या इन सफाई कर्मचारीयों को इनके कर्तव्यो का पढ़ा पाएंगे पाढ या ऐसे ही ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का उड़ता रहेगा मजाक।

मिल रही जानकारी के अनुसार सरकार ने गांवों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने हेतु ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियां की थीं जिनको आजकल उत्तर प्रदेश सरकार अच्छी खासी सैलरी भी लगभग (32,000 हजार) दे रही है इसके बाद भी जिले के अधिकांश सफाई कर्मचारीयों की नियुक्तियां और पोस्टिंग कागजों और सरकारी आंकड़ों में ग्राम पंचायतों में दिखाई जा रही है जबकी वास्तविकता इनकी तैनाती विकास खंड कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों में हैंऔर ये कार्यालयोंमें बाबूगिरी करते नजर आएंगे और अपने उच्चाधिकारियों के रहमों करम पर पैरोलो में हस्ताक्षर करा कर महीने में सैलरी निकाल लेते हैं आज भी जिले के अधिकांश गांव सफाई कर्मचारीयों की राहें ताकतें नजर आएंगे की कब सफाई कर्मचारी आये और गांवों में फैलीं गंदगी से गांव वालों को बजबाती नालियों और गंदगीयो से छुटकारा मिले। अब देखना यह है होगा की जिले के युवा तेजतर्रार जिलाधिकारी महोदय इन सफाई कर्मचारीयों को ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था को चुस्त –दुरुस्त रखने में कितने कारगर साबित होते हैं या ऐसे ही ग्राम पंचायतों में गन्दगी का अंबार लगा रहेगा यह तों आने वाले समय के गर्त मे हैं।

## कई दिनों बाद भी लापता युवक का नहीं लगा कोई सुराग

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। बकरीद के मौके पर पत्नी के साथ ससुराल गये 28 वर्षीय युवक के लापता हो जाने से परेशान युवक के पिता थाना सफदरगंज एव जैदपुर के चक्कर लगाते लागते आंखे पथरा रही है।थाना व कस्बा जैदपुर के मोहल्ला मुक्खिन निवासी अजीजुउद्दीन का 28 वर्षीय पुत्र हाफिज अलीमुद्दीन अपनी पत्नी सुहैला के साथ 12 जुलाई को अपनी ग्राम प्रतापगंज थाना सफदरगंज गया था।

काफी समय बीत जाने के बाद जब सोमवार को ग्राम प्रतापगंज फोन कर अपने समधी मेहंदी हसन उर्फ मुनकर से बेटे के बारे में जानकारी ली तब उन लोगों ने बताया हम लोगो को आपके बेटे के बारे में जानकारी नहीं है। तभी से अजीजुउद्दीन पुत्र की तलाश में थाना सफदरगंज एव जैदपुर के चक्कर लगा रहा है लेकिन किसी भी थाने की पुलिस पीड़ित पिता के आंसू पोछने को तैयार नही है।

## जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी ने तहसीलदार को हटाए जाने की उठाई मांग किया धरना-प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन द्वारा नवाबगंज के तहसीलदार को हटाए जाने की मांग उठाई गई है। मांग के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा की अगुवाई में कल सैकड़ों अधिवक्ताओं ने तहसील भवन में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे नरेंद्र वर्मा ने बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी से हुई वार्ता में कहा गया था कि तहसीलदार के कार्य व्यवहार से अधिवक्ताओं में काफी रोष है। वार्ता में इस बात पर चर्चा हुई थी कि उनका नवाबगंज तहसील से स्थानांतरण कर दिया जाए। वर्मा ने कहा कि यदि तहसीलदार को स्थानांतरित कर दिया गया होता तो आज अधिवक्ता धरना प्रदर्शन न कर रहे होते। धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह, उमेश वर्मा ,महेंद्र सिंह, रामशंकर रावत,



मनोज राजपूत, पंकज यादव, पंकज रावत, सर्वेश मौर्या, रामप्रकाश , अमित गौतम , अनुज श्रीवास्तव ,ओम प्रकाश यादव, नरेंद्र यादव,गौरव गुप्ता ।अरविन्द यादव, अमरेश मौर्या ,रामगोपाल शुक्ला, मो आसिफ, वीरेंद्र तिवारी , सत्यदेव वर्मा , जयभानु वर्मा आदि शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

रायबरेली ब्यूरो। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत परियोजना के लिए निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं निवेश हेतु 3.00 हे0, बायोफ्लाक पॉण्ड निर्माण हेतु 03 यूनिट, रियरिंग यूनिट फिंगर लिंग निर्माण हेतु 4.150 हे०, 06 टैंक क्षमता मध्याकार रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चसिस्टम ६ बायोफ्लाक निर्माण हेतु 01 यूनिट, 100 क्यूबिक मीटर क्षमता लघु रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम ६ बायोफ्लाक निर्माण हेतु 20 यूनिट, बैकयार्ड रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम निर्माण हेतु 110 यूनिट, मीडियम फीड मिल निर्माण हेतु 01 यूनिट, मोटर साइकिल विद आइस बाक्स कय हेतु 26 यूनिट, साइकिल विद आइस बाक्स कय हेतु 30 यूनिट, लाइव फिश वेडिंग निर्माण हेतु 05 यूनिट, कियॉस्क निर्माण हेतु 08 यूनिट का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

इच्छुक व्यक्ति जो लाभार्थी अंश लगाने में सक्षम एवं सहमत हों , प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल ीजजचरू्ध्लिउपे. नचेकब.हवअ.पद पर आनलाइन आवेदन दिनांक 01 से 15 जुलाई 2022 तक तिथि निर्धारित थी। उक्त पोर्टल निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के क्रम में 31 जुलाई 2022 तक ऑनलाइन आवेदन हेतु तिथि बढ़ाई गयी है। आनलाइन आवेदन भरने हेतु फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधित अभिलेख, रू0 100 के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र, मत्स्य समृद्ध फार्म, जाति प्रमाण पत्र हस्ताक्षर, ड्राइविंग लाइसेन्स आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवत प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित लक्ष्य की सीमा तक किया जायेगा। जिन परियोजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं है, उन परियोजनाओं में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तथा सामान्य एवं पिछड़ी जातियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय है। अनुदान के अतिरिक्त शेष धनराशि लाभार्थी अंश है, जिसे लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधन अथवा बैंक ऋण के माध्यम से व्यय किया जायेगा। सभी परियोजनाओं में अनुदान बैंक एन्डेड है। परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण 288/ 27 महाकालेश्वर मंदिर, इन्दिरानगर, रायबरेली स्थित मत्स्य विभाग के कार्यालय एवं विभागीय वेबसाइट http://fisheries.upsdc.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

# अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त लगेंगी बुस्टर/एहतियाती डोज : जिलाधिकारी

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- विशेष अभियान चलाकर निःशुल्क लगाया जाएगा बुस्टर डोज–सीएमओ
- 21 जुलाई दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निःशुल्क लगेगा बुस्टर डोज

जनपद के सभी लोगों से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क बुस्टर डोज लगवाने की डीएम ने की अपील जुलाई 19 जुलाई 2022रू– जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोविड टीके का बुस्टर डोज मुफ्त लगाने के अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि कल अभियान के प्रथम के0एनपीजी, श्याम प्रसाद मुखर्जी पीजी कालेज भदोही, केशव प्रसाद राजकीय महिला महाविद्यालय औराई, महराज जोधराज सिंह महाविद्यालय अभोली, दयावंती पुंज डीग्री कालेज सीतामढ़ी, घनश्याम दूबे महाविद्यालय सूरियावॉ में 18 वर्ष से अधिक युवाओं को बूस्टर डोज का टीका निःशुल्क लगवाया जायेगा। मुख्य चिकित्सधिकारी डॉ0 सतोष कुमार चक ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में 75 दिन यानि 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर सभी टीकाकरण केन्द्रों पर बुस्टरध्एहतियाती डोज लगाई जाएगी। केंद्र सरकार ने कोविड टीके की दूसरी डोज लगने के छह माह बाद ही बुस्टर/एहतियाती डोज निःशुल्क लगाए जाने का निर्णय लिया है। अधिकारी डॉ सतोष कुमार चक ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग जिन्हें कोविशील्ड एवं कोवेक्सीन की दूसरी डोज लग चुकी है। दूसरी डोज लगे छह माह हो चुके हैं, वह एहतियाती डोज अवश्य ले लें। 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को सोमवार से जनपद के सभी सीएचसी पीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र जिला अस्पताल, में बुस्टर डोज का निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। उन्होने बताया सोमवार से जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि टीकाकरण और कोविड प्रोटोकाल पालन से ही कोरोना संक्रमण से खुद के साथ



परिवार और समुदाय को सुरक्षित किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि 25 जुलाई से जनपद के सभी डीग्री कालेज, आईटीआई, तहसील व ब्लाक परिसर, आटो एवं बस स्टैण्ड, रेलवे स्टैण्ड प्रत्येक सोमवार को शिव मन्दिरों में कैम्प लगाकर निःशुल्क बुस्टर डोज का टीका लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिष्ठानों, संस्थानों, कार्यालयों को निर्देशित किया है ।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक उसे पूर्ण करते हुए सफल बनाएं। उन्होंने बताया की बुस्टर/एहतियाती डोज लगवाने के लिए दूसरी डोज लगने का प्रमाण पत्र साथ में लाएं ताकि इस प्रमाण पत्र से पहले कौन सी वैक्सीन लगी है और कितने महीने पहले लगी है, आसानी से पता चल जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके पहले 60 वर्ष के ऊपर वालों को ही निःशुल्क एहतियाती डोज लग रही थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी आशा, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्षेत्रों में टीकाकरण के निर्धारित तिथि, रोस्टर के पूर्व ही गॉव वासियों को सूचित व प्रेरित करें कि अमुख दिन इस स्थल पर बुस्टर डोज का निःशुल्क टीकाकरण लगाया जाएगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने भूजल संरक्षण के संदेश हेतु रैली को झण्डी दिखाकर किया रवाना

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम

- रैली के माध्यम से आमजनमानस को जल बचायें–जीवन बचायें का दिया गया संदेश



भूजल सप्ताह के आयोजन के क्रम में मंगलवार को भूजल संरक्षण हेतु जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भूजल सप्ताह के मुख्य विचार बिन्दु "जन–जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है" पर भूजल सप्ताह आयोजन के क्रम में प्रभात–फेरी (रैली) निकाली गयी भूगर्भ जल विभाग, लधु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारियों/ कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वंय सेवी संस्था के सदस्य एवं नागरिकों ने हिस्सा लिया। रैली को मुख्य विकास अधिकारी शिपु गिरि ने झंडी दिखाकर प्रातः 9.00 बजे चन्द्रशंखर आजाद पार्क से रवाना किया। प्रभात–फेरी में समस्त सम्मिलित प्रतिभागी जल बचायें–जीवन बचायें सम्बन्धी उद्घोश करते रहे। प्रभात फेरी चंद्रशेखर आजाद पार्क से हिन्दु हास्टल, मनमोहन पार्क, नेतराम चौराहा, लक्ष्मी चौराहा मार्ग से होते हुए विकास भवन में समाप्त हुयी। जल संरक्षण हेतु जागरूकता की दृष्टि से पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया। जनमानस को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विकास भवन में भूगर्भ जल विभाग द्वारा एक सेल्फी प्वाइंट स्थापित कराया गया जिसके सामने आम जनता व सरकारी कार्मिकों ने उत्सापूर्वक फोटो खिंचवाये।

# बालक एवं बालिकाओं को सिखाया गया कराटे का गुण

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। प्रयागराज के आई आई बी एम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मार्शल



आर्ट कराटे की ट्रेनिंग बालक एवं बालिकाओं को सिखाया जा रहा है प्रशिक्षक अतुल सोनकर ने बताया कि यह ट्रेनिंग का उद्देश है कि बालक एवं बालिकाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाया जा सके एवं किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी खुद की सुरक्षा कर सकें इस ट्रेनिंग में बालिकाओं को पंच किक थ्रोइंग का गुण सिखाया गया इस मौके पर स्कूल प्रबंधक ताहिर अंसारी एवं प्रिंसिपल मुरलीका घोष मौजूद रहे।

## आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

रायबरेली ब्यूरो। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अब्दुल शाहिद, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश, रायबरेली के दिशा–निर्देशन में 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंकों में लम्बित प्री–लिटिगेशन स्तर के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप–रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के द्वारा की गयी। नोडल अधिकारी लोक अदालत विद्या भूषण पाण्डेय द्वारा बैठक में उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनव जैन, बैंक आफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, बड़ौदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक रायबरेली के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बारिश ना होने की वजह से अन्नदाता परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, डीहध्रायबरेली।। रजबहा से निकली नहरें सूखी है। बारिश हो नहीं रही। धान की नर्सरी तैयार है लेकिन बिना पानी के रोपाई कैसे हो। अन्नदाता परेशान है। उम्मीद भगवान और सरकार दोनों से है।

लेकिन ऐसा लगता है जैसे दोनों ही रूठे हुए हो। इंद्रदेव बारिश नहीं कर रहे तो नहरो में पानी भी नही आ रहा। डीह रजबहा से परशदेपुर व छतोह क्षेत्र में दर्जनो नहरें निकली हुई हैं। लेकिन वो चाहे पदुमपुर हो या जगतपुर, निनवाँ हो या बारा, सब की सब किसानों को मुँह चिढ़ा रही। डीह रजबहा में पानी इतना कम है कि नहरों तक



पानी जा ही नहीं पा रहा। रजबहा के किनारे खेत वाले किसान किसी तरह इंजन लगाकर नहर से खेत में पानी ले जा रहे। राहबहा से निकली अल्पिकाए सूखी पड़ी हैं।

किसानों को नहर का ही सहारा है आखिर उनके खेत की रोपाई कैसे हो। डीजल भी मंहगा है। कुछ किसान किसी तरह व्यवस्था कर के ट्यूबेल से रोपाई तो कर रहे लेकिन लागत कमर तोड़ डाल रही। जिन्होंने किसी तरह रोपाई कर ली अब दुबारा सिंचाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

जिनके पास ट्यूबल नही उनके पास तो सिर्फ भगवान और नहर का ही सहारा है। अब किसान ईश्वर से प्रार्थना कर रहे और प्रशासन से नहर में पानी छोड़ने की मांग। लेकिन कहीं भी किसानों की सुनवाई नहीं हो रही।

## कंचनपुर निवासी राजकुमार बिन्द ज्ञानपुर विधायक के प्रतिनिधि मनोनीत

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। ज्ञानपुर विधायक विपुल दूबे ने कंचनपुर निवासी राजकुमार बिन्द को मंगलवार को अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया। विधायक ने इसकी जानकारी जिलाधिकारी को लिखे पत्र के माध्यम से अवगत कराया। विधानसभा सभा क्षेत्र में विधायक विपुल दूबे की अनुपस्थिति में राजकुमार बिन्द विधायक के



प्रतिनिधि के तौर पर राजकीय और प्रशासनिक कार्य और बैठकों में शामिल होंगे। और लोगों की समस्याओं के बारे में विधायक को अवगत करायेंगे।

# अवैध तमंचे लेकर घूम रहे दो युवकों को थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. उदयराज पुत्र बुधई 2.महफूज आलम पुत्र हजरत अली निवासीगण डौढेडीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से दो अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल यूपी 34 बीएच 6166 बरामद कर थाना फतेहपुर पर आयुध अधिनियम मुकदमा पंजीकृत किया गया।



अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–प्र.नि.अनिल कुमार पाण्डेय थाना फतेहपुर ,उ.नि.आलोक कुमार यादव,उ. नि.विजय सिंह थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी,हे का.नरसिंह यादव, हे.का.जयनरायन यादव,हे.का. गुफरान खान थाना फतेहपुर जनपद , हे.का. अखिलेश चौधरी, का.पंकज कुमार राठौर थाना फतेहपुर ।का.धीरेन्द्र कुमार,का. जंगबहादुर गुप्ता थाना फतेहपुर।

# जनपद के औराई पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

- 50 टन सरिया लदी ट्रक लूटने वाले आधा दर्जन इनामी बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

भदोही। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 40 टन सरिया(20 एम एम) एक ट्रेलर ट्रक संख्या (सीजी 04 एमपी 2751) 2 अदद तमंचा 315 बोर मय चार जिंदा कारतूस तथा एक आर्टिका कार बरामद की गई है।

सभी अभियुक्तगण सरिया लदी ट्रक लूटने के बाद 6 जुलाई 2022 से ही फरार चल रहे थे।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपीगण बब्बल शर्मा उर्फ शिवांशु पुत्र आलोपी शंकर शर्मा उर्फ संजय सिंह,कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ सचिन शर्मा पुत्र अरुण शर्मा तथा राहुल मिश्रा पुत्र हौसला मिश्रा सभी तीनों ग्राम सहमन थाना मेजा जनपद प्रयागराज के रहने वाले तथा तीन अन्य बदमाश अंकित सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी चंदापुर हमोरा थाना मेजा जनपद प्रयागराज, आदर्श राय उर्फ शुभम पुत्र तेज बहादुर राय निवासी औता, थाना मेजा जनपद प्रयागराज तथा मोनू तिवारी उर्फ मोना पुत्र ओमप्रकाश निवासी महुआरी थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज के निवासी हैं। जिसमें आदर्श राय पर 25 हजार, सचिन शर्मा पर 15 हजार, अंकित सिंह पर 15 हजार, मोनू तिवारी पर 15 हजार, ननकऊ पर 15 हजार, प्रदीप मिश्रा पर 15 हजार तथा बब्बल शर्मा पर 25 हजार रुपए के इनाम घोषित अपराधी है। इसमें पांच बदमाशों को थाना औराई के पास बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। तथा एक अंन्य अभियुक्त को लालानगर टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा 6 जुलाई 2022 को रात करीब 12 बजकर 20 मिनट पर दीप ढांबा बभनौटी के पास से सरिया लदी ट्रक सहित 50 टन सरिया लूटा गया था। इस संबंध में




गोपीगंज थाना क्षेत्र के हरदेवपुर निवासी दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राम दुलार मिश्रा ने प्रार्थना पत्र देकर थाना औराई पर मुकदमा अपराध संख्या 170ध्22 धारा 392 आईपीसी का अभियोग अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को ओराई बस स्टैंड तथा एक अभियुक्त को लाला नगर टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त गणों की निशानदेही पर सरस्वती हाईटेक सिटी परिसर में स्थित ए.के. कंस्ट्रक्शन के यार्ड में जनपद प्रयागराज से ट्रेलर तथा 40 टन सरिया व घटना में प्रयुक्त आर्टिका कार तथा दो अदद तमंचा मय चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

बताते चलें कि पुलिस की इस कार्यशैली से खुश होकर गोपीगंज थाना क्षेत्र के हरदेवपुर निवासी भुक्तभोगी दिनेश कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक के सामने औराई पुलिस टीम को रुपए 1 लाख 51 हजार नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## जल शक्ति अभियान अंतर्गत गार्जियंस ऑफ चंपारण 400 साल पुराने बरगद के विशाल वृक्ष को देखने हरसिद्धि प्रखंड के ग्राम पंचायत सोनबरसा में कोलेसरी माई स्थान पहुंचे



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वीचम्पारण। श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार –सह– केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता, सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जांच दल द्वारा मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान एवं जल शक्ति अभियान अंतर्गत गार्जियंस ऑफ चंपारण 400 साल पुराने बरगद के विशाल वृक्ष को देखने हरसिद्धि प्रखंड के ग्राम पंचायत सोनबरसा में कोलेसरी माई स्थान पहुंचे। जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम वासियों द्वारा इस पूजनीय वृक्ष की रक्षा का शपथ लेने के लिए जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा सभी ग्राम वासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। स्थानीय ग्रामीण महिलाओं द्वारा इस वृक्ष में रक्षा सूत्र भी बांधे गए ।
जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल जीवन का अनमोल रतन इसे बचाने का करो जतन हर घर में पानी बचाना है हर घर में खुशहाली लाना है जीविका समूह के दीदियों ने संयुक्त महोदय को जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए घर घर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री कमलेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, डीपीओ मनरेगा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जीविका दीदी एवं गणमान्य ग्रामीणआदि उपस्थित थे ।

## आगामी 27 जुलाई को समाहरणालय मार्च किया जाएगा एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा : दिलीप कुमार

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ (नालंदा) मंगलवार को बिहार शरीफ के नाला रोड स्थित सामुदायिक भवन में गरीब अधिकार आंदोलन समिति के नालंदा जिला कमेटी की बैठक जिला संयोजक अमोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आज किस बैठक में जिला कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि केंद्र सरकार से गरीब वोटर पेंशन की मांग को लेकर आगामी 27 जुलाई को समाहरणालय मार्च किया जाएगा एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक दिलीप कुमार ने कहा कि हमलोग गरीबों को उनका अधिकार दिलाने के प्रति कटिबद्ध हैं और इसके लिए हमें जितना भी संघर्ष करना पड़े हम तैयार हैं। जब तक सरकार हमारे गरीब जनता को 10000 प्रति महीना वोटर पेंशन देना नहीं शुरू करती तब तक हमलोग चौन से बैठने वाले नहीं हैं और सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करने के लिए तैयार हैं।



आज के इस बैठक में प्रदेश सह–संयोजक सुरेश कुमार दास,रामदेव चौधरी, अखिलेश कुमार, अमर कुमार, मो. असगर भारती, मो. चांद आलम, रविशंकर दास, बैजनाथ दास, महेंद्र प्रसाद, मंजू देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड अध्यक्ष एवं सचिव निर्विरोध हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार
सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड अंतर्गत अध्यक्ष अनिल मुखिया



सचिव पद के लिए अशर्फी मुखिया

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचित पदाधिकारी रचना भारतीय के समक्ष एक सचिव, एक अध्यक्ष, पुरुष प्रबंधकारिणी सदस्य महिला मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड मंगलवार को सम्पन हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी रचना भारतीय ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल मुखिया, सचिव पद पर अशर्फी मुखिया, पुरूष महिला प्रबंधकारिणी सदस्य के पद के लिए चयनित हुआ। सभागार से बाहर निकलने के बाद काफी लोगों में खुशी एवं उल्लास देखने को मिला ग्रामीणों ने फूल माला गुलाल अबीर से भव्य स्वागत किया। मौके पर सहयोगी तेज नारायण यादव, चंदन गुप्ता, डॉक्टर बृजेश यादव, संतोष यादव वार्ड सदस्य, अवनीश सिंह पैक्स अध्यक्ष, बिलो प्रसाद यादव पैक्स अध्यक्ष, गोनर सादा, गोरी मुखिया विनोद कुमार आनंदी मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## इंद्रदेव की नाराजगी कैसे लगेगा अयोध्या में भगवान श्रीराम को भोग

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। इस साल इंद्र देव की नाराजगी के कारण कैमूर जिले में बारिश नहीं हो रही है। ऐसे में अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को भोग कैसे लगेगा। दरअसल कैमूर जिले में बीते कई दिनों से बारिश नहीं



हो रही है। किसान चिंतित है। लेकिन दो जुलाई के बाद से एक दिन भी बारिश नहीं हुई। जबकि धान रोपनी का समय 15 जून से लेकर 15 जुलाई तक का अच्छा माना जाता है। जिले के मोकरी गांव के गोविद भोग चावल से अयोध्या में भगवान श्रीराम को भोग लगता है। ऐसे मे बारिश के नहीं होने से इस साल मोकरी के बवरई सिवाना में धान की रोपनी नहीं हो पा रही है। बता दें कि अभी तक पूरे जिले में मात्र 20 फीसद ही धान की रोपनी हुई है। बारिश नहीं होने और नहरों में पानी नहीं आने से धान के खेती के लिए डाला बिचड़ा भी पानी नहीं मिलने से सूख रहा है। जिससे किसान चिंतित है कि धान का कटोरा कहे जाने वाले जिले में इस वर्ष चावल की समस्या होने वाली है। बारिश नहीं होने से बाधित हो सकती है।

## सीतारामपुर आरपीएफ ने वारंटी आरोपी छोटू एसके को किया गिरफ्तार

नियामतपुर। मंगलवार को वारंटी अभियुक्तों नामतः छोटू एसके पिता स्वरू अहमद तालपारा सीतारामपुर थाना कुल्टी निवासी के बारे में गुप्त स्रोत सूचना मिलने पर, गिरफ्तारी वारंट के आधार पर आरपीएफ/डाक/सीतारामपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उक्त आरोपी व्यक्ति के पते पर छापेमारी सह घात निगरानी की गयी। छापेमारी के दौरान उन्हें आरपीएफ/पोस्ट/सीतारामपुर केस नंबर 21/1990 dated 17.11.1990 U/S 3(a)RP(UP) Act & CR-NO- 917/1990. के संबंध में गिरफ्तार किया गया। फिर गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति को आरपीएफ/पोस्ट/सीतारामपुर लाया गया और उसी तिथि को सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद, उपरोक्त गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति को आगे की कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्क. 2दक JM/ASN के समक्ष अग्रेषित किया गया।



# जिसका डर था वही हुआ सरकारी कमेटी के नाम पर किसानों की आंख में धूल झोंकने की कोशिश

(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) मुजफ्फरपुर। प्रधानमंत्री ने 19 नवंबर को तीन काले कानून रद्द करते वक्त अपनी घोषणा में जिस कमेटी का वायदा किया था आखिर उसकी घोषणा हो गई है। 12 जुलाई को सरकार द्वारा बनाई गई इस समिति का नोटिफिकेशन आज सार्वजनिक हो गया है।
संयुक्त किसान मोर्चा ने शुरू से ही इस कमेटी को लेकर अपने संदेह सार्वजनिक किए हैं–
इस कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य कौन होंगे? कहीं इसमें सरकार का बोलबाला तो नहीं रहेगा? इसमें संयुक्त किसान मोर्चा को के अलावा अन्य किन किसान संगठनों को बुलाया जाएगा? कहीं सरकार अपने पिठ्ठुओं से तो इसे नहीं भर देगी?
इस कमेटी का एजेंडा क्या होगा? क्या इसमें एमएसपी को कानूनी दर्जा देने पर विचार भी होगा? या कि इसे बातचीत से भी बाहर रखा जाएगा? कमेटी के सरकारी नोटिफिकेशन से यह स्पष्ट है कि इस बारे में संयुक्त किसान मोर्चा के सभी संदेह सच निकले है–
1. कमेटी के अध्यक्ष पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल हैं जिन्होंने तीनों किसान विरोधी कानून बनाए और आखिर तक उनकी हिमायत की। उनके साथ नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद हैं जिन्होंने इन तीनों कानूनों को ड्राफ्ट किया था।
२.कमेटी में संयुक्त किसान मोर्चा के 3 प्रतिनिधियों के लिए जगह छोड़ी गई है। लेकिन बाकी स्थानों में किसान नेताओं के नाम पर सरकार ने अपने 5 वफादार लोगों को ठूंस लिया है जिन सबने खुलकर तीनों किसान विरोधी कानूनों की वकालत की थी। यह सब लोग या तो सीधे बीजेपी आरएसएस से जुड़े हैं या उनकी नीति की हिमायत करते हैं।
• कृष्णा वीर चौधरी, भारतीय कृषक समाज से जुड़े हैं और बीजेपी ज्वाइन कर चुके हैं।
• प्रमोद कुमार चौधरी, ै से जुड़े भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
• गुणी प्रकाश, भूपेंद्र मान के किसान संगठन के हरियाणा अध्यक्ष
• सैयद पाशा पटेल, महाराष्ट्र से बीजेपी के एमएलसी रह चुके हैं
• गुणवंत पाटिल, शेतकरी संगठन से जुड़े, डब्ल्यूटीओ के हिमायती और भारतीय स्वतंत्र पक्ष पार्टी के जनरल सेक्रेटरी।



यह पांचो लोग तीनों किसान विरोधी कानूनों के पक्ष में खुलकर बोले थे।
3. कमेटी के एजेंडा में एमएसपी पर कानून बनाने का जिक्र तक नहीं है। यानी कि यह प्रश्न कमेटी के सामने रखा ही नहीं जाएगा। एजेंडा में कुछ ऐसे आइटम डाले गए हैं जिन पर सरकार की कमेटी पहले से बनी हुई है। और एक ऐसा आइटम डाला गया है जिसके जरिए सरकार पिछले दरवाजे से वापस तीन काले कानूनों को लाने की कोशिश कर सकती है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 3 जुलाई की राष्ट्रीय बैठक फैसला लिया था कमेटी का पूरा ब्यौरा मिलने से पहले उसमें शामिल होने का सवाल ही नहीं होता। अब इस पर अंतिम निर्णय मोर्चे को ही करना है। लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि ऐसी कमेटी में जाने का कोई अर्थ नहीं है। हमे इस कमेटी का भंडाफोड़ करना चाहिए।

# प्रीपेड मीटर पर रोक के लिए जनता उतरी सड़क पर



☒ विद्युत कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ प्रदर्शन करते नगरवासी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सर्वदलीय संघर्ष समिति ने कहा– मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे स्मार्ट मीटर के खिलाफ दस दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे। दरअसल बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरुद्ध लिच्छवी भवन के समीप सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पहले शहर में पैदल मार्च करते हुए बिजली कंपनी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी को दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि प्राकृतिक आपदा अकाल एवं भीषण गर्मी को देखते हुए इस विवादित प्रीपेड मीटर को लगाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।विरोधरूप्रीपेड मीटर पर रोक के लिए जनता उतरी सड़क पर
विद्युत कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ प्रदर्शन करते नगरवासी।
सर्वदलीय संघर्ष समिति ने कहा– मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे
स्मार्ट मीटर के खिलाफ दस दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे। दरअसल बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरुद्ध लिच्छवी भवन के समीप सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पहले शहर में पैदल मार्च करते हुए बिजली कंपनी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी को दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि प्राकृतिक आपदा अकाल एवं भीषण गर्मी को देखते हुए इस विवादित प्रीपेड मीटर को लगाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। शहरी कनीय अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। बिजली विभाग द्वारा अज्ञात लोगों पर किया गया एफ आई आर वापस लिया जाए। इसके अलावा दस दिनों का समय देते हुए कहा गया है कि मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी बिजली विभाग का घेराव करेंगे। सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से कहा गया है कि बिजली विभाग कार्यालय द्वारा उपभोक्ताओं के घर पर प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है।जिसका विरोध पूर्व में भी सर्वदलीय समिति द्वारा किया गया।इस मामले में कहा गया है कि बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर का यूनिट तेज होने के कारण शहरवासियों को बिजली की खपत से ज्यादा बिजली बिल भुगतान करना पड़ रहा है।

## बिहार मे सुध दही का दाम 10 रुपए बढ़, लस्सी की कीमत दो रुपये ऊपर, नई दरे 18 जुलाई से लागू

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
बिहार में आम लोगों के लिए झटके की खबर है। बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड ने सुधा के दही, लस्सी और छाछ की कीमत में 18 जुलाई के प्रभाव से बढ़ोतरी की है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से पैक्ड दही, लस्सी और मठा पर पांच प्रतिशत जीएसटी 18 जुलाई से लगाने के परिणाम स्वरूप यह बढ़ोतरी की गई है। वहीं, राष्ट्रीय बाजार में फैट का मूल्य बढ़ने के कारण सुधा के घी और बटर के दाम भी 22 जुलाई से बढ़ जाएंगे। एक किलो प्लेन दही पर 10 रुपये तो प्रति किलो घी पर 60 रुपये की वृद्धि हुई है। मालूम हो कि कॉम्फेड की ओर से दही, लस्सी और मठा का पिछली दर परिवर्तन फरवरी, 2021 में की गई थी। इसके बाद से दूध उत्पाद में दो बार कीमतें बढ़ीं, पर दही–लस्सी के दाम नहीं बढ़े थे। दही और लस्सी – पहले और अब
लस्सी 150 एमएल 10 12
मैंगो लस्सी 140 एमएल 10 12
छाछ 180 एमएल 10 12
मिस्टी दही 80 ग्राम 10 12
मिस्टी दही 100 ग्राम 15 18
मैंगे दही 100 ग्राम 15 18
प्लेन दही 200 ग्राम,कप 25 30
प्लेन दही 400 ग्राम,कप 45 50
प्लेन दही 1 किलो 105 115
प्लेन दही 2 किलो 200 220
प्लेन दही, 5 किलो 475 525
प्लेन दही दो किलो स्मार्ट 168 180
प्लेन दही, 15 किलो 1350 1500
प्लेन दही, 15 किलो स्मार्ट 1125 1275
पाउच दही, 200 ग्राम,स्मार्ट 15 17
पाउच दही,400 ग्राम, स्मार्ट 29 32
पाउच दही, 1 किलो, स्मार्ट 65 72
घी– पहले अब
200 एमएल,पोली 110 120
500 एमएल,पोली 250 280
500 एमएल, कार्टन 260 290
एक किलो, कार्टन मे 510 570
15 किलो, टिन 7725 8600
लो–कोलेस्ट्रोल200एमएल120 130
लो–कोलेस्ट्रोल500एमएल290 320
पेट जार 200 एमएल 115 125
पेट जार 500 एमएल 280 310
बटर– पहले अब
बटर 50 ग्राम 28 30
बटर 100 ग्राम 48 52
बटर 500 ग्राम 235 250।

## जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में आज प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में आज प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में गंभीर प्रयास करना सुनिश्चित करें।
मोतीपुर। बरुराज पथ,राजेपुर करचौलिया पथ, मीनापुर–टेंगराहा पथ को लेकर निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग भू– अर्जन से समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शीघ्र कार्य करना सुनिश्चित करें। रानी सती मंदिर सिकंदरपुर मन होते हुए लक्ष्मी चौक पर (मरीन ड्राइव) के समीक्षा के क्रम में आरसीडीऔर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को निर्देशित किया गया कि विधिसम्मत आवश्यक कार्रवाई करें। पानी टंकी मिठनपुरा चौक मुख्य सड़क में नाला सफाई और मरम्मती के कार्य में आने वाले संरचनाओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं डीएसपी टाउन को निर्देशित किया गया है कि स्थल विजिट करते हुए अतिक्रमण हटाने का कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि शहर में चिन्हित नदनेमक विद्युत पोलों को हटाने संबंधी कार्य में तेजी लाएं।कार्यपालक अभियबता द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य किया जा रहा है। अखाड़ा घाट जीरोमाइल सड़क को लेकर पथ प्रमंडल–01 के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त पथ में सड़क चौड़ीकरण, मजबूती करण एवं नाला निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर विभाग से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।साथ ही इस आशय का प्रस्ताव बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा भी भेजा गया है।निर्देश दिया गया कि विभाग से समन्वय स्थापित करवाई करें।
बैठक में निर्देश दिया गया कि जीरोमाइल से दरभंगा जाने वाली पथ में दाई और सड़क की काफी चौड़ी जमीन है जो खाली पड़ी है और कुछ भाग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल–01 एवं अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को निर्देश दिया गया कि संयुक्त रूप से अभियान चलाकर उस स्थान को खाली कराएं और लोहे के पाइप से बैरिकेडिंगकरा कर उक्त स्थल को ऑटो पढ़ावत स्थल के रूप में चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया जाए और ऑटो पार्किंग कराया जाए।
जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज के पास गुड़ी गंडक नदी पर उच्चस्तरीय पुल के अप्रोच पथ हेतु भूमि अर्जित की जा रही है ।कार्यपालक



अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि इसमें 58.86 करोड़ की लागत लगेगी।राशि की मांग की गई है परंतु अब तक राशि प्राप्त नही है।निर्देश दिया गया कि पुनः स्मार पत्र भेजा जाए। अनुमंडल अधिकारी पूर्वी द्वारा बताया गया कि बाजार समिति में नाला निर्माण हेतु सभी स्थानों पर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है और बरसात के मौसम में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इससे विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होगी। परियोजना प्रबंधक पुल निर्माण निगम को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। मिठनपुरा में और उससे आगे 170मीटर नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन 320 मीटर में जमीन विवाद के कारण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिया गया किबुडको के साथ समन्वय करते हुए इसका निराकरण कराना सुनिश्चित कराएंगे। इसके अतिरिक्त बुडको द्वारा कराये जा रहे अन्य कार्य को लेकर निर्देश दिया गया कि उक्त सभी कार्य की पूर्णता की दिशा में तेजी से कार्य करना शुरू किया जाए। बैठक में इसके अतिरिक्त एनएच 77–बायपास (हाजीपुर मुजफ्फरपुर खंड) एनएच 527 सी (मझौली–चिरौत), एनटीपीसी कांटी, विद्युत विभाग, ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड,त नई रेल परियोजनाएं इत्यादि की समीक्षा की गई एवं कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता राजस्व राजेश कुमार ,डीपीआरओ कमल सिंह,जिला भू अर्जन पदाधिकारी ,जिला योजना पदाधिकारी सहित विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## पहली सोमवारी को बराकर क्षेत्र के सभी शिवालयों में भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार

बराकर। सावन की पहली सोमवारी को लेकर बराकर क्षेत्र के सभी शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार के साथ प्रसाद का आयोजन किया गया। सोमवार की देर शाम बराकर बेगुनिया स्थित प्राचीन सिधेश्वर नाथ मंदिर में स्थानीय बाबा के भक्त मनोहर शर्मा के पुत्र बिमल शर्मा, दीपक अग्रवाल के पुत्र राहुल, एव सज्जन अग्रवाल ने बाबा की विधिवत पूजा एवं बाबा का भव्य श्रृंगार का आयोजन किया। मंदिर के गर्भ गृह मे बाबा भोलेनाथ का फूलो से अनूठा श्रृंगार करवाया। इसके पश्चात मंदिर के पुजारी ने बाबा भोलेनाथ का विधिवत पूजा अर्चना कर भक्तों को फूलो से सजे भगवान शिव का दर्शन कराने का कार्य आरंभ किया। शिव मंदिर में आस पास के क्षेत्र से हजारों की संख्या मे शिव भक्त दर्शन करने के लिए पहुचते हैं ।जिसको लेकर सेवा समिति के लोग भी तत्पर थे तथा भक्तों की सुरक्षा को लेकर बराकर फाड़ी पुलिस के जवान तैनात थे। इसके अलावे बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार आरपीएफ बैरेक स्थित शिव मंदिर , हलवाई पट्टी स्थल, गोलमाल बाबा कुटिया स्थित शिव मंदिर, पंचायती ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर, गायत्री नगर स्थित संकट मोचन मंदिर स्थित शिव मंदिर, मंबड़िया स्थित शिव मंदिर के अलावे रामनगर स्थित शिव मंदिर, रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मे बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।



# संक्षिप्त समाचार

## जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी नालंदा को नागेंद्र कुमार राजा ने सौंपा अपना ऑथोराइजेशन लेटर

(नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ नालंदा)। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर के द्वारा श्री रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार के अनुशंसा के आधार पर श्री नागेंद्र कुमार राजा को नालंदा जिले के बिहार शरीफ अनुमंडल का अनुमंडल ब्यूरो चीफ के पद पर नियुक्त किया गया है। नागेंद्र कुमार राजा ने अपने ऑथोराइजेशन लेटर को आज जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय नालंदा को विधिवत सौंप दिया। जहां पर श्री साकेत राज संवादाता अयोध्या टाइम्स बेलछी पटना की उपस्थिति रही।



## लौटने लगी रंगत धर्मसमाज विधालय की

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। शहर के बीचों मीनाबाजार – भवानीपुर पथ में स्थित वैदिक विधालय धर्मसमाज के दिन अब लौटने लगे हैं। विधालय के नए प्रधानाचार्य आनन्द मोहन मिश्रा के प्रयास से विधालय में जहा पठन – पाठन बेहतर होने लगा है , वही अन्य सुविधाएं भी विकसित होने लगी है। ऐतिहासिक विरासत को संजोए धर्मसमाज आधुनिकता के दौर में पिछड़ने लगा था। ऐसे में युवा लोकप्रिय प्रधानाध्यापक के विधालय में योगदान करने के साथ ही नई उम्मीदे जग गई है और सार्थक प्रयास भी शुरू हो गया है। दूसरी ओर समाजिक सरोकार से सम्बन्ध रखने वाले लोग भी संस्थान के सेवार्थ आगे आने लगे हैं। छात्रों के पढ़ाई के साथ ही अब मुफ्त रहने व खाने की व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा के एक प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार ने छात्रों के बीच वस्त्र का वितरण किये । इस अवसर पर प्रधानाचार्य के अलावे शिक्षक धर्मेंद्र द्विवेदी , संजीता मिश्र , राकेश कुमार वर्मा , संतोष कुमार उपस्थित थे।



## बक्सर विधायक मुन्ना तिवारी उर्फ संजय तिवारी जी का जन्मदिन बक्सर परिसदन में धूम धाम से मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल
बक्सर। परिसदन में बक्सर विधायक और महिला विकास सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया और पूरे संस्थान के टीम ओर से जन्मदिन की बधाई दी गई।

## पटना समेत चार जिलों में मॉडल दस्तावेज से होगा जमीन-मकान की रजिस्ट्री

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ (नालंदा) पटना समेत चार जिलों में जमीन मकान का निबंधन मॉडल दस्तावेज से होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में सितंबर से निबंधन की प्रक्रिया मॉडल डीड से करने का लक्ष्य रखा गया है।नई व्यवस्था के बाद आवेदक खुद ही ऑनलाइन या इन कार्यालयों में बने 'मे आई हेल्प यू' काउंटर से दस्तावेज तैयार कराकर रजिस्ट्री करा सकेंगे। इसके लिए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने संबंधित जिला अवर निबंधकों को तैयारी करने को कहा है। सोमवार को निबंधन आयुक्त बी कार्तिकेय धनजी ने कहा कि लोगों की सुविधा को विभाग की वेबसाइट पर हिंदी में 31, अंग्रेजी में 31 व उर्दू में 29 प्रकार के मॉडल दस्तावेज दिए गए हैं। लोग इससे निबंधन दस्तावेज बना सकते हैं।

## धान पान नित्य स्नान ना होने से परेशान किसान

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मास बदल गए ,पर मौसम नहीं बदला ।जब आकाश में बादल छाते हैं, तो किसान प्रफुल्लित हो जाते हैं ।लेकिन बारिश नहीं होने से किसान हताश हो चुके हैं। आए दिन बारिश नहीं होने से किसान ज्यादा परेशान हो चुके हैं क्योंकि धान के खेत में पानी जमा रहना अति आवश्यक है जिसे अपना पंपिंग सेट नहीं है वह तो धान रोपनी भी करना नहीं चाह रहे हैं जबकि धान की नर्सरी तैयार होकर सुख रहे हैं किसानों का कहना है धान की नर्सरी नष्ट हो जाए तो थोड़ी क्षति होगी। लेकिन और और असमय बारिश होने से तो अच्छी पैदावार नहीं होगी। जितने धान की उपज नहीं होगी उससे कहीं ज्यादा उपजाने के खर्च होंगे। बुजुर्गों का कहना है धान और पान को पानी की आवश्यकता बार–बार पड़ती है। जो पंपिंग सेट से संभव नहीं है। इसके जलापूर्ति के लिए बराबर बारिश का होना ही जरूरी है। अगर ना होंगे मानसून मेहरबान तो होते रहेंगे परेशान किसान।



## 24 घंटे के भीतर नही मिले एक भी कोरोना संक्रमित

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर एक भी कोरोना संक्रमित नही मिले हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर राहत भरी खबर यह रही कि पहले के एक संक्रमित ने कोरोना को मात भी दी है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि पिछले 24 घंटे के भीतर कुल 1363 संदिग्ध लोगों के सैंपल लेकर कोरोना जांच गई, जिसमें एक भी संक्रमित नहीं मिले। बता दें कि जिले में अब तक 5057 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 4992 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।इधर,कैमूर में कोरोना संक्रमण से बचाव की दिशा लोग बेफिक्र दिख रहे हैं,जबकि जिलेवासियों को सावधानियां बरतनी जरूरी है। आलम यह है कि इक्का–दुक्का लोगों को छोड़ कर घरों से बाहर निकलने वाले करीब 95 फीसद आबादी मास्क नही लगा रही है।

## निजी भूमि पर जबरन सड़क बनाने को लेकर बहुत बड़ी विवाद

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बंगराहा ग्राम निवासी रामसजन महतो पिता रामध्यान मतहो। उम्र 35 वर्ष जो कि एक दिव्यांग है उनके निजी जमीन खाता संख्या185 खेसरा संख्या 1424 –1872 पर गांव के ही कुछ दबंगों ने 2018 में रातों–रात लाठी बंदूक के बल पर जमीन पर ईट करण रोड। 1. अमित कुमार राय, पिता शंभू राय 2. सियासन राय पिता जोधन राय 3. अजीत कुमार राय, पिता, पंचलाल राय, 4. मधुकांत महतो, पिता उत्तम महतो 5. रंजीत पोद्दार, पिता राम सागर पोद्दार, 6. रामविलास पोद्दार, पिता, मन्नु पोद्दार आदि के द्वारा कर दिया गया। जिसको लेकर राम सजन महतो ने न्याय की गुहार प्रखंड , अनुमंडल एवं जिला अधिकारियों को भी आवेदन देकर लगाया साथ ही रामसजन महतो ने हाईकोर्ट में भी मामला दर्ज कराया है। इसी बीच दिनांक 18/07/2022 दिन सोमवार को सभी नामांकित दबंगों ने उनके दरवाजे पर पहुंचकर केस खत्म करने की धमकी दिया और साथ में यह भी कहा कि अगर हमारा कहना नहीं मानोगे तो पूरे परिवार को जान गंवाना पड़ेगा और चलते चलते धमकी भरे स्वरों में कहा कि 1 सप्ताह के भीतर तुम्हारे जमीन पर पी सी सी रोड हम लोग अपने निजी पैसे से बना लूंगा। तुमको जो करना है सो करो, प्रशासन हमारा कुछ नहीं बिगाड़ लेगा। प्रशासन हमारे मुट्ठी में है।



## बिहार कैबिनेट की बैठक खत्म,इन 9 महत्वपूर्ण एजेंडों पर लगी मुहर

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार सरीफ (नालंदा) मुख्य सचिवालय स्थिति मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक खत्म हो गई है। आज कैबिनेट की इस बैठक 9 महत्वपूर्ण एजेंडों को मंजूरी दी गई है।बिहार में सूखे के हालात को देखते हुए सरकार ने डीजल अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर लग गई है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से कुल 29 करोड़ 95 लाख की अग्रिम स्वीकृति दी गई है। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के तहत औद्योगिक



क्षेत्रों में भूमि के लिए दर को निर्धारित किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के तहत एक और चिकित्सा पदाधिकारी को बर्खास्त करने का फैसला किया है। बेगूसराय के मटिहानी PHC के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार सिंह को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है।प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्धम योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच 60 अनुपात 40 के अनुरूप कुल योजना व्यय की राशि 469 करोड़ 63 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत कुल 30 करोड़ 16 लाख 48 हजार रुपए बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति दी गई है। बिहार अमीन सह राजस्व कर्मचारी संवर्ग नियमावली 2022 को निरस्त किया गया है। अब बिहार अमीन संवर्ग नियमावली 2013, बिहार अमीन संवर्ग संशोधन नियमावली 2016, बिहार अमीन संवर्ग संशोधन नियमावली 2017, बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग नियमावली 2011 एवं बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग संशोधन नियमावली 2013 को पुनर्जीवित किया गया है। जन वितरण प्रणाली के तहत परिवहन एवं हाथलन मद में केंद्रीय सहायता की राशि 32. 50रू0 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 35 प्रति क्विंटल तथा डीलर कमीशन में केंद्रीय एवं राज्य की राशि क्रमश 35 एवं 35 से बढ़ाकर 45 प्रति क्विंटल किया गया है। इस तरह से केंद्रीय सहायता एवं राज्य की कुल दर 188. 90 पैसे प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 211. 40 पैसे प्रति क्विंटल किया गया है।

## चार चक्का वाहन की मांग पूरी नहीं होने पर टूट गई शादी अब पहले से दी गई राशि भी लौटाने से इनकार प्राथमिकी दर्ज

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ (नालंदा) वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खानापुर ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पूर्व से तय अपनी पुत्री की शादी को चार चक्के का वाहन की मांग पूरी नहीं होने से क्षुब्ध लड़के पक्ष द्वारा इंकार कर दिया गया। फलतः लड़की के स्वजनों द्वारा शादी के खर्च के नाम पर दी गई राशि आठ लाख नकद एवं छह भर सोना का जेवरात नहीं लौटने की बात कही है।दर्ज मामले में पीड़ित दादा ने कहा है कि अपनी शादी की तिथि तय करने की बात कही गई। तो लड़के पक्ष में शामिल उनके पिता आत्मा चरण सिंह,उनकी पत्नी टुन्नी देवी, पुत्री अंशु देवी, तरुण देवी, छोटी देवी, दामाद उमेश सिंह आदि ने एक चार चक्के के वाहन की मांग की।नहीं लौटा रहे आठ लाख रुपए जब हमलोंगों ने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जाहिर की तो उन्होंने रिश्ता तोड़ते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। शादी टूट जाने पर जब उपहार के लिए दिये गए राशि समेत आभूषण की मांग की गई तो वापस




पोती की शादी शेखपुरा जिला के अग्विल चाडे ग्रामीण आत्माचरण सिंह के पुत्र राहुल कुमार के साथ तय किया था। शादी खानापुर ग्रामीण टुनटुन सिंह के सहयोग से तय हुई थी। जिसके तहत उपहार स्वरूप छह भर सोने का आभूषण समेत दीवान पलंग, वाशिंग मशीन, सोफा, मोटरसाइकिल, फ्रीज आदि खरीदने के लिए आठ लाख रुपये नकद दिया गया था। कुछ दिनो बाद जब संबंधित गांव पहुंच कर करने से इंकार कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले को गम्भीरता से लेते हुए न्याय की गुहार लगाई है। खुशकिस्मत है बेटी'
एक ऐसे घर में जहां शादी से पहले ही होनेवाले ससुराल के लोगों का सच सामने आ गया है। अन्यथा शादी के बाद फोर व्हीलर की डिमांड की जाती तो या उसे ससुराल में प्रताड़ित होना पड़ता या फिर शायद कुछ इससे भी बुरे हश्र का सामना करना पड़ता ।

## सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुई परीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। मोतिहारी।मुंशी सिंह महाविद्यालय आदर्श परीक्षा केंद्र पर आज बी. एड. प्रथम वर्ष की परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।आज की परीक्षा में कुल 1047 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।आज की परीक्षा का विषयष् 7पैडागोजी ऑफ ए स्कूल सब्जेक्ट,टीचिंग मेथड ऑफ सिविक्सष्था।पूरी परीक्षा कोरोना प्रोटोकॉल के साथ संपादित हुई और कदाचार विहीन रही।परीक्षा के सफल संचालन में प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक प्रो.(डॉ.)अरुण कुमार,परीक्षा प्रभारी मनोरंजन प्रसाद सिंह, सेक्योरिटी ऑफिसर सूबेदार प्रदीप द्विवेदी,अविनाश कुमार, बालकरण सिंह,एकराम खान और रणधीर कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा। प्राचार्य के मुताबिक कल अंतिम परीक्षा होगी।उधर दिनांक 18 जुलाई से मुंशी सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की बी. फार्मा और अभियांत्रिकी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई।परीक्षा में कुल 641 परीक्षार्थियों ने भागीदारी की,जबकि 01परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।इसी तरह बी.फार्मा की परीक्षा में कुल 100 परीक्षार्थियों ने भागीदारी की।बी.फार्मा में एक भी छात्र



अनुपस्थित नही हुआ। परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्राचार्य ने दी है।

## केस उठाने को ले जाना से मारने की धमकी एसपी,डीएसपी को से किया शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। लकड़ी नबीगंज ओपी थाना क्षेत्र के जगतपुर में जमीनी विवाद में 50 वर्षीय रंजीत तिवारी की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में लकड़ी नबीगंज कांड संख्या 302/2022 दर्ज की गई थी।मृतक के भाई मेघनाथ तिवारी ने महराजगंज अनुमंडल अधिकारियों से लिखित शिकायत की है।
उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि अपराधी केस उठाने लिए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।हरेंद्र तिवारी व राजेन्द्र तिवारी को नामजद करते हुए कहा है कि उक्त लोगो ने धमकी देते हुए केस को रफ दफा करने का दबाव बना रहे हैं अगर ऐसा नही हुआ तो मृतक रंजीत तिवारी के पूरे परिवार को जान से मार देंगे ताकि को गवाह न रहे।वहीं जगतपुर के मुखिया भगवानजी सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुखिया थाना प्रभारी, एसपी,डीएसपी व केस के आयो पर सात लोगों का नाम निकालने की सिफारिश भी कर रहे हैं। जो कि पद का दुरुपयोग कर रहे है।वही केस की जल्दी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## गार्जियन ऑफ ट्री एडिट ए स्ट्रिंग ऑल का निरीक्षण भारत सरकार के संयुक्तसचिव ने किया

☒ जल जीवन हरियाली एवं जल संरक्षण को लेकर दिये गये कई निर्देश

☒ ड्रिप स्प्रिंकलर के प्रयोग से कम समय में ज्यादा खेतों की सिंचाई संभव : जिला अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी, हरसिद्धि। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण एवं जल शक्ति अभियान के तहत गार्जियन ट्री और ड्रिप स्ट्रिंगर का निरीक्षण मंगलवार को सोनबरसा और पानापुर गांव में भारत सरकार के संयुक्त सचिव संजय कुमार जैन व जिला अधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने किया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ग्राम जोगिया पंचायत राज सोनबरसा प्रखंड हरसिद्धि में कार्यरत सामूहिक नलकूप योजना का निरीक्षण किया गया । युक्त योजना अंतर्गत घूरन सहनी कृषक सिंचाई समूह के द्वारा 750 एकड़ क्षेत्र में मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई का अधिष्ठापन कराया गया है।सिंचाई योजना के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर का अधिष्ठापन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सरकार के द्वारा 90: अनुदान कृषकों को दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु उद्यान निदेशालय के द्वारा सिंचाई जागरूकता रथ के साथ नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन कर जिले के किसानों को जागरूक किया जा रहा है। ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के द्वारा धान गेहूं दलहन तिलहन आदि सभी प्रकार की फसल की सिंचाई कम समय में हो सकता है।सबसे पहले 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेड़ पौधे को सुरक्षित रखने के लिए जिला अधिकारी के द्वारा एक ड्रीम प्रोजेक्ट तैयार किया गया जिसमें गार्जियन ऑफ ट्री का नाम देकर उस पेड़ को बचाने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है।पुराने पेड़ को टैग करने के बाद उसको किसी विद्यालय के शिक्षक और छात्राओं छात्रों द्वारा उसे गोद दिया जा रहा है, जिसकी देखरेख गोद लेने वाले



सभी सदस्य करेंगे। सोनबरसा में पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद के घर के बगल में 100 वर्ष से अधिक पुराने पीपल के पेड़ को संयुक्त सचिव ने निरीक्षण किया।संयुक्त सचिव के साथ आए केंद्रीय टीम ने पानापुर रंजीता पंचायत के योगिया गांव में रामचंद्र सहनी के खेतों में लगाए गए ड्रिप स्ट्रिंग गर्ल एवं पंप का निरीक्षण किया। संयुक्त सचिव ने ड्रिप स्ट्रिंगर के संबंध में प्रोजेक्ट अभियंता से जानकारी ली, जिसमें प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि ड्रिप स्टिगलर से कम समय में ज्यादा खेतों की सिंचाई कम लागत में की जा सकती है। जिला अधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पुराने पेड़ों को टैग कर गार्जियन ऑफ ट्री के माध्यम से पेड़ों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पदाधिकारियों को आदेश दिया। जिला अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के प्रधान सचिव संजय कुमार जैन के उपस्थिति में पेड़ों का निरीक्षण किया जा रहा है। मौके पर डीडीसी कमलेश कुमार सिंह, एसडीएम अरेराज संजीव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज पासवान, अंचला अधिकारी डॉक्टर चंदेश्वर तिवारी, मनरेगा पी ओ अबताब आलम,थाना अध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, कृष्णा प्रसाद, कैशल कुमार,दिलिप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सुनिल कुमार एवं प्रखंड से लेकर अनुमंडल तक के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी नामांकन में धांधली का आरोप लगाया



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी नामांकन में हुई धांधली के खिलाफ तथा नामांकन को रद्द कर धांधली में संलिप्त लोगो के ऊपर कारवाई की माँग को लेकर जन अधिकार छात्र परिषद के जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में काला पट्टी बांधकर शहर के चरखा पार्क से चाँदमारी चौक तक मार्च निकाला कर प्रदर्शन किया ,इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन के विरोध जमकर नारेबाजी की गई , उक्त मौके पर जन अधिकार पार्टी (लोक) के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के जूलॉजी और मीडिया अध्ययन विभाग में पीएचडी का नामांकन सारे नियमो को दरकिनार कर गलत तरीके से नामांकन किया गया है ,जिसका पर्दाफाश बीते दिनों प्रेस वार्ता कर किया गया था। जाप के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पिछड़ा और अतिपिछड़ा के सीटों को खत्म कर मनमानी तरीके से पैसे लेकर और बड़े नेताओं के दबाव में आकर कम नम्बर वाले किसी खास विचारधारा मानने वाले लोगो का नामांकन किया गया है , जाप के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि धांधली का पर्दाफाश होने के बाद नामांकन को रद्द कर दोषियों के ऊपर कारवाई करने के विश्वविद्यालय प्रशासन मामले को दबाने और लीपापोती करने में लगी हुई है और डीआरसी के सदस्यों पर बैक डेट में साइन करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।
छात्र नेता श्री सिंह ने कहा कि डीआरसी के सदस्यों द्वारा साइन करने से मना करने के बाद एक्सपर्ट को पैसा देकर मेल के माध्यम से नयी मेरिट लिस्ट बनवाया गया नामांकन के पाँच दिन बाद साइन करवाया गया ,जाप के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष की मेल और एक्सपर्ट के मेल की जाँच की मांग किया . वही छात्र नेता ने कहा कि जूलॉजी विभाग में एससी वर्ग के लिए आरक्षित दो सीटें थी ,जिसमे एक छात्रा की नाम मेरिट लिस्ट में आने के बाद भी किस नियम से नामांकन नही किया गया यह बहुत बड़ा धांधली है। जाप के छात्र जिलाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कहा कि पीएचडी नामांकन में हुई धांधली का सारे सबूतों के साथ पर्दाफाश होने के बाद अभी तक नामांकन को रद्द कर दोषियों के ऊपर कारवाई नही होना विश्वविद्यालय प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रही है की क्या ये धांधली विश्वविद्यालय प्रशासन के संरक्षण में हुआ है? जाप के छात्र जिलाध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अविलम्ब नामांकन को रद्द करते हुए दोषियों के ऊपर कारवाई करे और पुनः निष्पक्ष तरीके से नामांकन ले अन्यथा आंदोलन अनवरत चलते रहेगी , आगे विश्वविद्यालय की तालाबंदी की जायेगी और आमरण अनशन किया जायेगा।मार्च में छात्र नेता पुन्नू सिंह ,अनिरूद्ध यादव, आकाश कुमार ,चंदन कुमार ,इसरार बाबू ,हिमांशु कुमार चौहान,आकाश कुमार गुप्ता, रेजा आलम,रुस्तम खान, राहुल कुमार ,रूपेश कुमार लालसाहेब कुमार ,आदि थे।

## ई. श्यामाकांत कुशवाहा बने युवा जदयू के प्रदेश सचिव, मिल रही हजारों बधाई

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल पूर्वी चंपारण)। बिहार जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु भारद्वाज के द्वारा युवा जदयू पूर्वी चंपारण के पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर श्यामाकांत कुशवाहा को युवा जदयू बिहार प्रदेश के प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है . इनके मनोनयन को लेकर रामगढ़वा, रक्सौल, आदापुर, छौड़ादानो सहित पूरे रक्सौल अनुमंडल के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है . पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव श्री कपिल देव पटेल उर्फ भुवन पटेल ने कहा कि इंजीनियर श्यामाकांत पार्टी के पुराने साथी एवं काफी सफल युवा कप्तान रहे हैं .उन्होंने पूरे जिले में संगठन को काफी मजबूत करने का काम किया है. वही नरकटिया विधानसभा के पूर्व जदयू प्रत्याशी व पूर्व मंत्री श्री श्याम बिहारी प्रसाद ने बताया कि उनके पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठा को देखते हुए पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष इन्हें इस पद पर मनोनीत किया है .उनके मनोनयन से जिले सहित पूरे बिहार में पार्टी काफी मजबूत होगी. बता दें कि युवा प्रकोष्ठ ने अपने नव मनोनीत जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की हैं. बिहार जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु भारद्वाज के द्वारा यह सूची जारी की गई है. इस सूची में 16 जिला अध्यक्ष,09 उपाध्यक्ष, 17 महासचिव व 29 सचिवों के नाम शामिल हैं.इससे पहले जिला युवा प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी ,जिसमे कुछ जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा नहीं हो सकी थी .ऐसे में बिहार युवा प्रकोष्ठ ने बाकी बचे जिला अध्यक्षों सहित प्रदेश पदाधिकारियों की सूची भी जारी की हैं. इनके मनोनयन को लेकर रक्सौल अनुमंडल सहित पूरे जिले के जदयू के नेतागण एवं महात्मा फुले समता परिषद पूर्वी चंपारण इकाई से जुड़े समसेवीगण बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं. बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री व वरिष्ठ जदयू नेता विरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा , मुख्य जिला प्रवक्ता प्रो दिनेशचंद्र प्रसाद,रक्सौल श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विकास पटेल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महा सचिव असरार आलम, मो एहतेशाम, सुरेश शाह, सौरभ राव, सच्चिदानंद सिंह ,युवा नेता सुन्नी पटेल, प्रवक्ता इंद्रजीत पटेल, पूर्व युवा जिलाउपाध्यक्ष विशाल कुशवाहा, पूर्व युवा विधानसभा प्रभारी मुकेश कुमार, युवा नेता सुनील कुशवाहा, पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष सुशील रौनियार, अजय



साह, छौडादानो प्रखंड अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला सचिव त्रिभुवन कुमार ,जिला सचिव धर्मेंद्र सिंह ,पूर्व विधायक प्रतिनिधि महेश कुशवाहा, पूर्व जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ,जदयू नेता देवचंद्र यादव, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा ,पूर्व जिला महासचिव संजय कुशवाहा ,युवा नेता रमेश कुशवाहा पंचायत अध्यक्ष राजन कुशवाहा ,सरोज पटेल आदि लोग शामिल हैं।

## जिला पदाधिकारी ने की हर घर नल का जल प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना की है समीक्षा

☒ 1 सप्ताह के अंदर नए वार्ड सदस्यों को प्रभार दिलवाना सुनिश्चित करने का आदेश

☒ 2 दिनों के अंदर प्रभार का आदान प्रदान नहीं किया जाता है तो पंचायत सचिव की संविदा समाप्त कर दी जाने का चेतावनी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा हर घर नल का जल, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना की समीक्षा समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में की है। अपर समाहर्ता शिवहर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मुखिया गण सहित अन्य पदाधिकारीयों, डीपीआरओ राकेश कुमार कर्मियों द्वारा भाग लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा हर घर नल का जल योजना की समीक्षा की है मुखिया से हर घर नल का जल योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की मुखिया गण द्वारा बताया गया कि पूर्व के वार्ड सदस्यों का नए वार्ड सदस्यों को प्रभार नहीं दिया गया है ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के साथ बैठक कर 1 सप्ताह के अंदर प्रभार दिलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही जहां भी हर घर नल का जल योजना बंद है उसे चालू करना सुनिश्चित करें ,एवं पंचायत सचिव द्वारा प्रभार नहीं लिए जाने के संबंध में मुखिया गणों द्वारा जानकारी दी गई। डीएम द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की चेतावनी पत्र जारी करें कि यदि 2 दिनों के अंदर प्रभार का आदान प्रदान नहीं किया जाता है तो संविदा पंचायत सचिव की संविदा समाप्त कर दी जाएगी एवं नियमित पंचायत सचिव के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।
डीएम द्वारा उपस्थित सभी मुखियागणों को पंचायत के विकास कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आवास योजना की समीक्षा की गई। मुखियागणो को निर्देश दिया गया कि प्रायः आवास के लाभुकों से ऐसी शिकायत प्राप्त होती रहती है कि उन्हें अनावश्यक परेशान किया जाता है ,यदि किसी आवास से संबंधित इस तरह से अनावश्यक परेशान करने का कोई मामला आता है तो इसकी सूचना जिला पदाधिकारी को देंगे ताकि संबंधित दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।
उपस्थित मुखियागणो को निर्देशित किया गया है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत विभागीय निर्देशानुसार योजना का क्रियान्वयन करें, मशीन का उपयोग बिलकुल नहीं किया जाएगा।
सभी आम जनों से भी अपील की गई है कि यदि नल जल, गली–गली, आवास, मनरेगा आदि योजनाओं में अनियमितता बरते जाने की कोई सूचना प्राप्त होती है तो इसकी सूचना जिला पदाधिकारी को शीघ्र देंगे ताकि संबंधित पर उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके। बैठक में संबंधित पदाधिकारी,मुखियाजी आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट- 2022 शुरू

☒ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन आयोजित कर रहा दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट

☒ रविवार को कुल 52 एथलीटों ने किया स्थान प्राप्त

सुपौल। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 19वीं सुपौल जिला स्तरीय दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट –2022 का आयोजन राजकीय प्लस टू विद्यालय बीरपुर कीड़ा मैदान में किया गया । 17 जुलाई से प्रारंभ किए गए । इस दो दिवसीय खेल महोत्सव का प्रमंडलीय शारीरिक शिक्षा के पूर्व अधीक्षक एवं एथलेटिक्स संघ सुपौल मुख्य संरक्षक लक्ष्मी नारायण यादव ने विधिवत उद्घाटन किया ।इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ सुपौल के साथ साथ अनुमदल एथलेटिक्स संघ वीरपुर के ध्वज का भी ध्वजारोहण किया गया । इस खेल महोत्सव में लगभग 400 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। वीरपुर में पहली बार जिला स्तरीय एथलीट मीट के आयोजन के कारण स्थानीय एथलीटों में काफी उत्साह देखी जा रही है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिताएं एक सौ मीटर की दौड़ के साथ 5000 मीटर और 10किलोमीटर तक की दौड़ को शामिल किया गया है। वही फील्ड इवेंस में ऊंची कूद , लंबी कूद , गोला फेंक , डिस्कस फेक व भला ढीमा जैसी प्रतियोगिताएं कराए गए। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक लक्ष्मी नारायण यादव , उपाध्यक्ष संजीव कुमार झा कैप्टन दिलीप कुमार यादव इवेंट्स डायरेक्टर विकास कुमार ,संयुक्त सचिव विनोद महतो , मिथलेश कुमार कुशवाहा के अलावा जिला समिति के जिला सचिव सर्वेष कुमार झा ,भारत स्काउट गाइड के जिला समन्वयक संजय कुमार झा , सुमन कुमार सिंह , अभय शंकर झा, रमेश कुमार यादव, चंद्रशीखा सिंह,सुनील कुमार यादव, कुणाल कुमार झा,मोहम्मद इनायत आदि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी पटना में होने वाले अन्तर जिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगे ।

# संक्षिप्त समाचार

## जीविका समूह को मिलेगा रोजगार डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। सुगौली सरोवर के सौंदर्यीकरण के साथ साथ जल संचय व मछली पालन का कार्य किया जाएगा। जिससे जीविका समूह को रोजगार का भी अवसर प्राप्त होगा। जल जीवन हरियाली के तहत सरोवर ले चारोओर वृक्ष लगाए गए है और भी वृक्ष लगाए जाएंगे। सरोवर के किनारे बैठने के लिए बेंच भी बनाए गए है ।जहां आने वाले लोग आनंद उठा सकेंगे ।प्रखंड के दक्षिणी छपरा बहास पंचायत के चिकानौटा पोखरा के किनारे पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव एक तालाब योजना का निरीक्षण करते हुए डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने मंगलवार को कहा। मुखिया रेणु देवी के द्वारा कराए जा रहे कार्य की सराहना की और



आवश्यक दिशा निर्देश दिया।।मुखिया ने बताया कि तालाब के चारो किनारे पर लाइट की व्यवस्था की जा रही है और चारों तरफ से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अनेकों प्रकार के पैड पौधे लगाए जा रहे हैं। पोखर के चारों बांध पर लोगो के बैठने के लिए बेंच बनवाया जा रहा है। तालाब के अंदर मोटर वोट की व्यवस्था की जाएगी ताकि घूमने फिरने वाले लोग मोटर बोट से तालाब में घूम कर आंदन ले सकेंगे। छपवा से मोतिहारी जाने वाली मुख्य पथ वनस्पती स्थान के समीप पोखर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा हैं और यहां पार्क का निर्माण करवाया जा रहा है। क्षेत्र तथा दूर दराज से लोग प्रसिध मंदिर वनस्पति स्थान पूजा अर्चना के लिए सब परिवार आते है लोग अब इस पार्क में घुमगे और आनंद लेंगे ।यह क्षेत्र के लिए ये एक गौरव की बात है।

## राष्ट्रीय किसान संघर्ष मोर्चा के नेता राकेश टिकैत का बाढ मे भव्य स्वागत



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार सरीफ (नालंदा) प्रो0–श्याम देव सिंह चौहान जाप पुर्व विधान सभा प्रत्याशी के नेतृत्व मे गुलाब बाग मे भव्य स्वागत किया गया। साथ मे जाप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुपती बाबू भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी पूर्वी चंपारण का जायजा लेने पहुंचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वीचम्पालण। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र ,परसौनी पूर्वी चंपारण का जायजा लेने पहुंचे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जिलाधिकारी महोदय को नई पद्धति से अवगत कराया। फूल, बेलपत्र एवं अन्य कृषि अपशिष्ट से केंचुआ खाद उत्पादन ,



जीवामृत उत्पादन इकाई ,पंचगव्य उत्पादन इकाई , नई नस्ल के फलदार वृक्ष आदि के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को नई पद्धति से अवगत कराया। मछली उत्पादन फार्म में पल रही नयी नस्ल की मछलियों को जिलाधिकारी महोदय ने दाना खिलाया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज, डीपीओ मनरेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ–साथ कृषि विज्ञान केंद्र के संबंधित पदाधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## अध्यक्ष व मंत्री पद का परिणाम घोषित

(दैनिक अयोध्या टाइम्स विजय बैठा पुरनहिया प्रखंड) पुरनहिया। मत्स्य जीवी सहयोग समिति के लिये हुए मतगणना मे अध्यक्ष पद के लिये गोविन्द सहनी व मंत्री पद के लिए दिलीप सहनी निर्वाचित घोषित किये गये हैं ।अध्यक्ष पद पर गोविंद सहनी को कुल 226मत प्राप्त हुआ है ।जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी



कैलाश सहनी को 250 मत प्राप्त हुआ है ।अस्वीकृत मतों की संख्या 29 रही ।वहीं मंत्री पद के लिए दिलीप सहनी विजयी घोषित किये गये हैं ।दिलीप को 266मत मिला जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कैलाश सहनी को257मत प्राप्त हुआ ।23 मत अस्वीकृत कर दिया गया है ।इस प्रकार मंत्री पद के लिये दिलीप 9 मतों से विजयी घोषित किये गये हैं ।निर्वाचित प्रतिनिधियों को निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ आषीष कुमार द्वारा एसडीएम की देखरेख मे प्रमाणपत्र दिया गया है ।11सदस्यीय पद के विरुद्ध कुल 21सदस्यों ने अपनी उम्मीदवारी दी थी ।समाचार संप्रेषण तक मतगणना कार्य जारी था।

## समस्तीपुर में बैंक लूटने आए 6 बदमाशों से सिक्युरिटी गार्ड ने हाथापाई कर, बैंक में बड़ी लूट होने से बचाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। बिहार के समस्तीपुर में अपराधी बेखौफ हैं, अपराधियों के मन में कानून और पुलिस का कोई भय नहीं है. समस्तीपुर–मुसरीघरारी पथ पर नगर थाना क्षेत्र स्थित आईडीबीआई बैंक में बैंक लूटने के प्रयास से आये 6 हथियारबंद बदमाशों ने आईडीबीआई बैंक को लूटने का प्रयास किया, लेकिन सिक्युरिटी गार्ड और बैंककर्मियों की सतर्कता से लूट का प्रयास नाकाम हो गया. आईडीबीआई बैंक के ब्रांच में बड़ी लूट की कोशिश को सुरक्षा गार्ड ने अपनी



बहादुरी से नाकाम कर दिया । बैंक में लूट की नीयत से घुसे बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड को पिस्टल के बट से मारकर घायल भी कर दिया. इसके बावजूद भी गार्ड ने हिम्मत नहीं हारी. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है. समस्तीपुर एसपी ह्दय कान्त ने बताया की बैंक के गार्ड ने बहुत बहादुरी का काम किया है समस्तीपुर में एक बहुत बड़ी लूटने से बची है अपराधियों की पहचान की जा रही है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही अपराधी पकड़े जायेगा।

## मशरक में बंद मकान का ताला काट लाखों के सामान की चोरी, पुलिस जांच पड़ताल शुरू

मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर पचहत्तर गांव में बंद मकान का ताला काट लाखों रुपए के सामान की चोरी की घटना सामने आई है मामले में पीड़ित विजय कुमार सिंह पिता कामेश्वर सिंह ने मंगलवार को थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। मौके पर



विजय कुमार सिंह ने बताया कि वे सभी परिवार रोजगार के लिए बाहर रहते हैं वहीं उन्हें ग्रामीणों के द्वारा सुचना मिली की मकान में चोरी की घटना सामने आई है जब उनके द्वारा पहुंच देखा गया कि मकान के मुख्य गेट पर लगें ताले को काट अंदर रखें पानी का मोटर, एलइडी टीवी, बैट्री इनवंटर,गैस सिलेंडर, चूल्हा समेत गहने चोरी कर ली गई है। मामले में थाना पुलिस जांच–पड़ताल कर रहीं हैं।

## शिक्षक एवं शिक्षकतर कर्मचारी संघ द्वारा धरना प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण।

पंडित उगम पाण्डेय महाविद्यालय मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। बी , आर, ए बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर अस्थाई समृद्धि इकाई । सरकारी निर्णय के अनुरूप वेतन भुगतान के लिए 19 जुलाई 2022 से सभी शिक्षक और कर्मचारी संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। मार्च 2022 से बकाए वेतन का भुगतान के लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शिक्षक एवं शिक्षिका कर्मचारियों का वेतन पंडित उगाम



पाण्डेय महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा वेतन मार्च से बंद कर दिया गया है। जिसके लिए शिक्षक और कर्मचारी संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका कर्मचारी अपने कार्य को स्थगित कर धरना पर बैठे हैं। इनका कहना है कि हम सभी का बकाया वेतन का भुगतान किया जाए ।तब जाकर हम सब अपने कार्य को और बेहतर करेंगे ।आज की महंगाई दौर में 4 महीने से हम लोग का वेतन बंद है ।हम लोग परिचार्य महोदय से आग्रह करते हैं हम लोग के वेतन के विषय में सर के तरफ से अभी तक कोई आश्वासन नहीं मिला है ।इसलिए यह धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है ।ताकि हम लोग का वेतन मिल जाए और हम लोग महाविद्यालय के कार्य में फिर से पहले से बेहतर करने में लग जाएं ।हम सभी शिक्षक और शिक्षिका कर्मचारी चाहते हैं कि महाविद्यालय में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का नामांकन हो विद्यार्थी आकर क्लास करें। विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधा देने के लिए हम सभी शिक्षक और कर्मचारी कठिन परिश्रम कर विद्यार्थियों की सारी परिस्थिति से अवगत होकर के उनकी कठिनाइयों को दूर करने की कोशिश करते हैं ।फिर भी हम लोग का वेतन प्राचार्य महोदय के द्वारा 4 माह से वेतन बंद कर दिया गया है। ऐसा रहा तो महाविद्यालय का कार्य अस्त व्यस्त हो जाएगा।

शिक्षक शिक्षिका और करमचारी का वेतन अविलंब भुगतान करने की कृपा की जाए ।ताकि महाविद्यालय के सभी शिक्षक ,शिक्षिका और कर्मचारी अपने कार्य को बेहतर करने में लग जाएं।

## मनीष ने जगाई शिक्षा की अलख

रुविकास कुमार पाण्डेयरु (अनुमंडल ब्यूरो चीफ)

विद्यापतिनगर,दलसिंहसराय ! जब सरकारी विद्यालय अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर पाते हैं और समाज में शिक्षा की व्यवस्था लचर होने लगती है, तो ऐसे में कोई न कोई व्यक्ति बच्चों के भविष्य को संवारने की जवाबदेही अपने कंधे पर ले ही लेता है ! विद्यापति नगर प्रखंड के हरपुर बोचहा निवासी मनीष निषाद ऐसे ही एक शिक्षक हैं, जो अपने क्षेत्र एवं आसपास के गांव के बच्चों के भविष्य संवारने का काम कर रहे हैं! मनीष मूलतः गणित के शिक्षक हैं परंतु वे छात्रों को गणित के साथ – साथ विज्ञान की दुनिया से भी रू–ब–रू करवाते हैं ! मनीष निषाद ने बताया कि वे विगत 15 वर्षों से छात्रों को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं तथा अब तक कई बच्चों ने भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है, इस से मुझे, एक गुरु होने के नाते सबसे अधिक खुशी मिलती हैं ! मनीष का पैतृक निवास दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) है, यहां वे अपने ननिहाल में रहते हैं! मनीष ने बताया कि उनके माता पिता एवं परिवार से सभी सदस्य दुर्गापुर में ही रहते हैं ! मनीष ने आगे बताया कि पढ़ाई के क्रम में कुछ बच्चे अपने सवाल लेकर मेरे सामने आते थे और संतुष्ट हो जाते थे ! धीरे –रूधीरे यह सिलसिला बढ़ता चला गया और आज कई गांव के सैकड़ों बच्चे मेरे यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं और उनका परिणाम भी बेहतर रहता है ! इस वर्ष बिहार बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के नतीजों में उनके यहां अध्ययनरत प्रायः सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए! मनीष के यहां गणित की शिक्षा ले रहे कई छात्रों ने बताया कि पहले गणित से बहुत डर लगता था, कोई भी प्रश्न ठीक से हल नहीं होता था, लेकिन अब सबसे आसान गणित ही लगता है ! छात्रा मोना,आरती, रूचि, आरूषि प्रिया, अनुराधा ने बताया कि हम सब के जीवन में गणित की अलख जगाने वाले शिक्षक मनीष सर ही है, जिन्होंने कठिन दिखने वाले गणित को सरल तरीके से समझाया ! मनीष इस समय ष्एम. के. मैथमेटिक्सष नाम से एक कोचिंग संस्थान संचालित करते हैं जहां अन्य शिक्षकों के द्वारा भी अलग–अलग विषयों की शिक्षा



प्रदान की जाती हैं ! इस संस्थान में हरपुर बोचहा के अलावा खनुआ, हरपुर मोहना, मस्तल्लीपुर ,ग्वालगढ़ एवं विन्द बोचहा के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं!!

## बारिश नही होने एवं गरमी अधिक पड़ने से वाटर लेवल मे गिरावट : सहायक अभियंता पीएचईडी

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)

☒ 6240 चापाकल में से 700 मरम्मती हो रही तथा 200 डेड पड़ा हुआ

शिवहर। शिवहर जिले में तापमान में बढ़ोतरी के कारण वाटर लेवल में गिरावट होने की सूचना दी गई है। हालांकि मौजूदा समय में 13.5 फीट वाटर लेवल नापा गया है ।उक्त जानकारी पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता गुरूदत पांडे ने दी है। पीएचडी के सहायक अभियंता गुरुदत्त पांडे एवं कनीय अभियंता वसीम राजा ने बताया है कि जिले का सबसे कम वाटर लेवल अंबा दक्षिणी पंचायत के महुआवा का है जहां 16 फीट नीचे वाटर लेवल चला गया है। अगर इसी तरह गर्मी पडती रही तथा तापमान में बढ़ोतरी होती रही तो वाटर लेवल में काफी गिरावट हो सकती है। पीएचडी के सहायक अभियंता गुरुदत्त पांडे ने बताया है कि शिवहर जिले में पानी में अशुद्धता नहीं है ,आयरन, क्लोराइड आर्गेनिक भी नहीं है। शिवहर के पानी में शुद्धता काफी है।

तथा पानी काफी हेल्दी है। एक साक्षात्कार में बताया है कि शिवहर जिले में 6240 चापाकल पीएचडी के द्वारा लगाया गया है। जिसमें से 700 चापाकल मरम्मती के लिए दो संवेदक को जिम्मेवारी दी गई है। जिले में अभी भी दूसरा चापाकल बिल्कुल खराब है जो बनाया नहीं जा सकता इस बाबत विभाग को सूचित किया गया है। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 75 चापाकल को लगाने की कवायद शुरू की गई है ,जिसमें से 75 फीसदी चापाकल को लगाया जा चुका है। जिले के 2 जलमीनार जो डेड हो चुका है, दोनों को तोड़ने के लिए आदेशित किया गया है प्रक्रिया में है। जबकि शिवहर जिले के ग्रामीण इलाकों में पीएचईडी द्वारा 18 जल मीनार में से एक जल मीनार खराब है बाकी चालू है।

बताया गया है कि दो संवेदक द्वारा चापाकल के मरम्मती को लेकर जिले में कार्य किया जा रहा है, लेकिन खराब 200 चापाकल को बनाने की कवायद नहीं की जा रही है जो चिंता का विषय है।

## युवा समूह को एक ही रंग के अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

☒ नंदन गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया

☒ सम्मान करना हमारी सभ्यता और संस्कार है

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ

शिवहर,सीतामढ़ी। सावन का महीना लोगों को ईश्वर से जुड़ने का और भगवान की भक्ति के लिए सबसे उत्तम है। हर तरफ मंदिरों में लोगों की भीड़, भजन–कीर्तन की आवाज, मंत्रोच्चारण और बड़े–बड़े मेलों का आयोजन इस माह की महत्वता को और भी बढ़ा देता है। सावन के माह में महिलाएं उपवास रखती हैं और अपने परिवार के स्वस्थ रहने की कामना करती हैं। भक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ सावन के महीने में ही लगती है। भारत में प्रसिद्ध भगवन शिव के भक्तों द्वारा किए जाने वाला कांवड़ यात्रा भी सावन के महीने में ही किया जाता है।

वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए बाबा भुबनेश्वर नाथ स्थान देकुली धाम श्रद्धालुओं के सेवा करने वाले युवा समुह को एक ही रंग का अंग वस्त्र कुर्ता देकर नंदन गुप्ता जी के द्वारा सम्मानित किया वही आप सभी को



इस संदर्भ में बता दूं एक ही रंग का वस्त्र का एकता का प्रतीक भी माना जाता वही सम्मानित होने वाले युवा गन में उपस्थित रहे राकेश गुप्ता समाजसेवी सामाजिक कार्यकर्ता रितेश कुमार ,राहुल, राजीव, रत्नेश ,कृष्ण मोहन ,देवेन्द्र अन्य।

## अनुमंडल पदाधिकारी एस एस पाण्डेय की अध्यक्षता में आज चकिया अनुमंडल क्षेत्र विकास मित्रों की बैठक अनुमंडल सभागार में आयोजित किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वीचम्पारण। आज दिनाँक 19.07. 2022 को अनुमंडल पदाधिकारी एस एस पाण्डेय की अध्यक्षता में आज चकिया अनुमंडल क्षेत्र विकास मित्रों की बैठक अनुमंडल सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के विरुद्ध राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत बने किशोर किशोरी समूह की नियमित बैठक करने से उनके अंदर नेतृत्व , आत्मविश्वास, जागरूकता और क्षमता विकास होगा, जिससे वे वास्तविक एवं सामाजिक परिस्थितियों का सामना करके उनका व्यावहारिक हल ढूंढ सजेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय से वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि समुदाय को सरकारी योजनाओं की जानकारी और उसको जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, यूनिसेफ के सहयोग से सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक हामिद रजा ने बैठक के एजेंडे पर चर्चा करते हुए कहा कि किशोर–किशोरी समूह की बैठक नियमित की जाए और उसकी रिपोर्ट तैयार की जाए, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा विरुद्ध राज्यव्यापी अभियान के तहत मंदिर और मस्जिद के धर्मगुरुओं के साथ हर महीने बैठक की जाए ताकि अपने जिले में जो बाल विवाह का आंकड़ा है उस को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी बाल व्यापार, मानव तस्करी रोकने के लिए को प्रत्येक दिन पलायान रजिस्टर अपडेट किया जाए ताकि बाहर जाने वाले लोगों की खासतौर से बच्चों का आंकड़ा संग्रहित हो सके। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक कृष्णा कुमार और जितेंद्र कुमार सिंह ने पंचायत रजिस्टर के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि कोविड–19 में पंचायत को इस तरह की सूचनाएं एकत्रित नहीं होने के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था इस रजिस्टर को अपडेट करने से बच्चों के साथ पलायन करने वाले परिवारों की जानकारी पंचायत को प्राप्त हो सकेगी। इस बैठक में कल्याणपुर विकास मित्र कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, मेहसी कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, केसरिया उपेंद्र राम, सुमित्रा कुमारी ,अनिल कुमार, ध्रुव कुमार बैठा, शंभू राम, मुकेश राम ,कविता कुमारी ,संगीता कुमारी सुमन , मोतीलाल राम, मनोरंजन कुमार ,नंदलाल भारती, अनिता कुमारी, प्रेमशिला कुमारी, रेखा देवी ,सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी विकास मित्र मौजूद थे।

## जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा किया गया राष्ट्रीय वन महोत्सव का उदघाटन

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। नवाब हाई स्कूल के सभागार में 73वें वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार सिंह उर्फ छोटा विजय एवं जेल सुपरिटेंडेंट डॉ दीपक कुमार के द्वारा किया गया है। आजादी का अमृत महोत्सव सह 73 वां वन महोत्सव समारोह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी नरेश प्रसाद के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी विजय कुमार एवं फॉरेस्ट नवरत्न कुमार झा एवं अन्य कर्मियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय कुमार सिंह और छोटा विजय चेयरमैन जिला परिषद ने बताया कि आज पर्यावरण में परिवर्तन का मुख्य कारण पौधा का संरक्षण एवं वनों में पेड़ पौधों की कटाई होना है। उन्होंने बताया है कि वर्ष 1950 से ही वन महोत्सव मनाया जा रहा है। जिला परिषद चेयरमैन ने बताया कि पर्यावरण को बचाने को लेकर हम लोगों को अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाना चाहिए, मनुष्य का जीवन आधार अब पौधों पर निर्भर हो गया है ।वन हमारा राष्ट्रीय संपत्ति है ,अगर हम पेड़ पौधे को काटते हैं तो हम लोग को उससे दुगुना पेड़ पौधों को लगाना चाहिए। जबकि जेल अधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने बताया कि पर्यावरण को



संतुलित करने में पेड़ पौधों का शत–प्रतिशत महत्व है। हम लोग पेड़ पौधे के बगैर नहीं रह सकते, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 1–2 पौधे लगाना ही चाहिए। हम सब के जीवन का संकट बन रहे पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेड़ पौधों लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा। इस अवसर पर आज नवाब हाई स्कूल के प्रांगण में महोगनी, सागवान, अर्जुन, गुलमोहर जैसे 75 पौधों को मुख्य अतिथियों एवं वन्य कर्मियों के द्वारा लगाया गया।

## मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 18 किसान चौपाल का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मुजफ्फरपुर। खरीद किसान चौपाल 2022 अंतर्गत दिनांक 19 जुलाई 2022 को मुजफ्फरपुर जिले के पारू प्रखंड के आनंदपुर खरौनी,बहदीनपुर एवं बैजलपुर , सरैया प्रखंड के सरैया, रूपौली एवं रेवा बसंतपुर उतरी, कटरा प्रखंड के चंगेल धनौर, एवं हथौड़ी कांटी प्रखंड के शाहपुर साइन एवं शेरूकाही, मुसहरी प्रखंड के मुसहरी उर्फ राधा नगर नरौली एवं पताही तथा सकरा प्रखंड के हर लोचनपुर जगदीशपुर बघनगरी एवं कटेसर पंचायतों में कुल 18 किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खरीफ मौसम के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया गया। कृषकों की आय दोगुनी करने हेतु किसानों को समेकित कृषि प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया गया। कृषि में अंधाधुंध रसायन एवं उर्वरकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से बताते हुए किसानों को अपने खेतों में रसायन एवं उर्वरकों का केवल अनुशंसित मात्राओं में उपयोग करने की सलाह दी गई एवं इसके लिए अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई ताकि मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरक की सही मात्रा का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने की सलाह उनके द्वारा इस कार्यक्रम में दी गई। खेती में जल प्रबंधन पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को अपनाने का सुझाव दिया गया ताकि फसलों में समुचित सिंचाई हेतु कम से कम जल का उपयोग हो सके। जल जीवन हरियाली योजना से संबंधित जानकारी दी गई। किसान क्रेडिट कार्ड मुर्गी पालन हेतु फसल अवशेष प्रबंधन पर विशेष जानकारी दिया गया। साथ ही किसानों को संगठित होकर समूह में खेती करने की सलाह दी गई। आत्मा कर्मी द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों की सड़कों को सुझाव दिया गया कि आप सभी कृषि बकरी पालन पशुपालन मत्स्य पालन इत्यादि विषयों कृषक के हित समूह महिला खाद्य सुरक्षा समूह बनाकर उसका पंजीकरण आत्मा से कराएं एवं अपनी आमदनी दोगुनी करें। बरसों से उपेक्षित मोटे अनाज की खेती को फिर से अपनाने का आग्रह किया गया। खरीफ फसलों में कीट व्याधि प्रबंधन पर विस्तार से बताया गया। साथ ही जलवायु परिवर्तन बाढ़ सुखाड़ के साथ–साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से छोटे गरीब किसान के उपादान इत्यादि प्राप्त करने में सुविधा होगी। बरसों से अपेक्षित मोटे अनाज की खेती को फिर से अपनाने का आग्रह किया गया ताकि मोटे अनाज की खेती करने में लागत कम होगा जल की खपत कम होगा जमीन सुरक्षित रहेगा एवं मानव समाज का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा और मीठी को स्वास्थ्य रखना जलसंधारण की क्षमता को बढ़ाने पर विशेष फोकस देने की आवश्यकता है। साथ ही चौपाल कार्यक्रम के दौरान खरीफ महाअभियान 2022 अंतर्गत आयोजित किसान चौपाल फीडबैक फार्म रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना आर ए डी फसल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बीच टीकाकरण अभियान जैविक खेती आत्मा को शत विकास मिशन एवं पेशी कार्यक्रम योजना किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी किसान भाइयों के लिए आवश्यक सूचना पंचायत स्तर पर किसान चौपाल का आयोजन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं पात्रता संबंधी सूचना मुर्गी पालन हेतु ऋण जल जीवन हरियाली इत्यादि विषय पर पंपलेट फार्म का वितरण किया गया।






## समस्तीपुर जिले में भीषण गर्मी के कारण स्कूलों की टाइमिंग में हुई बदलाव, डीएम ने दिया आदेश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम के



आदेश पर जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में वर्ग 1–8 तक के वर्ग संचालन का समय बदला गया है। यह बदलाव 19 जुलाई (मंगलवार) से अगामी 23 जुलाई तक के लिए किया गया है। इसके बारे में डीईओ मदन राय ने बताया कि जिला में हो रहा लगातार गर्मी को देखते हुए डीएम के निर्देश पर सभी सरकारी व गैर सरकार प्रारंभिक विद्यालयों के वर्ग 1से8 तक के सभी विद्यालय संचालन अब 8 बजे की जगह सुबह के 6:30 से किया जाएगा। वहीं वर्ग का समापन 11:30 बजे किया जाएगा। जिससे दोपहर तक बच्चे घर पहुंच सके। इससे वे दोपहर की भीषण भरी गर्मी से बच सकेंगे।

## रंगदारी मामले में कोयला व्यवसाय मैनेजर राय बराकर से गिरफ्तार



बराकर। बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डे के दामाद ब्यवसाई राकेश कुमार से रंगदारी मांगने के मामले में चर्चित कोयला ब्यवसाई मैनेजर राय को सोमवार देर रात्रि बराकर हनुमान चढ़ाई स्थित उनके निजी होटल से गोविंदपुर एसडीपीओ ने गिरफ्तार किया। राकेश कुमार ने 27 जून को गोविंदपुर थाने में रंगदारी मामले में न्यूज 11 भारत के मालिक अरूप चटर्जी ओर मैनेजर राय के बिरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसी के आधार पर गोविंदपुर के एसडीपीओ की टीम ने सोमवार की रात्रि साढ़े तीन बजे के आसपास बराकर पुलिस की सहायता से हनुमान चढ़ाई स्थित उनके निजी होटल से गिरफ्तार कर गोविंदपुर ले गयी। मालूम हो कि राकेश कुमार जो चनचनी कॉलोनी धनबाद निवासी है। जो गोविंदपुर ईस्ट इंडिया रोड के पास हार्डकॉक भट्ठा के मालिक है।

राकेश कुमार ने इन दोनों अरूप चटर्जी ओर मैनेजर राय के बिरुद्ध लिखित मामला दर्ज कराया था। जहा उन्होंने बताया कि अरूप चटर्जी के द्वारा 13 जून वाट्सअप पर मेरे खिलाफ वीडियो बनाया और चलाया। जो न्यूज 11 भारत चौनल द्वारा जारी किया था। उसके बाद भिन्न भिन्न मोबाइल नंबरों से हमे फोन कर हमे धमकियां दी जाने लगी। हमे परेशान किया जाता रहा। इस एवज में अपने पत्रकार के माध्यम से बात करवा कर ग्यारह लाख रुपया की मांग की गई। वही न्यूज 11 की ओर से एक पत्र भी भेजा गया। जो पी के राय मैनेजर राय की ओर से दिया गया। जिसमे सीसीटीवी फुटेज की बात जो उसे बदनाम करने के लिए जाता रहा है। जो राय अरूप को भेजता था। जिसे आधार बनाकर ब्यवसाई से वशूली की मांग और ब्लैकमेलिंग की जा रही थी।

# संक्षिप्त समाचार

## लघु सिंचाई द्वारा नलकूपों से संबंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।



शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में लघु सिंचाई प्रमंडल शिवहर द्वारा नलकूप से संबंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शिवहर, ।

## अवैध बालू लदे 3 ओभर लोड ट्रक सीओ मशरक ने पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण) ।मशरक छपरा मुख्य पथ पर प्रखंड कार्यालय के नजदीक खनन एवम परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में तीन 10 चक्का ट्रक जब्त किया गया। प्रति ट्रक पर 650 फीट बालू बिना चालान के लदा पाया गया। सीओ मशरक रविशंकर पांडेय ने अवैध रूप से बालू चोरी कर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाने को लेकर ट्रक जब्त कर लिया । तीनों ट्रक के चालक क्रमशः पिंटू कुमार पिता उमेश राय बदलपुरा डोरीगंज , बबलू पिता रामदरक राय बजरहिया , दरियापुर , धनोज पिता जगदीश राय हकमा निवासी को पुलिस को सौंप दिया। सीओ मशरक के आवेदन पर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने प्राथमिकी दर्ज कर ट्रक को जब्त कर गिरफ्तार चालक को छपरा भेजा।

## हरियाणा के गुड़गाँव में हुए दो बाईक भिडंत में नयागाँव के युवक की गई जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमारद्य

केसरिया थाना क्षेत्र के नयागाँव पनशाला निवासी रितिक कुमार का हरियाणा के गुड़गांव में हुआ रोड एक्सिडेंट ।बताया जा रहा है की दो



मोटरसाइकिल आपस में टक्करा गई थी,जिसे रितिक कुमार को गंभीर चोटे आई थी। तो वही इस घटनाक्रम के बाद मोटरसाइकिल से निचे गिरे रितिक को स्थानीय लोगों ने एक अस्पताल में भर्ती करा दिया था,जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गया,मृतक का उम्र करीब 20 वर्ष का था, जो नयागाँव का मदन पासवान का पुत्र बताया जाता है ।तो वही मृतक का शव आते ही गाँव में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में शोक की लहर सी दौर पड़ गई है।

## अभियानरुयोजना के तहत वन विभाग ने शुरू किया चलंत पौधा बिक्री केंद्र, लोगों को वृक्षारोपण की दी जानकारी

मशरक(सारण)। जल जीवन हरियाली योजना से आम लोगों को जोड़ने के लिए वन विभाग के द्वारा चलंत पौधा बिक्री केंद्र खोल पौधा बिक्री शुरू की गयी।। इसके तहत वन विभाग के कर्मी मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के सामने मुख्य सड़क पर पौंधा बिक्री की गयी।



प्रभारी वन पाल मशरक अखिलेश्वर सिंह और वन उप परिसर पदाधिकारी मशरक दक्षिणी मलय कुमारी ने पौधा आम लोगों को बेच कर पौधारोपण के फायदे की जानकारी दी। मौके पर प्रभारी वन पाल मशरक अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि वन विभाग की एक योजना आई है जिसमें सभी लोग इसका फायदा उठा सकते हैं ।योजना के तहत एक पौंधा वन विभाग से 10 रूपये में खरीद कर लगाते हैं और 3 साल तक उसकी सुरक्षा करते हैं तों आपकों सरकार 60 रूपया वापस करेंगी। इस योजन का लाभ सभी उठा सकतें हैं।

## 66.67 प्रतिशत मतदान के साथ मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

पुरनहिया। मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के मनरेगा भवन मे शांति पूर्वक संपन्न हो गया है। कुल 819 मतदाताओं मे से 546 मतदाताओं ने अध्यक्ष व मंत्री सहित सदस्य पद के 25 उम्मीदवारों के पक्ष मे अपने मताधिकार का प्रयोग किया है ।मतदान के संबंध मे जानकारी देते हुए निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी आश।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में बरती जा रही है लापरवाही

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर पंचायत भवन पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मण कार्ड बनवाने के लिए एक विशेष अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया गया था। जो दिनांक



05/07/2022 से चल रहा है और दिनांक 20/07/2022 तक चलेगा जिसमें वहां के ग्रामीणों का कहना है की ज्यादातर व्यक्तियों के नाम पिता पति एवं पता में डाटा ऑपरेटर के द्वारा गड़बड़ी की गई है। वहीं मौजूद शशि प्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर ने कहा कि इस संबंध में मैं विद्यापति प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना भी दिया ।किंतु अभी तक सुधार के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसमें पंचायत के सैकड़ों जनता परेशान है।

## आप सभी महानुभावों से मिलकर एवं स्वस्थ्य चर्चा करके काफी सकारात्मक महसूस कर रहा हूं : विकास केशरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मधुबन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं वर्तमान परिवेश में गरीब गुरूबों का आवाज बन रहे विकास केसरी ने मधुबन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मधुबन बाजार स्थित शिवम इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर के ऑनर उमेश गुप्ता जी,कपड़ा व्यवसायी जयप्रकाश शाह जी, माधोपुर पंचायत निवासी गुलशन कुमार जी,पत्रकार लक्ष्मण गुप्ता जी, सिद्धिविनायक कपड़ा दुकान के संचालक भाई मुकेश कुमार जी,फेनहारा निवासी सोनू जी,मुकेश जी,धीरज पांडे जी से एक उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुलाकात करते हुए कहा कि आप महानुभावों से आज मुलाकात हुई, व्यापार के साथ–साथ सामाजिक–राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई.आप सभी महानुभावों से मिलकर एवं स्वस्थ्य चर्चा करके काफी सकारात्मक महसूस कर रहा हूं।काफी ऊर्जा मिली है,आप सबों द्वारा मिले स्नेह,प्यार सहयोग एवं शुभकामनाओं से मैं अभिभूत हूं आपका स्नेह यूं ही बना रहे.आप सभी को हृदय की गहराई से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।



MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm | B.C.A.
B.Pharm | M.C.A.
Diploma | M.B.A.
B.Tech | B.Ed.
L.L.B. | L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251